दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :332
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 3 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# मोसाद के हेडक्वार्टर को ईरान ने किया तबाह

## ● नसरल्लाह की हत्या में इस्तेमाल हुए हवाई अड्डे को उड़ाया

**● इस्राइल का 12 घंटे में लेबनान पर छठा हमला**

**● दक्षिणी बेरूत की कई इमारतों को बनाया निशाना**



**तेल अवीव,एजेंसियां।** ईरान के हमले में मोसाद को टारगेट किया गया है। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद जो कि दुनियाभर में इजरायल के दुश्मनों को टारगेट करने के लिए जानी जाती है। उसके हेडक्वार्टर पर ईरान ने अटैक किया है। मोसाद के हेडक्वार्टर को तबाह करने का दावा ईरान कर रहा है। इजरायल हालांकि इन खबरों से इनकार कर रहा है। तेल अवीव में ये मिसाइल अटैक हुआ है। हमास चीफ इस्माइल हानिया हो या हिजबुल्लाह के चीफ हसन नसरल्लाह दोनों की मौत के पीछे की अहम वजह मोसाद को माना जाता है। मोसाद को इंफॉर्मेशन वॉर का सबसे बड़ा खिलाड़ी माना जाता है। उसके हेडक्वार्टर को टारगेट करने का दावा ईरान की तरफ से किया जा रहा है। अगर ऐसा सच है तो इजरायल के अस्तित्व के समय से यानी 1948 के बाद से शायद ये पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी दुश्मन देश ने मोसाद के हेडक्वार्टर पर हमला किया हो। मोसाद के हेडक्वार्टर की लोकेशन तो मालूम है। गूगल में सर्च करने पर भी ये नजर आ जाएगी। इसके अलावा मोसाद के हेडक्वार्टर में इतने सारे फिलिस्तीनी लोगों का इंटोरोगेशन हुआ है। ऐसे में ईरान ने मोसाद को टारगेट कर मनोवैज्ञानिक बढ़त लेने की कोशिश की है। साथ ही ये बताने की भी कोशिश की है कि चाहे मोसाद हो या उनका बेस जहां एफ-35 विमान खड़े रहते हैं वहां हमले का दावा किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में नेतन्याहू ने कहा था कि ईरान का कोई भी इलाका हमारी जद से बाहर नहीं है। ईरान ने ये बता दिया कि इजरायल के ठिकाने ईरान की जद से बाहर नहीं हैं। कुल मिलाकर कहे तो ये वार ऐसी स्थिति में आ गई है कि दोनों ही एक दूसरे के इंस्टॉलेशन के बारे में जानते हैं।

एक दूसरे पर अंतिम सीमा तक वॉर कर सकते हैं। इसके साथ ही ईरानी टीवी ने दावा किया है कि रिव्यल्यूशनरी गार्ड्स ने हसन नसरल्लाह की हत्या के लिए इस्तेमाल किए गए हत्जेरिम हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया है। ईरान एक एक करके उन सभी जगहों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है और इसी कड़ी में इस हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया है। ईरानी मीडिया की ओर से ये दावा किया जा रहा है। हसन नसरल्लाह की हत्या में हवाई अड्डे का इस्तेमाल हुआ था। वहीं ईरान द्वारा इजरायल पर अटैक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कई अहम बैठकें कर चुके हैं। अमेरिका ने साफ कहा है कि इजरायल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने व्हाइट हाउस सिचुएशन रूम में राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ दो बैठक की।

इन बैठकों में मीडिल ईस्ट के मुद्दे पर चर्चा की है। इस्राइली सेना के मुताबिक, कुछ समय पहले ईरान से इस्राइल की ओर मिसाइलें दागी गई थीं। इस्राइली नागरिकों को सतर्क रहने और होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का ठीक से पालन करने का निर्देश दिया गया है।इस्राइल रक्षा बल ने बताया कि लेबनान की ओर लगभग 40 रॉकेट दागे गए। पश्चिमी गैलिली में छोड़े गए कई ड्रोनों को हवाई सुरक्षा बलों ने मार गिराया। ऊपरी गैलिली में एक अन्य ड्रोन ने हमला किया। वहीं इस्राइली सेना ने भी दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए।

**● ● ईरान-इजराइल संघर्ष ● ●**

# भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने करने को कहा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के संबंध में बुधवार को कहा कि हम पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति के बिगड़ने पर चिंतित हैं। भारत ने सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है।विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि यह जरूरी है कि मौजूदा संघर्ष व्यापक क्षेत्रीय रूप अख्तियार न करे। भारत ने सभी मुद्दों को विचार-विमर्श और कुटनीति के जरिए हल किए जाने पर जोर दिया है।बयान में इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमले और उसके पहले के घटनाक्रम का सीधे रूप से उल्लेख नहीं किया गया है। इसमें किसी पक्ष की सीधे रूप से आलोचना भी नहीं की गई है।इससे पहले भारत सरकार ने परामर्श जारी कर नागरिकों को ईरान की गैर-जरूरी यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। साथ ही ईरान में रह रहे भारतीयों को परिस्थिति को लेकर सजग रहने को कहा गया है।ईरान के इजराइल पर किए गए हमले और मध्यपूर्व में कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहे यहूदी देश की चेतावनी को देखते हुए यह परामर्श जारी किया गया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत क्षेत्र के सुरक्षा हालात में हालिया तनाव पर करीब से नजर रखे हुए है।इसी बीच विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने मध्य पूर्व में इज़राइल और ईरान के बीच तनाव की बढ़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने सभी से इसके वैश्विक प्रभावों पर विचार करने की अपील की है। उन्होंने चिंता जताई की यह तनाव संघर्ष को व्यापक रूप दे सकता है।वाशिंगटन में एक थिंक टैंक के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि हम संघर्ष के बढ़ने की आशंका को लेकर चिंतित हैं। आतंकी हमले के बाद इज़राइल का जवाब ज़रूरी था लेकिन किसी भी देश को प्रतिक्रिया देते समय अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को ध्यान में रखना चाहिए। उसे नागरिकों को होने वाली क्षति या प्रभाव के बारे में सावधान रहना चाहिए।उल्लेखनीय है कि बीती रात ईरान ने इजराइल में बड़ी संख्या में बैलस्टिक मिसाइल दागी हैं। इनमें से कई अपने निशाने पर भी लगी हैं। नुकसान की अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। इजराइल ने इस हमले के खिलाफ ईरान को चेतावनी दी है। दुनिया के कई देशों ने ईरान के हमले की निंदा की है।

# दिल्ली में सबसे बड़े ड्रग बस्ट में 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** दिल्ली पुलिस ने आज राष्ट्रीय राजधानी में सबसे बड़े मादक पदार्थ भंडाफोड़ में लगभग 5,000 करोड़ रुपये मूल्य की 560 से अधिक कोकीन जब्त की है। पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थ दक्षिण दिल्ली में बरामद किया गया और इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।अधिकारियों को संदेह है कि यह एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट है जिसे नई दिल्ली में अफगान नागरिकों द्वारा चलाया जा रहा था। यह मादक पदार्थ भंडाफोड़ ऐसे समय में हुआ है जब कुछ ही दिन पहले दो अन्य अफगान नागरिकों को कथित तौर पर एक सिंडिकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दोनों को शनिवार को तिलक नगर में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया।पुलिस ने दो आरोपियों - हाशिमी मोहम्मद वारिस और अब्दुल नायब के कब्जे से हेरोइन और कोकीन बरामद की। वारिस जनवरी 2020 से शरणार्थी के तौर पर भारत में रह रहे हैं। उनका परिवार अफ़गानिस्तान में है। भारत आने के बाद उन्होंने विकासपुरी में एक केमिस्ट की दुकान में हेल्पर के रूप में काम किया। वह ड्रग्स के कारोबार में तब आया जब उसके दोस्त ने उससे संपर्क किया और उसे दिल्ली और एनसीआर में विभिन्न लोगों से खेप एकत्र करने के लिए कहा है।पुलिस ने बताया कि वह आगे रिसीवर्स तक सामान पहुंचाता था। उसे हर डिलीवरी के लिए 100 डॉलर मिलते थे। पुलिस के मुताबिक, नायब भी एक अफ़गान नागरिक है और वह जनवरी 2020 में अपने पिता के साथ भारत आया था। वह एक पंजीकृत शरणार्थी है। उसके पिता को छोड़कर उसका पूरा परिवार अफ़गानिस्तान में रहता है। नायब की मुलाकात वारिस से विकासपुरी में एक केमिस्ट की दुकान पर हुई थी। पुलिस ने बताया कि वारिस ने नायब को विलासितापूर्ण जीवनशैली का झांसा देकर उसे नशीली दवाओं के कारोबार में धकेला।

## केजरीवाल एक से दो दिनों में मुख्यमंत्री आवास खाली कर देंगे - आप

**नई दिल्ली, एजेंसियां।**आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल सिविल लाइंस में 'फ्लैगस्टाफ रोड' पर स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास अगले एक दो दिनों में खाली कर देंगे क्योंकि उनके लिए नयी दिल्ली क्षेत्र में एक आवास तय हो गया है, जहां वह अपने परिवार के साथ रहने के लिए आएंगे।आप ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि केजरीवाल अपने परिवार के साथ मंडी हाउस के पास फिरोज शाह रोड पर आप के राज्यसभा सांसदों को आवंटित दो सरकारी बंगलों में से एक में रहने के लिए जा सकते हैं।उन्होंने बताया कि दोनों बंगले रविशंकर शुक्ला लेन स्थित आप मुख्यालय से कुछ ही मीटर की दूरी पर हैं।

# बाढ़ से बिहार का बुरा हाल, बर्बाद और बेहाल

**▶▶ दरभंगा से सहरसा तक नए इलाकों में फैला कोसी-गंडक का पानी**



**पटना, एजेंसियां।** नेपाल में भारी बारिश का दंश बिहार झेल रहा है। इस दौरान नदी नाले उफान पर है। बिहार, कोसी, गंडक और गंगा नदी में लगाता बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ के कारण कई जगह तबाही का मंजर फैला हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान दरभंगा से लेकर सहरसा में बाढ़ का पानी फैला हुआ है। अब तक 19 जिलों में 12 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हो चुके है।बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले पश्चिम चंपारण, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढी, सुपौल, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, मधुबनी, दरभंगा, सारण, सहरसा और कटिहार हैं। इन जिलों के 76 प्रखंडों की 368 पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। यहां लोगों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है।दरअसल, बिहार में कुल 38 जिले हैं जहां बीते दो दिनों से 16 लाख से अधिक लोग बाढ़ से जूझ रहे है। बिहार में सब डूबा हुआ है। लोगों के पास खाने, पीने से लेकर रहने तक का ठिकाना नहीं बचा है। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं सब बेहाल है। सरकार का दावा है कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में राहत दी जा रही है।

राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 16 टीमों को लगाया गया है। कई प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर इंजीनियर भी जुटे हुए है।केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'भयावह' स्थिति का विवरण साझा करेंगे। एक दिन पहले नयी दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कोसी, गंडक एवं गंगा नदियों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया और अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाये जाने का निर्देश दिया। पड़ोसी देश नेपाल में भारी वर्षा के कारण 29 सितंबर की सुबह पांच बजे कोसी बैराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। इस बैराज से 1968 में अधिकतम 7.88 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। इसी तरह गंडक नदी पर बने वाल्मीकिनगर बैराज से गत शनिवार शाम सात बजे तक 5.38 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था।

## प्रधानमंत्री मोदी के बयानों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पलटवार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** हरियाणा में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयानों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार किया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में खरगे ने कहा कि हम कल्याणकारी उपायों को लाने के लिए जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि हम देशभक्त नहीं हैं।खरगे ने कहा कि देशभक्त लोग सिर्फ कांग्रेस में हैं। भाजपा ने हमेशा देश और संविधान के खिलाफ काम किया है। ये वो लोग थे जिन्होंने अंग्रेजों के सामने घुटने टेक दिए। मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ट्वीट पर कहा कि वे अमित शाह के तानों को गंभीरता से लेते हैं।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरक्षण पर बुधवार को मीडिया में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सदियों से जाति व्यवस्था हमारे मूल ढांचे में रही है। हम इससे बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कह रही है कि जाति जनगणना कराने के साथ संविधान में वर्णित प्रावधानों को लागू करो।

# 'स्वच्छ भारत' अभियान ने आम जन के जीवन में गहरा एवं अनमोल प्रभाव डाला: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 'स्वच्छ भारत' अभियान ने आम जन के जीवन में गहरा एवं अनमोल प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की प्रतिष्ठा बढ़ने से देश में एक मनोवैज्ञानिक परिवर्तन भी हुआ है। पहले साफ सफाई के काम से जुड़े लोगों को अलग नजर से देखा जाता था। स्वच्छ भारत अभियान से साफ सफाई करने वालों को मान-सम्मान मिला और उनको गर्व का एहसास हुआ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 155वीं गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस 2024 कार्यक्रम में भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम %स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता% है। इस दौरान उन्होंने 9,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई स्वच्छता और सफाई परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इसमें अमृत और अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और गोबरधन योजना के तहत परियोजनाएं शामिल हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद भी 21वीं सदी के भारत का जब अध्ययन होगा तो उसमें 'स्वच्छ भारत अभियान' को जरूर याद किया जाएगा। यह सबसे बड़े सबसे सफल जन भागीदारी, जन नेतृत्व वाले जन आंदोलन के रूप में उभरा है।एक अंतरराष्ट्रीय जनरल स्टडी का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन से हर वर्ष 60 से 70 हजार बच्चों का जीवन बच रहा है।

यह शोध 'इंटरनेशनल फूड पॉलिसी रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी आफ केलिफोर्निया' और 'ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी' के वैज्ञानिकों ने मिलकर किया है।उन्होंने कहा कि लाखों लड़कियां अलग-अलग टॉयलेट न बनने के कारण समय से पहले स्कूल छोड़ देती थीं। अब इस स्थिति में बदलाव हुआ है। यूनिसेफ की एक और स्टडी के मुताबिक साफ-सफाई होने के कारण गांव के परिवारों के हर साल औसतन 50 हजार रुपये बच रहे हैं। पहले आए दिन बीमारियों के कारण पैसा इलाज पर खर्च होता था।प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को पिछली कांग्रेस सरकारों पर स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट और सभी जवान सुरक्षित



**पटना, (हि.स.)।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड अन्तर्गत घनश्यामपुर पंचायत के बेसी बाजार के निकट बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हेलीकॉप्टर सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री लेकर जा रहा था। उसी दौरान उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते हेलीकॉप्टर क्रैश कर गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होंने हेलीकॉप्टर में सवार पायलट समेत चारों जवानों को बचा लिया। इस घटना में हेलीकॉप्टर के पायलट समेत चारों जवान सुरक्षित हैं।

# जयपुर समेत देश के कई रेलवे स्टेशनों को 30 अक्टूबर को बम से उड़ाने की धमकी

**▶▶ 2 नवंबर को महाकाल मंदिर पर अटैक**

**▶▶ जैश-ए-मोहम्मद के नाम से लेटर जारी**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई रेलवे स्टेशनों और धार्मिक स्थलों पर बम विस्फोट की धमकी वाला एक पत्र हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिला है। पुलिस ने रेलवे स्टेशनों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। पत्र जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के नाम से लिखा गया था और 30 अक्टूबर को गंगानगर, हनुमानगढ़, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, बूंदी, उदयपुर और जयपुर में प्रमुख स्थानों और रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

हनुमानगढ़ जंक्शन के अधीक्षक को मंगलवार को रेलवे स्टेशनों पर हमला करने की धमकी भरा पत्र मिला। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं और जांच शुरू हो गई है। हनुमानगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारे लाल मीणा ने बताया कि पत्र हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को डाक द्वारा भेजा गया था और स्थानीय पुलिस को बम की धमकी के बारे में मंगलवार शाम को सूचित किया गया था। जैश-ए-मोहम्मद के नाम से आए इस पत्र में धमकी दी गई थी कि 30 अक्टूबर को गंगानगर, हनुमानगढ़, जोधपुर, बीकानेर, कोटा, बूंदी, उदयपुर, जयपुर के रेलवे स्टेशन और जगहों को बम से उड़ा दिया जाएगा। जैश-ए-मोहम्मद एक पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन है, जो 2019 में जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ के काफिले पर बम विस्फोट हमले के पीछे भी था। आतंकवादी हमले में लगभग 50 सीआरपीएफ अधिकारी मारे गए और कई घायल हो गए। 19 फरवरी, 2019 को पुलवामा के लेथपोरा में एक जैश के आत्मघाती हमलावर ने अपनी विस्फोटक से भरी कार को सीआरपीएफ के काफिले में घुसा दिया था। पुलिस अधीक्षक मीना ने कहा कि बम धमकी पत्र के बाद सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) कर्मियों, स्थानीय पुलिस और बीएसएफ ने पुलिस स्टेशन की तलाशी ली। थाने में खोजबीन के बाद जीआरपी थाने में मामला दर्ज कर मामले की जांच की गयी है।

# पान और गुटखा खाकर रोड पर थूकने वालों की अखबार में छापनी चाहिए फोटो-नितिन गडकरी



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पान मसाला, गुटखा खाने और सड़क पर थूकने वालों से निपटने के लिए एक अनोखा आइडिया दिया। गडकरी ने कहा कि पान, मसाला और गुटखा खाकर सड़क पर थूकने वालों की फोटो खींचकर अखबार में छपवाई जाए। गडकरी गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत को लेकर नागपुर नगर निगम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके अलावा, गडकरी ने सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वालों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोग बहुत होशियार हैं, चॉकलेट खाते हैं और उसके रैपर सड़कों पर फेंक देते हैं और वही व्यक्ति जब विदेश जाता है तो चॉकलेट का रैपर अपनी जेब में रखता है, विदेश में अच्छा व्यवहार करता है और यहां सड़क पर फेंक देता है।

गडकरी ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि वह आजकल जब भी चॉकलेट खाते हैं तो घर पहुंचने के बाद चॉकलेट का रैपर फेंक देते हैं. पहले उसे शराब पीने के बाद उसका रैपर बाहर फेंकने की भी आदत थी। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गांधी जयंती को स्वच्छ भारत के प्रतीक दिवस के रूप में समर्पित किया है।

## अयोध्या में नौ दिनों तक मांस की बिक्री पर रोक

**अयोध्या (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में नवरात्रि को लेकर नौ दिनों तक मांस और मदिरा बिक्री पर पाबंदी लगा दी है।योगी सरकार का यह आदेश तीन से 11 अक्टूबर तक प्रभावी रूप से लागू रहेगा। आदेश के अनुसार अयोध्या जनपद में मांस की बिक्री पर रोक है और अगर ऐसा किया जाता है, तो उसके ऊपर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भारत ने कभी डॉलर को सक्रियता से निशाना नहीं बनाया - जयशंकर



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने कभी डॉलर को सक्रियता से निशाना नहीं बनाया तथा यह उसकी आर्थिक, राजनीति एवं रणनीतिक नीति का अंग नहीं रहा है।साथ ही उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि अमेरिका की कुछ नीतियों के कारण भारत को अपने कुछ व्यापार भागीदारों के साथ डॉलर आधारित व्यापार करने में कठिनाई हो रही है।उन्होंने एक शीर्ष अमेरिकी विशेषज्ञ संस्था 'कार्निएज एंडोमेंट फार इंटरनेशनल पीस' में डॉलर रहित व्यापार के बारे में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उनसे प्रश्न किया गया, ''विश्व की एक संभावना के बारे में डॉलर रहित व्यापार के बारे में पूछना है। कई बार भारत ने वैकल्पिक मुद्रा के बारे में मंशा जतायी है। आप डॉलर की भूमिका को किस प्रकार देखते हैं और अपनी राष्ट्रीय नीति के बारे में आप इन परामर्शों को आप कैसे देखते हैं।''जयशंकर ने कहा, ''मुझे लगता है कि आपने हमें किसी ओर से भ्रमित कर दिया है, क्योंकि हमने कभी सक्रियता से डॉलर को निशाना नहीं बनाया। यह हमारी आर्थिक नीति या हमारी राजनीतिक या रणनीतिक नीति का अंग नहीं है। कुछ अन्य की हो सकती है।''विदेश मंत्री ने कहा, ''मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वहां स्वाभाविक चिंताएं होती हैं। हमारा प्राय- ऐसे भागीदारों के साथ व्यापार होता है जो डॉलर नहीं लेते। तो फिर हमें यह विचार करना होता है कि क्या हम डॉलर से विनिमय को छोड़ दें या कोई ऐसा अन्य इंतजाम करे जो अन्य तरीके से काम करता है। तो मैं कह सकता हूं कि डॉलर के प्रति कोई गलत मंशा नहीं है। हम अपना व्यापार करने का प्रयास कर रहे हैं।'' उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि भारत को अमेरिका की कुछ नीतियों के कारण अपने व्यापार भागीदारों के साथ डॉलर में व्यापार करना कठिन हो जाता है।

# नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय में मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय में नगर अध्यक्ष कविता पासी द्वारा ध्वज फहराया गया तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया व उपस्थित महानुभावों के साथ महात्मा गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। तदोपरान्त दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता मेंएक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत वृक्षारोपड़ किया गया तथा 155 घंटे महासफाई अभियान के अन्तर्गत सफाई कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों एवं सफाई नायकों को सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कविता पासी, अधिशासी अधिकारी रामसिंह, लेखा लिपिक बबलू गौतम, वार्ड के पार्षदगण प्रर्षद प्रतिनिधिगण राजू पासी, घनश्याम पासी, राकेश कुमार, शादब अहमद, पंकज कुमार, मनीष कुमार, मो0 यासीन, तुषार केसरवानी, विराट गुप्ता एवं निकाय के समस्त कर्मचारी गण व नागरिक गण उपस्थित रहे।



## नगर पालिका भरवारी में गांधी जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

भरवारी, कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भरवारी कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने ध्वजारोहन किया तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभासदों ,सभासद प्रतिनिधियों एवम संभ्रांत नागरिकों को महात्मा गांधी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। तदोपरान्त 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक ÷स्वच्छता ही सेवा÷ कार्यक्रम की थीम ÷स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता÷ में ÷एक पेड़ मां के नाम÷ के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया तथा 155 घंटे महासफाई अभियान के अन्तर्गत सफाई कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों एवं सफाई नायकों को सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी, अधिशासी अधिकारी रामसिंह, लेखा लिपिक बबलू गौतम, वार्ड के सभासद/ सभासद प्रतिनिधि मनीष कुशवाहा, तुषार केसरवानी,विराट गुप्ता एवं निकाय के समस्त कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

## गांधी जयन्ती पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर 37 कार्मिकों को किया गया सम्मानित





कौशाम्बी। महात्मा गांधी के 153वें जन्म दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत फूड स्ट्रीट पर, स्वच्छ सी.टी.,पी.टी. व मलिन बस्तियों की सफाई, स्कूल कॉलेजों में सफाई, वेस्ट टू वन्डर पार्क की सफाई, बाजारों, धार्मिक स्थलों ,घाटों की सफाई, सभी जीवीपी बिन्दुओं का सुधार एवं सौन्दर्याकरण कार्य में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर 37 कार्मिकों को सम्मानित किया गया। सफाई मित्र शिवकुमारी,मित्ताल,जगलाल, सतीश,चन्द्रदीप,राहुल देव,उमेश, प्रदीप, करन,राम गुलाम,लवकुश कुमार,जगरूप,राजू ,शिवबाबू,राजू, पिन्टू,विजय कुमार,सुनील कुमार,जगदीश प्रसाद,कुसुम देवी,ज्ञान सिंह,लवकुश,कुसुम, राम प्रसाद,नवराती,राम कैलाश विकास,कमलेश, दिलीप कुमार। सफाई नायक अशीष कुमार सेन,अर्जुन सिंह,अरूण कुमार विश्वकर्मा,राकेश कुमार,लवकुश सोनी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा,विकास कुमार, शिवांशु कुशवाहा मौजूद रहें।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर सम्पन्न हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय के तत्वावधान में मंझनपुर में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्णिमा प्रांजल अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी ने वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मेलनों अभिसमयों में उपलब्ध प्रावधानों, भारतीय संविधान, व्यक्तिगत विधियों, दण्ड प्रक्रिया संहिता और माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 में दिए गए प्रावधानों व वरिष्ठ नागरिकों के बारे में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उनको मिलने वाली सहूलियतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं, अपराध के पीड़ितों हेतु क्षतिपूर्ति योजना, पीड़ित द्वारा क्षतिपूर्ति के लिए प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा साठ वर्ष से ऊपर प्रत्येक नागरिक को वरिष्ठ नागरिक का दर्जा प्राप्त है।

वे सभी सरकारी सुविधाओं के हकदार हैं। सरकार वरिष्ठ नागरिकों को कई लाभ भी देती है। जिनमें से कुछ में हवाई और रेल किराए में छूट, स्वास्थ्य देखभाल पेंशन और नीतियां, डे केयर सेंटर, हेल्पलाइन नंबर, वृद्धाश्रम आदि शामिल हैं। बहुत से पीड़ित वरिष्ठ नागरिक न तो अपने लिए उपलब्ध राहत के बारे में जानते हैं और न ही उन्हें दिए गए अधिकारों के बारे में शिक्षित किया जाता है। ऐसे में यह जरूरी है कि यह महत्वपूर्ण जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जाए और इन कल्याणकारी कानूनों के उद्देश्यों को प्राप्त किया जाए। वृद्धजन अपने छोटे-छोटे मुकदमों का हल वैकल्पिक विवाद समाधान पद्धति के जरिए करें। वृद्धजनों को कोई समस्या हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के कार्यालय में जाकर या तहसील स्तर पर बने लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पी एल वीज से संपर्क कर अपना शिकायती आवेदन दे सकते हैं।

तीन लाख सालाना से कम आय वालों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है जिसके तहत मुकदमा से जुड़ा सारा खर्च विधिक सेवा प्राधिकरण वहन करता है साथ ही प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर लोक अदालत का भी आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे

# यातायात के नियमों का करें पालन, सुरक्षित रहेगी जिंदगी

● **गांधी जयंती के शुभ अवसर पर यातायात पखवाड़े का किया गया बीवी शुभारंभ**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** देश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार प्रयासरत है। शासन के निर्देश पर संबंधित विभाग की ओर से अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बुधवार को उप संभागीय परिवहन कार्यालय कौशांबी में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य कई अधिकारियों ने लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शपथ भी दिलाई गई।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत को मंझनपुर स्थित उप संभागीय कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वाहन चालकों को जागरूक किया गया। उप संभागीय कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ लोक निर्माण विभाग के एक्शन हरिवंश सिंह , ए आरटीओ तारकेश्वर मल्य व बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं वाहन चालकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सबका प्रयास एवं भागीदारी जरूरी है। जिले में प्रति वर्ष सड़क दुर्घटनाओं की वजह से सैकड़ो लोग की जिंदगी चली जाती है। लोगों को जीवन को बचाने के लिए यातायात के नियमों का पालन हर व्यक्ति को करना चाहिए। लोक निर्माण के एक्सईएन हरिवंश सिंह ने कहा कि विशेष रूप से युवा यातायात नियमों का पालन नहीं करने एवं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सड़क हादसे के शिकार हो जाते हैं। इससे उनकी मौत तक हो जाती है। साथ ही कुछ व्यक्ति जीवनभर के लिए शारीरिक अपंगता के कारण सामान्य जीवन नहीं जी पाते हैं। तारकेश्वर मल्य ने कहा कि वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर पुलिस हुआ परिवहन विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाया जाता है। 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक यातायात पखवाड़े के तहत लोगों को जानकारी दी जाएगी।



कहा कि शासन के निर्देश पर इस अभियान के तहत स्कूलों, चौराहा समेत स्थान पर संगोष्ठी का आयोजन करके वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है। वाहन चलाते समय सभी प्रकार के नियमों का पालन करें। यदि फोर व्हीलर चला रहे हैं तो सीट बेल्ट का उपयोग करें।

बाइक चलाते हुए हेलमेट जरूर लगाए, पास मिलने पर ही गाड़ी को आगे निकले। यातायात के नियमों का पालन करने से ही सड़क हादसे से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा यदि कोई व्यक्ति हादसे में घायल हो रहा है तो वहां पर उपस्थित लोगों की जिम्मेदारी है कि वह उसे अस्पताल पहुंचाएं जिससे उसकी जिंदगी बच सके। इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने यातायात के नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई।

# जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

▶▶ **जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में साफ-सफ ाई कर स्वच्छता का दिया संदेश**

▶▶ **जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जनपद में टीबी मुक्त घोषित 27-ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानां को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया तथा उदयन सभागार में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड व प्रबुद्ध सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।



जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गॉधी का पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा हैं। महात्मा गॉधी जी ने देश एवं विश्व को संदेश दिया कि बिना हिंसा के भी देश को आजादी दिलायी जा सकतीं हैं। हम सबको महात्मा गॉधी जी के आदर्शो, सिद्धान्तों एवं दर्शन का अनुसरण करना चाहिए। महात्मा गॉधी जी ने सभी को साथ लेकर देश को एकता के सूत्र में बॉधा, जिसका परिणाम है कि भारत आजादी के इतने वर्ष बाद आज भी एकजुट है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन सादगी भरा जीवन है, उनका देश के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि कहा कि देश के स्वतन्त्रता सेनानियों ने सपना देखा था, कि देश में अन्तिम से अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी खुश एवं उसके चेहरे पर मुस्कान बनी रहें, हम लोग शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करने का कार्य निरन्तर करते रहें, यही स्वतन्त्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने उदयन सभागार में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जनपद में टीबी मुक्त घोषित 27-ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानां- जनमेजय सिंह ग्राम प्रधान-बिलासपुर, रामदुलारी गिरिया खालसा, अनीता भारतीय सैबसा, सुमन देवी जमदुआ, मालती देवी शाहपुर टिकरी, धनराज धनपरा, राजदा बेगम नादेमई, सरिता देवी कानेमई, वीरेन्द्र सिंह हिसामपुर माढ़ो, रणजीत सिंह चक कोरियों पुरे फैज, खुश्नुमा बेगम ननमई, शीला देवी त्रिलोकपुर, मनोज कुमार ऐगवा, रमाकान्त त्रिपाठी उमरछा, महेन्द्र सिंह उदाथू, ऊषा देवी कुराई, रानी गौरा, पिंकी सरोज उमरावल, रामसजीवन पौर कांशीरामपुर, ऊषा अशोक द्विवेदी





हटवा अब्बासपुर, जगमोहन अजरौली, मंजू देवी भगवतपुर, नगमरूही परवीन मकनपुरवारी, दुर्गा प्रसाद बिछौरा, पूजा देवी इचौली, खुर्शीदा बानों बघेलापुर उपरहार एवं सोनेलाल उलाचूपुर को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती के अवसर पर जनपद में अन्य राजकीय भवनों, कार्यालयां एवं विद्यालयों पर भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा कार्यालयां, विद्यालयों व अन्य संस्थाओं में पूज्य बापू महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पणकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके साथ ही महात्मा गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, जीवन-मूल्यों, अन्त्योदय की अवधारणा तथा राष्ट्रीय एकता व अखण्डता पर प्रकाश डाला गया।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम को दिखाई गई हरी झण्ड़ी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम (02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2024 तक) एवं महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के उपलक्ष्य में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में उप सम्भागीय झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम में हरवंश सिंह अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, सच्चिदानन्द यादव जिला विद्यालय निरीक्षक, कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा बेसिक शिक्षा अधिकारी, तारकेश्वर मल्ल सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं डॉ0 सन्तोष कुमार तिवारी, यात्री मालकर अधिकारी, प्रबन्धक नन्दी वाणी पब्लिक स्कूल भरवारी, मीडिया बन्धुगण, बस, टैम्पो, टैक्सी यूनियन के समस्त पदाधिकारीगण एवं जनपद के सम्मानितगण, बस संचालक, टैम्पो संचालक एवं आम जनमानस सम्मिलित हुए। माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।

आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के पम्पलेट वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम में लोगों को यातायाम नियमों के बारे में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गयी। ताकि सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा एवं हर सफर सुरक्षित सफर की अवधारणा को चरितार्थ किया जा सके।

# पिता ने बेटी को ट्यूशन पढ़ा रहे शिक्षक पर बेटी की शादी तोड़वाने व ब्लैकमेल कर धमकी देने का लगाया आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक पीड़ित ने बुधवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी की शादी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक युवक से तय हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस के रहने वाला एक व्यक्ति उसकी बेटी को ट्यूशन पढ़ाता था तभी बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसाकर अश्लील वीडियो व फोटो बना लिया। पीड़ित ने यह भी बताया कि अश्लील वीडियो बेटी के ससुराल वालों को भेज दिया जिससे उसके बेटी की शादी टूट गई और स्वयं बेटी से शादी करने का दबाव बनाने लगा । शादी न करने पर ब्लैकमेल करते हुए दस लाख की मांग करने लगा, आरोपी युवक की बात न मानने पर दबंग जान से मारने की धमकी देने लगा । जिससे आजिज पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए सैनी पुलिस से दबंग के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# गांधी विचारधारा एक मात्र विकल्प जो है हमारा संकल्प- देशराज जायसवाल



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** भारत सरकार के योजनांतर्गत संचालित जन शिक्षण संस्थान की एक शाखा जो की समदा मंझनपुर कौशाम्बी में स्थित है। जिसमे आज 2 अक्टूबर को जो भारत देश के राष्ट्रपिता मोहन दास करमचंद गांधी जी तथा भारत के उत्कृष्ट राजनेता के रूप में याद किए जाने वाले नेता लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस है जिसका पूर्वयोजना के साथ संस्थान में आज बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया इन महान विभूतियों के जीवन के संघर्ष की कहानी से मिलने वाली सीख की आज के आधुनिक समाज को सख्त जरूरत है इस विचार के क्रम में संस्थान के चेयरमैन देशराज जायसवाल ने गांधी जी एवम शास्त्री जी को सम्मान अर्पित करते हुए कहा कि मोहनदास करमचंद गांधी सिर्फ एक नाम नहीं, अपने आप में एक पूरी विचारधारा है। ऐसी विचारधारा जो पूरी दुनिया में शांति स्थापित करने की ताकत रखती है। लाल बहादुर शास्त्री जिनके प्रमुख नारा जय जवान जय किसान इसका सही अर्थ और उद्देश्य की जानकारी सभी विद्यार्थियों को प्रदान की गई इसी के साथ सभी विद्यार्थियों को गांधी जी के जीवन का उद्देश्य स्मरण कराया एवम वहा मौजूद बच्चो को अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गांधी जी के विचारों को जोड़ते हुए अत्यंत ही सरल भाव से बच्चो के उमड़ रहे प्रश्नों के फेहरे को बड़े ही सहजता के साथ सही दिशा प्रदान किया जिसके परिणाम स्वरूप वहा उपस्थित समस्त विद्यार्थी जनों ने गांधी जी की हस्त निर्मित तस्वीर बनाकर तथा उनके लिए संगीत और नृत्य के द्वारा अपना प्रेम प्रकट किया। और उनके विचारों का अनुसरण करने का संकल्प सुनिश्चित किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन देशराज जायसवाल, निदेशक विजयेंद्र मिश्रा संस्थान के (सी0ओ0) अनुराग तिवारी कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह, उप कार्यक्रम अधिकारी सतीश चन्द्र, फिल्ड आफिसर राजू शुक्ला, कार्यालय सहायक पूजा यादव एवम संस्थान के अनुदेशिकाए - ममता देवी , करिश्मा , रूपा देवी , सुनीता देवी एवम समस्त विद्यार्थीगण मौजूद रहें।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ समापन



**कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन सरस हाल में मुख्य विकास अधिकारी की गरिमामई उपस्थिति मे किया गया। जिसमे कुपोषण को मात देकर स्वस्थ हो चुके बच्चों के अभिभावक को सम्मानित, सैम श्रेणी में चिन्हित बच्चों के अभिभावक को पोषण पोटली तथा पोषण माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली जनपद की 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि 1 सितंबर से राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड में बाल विकास परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में विविध कार्यक्रम जैसे एनीमिया जागरूकता शिविर, जन संवेदी कारण, पोषण भी पढ़ाई भी, वृद्धि निगरानी, ऊपरी आहार पर जागरूकता, मोटे अनाज पर जागरूकता, आंगनबाड़ी केंद्र पर किचन गार्डन पोषण वाटिका को बढ़ावा देना ,पारंपरिक खाद्य पदार्थों का प्रचार जागरूकता ,अन्नप्राशन, गोद भराई, पोषण रंगोली इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। गंभीर चिकित्सीय जटिलता वाले बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी , जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज्य अधिकारी ,बाल विकास परियोजना अधिकारी मंझनपुर , मुख्य सेविका नीलम गुप्ता, बालमती सिंह, मंजू सिंह आंगन बाड़ी कार्यकर्ता एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## शिव बारात संग श्री रामलीला का शुभारंभ आज



**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति की तैयारी बैठक समिति के कार्यालय गोपाल मंदिर में संपन्न हुई। इसमें सभी तैयारियो को अंतिम रूप दिया गया। 3 अक्टूबर से नवरात्र के प्रथम दिवस पर भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। शिव बारात से श्री रामलीला समिति का शुभारंभ होगा। शिव बारात 3रू00 बजे गोपाल मंदिर से निकलकर चौक से भगवा चुंगी स्टेशन होते हुए चिलबिला हनुमान मंदिर जाएगी। वहां से वापस चिलबिला स्टेशन चौराहे पर भगवान शिव माता पार्वती का विवाह संपन्न कराया जाएगा। तैयारी में सभी पदाधिकारी लगे हुए हैं। बैठक में संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ,कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, छेदीलाल, देवानंद, वेंकटेश अग्रवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, राजू शर्मा, प्रदीप केसरवानी, राजेश उमरवैश्य, राजेश खंडेलवाल, विनय सिंह, पंकज मिश्रा, मनीष सिंह, ज्ञानेंद्र, नितिन शर्मा गंगू, बंटी नेता, विवेक यादव, रोहित राज, सूरज उमरवैश्य, अमन गुप्ता, तेजस गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

## डीएम ने महिला प्रधान को किया सम्मानित



**कुंडा प्रतापगढ़।**कालाकांकर ब्लॉक के मुरस्सापुर गांव की प्रधान संगीता यादव को स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत बुधवार को डीएम संजीव रंजन ने सम्मानित किया। डीएम ने प्रमाणपत्र, प्रशस्ति पत्र देकर महिला प्रधान का हौसला बढ़ाया। इसकी जानकारी मिलते ही गांव के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस मौके पर प्रधानपति सुरेश यादव, वीरेन्द्र यादव, सतपाल वर्मा, गौतम कुशावाहा आदि मौजूद रहे।

## चेयरमैन ने दिलाई स्वच्छता की शपथ



**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर नगर पंचायत में 17 सितम्बर से चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा का समापन चेयरमैन चंद्रलता जायसवाल ने किया। गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा का समापन करते हुए चेयरमैन ने सभी स्वच्छता कर्मियों को नगर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई कर्मियों को प्रमाणपत्र दिया। इसके पहले उन्होंने नगर पंचायत के शाहाबाद मोहल्ले में हरित नगर के लिए पौधरोपण किया। इस मौके पर आशुतोष जायसवाल डिम्पू, जितेन्द्र मिश्रा, राकेश जायसवाल, राकेश सोनकर, बाबी गुप्ता, अजय गुप्ता, पहाड़ी सोनकर आदि मौजूद रहे।

## मनाई गई महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**सगरासुंदरपुर ।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक मे महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रेम लता सिंह व भाजपा नेता एवम ब्लॉक प्रमुख पति डा.राकेश सिंह ने ब्लॉक परिसर मे ध्वजारोहण किया , महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए । इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में महती भूमिका तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी व संघर्ष के बारे में लोगों को विस्तार से बताया तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई । उसके बाद ब्लॉक कर्मियो के साथ मिलकर ब्लॉक प्रांगण में साफसफाई किया गया । इस अवसर पर प्रशांत सिंह, अनूप त्रिपाठी, शशिकान्त बबलू, शिवमूर्ति दुबे सहित अन्य ब्लॉककर्मी मौजूद रहे ।

## गांधी एवं शास्त्री सादा जीवन उच्च विचार के रहे पोषक - अष्टभुजा प्रसाद

**सगरा सुंदरपुर ।** लक्ष्मणपुर विकासखंड के हंडौर स्थित आंचल पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी एवं भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई । कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया उसके बाद लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विद्यालय के संरक्षक अष्ट भुजा प्रसाद त्रिपाठी कहा कि महात्मा गांधी एक अहिंसा वादी विचारधारा के थे उन्होंने बिना किसी भी प्रकार की हिंसा किए देश को आजादी दिलाने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई तथा लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के बारे में बताया कि वह अत्यंत ही सामान्य परिवार के थे और बड़े ही संघर्ष के साथ शिक्षा ग्रहण करते हुए राष्ट्र सेवा का भाव लिए प्रधानमंत्री पद तक की सेवा की थी यह दोनो सादा जीवन उच्च विचार के संवाहक थे ।इसके पूर्व शिक्षकों द्वारा बच्चों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया तथा विद्यालय परिसर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए खेलकूद में प्रतिभाग किया तथा श्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया गया और अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित कराया गया । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक अनूप त्रिपाठी ने किया तथा स्वागत प्रिंसिपल आंचल त्रिपाठी ने किया । इस अवसर पर आस्था त्रिपाठी ,शिखा दुबे ,अंकित दुबे, मुस्कान बानो, प्राची शुक्ला, अरविंद शुक्ला ,हरिवंश शुक्ल शौर्य चंद्रशेखर विकास प्राणनाथ यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## दहेज हत्या के वांछित 2 अभियुक्त गिरफतार

**आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़।** दहेज हत्या के अभियोग से संबंधित 02 वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री आनन्द कुमार राय व थाना प्रभारी आसपुर देवसरा उ0नि0 श्री संतोष सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह का0 कैलाश यादव, का0 वीरेन्द्र यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 01- आशिक अली पुत्र पप्पू उर्फ मो0 शमीम ग्राम दफरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़, 02- पप्पू उर्फ मो0 शमीम पुत्र अफजल राइन निवासी ग्राम दफरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 02.10.2024 को थानाक्षेत्र के अमरगढ़ बाजार पट्टी रोड़ से गिरफ्तार किया गया ।

# जनपद में देश के दो महापुरूषों की जयन्ती भव्यता पूर्वक मनायी गयी

**● जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये**

**● राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के त्याग, आदर्शो पर चलकर सौपे गये दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करें- जिलाधिकारी**





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर जिलाधिकारी संजीव रंजन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा एवं अधिवक्तागण व अन्य सम्भ्रान्त लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टेऊ्ट के जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं दोनों ने हमें यह सिखाया है कि अपने अंदर व्याप्त बुराइयों पर दृढ़ इच्छा शक्ति से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का आवाहन किया। उन्होने कहा कि देश और समाज को बदलने के लिये व्यक्ति को स्वयं को भी बदलना होगा। महात्मा गांधी जी भेदभाव की परम्परा को नष्ट करने के लिये आजीवन संघर्ष करते रहे। उन्होने कहा कि हम चाहे जिस पद पर हो उस पर ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करें और जन मानस के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुॅचाये। उन्होने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के त्याग, आदर्शो पर चलकर सौपे गये दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करें और उनके सिद्धान्तो और आदर्शो को आने वाली पीढ़ी तक पहुॅचाना इस जन्म दिवस का मुख्य उद्देश्य है। उन्होने कहा कि हमें दूसरों की पीड़ा समझने की एवं उसे दूर करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है इसलिये जनपद में स्वच्छता का वातावरण बनाये, स्वच्छता के प्रति जागरूक होने से हम बीमारियों से बच सकते है, साथ ही एक स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई कक्ष में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अधिवक्ता चिन्तामणि पाण्डेय, विवेक उपाध्याय आदि ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा ''रामधुन'' एवं भजन की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन एलबीसी पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी देश दीपक सिंह सहित डा0 मो0 अनीस, धर्मेन्द्र ओझा, अधिवक्तागण, कलेक्टेऊ्ट के कर्मचारी व अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। गांधी जयन्ती के अवसर पर विकास भवन, नगर पंचायतों, विकास खण्डों में भी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। जनपद में देश के दो महापुरूषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती भव्यता पूर्वक मनायी गयी।

# गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**▶▶ टीबी मुक्त 08 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को महात्मा गांधी जी की प्रतिमा देकर किया गया सम्मानित**

**▶▶ हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर रखें- एमएलसी उमेश द्विवेदी**










**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में एमएलसी उमेश द्विवेदी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा अभियान जनपद में चलाया गया जो स्वच्छता पर आधारित था। उन्होने इस अवसर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा स्वच्छता को प्राथमिकता दी है और इसके लिये युद्धस्तर पर कार्य भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुॅचे यह प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी का सपना है। हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर रखें और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करें। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सपना तभी पूरा हो सकता है जब स्वच्छता के प्रति देश का हर नागरिक जागरूक होगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों के शौचायल बनवाये गये जिससे गांव के लोगों की बहुत बड़ी समस्यायें दूर हो गयी है, लोगों को शौच के लिये अब बाहर नही जाना पड़ता है। कार्यक्रम में उपस्थित सफाई कर्मियों, जनसामान्य एवं अधिकारियों को एमएलसी ने स्वच्छता की शपथ भी दिलायी।

मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रधानों व जनसामान्य का सहयोग प्राप्त हुआ जिससे हमारे जनपद को प्रदेश में अच्छी रैकिंग प्राप्त हुई है और सभी बधाई के पात्र है। जनपद में 5 लाख से अधिक शौचायल बनाये जा चुके है और सभी लोग शौचालय का उपयोग कर रहे है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जनपद में स्वच्छता ही सेवा-2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 सफाई मित्रों, 17 ग्राम प्रधानों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार टीबी मुक्त 08 ग्राम पंचायतों के प्रधानों क्रमशः विनीत सिंह (पूरेमाधव), सुनील वर्मा (जगदीशपुर), शिव बहादुर (लकुरी), हरि प्रसाद चौरसिया (बटौली), आलोक (हर्जामऊ), चमेला देवी (होशियारपुर), भूपेन्द्र मणि तिवारी (सपहाछात) व अनिल कुमार (डेढुवा) को महात्मा गांधी जी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता ही सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 विकास खण्डों क्रमशः बाबा बेलखरनाथ धाम, पट्टी, शिवगढ़, बिहार व मानधाता के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पुरस्कार से पुरष्कृत ग्राम पंचायत के 05 ग्राम प्रधानों क्रमश नितेश सिंह (हण्डौर), दुलारी देवी (देवली), खुर्शीद अहमद (बरई), शमीदा बानो (सुनियांवा) व हंसराज देवी (गोगहर) को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 03 जिला कन्सलटेंट व 01 कम्प्यूटर आपरेटर को भी सम्मानित किया गया।

स्वच्छता कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, सांसद प्रतिनिधि बीएल पटेल, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

## गांधी जयंती पर भाजपाईयों ने चलाया सफाई अभियान



**प्रतापगढ़।** गांधी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह 9 बजे क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल सदर विधायक राजेंद्र मौर्या उमेश द्वेवेदी शिक्षक एमएलसी संयुक्त रूप से कंपनी गार्डन में गाँधी जी की प्रतिमा एवं लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इसके उपरांत स्वच्छता अभियान के लिए सफाई और कूड़े का निस्तारण किया गया। इसके उपरांत लक्मनपुर ब्लॉक में राकेश सिंह के साथ सदस्यता अभियान को चलाया गया। तत्पश्चात कार्यालय पर सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राघवेंद्र शुक्ल, रामआसरे पाल, संतोष मिश्रा, सुनील दुबे सभासद, तुषार दत्त मिश्र, साधु दुबे, आशुतोष सिंह सभासद गजराज सिंह, आलोक गर्ग नगर अध्यक्ष, पिंकी दयाल , सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समारोह संग कांग्रेसियों ने मनाई राष्ट्रपिता एवं शास्त्री जी की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** सत्य, अहिंसा, धर्म व स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, एवं सत्य, निष्ठा व ईमानदारी की मिशाल देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरियादीन पासी का जन्मदिन आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

इससे पूर्व कांग्रेस जनो ने अम्बेडकर चौराहे से शहीद उद्यान (कंपनी बाग) तक जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में मार्च कर उद्यान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मागांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने नेताओं और महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई, उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता। आज पूरी दुनिया में गांधी के आदर्श की चर्चा है, उनके जीवन दर्शन और किये गए कार्यों पर तमाम विश्वविद्यालयों में पीएचडी की उपाधि दी जा रही है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह,कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, विजय प्रताप त्रिपाठी,महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, फतेह बहादुर सिंह, अवध राज यादव,भवानी शंकर दूबे,राधे श्याम दूबे, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, सेवादल नगर अध्यक्ष ज्योति कुमार तिवारी, बेलाल अहमद,विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ल,सेवादल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष आकाश मिश्रा, शहजाद अहमद,राममूर्ति प्रजापति, ओम प्रकाश सरोज,रियाज सुलतान,सिटी नगर पंचायत अध्यक्ष मो इमरान, मो0दिलशाद, आशीष शुक्ला,शुभम मिश्र, ओम प्रकाश, रामधन यादव, प्रवीण द्विवेदी, मो0बेलाल, राजू भाई, शहजाद सलमानी, रवि प्रताप सिंह, मो.इद्रीसी, महेन्द्र मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## साहू समाज ने मनाई गांधी एवं शास्त्री की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपिता महत्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती साहू कॉम्प्लेक्स सिविल लाइन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता व रानीगंज चेयरमैन श्रीमती मीरा गुप्ता ,पूर्व चेयरमैन राम किशोर साहू, बाल कृष्ण साहू, मुन्ना लाल गुप्ता,जयंत गुप्ता, जे पी साहू,आशीष गुप्ता राज कुमार गुप्ता व जिला अध्यक्ष बजरंग प्रसाद गुप्ता एड0 एवं दूर दराज से आए साहू बंधुओ की उपस्थित में बड़े

## गांधी और शास्त्री के आदर्श हमारे लिए प्रेरणा स्रोत - महेंद्र पाल



**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के मां अभिराजी जगदीश पाल मेमोरियल इंटर कालेज में धूम धाम महत्मागाँधी व लालबहादुर शाष्त्री की जयन्ती मनाई गई।सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश देने वाले महात्मा गांधी और सादगी ईमानदारी के प्रतिमूर्ति भारत के दूसरे प्रधानमंत्री जय जवान जय किसान के की आवाज परम् श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने निबंध गीत भाषण प्रतियोगिता आयोजित कराने के साथ प्रभातफेरी निकाल कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारों से गुंजायमान किया रैली का नेतृत्व कक्षा 12 की छात्राओं में खुशी यादव मोहिनी सिंह पाल खुशबू पटेल ममता गौतम काजल यादव और छात्रों में प्रिंस विकास अखिलेश पटेल सहभागिता की।शिक्षकों में अनुपम विश्वकर्मा संतोष सरोज शोभित रावत धीरज शिवकुमार पटेल सीमा पाल शालिनी ममता मनीषा खुशबू अनामिका तिवारी सहित अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

## गांधी और शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**खेमीपुर प्रतापगढ़।** रॉयल हाइज पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रंजीत जायसवाल तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर आमिर वसीम और विद्यालय की आर्डिनेटर सुधा जायसवाल ने दीप प्रज्वलित तथा माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर देश के विकास में योगदान देने का संदेश दिया।

इसके पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक संजीव यादव और संदीप पांडे ने भी गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जफर आलम, आशुतोष गुप्ता ,शकील अहमद, हेमंत ,रामसुरेश, मनोज ,भट्टाचार्य, कृष्णा सिंह, रेखा ,रेनू ,विभा, रोशनी आदि लोग मौजूद रहे ।

संक्षिप्त खबरें

## 'बेटों ने लगाया पिता को गुमराह कर संपत्ति हड़पने का आरोप

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के गोविंदपुर तेवारा गांव में बेटों ने एक व्यक्ति पर पिता को गुमराह करके संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।गोविंदपुर तेवारा गांव निवासी राम सिंह पुत्र दशरथ लाल ने बताया कि वह सूरज, कल्लू, छोटे लाल समेत चार भाई हैं। पिता की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है। आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति उनके पिता को गुमराह करके उनके नाम की सारी संपत्ति हड़पना चाहता है। इसके लिए वह उनके पिता को प्रतिलोभन देकर अपने साथ रखता है। इसके पहले उस व्यक्ति ने करीब दो बीघा खेत की मिट्टी बिकवाई अब वह खेत को ही बिकवाने का प्रयास कर रहा है। बेटों ने बुधवार को मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू किया। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## दरवाजा तोड़कर घर में घुसे दबंगों ने युवती को पीटकर किया घायल

**कसेंदा, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के नसीरपुर गांव में मंगलवार की रात घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे पड़ोसी दबंगों ने युवती को जमकर पीट दिया। इससे महिला को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल युवती ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।नसीरपुर गांव की शिवपाता पत्नी शिवप्रसाद ने बताया कि मंगलवार की रात वह अपने पति के साथ रिश्तेदारी में गई थी। घर पर उसकी 18 वर्षीय बेटी पिंकी अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसी दबंग अपने परिजनों के साथ लाठी-डंडा लेकर उसके घर पहुंचे और बंद दरवाजा को तोड़कर अंदर घुस गए। आरोप है कि दबंगों ने रंजिशन पिंकी की जमकर पिटाई कर दी। इससे उसको काफी चोटें आई। शोर सुनकर लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। महिला ने बेटी के साथ थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। वहीं दूसरी तरफ मुनिया देवी ने बताया कि रात में वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसी दबंग परिजनों के साथ लाठी-डंडा लेकर उसके घर पहुंचा और गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर दबंगों ने उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे पति मूलचंद्र को भी जमकर पीट दिया। इससे दोनों को काफी चोटें आई। दोनों तरफ से तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## दबंग ने परिवार संग पुरानी रंजिश में कुनबे को पीटकर किया लहूलुहान




**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के नसीरपुर गांव में मंगलवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दबंग ने परिवार संग घर पर चढ़कर एक कुनबे को जमकर पीट दिया। पिटाई से पांच लोग लहूलुहान हो गये।शोर मचाने पर लोगों को आता देख वह सभी धमकी देते हुए भाग निकले। घायलों ने थाने जाकर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।नसीरपुर गांव की मीतादेवी पत्नी शीतला प्रसाद के अनुसार मंगलवार की रात वह खाना खाने के बाद परिवार संग सोने जा रही थी। इसी दौरान पड़ोस का एक दबंग अपने परिवार के साथ उसके घर के अंदर पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उन्होंने मिलकर लाठी डंडे से उसकी जमकर पिटाई करना शुरू कर दिया।मां को पिटता देख बचाने गये उसके पुत्रों कुलदीप,सुनील,सत्यम व पति शीतला प्रसाद को भी पीट दिया।पिटाई से पांचों लोग लहूलुहान हो गये।साथ ही मवेशियों को पीटा और बाइक भी तोड़ डाला।शोर सुनकर लोगों को आता देख वह सभी धमकी देते हुए भाग निकले। घायलों ने थाने जाकर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

## पश्चिम शरीरा में मनाई गई बाबू मसूरिया दिन पासी की जयंती

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा में मसूरिया दिन पासी की जयंती लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई है। इस मौके पर लोगों ने उनके कृतित्व को याद किया है। बता दे कि आज मसूरिया दिन पासी की जयंती है इस मौके पर लोग जनशक्ति पार्टी रामविलास से जुड़े लोगों ने पश्चिम शरीरा में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की है बताओ और मुख्य अतिथि महोदय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने कहा कि 1 वर्ष पहले संविधान सभा के सदस्य महाशय मसूरिया दिन पासी की मूर्ति सब के सहयोग से लगवाने का काम किया है उन्होंने कहा कि दबे कुछ ले शोषित समाज के लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश बिहार महाराष्ट्र नागालैंड सहित बहुत से राज्यों में मसूरिया दिन पासी जी की जयंती आज भी धूमधाम से मनाई जाती है और उनके कृतिकाओं को याद किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि 1932 से 1944 के बीच बाबू मसूरिया दिन पासी का अधिकतर समय जेल में व्यतीत हुआ है इस मौके पर रामविलास पासी चंचल पासी विक्रम पासी आजाद पासी अवधेश पासी अखिलेश भारतीय रवि भारतीय सतीश पासी राम मोहन पासी महेंद्र पासी जितेंद्र पासी रविंद्र पासी बबलू पासी रंजीत पासी विनय कुशवाहा सुनील जायसवाल प्रदीप श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबू मसूरिया दिन पासी के कृतियों को याद किया है।

## अर्बन केंद्र प्रभारी डॉक्टर ने दिया स्वच्छता का संदेश, मरीजों को बाटे साबुन



**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर स्थित वॉर्ड 4 के सईगंज में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर प्रतीक शर्मा ने बुधवार को ओपीडी में आने वाले मरीजों को साबुन बाटे और हाथो की साफ सफाई संबंधित निर्देश भी दिए।नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर प्रतीक शर्मा ने आने वाले मरीजों का पहले ईलाज किया इसके बाद उनको नीम साबुन दिया और बताया कि हम लोग विभिन्न कार्यो को करने जैसे भोजन करने, शौच के बाद हाथ की सफाई, नाक की सफाई, गाय का गोबर हटाने आदि में हाथ का प्रयोग करते हैं। इस दौरान बीमारी पैदा करनेवाले कीड़े नाखून के नीचे और त्वचा के ऊपर जम जाते हैं। कोई भी काम करने के बाद हाथों को कलाई के ऊपर, अंगुलियों के बीच में और नाखून के भीतर तक, साबुन से अच्छी तरह साफ कर लें। विशेष रूप से खाना पकाने और खाने के पहले हाथ जरूर धोयें। इससे कई बीमारियों पर रोक लगती है।अपने नाखून नियमित रूप से काटें। नाखून को चबाने से और नाक खोदने से बचें।बच्चे कीचड़ में खेलते हैं। उन्हें भोजन से पहले हाथ धोने की आदत सिखायें। इस प्रकार के अन्य स्वच्छता सम्बन्धी निर्देश दिया स वही अर्बन केंद्र में बुधवार को कुल 26 ओपीडी हुई जिसमे दस मरीज वायरल बुखार, सात मरीज खुजली दाने के, दर्द, शुगर, पेट के नौ मरीज आए जिनको दवा दी गई स इस दौरान फार्मासिस्ट संदीप कुमार यादव एलटी नीरज कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहें।

# नगर पंचायत सिराथू में मनाया गया गांधी व शास्त्री जयंती


















लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सिराथू में चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव ने नगर पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद दोनो महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने हेतु प्रेरित किया और देश की आजादी में गांधी जी द्वारा दिए गए योगदान के बारे ने विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर सभासद रत्नेश सोनकर व राकेश पटेल सहित तहसील कर्मी मौजूद रहे। जिसके बाद चेयरमैन की अगुवाई में महर्षि शिशु विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से कस्बे में रैली निकाली गई। इस मौके पर चेयरमैन भोला यादव ने कस्बे वासियों से नगर पंचायत को स्वच्छ बनाने हेतु साफ सफाई में सहयोग की अपील किया। इस दौरानबबलू यादव , महेश सिंह , ओम प्रकाश सिंह सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहें।

### महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर चलाया गया सफाई अभियान

सैनी, कौशाम्बी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती व स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा( 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर ) के तहत बुधवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में माई भारत कौशाम्बी के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दीपेन्द्र अग्रहरि और विनय पाण्डेय द्वारा विकास खंड कड़ा के देवीगंज में स्थित छेदी लाल राजाराम साहू इंटर कॉलेज में मो. उमरान सैय्यद व विद्यालय के प्रबंधक नीलेश साहू की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान मौजूद लोगो ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके व्यक्तित्व और स्वाधीनता आंदोलन में दिए गए योगदान पर विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित क्षेत्र के सैकड़ों युवकों और युवतियों को नए भारत और विकसित भारत के निर्माण हेतु इसे अपने जीवन में धारण करने के लिए कहा गया। साथ ही स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई करके एवं स्वच्छता की शपथ दिलाकर अपने आस पास भी सफाई करने और स्वच्छ भारत बनाने में अपना योगदान देने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरिमोहन, अनिल विश्वकर्मा, सुनील पाण्डेय, एजाज उद्दीन, अनुज कुमार, अरविन्द कुमार, नीरज साहू, रूबी, प्रांशी, निशा आदि लोग मौजूद रहे।

### दयानंद सरस्वती कालेज में मनाई गई गांधी जयंती

अजुहा, कौशाम्बी। अजुहा कस्बे में स्थित दयानंद सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश चंद्र आचार्य द्वारा ध्वजारोहण के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वल करते हुए माल्यार्पण किया कार्यक्रम में छात्राओं व शिक्षकों द्वारा सास्वर गांधीजी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम गीत के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने गांधी व लाल बहादुर को सच्चे देशभक्त बताते हुए कहा कि आज हमारा देश इन महान सपूतों के कारण गुलामी के जंजीरों से मुक्त हुआ है हम देशवासी इन सभी नायको के कृतज्ञ रहेंगे । इस मौके पर राम प्रसाद ,रामानंद ,मदराखन ,दीपक सिंह , अभिषेक सिंह, नीलम , सरला, रोशनी आदि शिक्षक सहित छात्र मौजूद रहे।

### स्कूलों में धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

कौशाम्बी। परिषदीय स्कूलों में राष्ट्रपिता महत्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिन दिन धूमधाम से मनाया गया। प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में शिक्षकों और बच्चों ने इस अवसर पर प्रभातफेरी निकालकर ध्वजारोहण किया। उसके पश्चात दोनों महान विभूतियों के चित्र पर फूल माला अर्पण किया। इसके बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। नन्हे बच्चे गांधी व शास्त्री की भूमिका में सभी को आकर्षित कर रहे थे। कार्व्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा, शिक्षिका शैलजा, मोहिनी शुक्ला, शिक्षामित्र गुलशन कुमार, मीरा देवी आंगनवाड़ी अर्चना शुक्ला, अर्चना सरोज व सहायिका मीना देवी और निराशा यादव उपस्थित रही। सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में भी बच्चों व शिक्षकों ने धूमधाम से गांधी व शास्त्री जयंती को मनाया। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने बच्चों को दोनों महपुरुषों की जीवनी को विस्तार पूर्वक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को प्रेरित करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### मलाक सद्दी में धूम-धाम से मनायी गयी गाँधी जयंती

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलाक सद्दी में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर छात्रों ने पोस्टर-पेंटिंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के शिक्षक संकुल भास्कर मिश्रा ने प्रतिभावान मेधावियों को सम्मानित किया। सम्मानित छात्रों में कोमल, मंजीत, पायल, सुदेश, राम कुमार, अनूप कुमार, दीपांशी शामिल रहे। इस अवसर पर ग्रामवासी नथई, राममिलन, सतनी, सागर, बिनना एवं शिक्षक शारदा तिवारी,अतुल मिश्रा, राजीव उपस्थित रहे।

### गांधी व शास्त्री जयंती पर सिराथू तहसील प्रशासन ने किया नमन

सिराथू, कौशाम्बी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सिराथू तहसील में एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह की अगुवाई में तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया इस दौरान एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने हेतु प्रेरित किया , प्रभारी तहसीलदार विनय कुमार सिंह ने देश की आजादी में गांधी जी द्वारा दिए गए योगदान के बारे ने विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह , प्रभारी तहसीलदार विनय कुमार सिंह , नायब तहसीलदार अतुल कुमार सहित राजस्व निरीक्षक धर्मपाल , लेखपाल सुनील दिवेदी , कमल सिंह , वहाज खान , सुनील अग्रहरी व धर्मेंद्र सिंह , उमा शंकर , दया शंकर , धनराज , जयवीर सिंह सहित तहसील कर्मी मौजूद रहे।

# श्रीराम के बाणो से हुआ राक्षसी ताड़का का वध

● विश्वामित्र आगमन और ताड़का वध, अहिल्या उद्धार का हुआ मंचन
● लीला का मंचन देखने के लिए जुटी रही भीड़



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित हिन्दु धर्म सभा श्री रामलीला कमेटी के द्वारा रामलीला मंचन कार्यक्रम में वन में ऋषि मुनियों के हवन यज्ञ में बाधा उत्पन्न करने पर ऋषि विश्वामित्र ने असुरों के नाश के लिए राजा दशरथ से प्रभु श्री राम व लक्ष्मण को मांगा। राम व लक्ष्मण द्वारा असुरों का वध करने आदि लीला का मनोरम मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। इस दौरान रामलीला मैदान में सैंकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहें।

मंझनपुर में हिन्दु धर्म सभा श्री रामलीला कमेटी में आयें कलाकारों द्वारा आयोजित लीला में ऋषि विश्वामित्र का राजा दशरथ के महल में पहुंचना, विश्वामित्र द्वारा महाराज दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांगे जाने पर दशरथ द्वारा असमर्थता जाहिर करने के बाद विश्वामित्र क्रोधित हो जाते हैं। बाद में गुरु वशिष्ठ द्वारा समझाए जाने पर महाराज दशरथ अपने दोनों नयन के तारों को विश्वामित्र को सौंप देते हैं। यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ के दो पुत्र राम व लक्ष्मण को मांगकर ले जाना, प्रभु श्री राम द्वारा राक्षसी ताड़का का वध करना, ताड़का के वध का समाचार पाकर मारीच व सुबाहू से युद्ध करना तथा राक्षसों के वध के बाद ही राजा जनक का सीता स्वयंवर का निमंत्रण पत्र विश्वामित्र को प्राप्त होता है।

जनकपुर जाते समय रास्ते में विश्वामित्र के आदेश पर राम गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार कर उन्हें नया जीवन देते हैं। इसके बाद सीता स्वयंवर स्थल पर पहुंचते हैं। समाचार मिथिला नरेश पाए, विश्वामित्र महामुनि आयें। राजा जनक स्वयं अपने अनुचरों के साथ विश्वामित्र एवं राम-लक्ष्मण का स्वागत करते हैं और राजदरबार में ले जाते हैं। अहिल्या का उद्धार करना आदि लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया।

राजा दशरथ व ऋषि विश्वामित्र के संवाद सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आशीष केसरवानी उर्फ बच्चा, महामंत्री पंकज गामा, पंकज शर्मा, उपाध्यक्ष ज्ञानचन्द्र गुप्ता, झल्लर चौरासिया, रिकू केसरवानी, रोहित गुप्ता, सुनील, सुशील केशरवानी, चाटू भाई सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं नगर क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# बापू व शास्त्री की जयंती पर सीओ व चेयरमैन ने चलाया साफ सफाई अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बुधवार को सघन साफ सफाई अभियान चलाया।क्षेत्राधिकारी सिराथू ने नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के कुबरी घाट पर नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी के नेतृत्व में घाट परिसर में सघन साफ सफाई की।इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने आस पास साफसफाई रखने की अपील की साथ ही नगर अध्यक्षा ने नगर वासियों से नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की।जयंती के अवसर पर नगर अध्यक्षा ने मोक्ष धाम हनुमान घाट पर करीब एक सैकड़ा बॉटल पाम के वृक्ष भी रोपित किए।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी सहित तमाम नगर कर्मी उपस्थित रहे।

# सपा कार्यालय में मनाई गई राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**कौशाम्बी।** मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई है। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला है।मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़ी उत्साह के साथ मनाई गई है। इस मौके पर पार्टी नेताओं ने लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर भी उन्हें याद किया है। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने देश के प्रति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला है साथी आह्वान किया कि इन महापुरुषों के बताए मार्गों पर चलकर देश के उत्थान में आम जनमानस अग्रणी भूमिका निभाई। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष भरवारी कैलाश चंद्र केसरवानी, गुलाम हुसैन, मानसिंह पटेल, रईस अहमद, भोलानाथ सरोज, अरुण चौधरी, भारत सिंह लोधी, राजू यादव, पप्पू यादव, जेके यादव, राजू पाल, आफ्ताब शेख, जगदीश भुर्जी, महेश यादव, राजू पटेल नाथन लोधी वेदपाल उमेश कुमार दीपक दरजी विक्रम सिंह ने भी संबोधित किया है।

# सिराथू ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया ध्वजारोहण






**सिराथू, कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सिराथू ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य व खंड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने हेतु प्रेरित किया। खंड विकास अधिकारी भवेश कुमार शुक्ल ने देश की आजादी में गांधी जी द्वारा दिए गए योगदान के बारे ने विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर एडीओ पंचायत विश्वबंधु, एपीओ अशोक कुमार सहित सचिव एवं काजी असद अभिमन प्रसाद आदि ब्लॉक कर्मी मौजूद रहें। इसी तरह कड़ा ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता ने ब्लॉक परिसर में ध्वजारोहण किया साथ ही दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया इस मौके पर ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

## सम्पादकीय

# चीन विरोधी रुख क्वॉड-2024 में मुख्य थीम

बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा।वैसे तो अमेरिका के डेलवेयर में आयोजित क्वॉड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वॉड) शिखर सम्मेलन की विदाई बैठक कहा गया था, लेकिन यहां इसके सदस्य देशों ने चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। इसे विदाई बैठक इसलिए कहा गया, क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की इसमें आखिरी भागीदारी थी। अगले कुछ महीनों में दोनों अपने पद से रिटायर्ड हो जाएंगे। लेकिन जाते-जाते बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर हमारा इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा। जारी साझा बयान में कहा गया-हम विवादित पक्षों के सैन्यीकरण और दक्षिणी चीन सागर में बलपूर्वक और धमकाने वाले पैतरों पर गंभीर चिंता जाहिर कर रहे हैं। इसके बावजूद क्वॉड नेता चीन का सीधे नाम लेने से बचे।यहां तक कि बाइडेन ने बैठक में जब कहा कि 'चीन लगातार आक्रामक बर्ताव कर रहा है और समूचे क्षेत्र में हमें जांच रहा है', तो बताया गया कि ये टिप्पणी सार्वजनिक तौर पर नहीं की जानी थी। लेकिन संभवतः बाइडेन का माइक्रोफोन गलती से ऑन रह जाने की वजह से यह सबको सुनाई दे गया। उधर प्रधानमंत्री मोदी ने यह जिक्र करना जरूरी समझा कि क्वॉड किसी देश विशेष के खिलाफ नहीं है। उन्होंने पहले की ही तरह क्वॉड को सकारात्मक एजेंडे से संचालित बताने की कोशिश की। वैसे मोदी ने कहा कि क्वॉड मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का समर्थन करता है। उन्होंने कहा-मुक्त, खुला हुआ, समावेशी और संपन्न इंडो-पैसिफिक हमारी प्राथमिकता है। हम किसी के विरुद्ध नहीं हैं। हम सभी नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता के लिए सम्मान, भूभागीय अखंडता और सभी मसलों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। बातों का मतलब साफ है। निशाना चीन ही है। तटरक्षकों के साझा अभ्यास पर सहमति भी चीन केंद्रित ही है। फिर भी चीन का सीधे नाम लेने में हिचक क्यों है, यह समझना रहस्य बना हुआ है। क्या यह भारत की ब्रिक्स और एससीओ जैसे मंचों पर भी उपस्थिति की सीमाओं के कारण है?




# जब भी बिहार के मुख्यमंत्री दिल्ली जाते है सियासत में धडकनें तेज हो जाती है



**अशोक भाटिया**

रविवार की सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कारकेड सीएम हाउस से पटना एयरपोर्ट की ओर बगैर किसी सूचना के रवाना हुआ। बाद में पता चला कि वह दिल्ली जा रहे हैं। सीएम के अचानक दिल्ली यात्रा से राजनीति के जानकार भी हैरान हो गए क्योंकि एक दिन पहले ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा नड्डा पटना आए थे। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई थी। उनका यह कार्यक्रम पहले से निर्धारित था। पटना में पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ उनकी लंबी बैठक हुई। बताया गया कि नड्डा का दौरा पार्टी के सदस्यता और संगठन की मजबूती को लेकर था। लेकिन नीतीश के दिल्ली रवाना होने के बाद राजनीतिक गलियारे में चर्चा का बाजार गर्म है कि बिहार में कुछ बड़ा होने वाला है।हालांकि, नीतीश कुमार के इस दौरे को निजी बताया जा रहा है , लेकिन गठबंधन की राजनीति के माहिर राजनीतिज्ञ नीतीश कुमार को लेकर कयासबाजियां जारी रहती है । उनके निजी दौरे के बावजूद चर्चा के केंद्र में वह बने रहे और तमाम मीडिया संस्थानों ने उनकी इस निजी यात्रा को भी सियासी नजरिये से देखना शुरू कर दिया। आखिर ऐसा क्या हुनर या परिस्थिति है जो नीतीश कुमार को लेकर सियासी गलियारों में हमेशा सस्पेंस बना रहता है।दिल्ली पहुंचने के बाद सीएम नीतीश कुमार दो निजी जगहों पर जाने के बाद अपने सरकारी आवास पहुंचे। यहां जेडीयू के कई नेताओं ने उनसे मुलाकात की। इसके बाद सीएम नीतीश 9 त्यागराज लेन स्थित केंद्रीय मंत्री और जदयू के नेता ललन सिंह नये सरकारी आवास पर पहुंचे। यहां थोड़ा समय बिताने के बाद वे 2 तुगलक मार्ग स्थित राज्यसभा सांसद संजय झा के सरकारी आवास पर पहुंचे। इसके अगले दिन 30 सितंबर को अगले दिन सुबह एम्स में अपना चेकअप करवाया और बाद में उनके सरकारी आवास पर झारखंड के नेता राजा पीटर ने सीएम नीतीश से मुलाकात की। इसके थोड़ी ही देर बाद वे दिल्ली से पटना के लिए रवाना हो गए। लेकिन, इस दौरान जब तक वे दिल्ली में रहे तब तक पटना से लेकर दिल्ली तक सियासी सरगर्मी बनी रही और कयासबाजियों का दौर भी जारी रहा।अफवाहें इस कारण जोर पकड़ती है क्योंकि कभी ॠछ्ष्ठ जैसी धुर विरोधी तो कभी मुद्दों पर भाजपा से दूरी की बात बताते हुए 19 वर्षों तक सियासत को साधने में अगर किसी ने महारत हासिल की है तो वह नीतीश कुमार ही हैं। आखिर वह बिहार की राजनीति में कैसे संतुलन साधते हैं और कैसे वही हर बार सेंटर में ही नहीं सत्ता के शीर्ष पर विराजमान हो जाते हैं। दरअसल, नीतीश कुमार सियासत की ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें हर सियासी खेमा अपने पाले में करना चाहता है। इसको लेकर हमेशा रस्साकशी भी चलती रहती है कि वे उनके खेमे में आ जाएं।दरअसल, बीते दो दशक में नीतीश कुमार ने जिस काबिलियत से अपनी राजनीति आगे बढ़ाई है इससे यह बात बार- बार साबित होती रही



है कि बिहार की राजनीति के सबसे बड़े बैलेंसिंग फैक्टर कोई हैं तो वह नीतीश कुमार ही हैं। इतना ही नहीं बिहार को आधार बनाते हुए कई बार केंद्र की राजनीति में भी वह संतुलन साध जाते हैं। अगर तथ्यों के आधार पर इसको परखें तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में आरजेडी, जेडीयू और बीजेपी तीनों अलग-अलग चुनाव लड़ीं थीं। ऐसे में वोटों की हिस्सेदारी देखें तो बीजेपी को 29।9, आरजेडी को 20।5 और जेडीयू को 16 कांग्रेस को 8।6, एलजेपी को 6।5 प्रतिशत मत मिले थे। इतने कम वोट बैंक के साथ नीतीश कुमार खुद एक राजनीतिक ताकत तो नहीं हो सकते, लेकिन उनका साथ चाहे वो बीजेपी के साथ हो या फिर आरजेडी के साथ उसे निर्णायक बढ़त दिलाने का दम रखते हैं।इसी तरह लोकसभा चुनाव 2019 की बात करें तो बिहार में एनडीए को एनडीए को कुल मिलाकर 53।3 प्रतिशत वोट मिले थे। बीजेपी को 23।6 प्रतिशत, जेडीयू को 21।8 प्रतिशत एलजेपी को 7।9 प्रतिशत वोटरों का समर्थन मिला। वहीं आरजेडी को 15।4 प्रतिशत और कांग्रेस 7।7 प्रतिशत मत मिले थे। जाहिर है नीतीश कुमार जिधर भी जाते हैं उस गठबंधन का पलड़ा भारी हो जाता है। बिहार के संदर्भ में ये बात वर्ष 2005 और 2010 के विधानसभा चुनाव में साबित भी हुई, जब जेडीयू- बीजेपी ने साथ मिलकर एनडीए की सरकार बनाई थी। इसी तरह 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार की पार्टी आरजेडी के साथ हुई तो अपार बहुमत से जीत हासिल हुई। तब राष्ट्रीय जनता दल 80 सीटों के साथ बड़ी पार्टी रही थी और जनता दल यूनाइटेड को 71 सीटें मिली थीं।हालांकि, इसके अपवाद भी हैं जब वर्ष 2009 के आम चुनाव में बीजेपी के साथ तो नीतीश कुमार की पार्टी 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब हुए थे। इसी तरह वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव में भी नीतीश कुमार ही चेहरा थे और जेडीयू-बीजेपी की जोड़ी ने धमाकेदार जीत दर्ज की थी। तब नीतीश कुमार ही बिहार में एनडीए का चेहरा थे। हालांकि, बाद के दौर में हालात बदले और पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन ने देश-प्रदेश की राजनीति के तौर तरीके बदल दिये। राजनीति के जानकार बताते हैं कि सियासत के संतुलन के बीच एक बड़ी बात यह भी है कि 2010 के बाद से नीतीश कुमार भी किसी न किसी चेहरे के बूते वह अपनी चुनावी वैतरणी पार लगाते रहे हैं।वर्ष 2015 का विधान सभा चुनाव में महागठबंधन ने जीत हासिल की थी तो मुख्य चेहरा और बड़े वोट का आधार लालू प्रसाद यादव का था। इसी तरह वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने बड़ी जीत हासिल की थी, लेकिन चेहरा नीतीश कुमार का नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। इसकी एक बानगी तब दिखी थी जब 2019 में नीतीश कुमार एंटी इन्कंबेंसी झेल रहे थे तो नीतीश कुमार ने जमीन के हालात को भांपते हुए वह भी नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के नाम पर वोट मांगने लगे। इसका फल भी मिला और 40 में 39 सीटों पर एनडीए ने जीत हासिल की थी। चेहरा भले ही कोई हों, लेकिन जीत का क्रेडिट तो नीतीश कुमार को ही मिला।इसी तरह अगर लोकसभा चुनाव 2024 की बात करें तो नीतीश कुमार के साथ रहते हुए एनडीए ने 40 में 30 सीटों पर जीत हासिल की तो वहीं इंडिया अलायंस (महागठबंधन) ने 9 सीट पर जीत दर्ज की। एक सीट निर्दलीय के खाते में गई। एनडीए में बीजेपी और जेडीयू ने 12-12 सीटों पर जीत दर्ज की तो लोजपा रामविलास ने 5 सीटों पर जीत प्राप्त की। महागठबंधन में आरजेडी ने ने 23 पर लड़कर 4 पर जीती।

कांग्रेस ने 9 में 3 तो लेफ्ट पार्टियों में सीपीआई माले ने 2 सीटें जीतीं। इसी तरह 2020 विधानसभा चुनाव की बात करें तो आरजेडी ने 75 सीटें जीतीं और 23.11 प्रतिशत वोट मिले। यह तब हो पाया जब तेजस्वी को बिहार के उभरते नेता के तौर पर देखा जाने लगा था, लेकिन नीतीश कुमार का साथ नहीं होने से आरजेडी को खामियाजा उठाना पड़ा। बता दें कि 2015 में राजद को 18.35 प्रतिशत वोट मिले थे और 2020 में वोट प्रतिशत में काफी बढ़ोतरी हुई। वहीं, बीजेपी ने 74 सीटें जो 2015 की तुलना में 21 सीटें ज्यादा थीं। बीजेपी को 19।46 प्रतिशत वोट मिले, जबकि 2015 में 24.42 प्रतिशत वोट मिले थे। 2015 में जदयू को 71 सीटें मिली थीं और वोट प्रतिशत 16.83 प्रतिशत था, लेकिन 2015 में वोट प्रतिशत दोनों में कमी आई। जदयू को 2020 में 43 सीटों पर जीत मिली और वोटों का प्रतिशत 15.42 प्रतिशत रहा।भाजपा और जदयू को वोट प्रतिशत के आधार पर दोनों स्तर पर ज्यादा नुकसान हुआ। लेकिन, बड़ा तथ्य यह कि भाजपा और जदयू के वोट प्रतिशत में भी कमी के बाद भी सरकार एनडीए की ही बनी क्योंकि संयुक्त रूप से सीटों की संख्या 243 सदस्यीय विधानसभा में 127 तक पहुंच गई। इसमें हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की 4 सीटें भी शामिल थीं। दरअसल, यह हकीकत है कि नीतीश कुमार किसी गठबंधन में होते हैं तो उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। लेकिन, अगर अकेले ताकत आजमाते हैं तो पासा उल्टा पड़ जाता है। तथ्यों पर नजर डालें तो वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में आरजेडी, जेडीयू और बीजेपी तीनों अलग-अलग चुनाव लड़ीं थीं। वर्ष 2014 में जदयू ने अपने दम पर 40 में 38 उम्मीदवार मैदान में उतार दिए। इस वर्ष 2014 में महज नालंदा और पूर्णिया की दो सीट ही जीत पाई थी। हालिया लोकसभा चुनाव में राज्य के 4 विधायकों ने लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई और कामयाबी हासिल की थी । इसके बाद बिहार की तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमाजगंज विधानसभा सीटें खाली हो गई. अब इन्हीं सीटों पर उपचुनाव होना है और 2025 में विधानसभा के आम चुनाव भी होने है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो नीतीश कुमार एक बैलेंसिंग फैक्टर अब भी हैं, लेकिन वर्तमान संदर्भ में अब वह कितने कारगर साबित होते हैं यह देखने वाली बात होगी।

**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# इसलिए जरूरी है एक देश, एक चुनाव का विचार

**आर.के. सिन्हा**

एक देश, एक चुनाव÷का सपना अब तो साकार होता नजर आ रहा है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश में सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमिटी की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। मतलब यह कि अब देश में %एक देश, एक चुनाव% की राह का सारा व्यवधान सारा सस्पेंस दूर हो गया है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने एक वक्तव्य में साफ किया था कि मोदी सरकार के इसी कार्यकाल में देश का यह सबसे बड़ा चुनाव सुधार लागू हो जाएगा। जैसे कि आपको ज्ञात ही होगा कि केंद्र सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में %एक देश, एक चुनाव% पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। रामनाथ कोविंद कमिटी को जिम्मेदारी दी गई थी कि वह देश मे एक साथ चुनाव करवाने की संभावनाओं पर रिपोर्ट दे। अब कमिटी की सिफारिशों पर देश की सभी राजनीतिक मंचों पर इस पर चर्चा की जाएगी। सभी नौजवानों, कारोबारियों, पत्रकारों समेत सभी संगठनों से इस पर बात होगी। इसके बाद इसे लागू करने के लिए ग्रुप बनाया जाएगा। फिर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर इसे लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 15 अगस्त को स्वाधीनता दिवस समारोह के दौरान लाल किले से अपने भाषण में भी एक देश एक चुनाव की वकालत की थी। उनका कहना था कि देश में बार-बार चुनाव से विकास कार्य में बाधा आती है। किसी भी चुनाव की घोषणा होते ही अंतिम रिजल्ट नहीं आने तक कोई नया विकास कार्य शुरू ही नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा था कि %एक देश, एक चुनाव% के लिए देश को आगे आना होगा। उन्होंने देश के सभी राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया था कि देश की प्रगति के लिए इस दिशा में आगे बढ़े। यहां तक कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी प्रमुखता से शामिल किया था।बेशक, एक साथ चुनाव कराने से चुनाव प्रक्रिया की चुनाव पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, क्योंकि कई चुनावों के लिए बार-बार तैयारी और कार्यान्वयन करने की आवश्यकता नहीं होगी। क्या आपको पता है कि कुछ माह पहले देश में हुए लोकसभा चुनाव में कितना खर्चा हुआ? 2024 के लोकसभा चुनाव पर 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले करीब दोगुना से भी ज्यादा खर्चा आया। चुनावी खर्च पर रिपोर्ट जारी करने वाली गैर लाभकारी संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने अनुमान लगाया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल खर्च 55 से 60 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए थे। इस तरह देखा जाए तो इस बार दोगुने से भी ज्यादा पैसा चुनाव में खर्च किया गया है। अमेरिका ने भी साल 2020 में हुए राष्ट्रसपति चुनाव में करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये ही खर्च किए थे। क्या आपको पता है कि 1951-52 में भारत के पहले चुनाव के दौरान महज 10.5 करोड़ रुपये था? चुनाव खर्च का एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया प्रचार पर खर्च किया जाता है। भारतीय राजनेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए असाधारण और नए-नए तरीके अपना रहे हैं। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा।क्योंकि, सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर भी काम का दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि %एक देश, एक चुनाव% से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान बेहतर ढंग से केंद्रित किया जा सकेगा।यह जानना जरूरी है कि भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आज़ादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आज़ादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार ही चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने मनमाने ढ़ंग से राष्ट्रपति शासन लगा दिया।इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई और विधानसभा समय से पहले भंग कर दी गई। वैसे यह बात भी है कि अगर लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इसके लिए मौजूदा संख्या से तीन गुना ज़्यादा ईवीएम की ज़रूरत पड़ेगी। लेकिन, वह तो एक बार ही होने वाला खर्च होगा।क्या बाकी देशों में भी %एक देश, एक चुनाव% वाली व्यवस्था लागू है ? अमेरिका, फ्रांस, स्वीडन, कनाडा आदि में %एक देश, एक चुनाव% वाली स्थिति हैं। अमेरिका में हर चार साल में एक निश्चित तारीख को ही राष्ट्रपति, कांग्रेस और सीनेट के चुनाव कराए जाते हैं। भारत की ही तरह फ्रांस में संसद का निचला सदन यानी नेशनल असेंबली है। वहां नेशनल असेंबली के साथ ही संघीय सरकार के प्रमुख राष्ट्रपति के साथ ही राज्यों के प्रमुख और प्रतिनिधियों का चुनाव हर पांच साल में एक साथ कराया जाता है। स्वीडन की संसद और स्थानीय सरकार के चुनाव हर चार साल में एक साथ होते हैं। यहां तक कि नगरपालिका के चुनाव भी इन्हीं चुनावों के साथ होते हैं। वैसे तो कनाडा में हाउस ऑफ कॉमंस के चुनाव हर चार साल में कराए जाते हैं, जिसके साथ कुछ ही प्रांत स्थानीय चुनाव को संघीय चुनाव के साथ कराते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत जैस देश के लिए %एक देश, एक चुनाव% का विचार बहुत ही उपयुक्त और आदर्श है। पर दिक्कत यह है कि हमारे विपक्षी दल इतने शानदार विचार की बिना सोचे समझे राजनीतिक स्वार्थ साधने के चक्कर में निंदा करने लगे हैं। उम्मीद कीजिए कि वे भी अंत में सरकार का ही साथ देंगे। **(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### रिश्तो में तुरपाई

थक हार गई ,रिश्तों की तुरपाई करके।
गाँठ लगाई,रिश्तो में,मोती नहीं सरके।
संबंध को बनाए रखना,आसान नहीं है।
अज्ञानी हीं तोड़ देगा,जिसे ज्ञान नहीं है।
रिश्तों की तुरपाई कहो कब तक चलेगा।
तनाव,खिंचाव में कभी ,टूट हीं जाएगा।
निजी संबंध की एकता में,बहुत बल है।
जहाँ भेदभाव नहीं ,आत्मा निश्छल है।
कितने तुरपाई करते रहोगे, कब तक।
तुरपाई का,भी स्थान रहेगा, तभी तक।
वरना हार जाओगे,तुरपाई कर कर के।
एकता टूटते हीं,गीर जाओगे सरक के।
पूर्वजों का बनाया संबंध तोडा जिसने।
अनेके संकटों को,निमंत्रण दिया उसने।
देवन्ती जब तक जान है तुरपाई करना।
रिश्तो में तुरपाई जरूरी है,नहीं भूलना।।



**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**

### बिखरेंगे जब अश्क नज़र से ...

कहते हैं हम पास न आओ पूछेंगे पहचाने लोग
बिखरेंगे जब अश्क नज़र से समझेंगे अफ़साने लोग
देखेगा गर कोई हमको तुमसे मिलते राहों में
आन उड़ेगी रफ़्ता-रफ़्ता उन बेदर्द निग़ाहों में
छुपा के रखना प्रेम की पाती पढ़ लेंगे दीवाने लोग
बिखरेंगे जब अश्क नज़र से समझेंगे अफ़साने लोग
अपनी कहानी कह मत देना अनजानों की महफ़िल में
कौन है अपना कौन पराया खोट छुपा किसके दिल मे
घाव तुम्हें देने की ख़ातिर बैठेंगे सिरहाने लोग
बिखरेंगे जब अश्क नज़र से समझेंगे अफ़साने लोग
मै स्वाति की बूँद हूँ अविरल तुम प्यासे पपीहे जैसे
मर्यादा के अम्बर तल में अपनी प्यास बुझे कैसे
बहुत कठिन है डगर प्रेम की कहते सभी सयाने लोग
बिखरेंगे जब अश्क नज़र से समझेंगे अफ़साने लोग।



**अनामिका सिंह अविरल**
**कानपुर**




## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज तकदीर आपके साथ रहेगी। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों को अपनी बात समझाने में सफल रहेंगे। साथ ही अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करेंगे, जो आपकी क्षमताओं से प्रभावित होकर आपके विकास के लिए नए रास्ते खोलेंगे। इस राशि के जो लोग टूर एण्ड ट्रैवेल का बिजनेस करते है उनका दिन आज अच्छा बितेगा। |
| वृष | आज आपका दिन शानदार रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी की मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करेंगे तो आपके लिए बेहतर होगा। अगर आज पहले से ली हुई जमीन को बेचना चाह रहें है तो आपको इससे काफी फायदा होगा। |
| मिथुन | अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपका अच्छा व्यक्तित्व समाज में आपकी अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के ठेकेदार के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। |
| कर्क | आज का दिन आपको अपने काम को बेहतर ढंग से करने के लिए शुभ है। आज कार्य की सफलता के लिए काम के तरीकों में बदलाव की जरूरत है, जिससे आपके काम जल्द होंगे और आपको राहत महसूस होगी। इस राशि के जो लोग सिंगिंग के शौकीन है उनके लिए आज का दिन बेहतरीन है आज किसी शो में गाने का ऑफर मिलेगा। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश होकर आपको ईनाम स्वरुप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट करेंगे। हो सकता है कि आपका प्रमोशन भी हो जाए। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। |
| कन्या | आज आपके मन मे नए- नए विचार आयेंगे। आपके नए विचारों से आपके आस-पास के लोग प्रभावित होंगे। साथ ही आपकी सराहना करेंगे। यदि आप कुछ नया करने के लिए सोच रहे हैं, तो नया कौशल और तकनीक सिखने का प्रयास करें। जीवनसाथी का सहयोग आज आपके कामों में कारगार साबित होगा। |

| | |
|---|---|
| तुला | आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप बहुत सरलता से घर के काम बिना थकान के पूरा करेंगे। बेहतर परिणामों के लिए खुद पर भरोसा रखें। साथ ही अपना व्यवहार कार्यों के प्रति अनुकूल बनाए रखें। इस राशि के जो लोग प्राइवेट नौकरी करते है आज वो कुछ ऐसा करेंगे जिससे कंपनी को अच्छा धन लाभ होगा। परिवार में आज सुख-शांति का माहौल रहेगा। |
| वश्चिक | आगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स की तरक्की में कई दिनों से आ रही रूकावटें आज दूर हो जाऐंगी। साथ ही पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाऐंगी। इस राशि के बिल्डर्स के लिए आज का दिन शुभ है। आज धनलाभ होगा साथ ही नया कॉन्ट्रेक्ट भी मिल सकता है। |
| धनु | आज आपको नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अगर आप नए व्यवसाय की शुरुआत करना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। साथ ही अवसरों का ध्यान रखे और उनको हाथ से जाने न दें। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लाईफ में आने वाली समस्याएं सहजता से हल होंगी। साथ ही आपको अच्छे परिणामों की प्राप्ति होगी। |
| मकर | आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी आपके कंधे पर आएगी। आज आपके सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता आपके कदम चूमेगी। इस राशि के ड्राई क्लीनर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। काम को बढ़ाने से धन लाभ में काफी इजाफा होगा। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज आप जिन कार्यों को पूरा करने का प्रयास कई दिनों से कर रहे है, उन्हें पूरा करने में सफल होंगे। अगर आपका काम करने का तरीका सही है तो आपको अपनी कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है। इस राशि के जो लोग ज्वेलरी का बिजनेस करते है आज इन्हे धनलाभ होने की संभावना बन रही है। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपकी सारी इच्छाएं पूरी होंगी। इस राशि के इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आगे बढ़ने के लिए आपके पास बेहतर डिग्री और विकल्प उपलब्ध रहेंगे। आज रोजगार में परिवर्तन होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग अविवाहित है उनके लिए आज शादी का एक बढ़िया ऑफर आएगा। |

# गांधी शास्त्री जयन्ती पर समारोहपूर्वक हुआ ध्वजारोहण, स्वच्छता का लिया गया संकल्प



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांधी शास्त्री जयंती पर स्कूल कालेजों तथा कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर विविध आयोजन हुए। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम नैंनसी सिंह ने ध्वजारोहण किया। वहीं किसानों को सभागार में घरौनी बंटी। परिसर में एसडीएम ने पौधरोपण भी किये। गांधी जयंती पर तहसील परिसर में एसडीएम तथा अधिवक्ताओं ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। सीओ कार्यालय पर पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने पुलिसकर्मियों को स्वच्छता का संकल्प ग्रहण कराया। तहसील सभागार में रामधुनि के साथ गोष्ठी में एसडीएम नैनसी सिंह ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को देश का अप्रतिम महानायक कहा। संचालन रामलोचन त्रिपाठी व संयोजन लेखपाल संघ के अध्यक्ष केके सरोज ने किया। अधिवक्ता अनूप पाण्डेय तथा राजस्व निरीक्षक धर्मराज ने राष्ट्रीय गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री सूर्यकांत निराला, पूर्व अध्यक्ष अनिल महेश, गया प्रसाद मिश्र, शहजाद अंसारी, संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्र गौतम ने अपने विचार रखे।

नगर के चौक पर कांग्रेसियों ने मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता का संकल्प लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्साधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता, एसडीओ विद्युत कार्यालय पर एसडीओ इं. मनोज त्रिपाठी, वन प्रभाग में वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने ध्वजारोहण किया। ब्लाक मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज की अगुवाई में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में संरक्षक विभवभूषण शुक्ल, सरोजनी कान्वेंट में निदेशक अजय श्रीवास्तव, चिल्डेऊन पैराडाइज स्कूल में प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने गांधी-शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र, रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अमित सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र, विद्या निकेतन इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य सुरेश सिंह के संयोजन में गांधी शास्त्री जयंती पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल व मौलवी फरजन्द अली लॉ कालेज के छात्र छात्राओं ने भी गांधी शास्त्री जयंती पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। समारोह में पूर्व आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, प्रबन्धक सुनीता मिश्रा, रीमा मिश्रा ने गांधी व शास्त्री के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया।

# आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व बलवा का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो नामजद तथा चार अज्ञात के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, गालीगलौज तथा धमकी व बलवा का केस दर्ज किया है। लालगंज के खालसा सादात निवासी महेश जायसवाल की पत्नी उषा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पहली अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे आरोपी दरवाजे पर आकर मारपीट पर अमादा हो गये। आरोपी गांव के शेरू व मोईन पुत्रगण बचऊ तीन चार अज्ञात आरोपियों के साथ घर के सामने चबूतरे पर मिटटी लगाने को लेकर विवाद करने लगे। पीड़िता ने आरोपियों को गाली देने से मना किया तो आरोपियो ने हमला कर दिया। पीड़िता और परिवार के सदस्य घर के अंदर भागे तब आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर उसके पति को मारापीटा।

# गांधी शास्त्री जयंती पर नगर पंचायत द्वारा निकली स्वच्छता रैली




लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांधी शास्त्री जयंती पर नगर में नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। तहसील परिसर में एसडीएम नैनसी सिंह ने स्वच्छता कार्मिकों के द्वारा निकाली गयी रैली को हरी झण्डी दिखायी। तहसील मुख्यालय से स्वच्छता रैली सीओ कार्यालय गेट होते हुए चौक तथा दीवानी रोड पहुंची। यहां नगर पंचायत कार्यालय में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा ईओ अभयरंजन की अगुवाई में स्वच्छता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने सभासदों व स्वच्छताकर्मियों तथा कार्मिकों को सामूहिक संकल्प ग्रहण कराया। रैली के द्वारा स्लोगन के जरिए नगर भर में स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके पहले सुबह नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सभासद धर्मपाल, दारा सिंह, शेरू खां, प्रधान लिपिक अनिकेत दुबे, अरविन्द मिश्र, विकास तिवारी आदि रहे। वहीं लालगंज सिविल न्यायालय में गांधी शास्त्री जयंती पर ध्वजारोहण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल ने किया। इस मौके पर संजयप्रकाश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर, अजीत, शुभम, राजेश, इसरार, शारदा आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने गांधी जयन्ती के अवसर पर पौधरोपित किया एवं कृषकों को निःशुल्क सरसो मिनीकिट का किया वितरण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एंव लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कृषि भवन परिसर में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग परिसर में रूद्राक्ष वृक्ष एवं अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने नाग चम्पा का पौधरोपण किया, तत्पश्चात महापुरूषों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये गये एंव उनके योगदान के बारे में व्याख्यान एंव नारों का उद्घोष किया गया तथा स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत परिसर में साफ-सफाई की गई तथा लाल बहादुर शास्त्री द्वारा दिये गये नारे जय जवान जय किसान को चरितार्थ करने के लिए कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयल सीड) योजनान्तर्गत आयोजित कृषक प्रशिक्षण एंव तिलहन मिनीकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत सरसों बीज मिनीकिट प्रजाति-आजाद महक एंव सी0एस-60 का वितरण जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा कृषक अनुज सिंह, भगौतीदीन पटेल, प्रमोद कुमार सरोज, प्रताप बहादुर, शारदा प्रसाद यादव इत्यादि उपस्थित समस्त कृषकों को मिनीकिट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा विभागीय योजनाओं एंव फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु संचालित योजना इन-सीटू के अन्तर्गत कृषकों को फसल अवशेष जलाने से मित्र कीटों की मृत्यु हो जाती है एंव प्रदूषण होता है जो कि मृदा, स्वास्थ्य एंव पर्यावरण के लिए हानिकारक है। अतः फसल अवशेषों को खेतों में न जलाने का अनुरोध किया गया तथा जिसमें पराली प्रबन्धन हेतु उपयोगी कृषि यन्त्र-सुपर सीडर, मल्चर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम के उपयोग एंव वेस्ट डिकम्पोजर प्रयोग हेतु सलाह दी गई। अन्त में जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार द्वारा आये हुए समस्त कृषकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग के समस्त अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपहरण,पाक्सो में वांछित अभियुक्त गिरफतार

**प्रतापगढ़।** अपहरण, दुष्कर्म करने व पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैस के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 संदीप कुमार तिवारी मय हमराह का0 सितिन कुमार देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, पेंण्डिग विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 363६366६376६504६506 भा0द0वि0 व 3 ध्4 पॉक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित अभियुक्त हरिभजन सिंह पुत्र रामसागर निवासी ग्राम ढिढुई थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के महुली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# मोदी सरकार मंहगाई को लेकर जनता की जेब पर लगातार बढ़ा रही बोझ-प्रमोद तिवारी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार के राज में आम आदमी की जेब पर लगातार बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होने कहा कि त्यौहारों को लेकर भी भाजपा ने कामर्शियल गैस के एलपीजी सिलेण्डर के दामों मे भारी बढ़ोत्तरी कर जनता को मंहगाई की तगड़ी चोट पहुंचायी है। उन्होनें कहा कि उन्नीस किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेण्डर में 48.50 तथा पांच किलोग्राम के फ्रीटेड एलपीजी सिलेण्डर में बारह रूपये की बढोत्तरी की गयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि नवरात्र तथा दशहरा का पर्व सामने है। उन्होने सवाल उठाया कि सरकार कामर्शियल गैस के दाम बढ़ोत्तरी के जरिए आखिर जनता पर मंहगाई का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष दर्द क्यों परोस रही है। बुधवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे में लालगंज कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में मोदी सरकार रोज कमजोरी का सामना कर रही है। उन्होनें कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय रूपया बाजार में अमेरिकी डालर के मुकाबले लगभग प्रतिदिन कमजोर पड़ता जा रहा है। वही उन्होने कहा कि बुनियादी क्षेत्र के आर्थिक ढांचे में भी सरकार की अदूरदर्शिता से विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। चीन को लेकर भी राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता मोदी सरकार पर लगातार घबराहट में बने रहने का तीखा हमला किया।

उन्होनें कहा कि चीन के साथ लगी भारतीय सीमा पर स्थिति सामान्य नही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के ताजा बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्वी लददाख में एलएसी पर स्थिति सामान्य नही होना बेहद संवेदनशील है। उन्होनें कहा कि मणिपुर में हालात ज्यों का त्यों राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर बना हुआ है। उन्होने कहा कि इन अहम राष्ट्रीय मसलों पर भी प्रधानमंत्री का लगातार चुप्पी साधे रखना उनकी चीन को लेकर घबराहट का साफ संकेत है। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होनें कहा कि देश गांधी के सत्य तथा अहिंसा और सर्वधर्म सम्भाव की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ेगा। वहीं उन्होनें भाजपा पर तंज कसा कि गोडसे की विचारधारा पर वह देश को नफरत की आग में झोंकना चाहती है। कार्यक्रम का संयोजन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने अगई मोड़, रायपुर तियाई, भोजपुर, पूरब देउम, पूरे गोविन्दराम, अमावां, सलेम भदारी के दुखछोर में जनसंपर्क कर क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं का जायजा लिया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ददन सिंह, केडी मिश्र, धर्मपाल सरोज, अनिल त्रिपाठी महेश, अशोक सिंह, राजू मिश्र, दुष्यन्त सिंह, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, मोनू पाण्डेय, प्रीतेन्द्र ओझा, मुरलीधर तिवारी, शहजाद अंसारी, धर्मेन्द्र मिश्र, केबी सिंह, पप्पू तिवारी, मनोज त्रिपाठी, धीरेन्द्र पाण्डेय, दारा सिंह आदि रहे।

# व्यापारियों ने गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती पर दिया आपसी प्रेम का संदेश



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** गांधी व शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने व्यापर मंडल के अन्य समस्त पदाधिकारियों एवं व्यापारी बंधुओं की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जननायक गौरवमई प्रधानमन्त्री बाबू लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म जयंती पर देशवासियों से देश में अहिंसा व शांति के पथ पर चलते हुए आपस में प्रेम व्यवहार करने का संदेश दिया।गांधी शास्त्री जयंती के पावन बेला पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने व्यापारियों व लोगों से अपील किया कि सभी देश में भाईचारे को बढ़ाते हुए आपसी ईर्ष्या द्वेष कटुता और नफ़रत को दिल से समाप्त कर राग प्रेम मित्रवत व्यवहार और संबंधों में मधुरता को अपनाएं क्योंकि गांधी शास्त्री सहित देश के सभी शहीद देशभक्तों का यही सपना था।

उपरोक्त सन्देश जिलाध्यक्ष राजेंद्र जी ने व्यापार मंडल जिला मंत्री राहुल केसरवानी के प्रतिष्ठान पर जयंती मनाते हुए समस्त पदाधिकारी एवं व्यापारी बन्धुओं से कही।इस अवसर पर अभय खंडेलवाल संजय सोनी राहुल केसरवानी नारायण खंडेलवाल सुनील जायसवाल सरदार महेन्द्र सिंह विष्णु सिंह अख्तर राइन मनीष पवन अग्रवाल सरदार कुलविंदर सिंह गुंजन शकील अखघ्तर जगदीश मौर्य जंबो प्रदीप यादव सरदार वसिंदर सिंह सुधीर केसरवानी आदि अन्य पदाधिकारी व व्यापारी बन्धु एवं इनके बच्चे आयुष राज सेठ रचित केसरवानी व अन्य उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय लेखपाल की लापरवाही पर राजस्व निरीक्षक ने सौंपी तहसीलदार को रिपोर्ट

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील के अठेहा गांव में कुएं में डूबकर महिला की मौत को लेकर क्षेत्रीय लेखपाल पर लापरवाही की गाज गिर सकती है। एसडीएम तथा प्रभारी तहसीलदार के फोन न उठाने को लेकर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक ने बुधवार को लेखपाल की लापरवाही को लेकर प्रभारी तहसीलदार को रिपोर्ट भेजवायी है। उदयपुर थाने के अठेहा बाजार निवासी राजाराम चौरसिया की पत्नी मालती देवी 55 मंगलवार की शाम दरवाजे के समीप कुएं में गिर गयी। मालती की गहरे पानी में समा जाने से मौत हो गयी। घटना को लेकर गांव में तैनात लेखपाल बृजलाल को एसडीएम तथा प्रभारी तहसीलदार फोन मिलाते रहे पर लेखपाल का फोन नहीं उठ सका। राजस्व निरीक्षक धर्मराज ने प्रभारी तहसीलदार को सौपी गयी रिपोर्ट में कहा है कि लेखपाल बृजलाल द्वारा सरकारी कामकाज में भी लापरवाही बरती जा रही है। राजस्व निरीक्षक ने अपनी आख्या में लेखपाल पर सरकारी कार्यो में अपने उत्तरदायित्व में घोर लापरवाही की बात कही गयी है। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार का कहना है कि राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट मिली है, कार्रवाई के लिए एसडीएम को आख्या भेजवायी जाएगी।

# हमारे देश का यह ध्वज कभी झुकने नही पाए ..

## ● योगेश तिवारी की स्मृति में हुई काव्यांजलि व श्रद्धांजलि यात्रा



लोकमित्र ब्यूरो

**सगरा सुन्दरपुर, प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर ब्लॉक के बलीपुर परसन गांव का लाल शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर योगेश तिवारी की स्मृति में शमशेर गंज बाजार से शहीद आवास तक श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने योगेश तिवारी की को नमन करते हुए उन्हे अजर अमर बताया कार्यक्रम के पूर्व योगेश की माँ अन्नपूर्णा तिवारी के साथ समाज के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद शुरू हुए कवि सम्मेलन मे अनुज नागेंद्र ने -ष्भले हम जां निसारों का निशां मिट जाय दुनिया से, वतन जिंदा रहे जिंदा रहे जिंदा रहे हरदम पढा । बाराबंकी के मनोज मिश्र शीत ने ष्हमारे देश का यह ध्वज कभी झुकने नहीं पाये, स्वर्ग से आत्मा योगेश की फरियाद करती हैष् पढ़ा। करुणेश दीक्षित ने पढ़ा -ष्बहुत बा होश होता हूँ मैं जब बेहोश होता हूँ,, तुम्हीं से बात करता हूँ मैं जब खामोश होता हूँ। धनंजय शाश्वत ने -ष् मैं नहीं चाहता शाहरुख गोविंदा शलमान बनेश् नायक ही बनना है तो योगेश भगत व अशफाक उल्ला खान बनेष् पढ़ा, कवि योगेश चौहान ने अपनी योगेश पर ओजस्वी कविता पढ़ कर वातावरण योगेश मय कर दिया। अंजनी अमोघ ने -ष्जो चढ़े हैं राष्ट्र की बलि वेदी पर..अध्यक्षता कर रहे राम किशोर तिवारी ने - जय जय जय योगेश की जय जय, अमर शहीद बलीपुर का लाल है। तन मन धन सब देश पे लुटा के, ऊँचा कर दिया मेरे भारत का लाल है ।पढ़ा तो सभी योगेश का जयघोष करने लगे। कन्नौज के गीतकार अभिनव दीक्षित ने ष्बेटियां ही तो हैं,सर्जना मूल की,शीश धर कीजिये वन्दना धूल कीष् सुनाकर खूब वहवाही लुटा। हरदोई के अभिनव मिश्र ने -ष्ले आजादी निज पुरखों का तर्पण कर दो। से राष्ट्रीय चेतना झंकृत किया। अंजनी अमोघ ने -ष्जो चढ़े हैं राष्ट्र को बलि वेदी पर, उनके माथे चढा कफन चूम लो ष् से योगेश को नमन किया। सुनील प्रभाकर ने -ष्अँधेरे कौन कटेगा सबेरे कौन बंटेगाष् सुना कर सामाजिक स्थिति का चित्रण किया। संचालन कर रहे अनूप अनुपम ने -ष्छट रही है रोशनी यह सोचकर सोना नहीं ... पढी । कार्यक्रम के संयोजक आशुतोष आशु ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर शिवभूषण शुक्ल, राजेश शुक्ल डॉ अम्बुज मिश्र, अम्बरीष शुक्ला, शिवआसरे शुक्ला, वृज भूषण मिश्र, नरेंद्र नारायण तिवारी, सत्येंद्र नारायण तिवारी , वृज भूषण शुक्ला, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, राजेश मिश्र, जय भगवान पांडेय,सुशील तिवारी, प्रेम नाथ पांडेय, विपिन तिवारी,रूपेश तिवारी,शशांक तिवारी,विजय नारायण पांडेय, रमाशंकर पाण्डेय,रामप्रताप सिंह, अनूप त्रिपाठी,विनोद शुक्ल, रूपेश तिवारी मौजूद रहे।

# पालि पखवाड़े में लोगों को किया गया जागरूक



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान के तत्वाधान में भारत की प्राचीनतम भाषा पालि के संरक्षण व संवर्धन हेतु 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलाए जा रहे पालि पखवाड़े का समापन हुआ। इस पखवाड़े के बारे में कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार कनौजिया ने बताया कि अनागरिक धम्मपाल की जयंती व विपश्यनाचार्य गुरु सत्यनारायण गोयनका की पुण्यतिथि पर गोष्ठियां आयोजित की गयी। जिसमें उनके द्वारा पालि भाषा में किए गए योगदानों पर चर्चा व चिन्तन किया गया। साथ ही प्रतिदिन ऑनलाइन परित्राण पाठ से लोगो को जोड़ा गया । पालि भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता देने की भारत सरकार से मांग भी की गई । कक्षाओं को संचालित कर पालि भाषा के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए आने वाली पीढियां को उन्हें प्रारंभिक पालि लिपि का ज्ञान भी कराया गया। ज्ञातव्य है कि जनपद के पालि भाषा के संवर्धन व संरक्षण के अभियान में लगे धम्म बंधुओ ने मुहिम चलाकर कहा कि आगामी उ0 प्र0 बोर्ड परीक्षा 2025 में पालि विषय से आवेदन कर परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं । इस दौरान आचार्य डॉ0शिव मूर्ति लाल मौर्य, डा0 दयाराम मौर्य प्रवृष, बहन लीलावती सरोज,आचार्य उमेश चंद्र, शोभा कनौजिया, आचार्य राजीव अनीता ,अंजनी अवधेश सुशील कुमारष्दद्दूष,वेद प्रकाश, डॉक्टर विजय सरोज, दीपशिखा संजय, मनीष रंजन, आर.बी.मौर्य, विजय आरती, रंजू संजय,धर्मराज आदि रहे।

# ब्लॉक स्तरीय आविष्कार प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र बहोरिकपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय आविष्कार परीक्षा का आयोजन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बहोरिकपुर में आयोजित परीक्षा में 124 बच्चों की जगह 104 बच्चों ने परीक्षा दिया। परीक्षा के बाद मौखिक परीक्षा ली गई, जिसमें अंतिम रूप से 10 बच्चों का चयन किया गया और इनमें से 10 बच्चों को बेहतर अंक आने पर पुरुस्कृत किया गया बीईओ बाबागंज आशीष मिश्रा की अगुवाई में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता सकुशल सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में विकासखण्ड के विभिन्न उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस त्रिस्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र के साथ नोटबुक, ज्यामेट्री बॉक्स सान्त्वना के रूप में प्रदान किया गया। इसके अलावा टॉप 25 बच्चों व टॉप 10 बच्चों को प्रतियोगी पुस्तकें प्रदान कर भी अलग से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान एआरपी जयराम यादव ,डॉ सुंदरम श्रीवास्तव , यादव,अशोक सरोज,अरुण पति त्रिपाठी ,जय प्रकाश पवन कुमार सिंह अंजनी संतोष त्रिपाठी बबलू सोनी, विनीत त्रिपाठी, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# रास्ते के विवाद में घर में घुसकर किया हमला, नौ आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर आरोपियो द्वारा मारपीट की घटना में चार नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ गालीगलौज तथा मारपीट व धमकी व तोडफोड समेत बलवा का केस दर्ज किया गया है। लालगंज के हरिहरपुर अलीपुर निवासी जगदीश पटेल की पत्नी दुलारा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीस सितंबर की सुबह नौ बजे आरोपी लाठी डण्डे तथा धारदार हथियार से लैस होकर उसके दरवाजे आ धमके। आरोपी गांव के राकेश पटेल पुत्र गयादीन, अभिषेक पुत्र राकेश, सुशीला पत्नी राकेश व राजपती पत्नी रामशंकर एवं पांच अज्ञात रास्ते के विवाद को लेकर गालीगलौज करने लगे। पीड़िता ने आरोपियो को गाली देने से मना किया और अपने घर में बचाव के लिए घुस गयी। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी पीडिता के घर में घुस गये और लाठी डण्डे तथा फावड़े व कुल्हाडी से हमलावर हो उठे। शोर मचाने पर आरोपियो ने घर में रखे कुर्सी मेज व बर्तन तोडकर नष्ट कर दिये। हमले में पीडिता के देवर की पुत्री चांदनी पर आरोपियो ने सिर पर हमला कर दिया। वहीं हमले में देवरानी की बेटी सविता पुत्री घनश्याम व सपना पुत्री कमलेश को बीचबचाव में आरोपियों ने मारपीट

# गान्धी जयन्ती पर जन शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जयंती पर अतिथियों एवं प्रतिभागियों द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं उन्हें नमन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कानपुर से स्मार्ट शाप के एस0 एम0 ओ0 प्रदेश प्रभारी प्रियाँशू निगम ने सबसे पहले महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया । तत्पश्चात सम्पूर्ण विश्व में अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा अहिंसात्मक आंदोलन पर प्रकाश डाला ।संस्थान के निदेशक यू 0 पी0 सिंह ने कहा कि आज का दिन पूरे विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है । हमें गान्धी जी के अहिंसा एवं सत्याग्रह आन्दोलन के बारे में आने वाली पीढ़ी को जानकारी प्रदान करनी चाहिए कि किस प्रकार से सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से उन्होंने देश को स्वतन्त्र कराने में योगदान दिया ।

कार्यक्रम के अन्त में गान्धी जी का प्रियष् भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीतारामष् उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों द्वारा गाया गया । कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन संस्थान की सहायक कार्यक्रम अधिकारी वर्षा घुले ने किया ।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई गांधी जयंती

## महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दियाः रवि प्रकाश अग्रवाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और अपने हरेक कार्य के माध्यम से देश को बेहतर बनाने में लगातार योगदान दिया। महात्मा गांधी हरेक भारतीय के लिए आदर्श हैं। ऐसे



महापुरुष की जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भी राष्ट्रहित में अपने कार्यों को समर्पित करेंगे। यह संकल्प ही राष्ट्र की ओर से राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि सिद्ध होगा।इस अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा थीम पर आयोजित नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जन को स्वच्छता के महत्व और दैनिक जीवन में उसके पालन के सरल उपाय के बारे में बताया गया।इस अवसर पर प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबड़ा व अन्य सदस्यों सहित, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्रीमती रूमा दे शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मधु सिंह, अपर महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) सत्यवान गुप्ता समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी व ऊर्जा विहार निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# कांग्रेसियों ने मनाई गांधी जी,शास्त्री जी व पूर्व सांसद मसूरिया दीन पासी का जन्मदिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं जयंती व देष के दूसरे प्रधानमंत्री भारतरत्न, सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद मसूरिया दीन पासी जी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में तीनों महापुरूषों के चित्रों पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाये मार्ग पर चलकर ही देश में आपसी प्रेम-सौहार्द कायम किया जा सकता है, और नफ़रती लोगों को हराया जा सकता है।शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी के बलिदान को



हमेशा याद रखा जायेगा, वहीं जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री जी को उनकी देश सेवा के लिए कौन भुला सकता है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद के सभी ब्लाकों एवं शहरी क्षेत्र में प्रभात-फेरी निकाली गई। जिसकी शुरूआत तिलक भवन से चलकर घंटाघर, सुपर मार्केट, अम्बेडकर मूर्ति हाथी पार्क से होते हुए अस्पताल चौराहा, बस स्टेशन, महात्मा गांधी इंटर कालेज स्थित महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर मार्ल्यापण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, ब्लाक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष उपस्थित रहें।

# गांधी जयंती पर माध्यस्थम सुलह तथा वैकल्पिक विवाद निवारण एवं अहिंसा के विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के तत्वाधान में 02.10.2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 155वीं जयन्ती के अवसर पर माध्यस्थम सुलह तथा वैकल्पिक विवाद निवारण एवं अहिंसा के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन ए0डी0आर0 सेन्टर छजलापुर, रायबरेली में किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ अनुपम शौर्य अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पार्पण करके किया गया।



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण के सम्बन्ध में अपने विचार रखते हुए मध्यस्थता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और सभी को मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक वाद के निपटारे के लिए प्रेरित किया। सचिव द्वारा अहिंसा के सम्बन्ध में बताया गया कि किसी भी प्राणी को तन, मन, कर्म, वचन और वाणी से कोई नुकसान न पहुँचाना। मन में किसी का अहित न सोचना, किसी को कटुवाणी आदि के द्वारा भी नुकसान न देना तथा कर्म से भी किसी भी अवस्था में, किसी भी प्राणी कि हिंसा न करना, यह अहिंसा है। संगोष्ठी में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राजकुमार सिंह, मध्यस्थ अधिवक्ता मोइन इकबाल खान, मानसिंह पटेल, भूपेन्द्र सिंह, करुणेन्द्र मिश्र, रामकुमार सिंह, के द्वारा भी उक्त संगोष्ठी में स्वच्छता व अहिंसा विषय पर अपने-अपने विचार साझा किये गये। इस अवसर पर डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल योगेश चन्द्र, विपिन कुमार व पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह, सौम्या मिश्रा, मनोज कुमार प्रजापति, पवन कुमार श्रीवास्तव, बबलू शंकर, अरविन्द सोनकर व नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# बिना स्वच्छता के विकसित भारत की कल्पना निरर्थक है: प्रदीप पांडेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** देश की आजादी में अहम योगदान, सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले महात्मा गांधी एवं सादगी से भरा हुआ जीवन,अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए भारत रत्न,भारत के दूसरे प्रधानमंत्री, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आई टी आई रिटायर्ड इंजीनियर शशि त्रिपाठी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़ी हुई प्रेरणास्रोत,रोचक कहानियों के माध्यम से व्यक्त किया। शशि त्रिपाठी को आरती, देवतादीन यादव, निलेश सिंह एवं ज्योत्सना दुबे द्वारा संस्था के अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह से भेंट किया गया।मुख्य अतिथि महेंद्र अग्रवाल ने योग



शिविर में आए हुए सभी लोगों को प्रतिदिन योग गुरु के सानिध्य में योग करने की सलाह दी एवं संस्था द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रसंशा भी किया।स्वच्छता पखवाड़ा रायबरेली की ब्रांड एम्बेसडर ज्योत्सना दुबे ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है, तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है। और यदि वह स्वस्थ नहीं है, तो वह स्वस्थ मनोदशा के साथ नहीं रह पाएगा। स्वस्थ मनोदशा से ही स्वस्थ चरित्र का विकास होगा। योग शिविर में उक्त बातें व्यक्त किया।संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहा कि बिना स्वच्छता के विकसित भारत की कल्पना निरर्थक है। योग शिविर में 25 जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया एवं रायबरेली की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे योगाचार्य बृजमोहन ने योग शिविर में आए हुए बच्चों युवा मातृशक्ति एवं बुजुर्गों के प्रति आभार प्रकट किया एवं योग के अनुशासन में रहने की सलाह दी।महिला योग प्रशिक्षिका आरती ने कार्यक्रम में आए हुए सभी को दौड़,सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, आसन ,मुद्रा प्राणायाम, भ्रामरी का अभ्यास,ओम का उच्चारण, गुरु वंदना,उज्जयी, अनुलोम विलोम ध्यान भजन एवं शांति पाठ करवाया।उपस्थित साधक आकर्ष अग्रहरि, संकटा प्रसाद अग्रहरि, वी. एस. शंकर,माया देवी, अंकुश, आयुष गुप्ता, प्रिया, अंशू मौर्या, सचिन अग्रहरि,सुनील मौर्या, संतोष त्रिपाठी, रमानाथ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मंडल स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले जिले के दो शिक्षकों को मंडलायुक्त ने सम्मानित किया। गांधी जयंती के अवसर पर लखनऊ में आयोजित शिक्षकों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में मंडल के कुल 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। जिसमें जिले के बछरावां और हरचंदपुर ब्लॉक के दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया है।गांधी जंयती के अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण में आयोजित सम्मान समारोह में मंडल में बेहतर कार्य करने पर दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बुधवार को जिले के हरचंदपुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय मदनटूसी की प्रधानाध्यापक सावित्री देवी और बछरावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गूजरपुर के प्रधानाध्यापक राघवेंद्र शुक्ला को सम्मानित किया गया है। जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने दोनों ही शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मण्डलायुक्त ने इस बार नया इनोवेशन करते हुए शिक्षकों को सम्मानित करने का जो काम किया है उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

# महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को सत्य, समानता एवं न्याय का संदेश दिया-इं0 वीरेन्द्र यादव

## सपा कार्यालय में राष्ट्रपिता एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनायी गयी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को सत्य, समानता, अहिंसा, स्वतंत्रता का संदेश दिया। यही कारण है कि विश्व के अधिकांश देशों में महात्मा गांधी के मानने वालों की भारी संख्या है। वहां पर वह लोग महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना भी किए है। इससे देश के लोकतंत्र की गूंज पूरे विश्व में फैली है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी सादगी जीवन व आचरण से देश में अद्वितीय स्थान बनाया है। महात्मा गांधी के विचारों को डा0 राम मनोहर लोहिया के विचारों को मुलायम सिंह यादव और मुलायम सिंह यादव के विचारों को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



अखिलेश यादव जन-जन तक पहुंचा रहे है। पी0डी0ए0 उसी मिशन का एक अंग है। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव अरशद खान ने किया। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव ने कहा कि महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री अपनी जनप्रिय नीतियों के कारण अपने विचारों से नयी पीढी को प्रेरित कर रहे है। अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय महासचिव रज्जू खान ने कहा कि आज गांधी जी को अपमानित करने वाले सत्ता में काबिज है। सपा के वरिष्ठ नेता चौ0 सुरेश कुमार निर्मल ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी आन्दोलन चलाया पिछड़ा वर्ग के प्रांतीय सचिव दिनेश यादव ने कहा कि 1976 में लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया। उपाध्यक्ष शिव नारायन सोनकर ने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी प्रसांगिक है। उपाध्यक्ष राजेश मौर्या नें कहा कि पी0डी0ए0 की 27 में सरकार बनाकर हमे इन नेता दैव के मिशन को पूरा करना है। व्यापार सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश रस्तोगी ने कहा कि गांधी जी की वेश भूषा देश को प्रेरणा देती है। अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह यादव ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने अमेरिका की शर्ते न मानकर देश वासियों से एक वक्त का भोजन छोड़ने का अवाहान किया। इस अवसर पर कृपाशंकर यादव, शुभम लोहिया, राजेश यादव, एम0आई0 जावेद, मो0 मुशीर सतगुर पासी, शिवनरायन सोनकर, नैय्यर इस्लाम, हरिओम, राजेन्द्र यादव, गंगा सागर यादव, अरविन्द चौधरी, सुरजीत सिंह, आशुतोष यादव, डा0 अर्जुन यादव, जितेन्द्र सिंह ''जीत'', रिजवान, राजीव गौतम, राजेश यादव एडवोकेट, दीपू शुक्ला, विजय कुमार, विनय यादव, देवतादीन आदि ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा की अगुवाई में गांधी जी की मूर्ति पर हुआ माल्यार्पण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली ।**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं ने गांधी चबूतरे पर पहुंच कर जहां साफसफाई किया वहीं महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अध्यक्ष विवेक शर्मा और रोहित सोनी ने कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी का भारत के स्वतंत्रता में अहम योगदान है । उन्होंने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर भारतवासियों को स्वतंत्रता दिलाई ।आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने का अवसर है। हम सबको गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर हिंदुस्तान को मजबूत करना चाहिए। वही व्यापारी नेताओं ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी जयंती पर नमन किया। इस अवसर पर अशोक शुक्ला एडवोकेट,जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजयबाजपेई, शिवम गुप्ता ,कौशलेंद्र कंचन, महेश सोनी, शीलू त्रिवेदी, अमित गुप्ता, कैलाश गुप्ता,हंसराज विश्वकर्मा, सुरेश सोनकर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# एसजेएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी की मनाई गई जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के सीबीएसई बोर्ड से संचालित एसजेएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। प्रबंधक अग्रज सिंह और प्रधानाचार्य श्रीमती




अंजू सिंह ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का स्वतंत्रता आंदोलन सहित भारत के विकास में बड़ा योगदान रहा है। राष्ट्रपिता गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी देश के विकास में अपना पूरा जीवन खपा दिया ।श्री शास्त्री जी बहुत ही सादगी पसंद व्यक्ति थे ।प्रधानमंत्री होने के बावजूद उन्होंने कभी भी सरकारी धन का अभय नहीं किया और एक ईमानदार प्रधानमंत्री के रूप में उनकी छवि आज भी हम लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर झंडा रोहण सहित महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम सबको सम्मति दे भगवान गाकर उनको याद किया गया। जयंती के पावन अवसर पर विद्यालय परिवार सहित बच्चे मौजूद रहे।

**फार्म नं0 2 ए**

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय जनपद प्रतापगढ़।

वाद सं. 207/2023

नाम फरीकेन - राजकुमारी बनाम अजय कुमार मौर्य

बनाम- अजय कुमार मौर्य उम्र लग. 30 वर्ष सुत सूर्य नारायण मौर्य निवासी ग्राम पुरन्दर का पुरवा पो. करौंदी थाना संग्रामगढ़ जिला अमेठी भारत।

अं.धारा 128 जा.फौ.

तारीख पेशी 19.10.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से

**प्रधान न्यायाधीश**

**परिवार न्यायालय द्वितीय**

# गांधी जयंती व शास्त्री जी की जयंती पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाराजगंज रायबरेली।** गांधी जयंती व राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर कस्बे के विभिन्न कार्यालयों व अनेक राजनीतिक कार्यालयों में भी महत्मा गांधी की प्रतिमा पर व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। बताते चले कि महराजगंज कस्बे के तहसील परिसर में स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में उपजिलाधिकारी रश्मिलता क्षेत्राधिकारी कार्यालय में क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल विकासखंड परिसर में खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह नगर पंचायत में नगर पंचायत अध्यक्षा सरला साहू व अधिशासी अधिकारी तथा विद्युत विभाग में अधिशासी अभियंता ओ.पी. सिंह तथा कोतवाली में कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया और उनके द्वारा किए गए



कार्यों पर प्रकाश डाला तो वही कस्बा स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई और उन्हें याद किया गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा कस्बे के प्रमुख मार्गो पर प्रभात फेरी निकालकर भ्रमण किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि भारत के निर्माण में महात्मा गांधी का अत्यधिक योगदान रहा है। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री से ईमानदारी और सादगी से रहने की सीख लेनी चाहिए गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे। तो वही जमुरावां ग्राम प्रधान एवं विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार चौधरी व अमित कुमार त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत भवन कपूरपुर मजरे जमुरावां में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर व माल्यार्पण कर लोगों को उनके विचारों को व्यक्त किया। वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे सहित अनेक सभासदों ने कस्बे के दानेश्वर स्थित मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर साफ सफाई हेतु झाड़ू लगाकर स्वच्छ भारत बनाए जाने की बात कही ।

इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, सच्चिदानंद त्रिपाठी, राजकरन सिंह, मनोज कसेरा, रामचंद्र सिंह, दिनेश शुक्ला, भगवानदीन फौजी, प्रिंसू वैश्य दिनेश चंद्र शुक्ला सहित कस्बे व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# महापुरुषों के स्मारक पर हुई साफ सफाई और किया गया माल्यार्पण

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर जहां साफसफाई अभियान चलाया वही उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पितकिया। गांधी चबूतरा पर बैठकर उनका प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का पाठ भी किया। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान देने वाले अमर शहीद वीरापासी अमर शहीद लालचंद स्वर्णकार, अमर षहीद बृजनंदन प्रसाद, अमर शहीद राणा बेनी माधव और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस पावन अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, भाजपा नेता पांडे,मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी , राजेश निर्मल रिंकू बाजपेई, अखिलेश बाजपेई मौजूद रहे।

# बैसवारा कॉलेज में गांधी और शास्त्री की जयंती पर हुई निबंध प्रतियोगिता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा इण्टर कॉलेज के गोविन्द सभागार में महात्मा गाँधी और लालबहादुर शास्त्री जयन्ती के पावन अवसर पर भाषण और निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। निबन्ध प्रतियोगिता में अर्चना बाजपेयी, द्वितीय स्थान अंशिका और तृतीय स्थान ज्योती शर्मा ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सृष्टि सिंह द्वितीय स्थान शबा ने प्राप्त किया। मुख्य समागत अमरपाल सिंह का स्वयंसेवकों ने पुष्प अर्पित कर स्वागत किया। श्री सिंह ने इस अवसर पर महात्मा गाँधी के प्रिय भजन की चर्चा की एवं पंचतत्व की जानकारी अपने दोहों के माध्यम से प्रदान की । प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया । साथ ही अपने बीज वक्तव्य में कहा कि आत्मसंकल्प सबसे बड़ा संकल्प होता है यदि हम अपने लक्ष्य के प्रति आत्मसंकल्पित होगें तो निश्चित है हमें लक्ष्य की प्राप्ति होगी । कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी साहू ने किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर कुछ पुष्पार्चन भी किया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र शुक्ल, कौशल त्रिवेदी, सुनील त्रिपाठी, अतिदेव पाण्डेय बृजेश, अजय, सरिता, रीना, रीता, प्रियांशी आदि शिक्षक भी उपस्थित रहें।

# रहस्यमयी ढंग से 40 बार लगी आग की जांच करने पहुंचे उच्चाधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में रहस्यमयी व अद्भुत ढंग से एक गांव में बीते 48 घंटे पूर्व 30 से 40 बार घर के अंदर अलग-अलग जगहों पर आग लगने का नजारा देखा गया है तथा दो दिन से अचानक आग लगने से पीड़ित परिवार व ग्रामीण दहशत में है। जिसको संज्ञान में लेते हुए आज दोपहर उपजिलाधिकारी रश्मिलता क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने सिकंदरपुर गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार का कुशल क्षेम पूछा व पूरी घटना की जानकारी ली तथा रहस्यमयी तरीके से दो दिनों के अंदर लगभग 30 से 40 बार लगी आग के मामले में जनता से जांच पड़ताल की तथा सिपाहियों की तैनाती भी घर के बाहर कर दी। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी सूर्यभान सिंह के घर में सोमवार की सुबह से मंगलवार तक 30 से 40 बार अचानक आग लगने की घटना हो चुकी है जिससे उनका पूरा परिवार दहशत में है।

जैसे ही घटना की सूचना कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम को हुई बालेंदु गौतम ने आनन-फानन अपने उच्च अधिकारियों को इस घटना से अवगत कराया तथा विस्तृत जानकारी दी जिसको संज्ञान में लेते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकार व कोतवाली प्रभारी ने अपने दलबल के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल की तथा गांव के संभ्रांत लोगों को बुलाकर पूछताछ की व घटना की विस्तार से जानकारी ली बताते चलें कि परिवार के मुखिया सूर्यभान सिंह तीन दिन पहले गुजरात के से मां का श्राद्ध करके वापस लौटे हैं। उसके बाद से उनके घर में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है बार-बार आग लगने से घर के अनेक सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं तथा घर का विद्युत कनेक्शन भी कटवा दिया गया है तथा खिड़की के कांच फ्रिज वाशिंग मशीन सहित अनेक महत्वपूर्ण उपकरणों में आग लगने के कारण क्षतिग्रस्त हो गए इस घटना से परिवार व ग्रामीण भयभीत व परेशान है।

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा लोकमित्र विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय सी–5772 सेक्टर 12 राजाजीपुरम लखनऊ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष तिवारी

# नवरात्र व दशहरा त्योहारों को लेकर बाघराय थानें में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार /प्रतापगढ़** बाघराय थाने में नवरात्र व दशहरा आदि त्यौहारों के दृष्टिकोण से बुधवार शाम को क्षेत्र के बुद्धिजीवी/संभ्रांत लोगों को आमंत्रित कर पीस कमेटी की बैठक की गयी।बैठक में सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता ने नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा पंडाल की स्थापना से विसर्जन तक के कार्यक्रमों के सम्बंध में प्रशासनिक मानकों के अनुरूप संपन्न कराने हेतु बिन्दुवार चर्चा कर उपस्थित लोगों व समितियों के सदस्यों को निर्देशित किया। जिसमें क्रमशः पंडालों के मुख्य द्वार सड़क की तरफ न हो।यदि पंडालों के मुख्य द्वार सड़क की तरफ किन्ही विशेष परिस्थितियों में है भी तो वहां मुख्य सड़क की तरफ बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाय।

यदि बैरिकेटिंग की व्यवस्था नही होती तो वहां समितियां ध्यान दें कि अतिरिक्त भीड़-भाड़ न हो, तथा ग्राम सभा स्तर कस्बा व बाजार आदि जगहों पर स्थापित होने वाले दुर्गा पूजा पांडालों में बनी समितियों /कमेटियों में पूर्ववत स्थापित सदस्यों के अतिरिक्त इस बार प्रशासन की मंशा के अनुरूप ग्राम प्रधान ,सभासद,ग्राम पंचायत सदस्य के साथ-साथ संबंधित बीटों के हल्का इंचार्ज /उपनिरीक्षक व बीट के आरक्षी/सिपाही भी समितियों के सदस्य रहेंगे। इनमे परस्पर एक दूसरे का मोबाइल नंबर का आदान प्रदान भी किया जाएगा,जिससे किसी विशेष परिस्थिति में समितियों द्वारा सूचना देने पर तत्काल समिति में स्थाई सदस्य के रूप में नामित पुलिस विभाग का कर्मचारी वहां पर पहुंच कर जरूरी सहायता प्रदान करेगा। बताते चलें कि क्षेत्राधिकारी सदर ने कहा कि मूर्तियों को लाते वक्त व विसर्जन के दौरान मूर्ति की ऊंचाई के संबंध में विशेष रूप से अवगत करायें,जिससे मूर्ति की ऊंचाई को लेकर सड़क के अगल बगल या सड़क को पार कर रहे हाईटेंशन तार के चपेट में आने से बचाव हो सके। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि नवदुर्गा पूजा व दशहरा जैसे त्योहारों को ध्यान में रखते हुए बाघराय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से सहयोग व शांति से पर्वो के मनाने की अपील भी की।

## खेत में लगा डीजल इंजन चोरी

**कुंडा प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के बूढ़ेपुर गांव निवासी रवि कुमार अपने खेत में फसलों की सिंचाई के लिए डीजल इंजन का नलकूप लगाया था। मंगलवार को रात चोरों ने खेत में लगे डीजल इंजन को उड़ा दिया। सुबह रवि कुमार खेत गया तो इंजन गायब देख अवाक रह गया। पीड़ित ने मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

## महापुराण कथा का शुभारंभ आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के डगरारा गांव में आज गुरूवार को श्री वामन महापुराण कथा का दोपहर दो बजे शुभारंभ होगा। प्रयागराज के संत सम्पूर्णानंद जी महराज आगामी ग्यारह अक्टूबर तक भगवान की कथा सुनाएंगे। यह जानकारी संयोजक धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने दी है।

# आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**कटरा मेदनीगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अन्तर्गत कटरा मेदनी गंज चौराहा स्थित शाही पैलेस में पीस कमेटी की बैठक की गई । क्षेत्र में 112 स्थानों पर माँ दुर्गा का पांडाल सजेगा। वही 4 स्थानों पर रामलीला का मंचन होगा ।

इस दौरान सीओ सिटी शिव नारायण वैश ने कहा कि सकुशल त्योहार को संपन्न कराने में योगदान करते हुए महौल को खुशनुमा बनाने मे सहयोग करे। कोई भी नई मूर्ति स्थापित नही की जाएगी। जहाँ पहले से मूर्ति स्थापित की जाती थी वही पर स्थापित की जाएगी। पांडाल में लोहे के सामानों का कम से कम इस्तेमाल करे तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होनी चाहिए । वहीं एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने कहा कि किसी तरह की अप्रिय घटना के बारे में पंडाल के लोग पुलिस को सूचित करे



एवं स्वयं के ईगो पर खुद कार्यवाही करने से बचें । जिससे माहौल खराब होने की संभावना न रहे।पहली बार कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत सभी जनप्रतिनिधियों को बैठक में बुलाया गया था ।

पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह,सिओ सिटी शिव नारायण वैश, सिटी चेयरमैन जकी खान, कटरामेंदनीगंज चेयरमैन प्रतिनिधि अजय कुमार गुप्ता ननके,पृथ्वीगंज नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि संजय सरोज,पूर्व चेयरमैन सिटी अनिल कुमार मौर्या,विनोद सिंह( बीएसएस एकेडमी प्रबंधक ),कोतवाली देहात इंचार्ज अभिषेक सिरोही,भुपियामऊ चौकी इंचार्ज राहुल कुमार,सिटी चौकी इंचार्ज सूर्य प्रताप सिंह, कटरामेंदनीगंज चौकी इंचार्ज मृत्युंजय पाण्डेय सहित कोतवाली देहात क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि तथा संभ्रांत लोग मौजूद रहे ।

# बिहार बाजार में लगा गंदगी का अंबार, बीमारियों का बढ़ा खतरा



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार /प्रतापगढ़** बिहार विकासखंड के मुख्य बिहार बाजार में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहां पर स्वच्छता पखवाड़ा की लगातार धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।बिहार विकासखंड में शासन के स्वच्छता पखवाड़े के बाबत विकासखंड स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उच्च अधिकारियों को लगातार गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि शासन स्तर पर जनपद से लेकर विकासखंड स्तर तक समस्त क्षेत्र में साफ सफाई की अपील व कागजी आदेश भी हो रहा है। बावजूद इसके बिहार बाजार में गंदगी का आलम यह है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां पर तो गंदगी कम होना कहना ही बेमानी सा लगने लगा है। यहां पर गंदगी का आलम बदस्तूर बढ़ता ही जा रहा है। जिससे बाजार वासियों में कई तरह की संक्रामक बीमारियों के बढ़ने का खतरा भी बढ़ चला है।बिहार ब्लॉक की तीन ग्राम पंचायत सनद रहे कि टेकी पट्टी, देवर पट्टी,रामदास पट्टी की मुख्य बाजार ÷बिहार÷ हैं, जहां के सम्बंध में बिहार ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों को दर्जनों बार सूचित करने के बाद भी साफ सफाई का कार्य नही हो पाया है। गौरतलब है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा तारीख पर तारीख शिकायत कर्ता को दी जाती है, लेकिन आज तक विकासखंड बिहार के जिम्मेदार अधिकारी बिहार बाजार की नालियों की साफ सफाई की व्यवस्था नहीं करा पाए।

**सूचना/बेदखली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा बड़ा लड़का रवि कुमार सुत प्रेमचन्द्र हम लोगों के कहने सुनने में नहीं है। वह अराजक तत्वों के साथ हम सभी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहता है। जिस कारण मैं अपने पति प्रेमचन्द्र पटेल के कहने पर रवि कुमार उपरोक्त को हम लोग उसे अपनी समस्त चल अचन सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये सिकी भी कृत्य का जिम्मेदार वह स्वयं होगा। हम लोगों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

लालती देवी
पत्नी प्रेमचन्द्र पटेल
नि0 जमुआरी थाना कोतवाली
देहात जिला प्रतापगढ़

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) महोदय प्रतापगढ़
नं0मु0नं0 16/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन कृष्ण कुमार आदि
बनाम बृजेन्द्र कुमार आदि
बनाम
1. बृजेन्द्र कुमार आयु 50 साल सुत श्यामनारायण निवासी शीतलमऊ पर0 रामपुर तह0 लालगंज प्रतापगढ़ 2. शशिध्वज शुक्ला आयु 55 साल सुत शचीन्द्र नाथ शुक्ला निवासी चकवढ़िया अझारा पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 3. अमर बहादुर सिंह आयु 55 साल सुत देवनारायण सिंह निवासी लालगंज दस्तावेज लेखक लालगंज ला0नं0 19/1996 प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.10.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## हर्षोल्लास संग मनी राष्ट्रपिता एवं शास्त्री जी की जयंती

**पट्टी प्रतापगढ़।** नगर स्थित रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा रोहण एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर एवं पूर्व सांसद शिक्षा की अलख जगाने में कीर्तिमान प्राप्त पंडित वीर मुनीश्वर दत्त उपाध्याय एवं पूर्व विधायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामराज शुक्ला जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने दोनों महान विभूतियो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी का जन्मदिन विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम में महेंद्र शुक्ला प्रकाश दत्त मिश्र राकेश मिश्रा रमेश तिवारी राजेश दुबे सतीश पांडे उमापति पाल सुरेश मिश्रा वेद प्रकाश उपाध्याय संजय तिवारी जयप्रकाश मिश्रा देवी प्रसाद तिवारी सिद्धेश शुक्ला प्रमोद दुबे नीलाभ मिश्रा पंकज तिवारी हरिशचंद्र मिश्रा प्रशस्त तिवारी जगन्नाथ यादव साधुराम यादव अवलेश कुमार प्रफुल्ल कुमार रावत वरुण कुमार पटेल अमित पांडे जगन्नाथ यादव पद्मनाभम दुबे लालमणि मिश्र प्रमेश पांडे अरुण कुमार तिवारी शेषमनि पांडे संदीप पांडे नागेंद्र सिंह इंद्रकेश सिंह उमाकांत तिवारी अमित बरनवाल बलवंत सिंह कमलेश मिश्रा शिवम धुरिया नन्हे खा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता अरुण मिश्रा जी ने किया।

# नवरात्रि में प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है- धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम शारदीय नवरात्रि की बहुत-बहुत बधाई बहुत-बहुत मंगल कामनाएं। शारदीय नवरात्रि को सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति हेतु मनाया जाता है। जबकि चौत्र नवरात्रि को आध्यात्मिक इच्छाओं की पूर्ति, सिद्धि मोक्ष हेतु मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र में सात्विक साधना ,नृत्य और उत्सव मनाए जाते हैं। जबकि चौत्र नवरात्रि में कठिन साधना और कठिन व्रत का विशेष महत्व होता है।शारदीय नवरात्र का शुभारंभ दिनांक 3 अक्टूबर आश्विन शुक्ल पक्ष दिन गुरुवार से शुभारंभ हो जाएगा। दिनांक दो अक्टूबर की रात्रि 12रू24 तक तक आश्विन कृष्ण पक्ष की पितृ अमावस्या है। प्रातः काल सूर्योदय के पश्चात 9,48 तक या अभिजित मुहूर्त में 11,22 के पश्चात 12,09 तक घट स्थापना की जा सकती है। प्रथम दिवस माता शैलपुत्री की पूजा होगी। पूर्व काल में माता सती जब दक्ष के यज्ञ में अपने को समाहित कर दिया था तो उसके पश्चात आपने पुनः हिमवान एवं माता मैना के घर अवतार लिया। नारद जी के कहने से बड़ी होने पर आपने बड़ा ही कठिन तप किया 1000 वर्ष तक मूल और फल खाया फिर 100 वर्ष तक साग खाकर जीवन बिताया कुछ दिन जल और वायु का भोजन किया और कुछ दिन कठोर उपवास किया। जो बेलपत्र सूखकर पृथ्वी पर गिरते थे 3000 वर्ष तक उनको खाया फिर सूखे पत्ते भी छोड़ दिए तब आपका नाम अपर्णा हुआ। तप से उमा का शरीर क्षीण देखकर आकाश से गंभीर वाणी हुई। हे पर्वतराज की कुमारी सुन तेरा मनोरथ सफल हुआ, तू अब सारे असह्य क्लेशों को (कठिन तप को) त्याग दे अब तुझे शिवजी मिलेंगे। जब तुम्हारे पिताजी बुलाने आवें तप छोड़कर घर चली जाना तुम्हें सप्तर्षि मिलेंगे तब इस वाणी को सत्य समझना।उधर प्रभु श्री राम ने शिव जी को समझाया और पार्वती जी के जन्म की कथा सुनाया। सप्तर्षियों को भेज कर शिवजी ने पार्वती जी से परीक्षा लिया ।माता पार्वती ने कहा कि हे मुनियों आप मेरी अज्ञानता तो देखिए कि मैं सदा शिव जी को ही पति बनाना चाहती हूं। सप्तर्षियों ने बहुत समझाया किंतु माता पार्वती ने कहा की मैं शिव के अतिरिक्त और किसी को नहीं चाहती इस प्रकार माता पार्वती का और भगवान भोलेनाथ का विवाह संपन्न हुआ। गिरिजापति महादेव जी का चरित्र समुद्र के समान अपार है उसका वेद भी पार नहीं पा सकते। वही माता पार्वती ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना किया कि आप श्री रामचंद्र जी के गुणों की पवित्र कथा श्रवण कराइए जिनका यश निर्मल है। शंकर जी ने श्री रामचरित की कथा पार्वती जी को श्रवण कराया। जिसे बाद में वाल्मीकि जी ने रामायण के रूप में रचना किया और संत गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री रामचरितमानस के रूप में जन-जन तक पहुंचाया। माता शैलपुत्री की पूजा करने से समस्त कष्टों का निवारण होता है।

# गांधी जी के आन्दोलनो ने अंग्रेजों की तोड़ी कमर-डा आशुतोष त्रिपाठी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा डॉ आशुतोष त्रिपाठी के जनसंपर्क कार्यालय भगवा चुंगी पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई।

डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी की लड़ाई में गांधी जी के नेतृत्व में ऐसे कई जन आंदोलन हुए जिन्होंने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की कमर तोड़ कर रख दी। सत्य और अहिंसा पर आधारित बापू के आंदोलनों के चलते अंग्रेजों की भारत पर से पकड़ ढीली होती चली गई। विदेशों में जगह-जगह महात्मा गांधी की मूर्तियां दुनिया भर में उनकी लोकप्रियता और उनके विचारों को स्वीकार किए जाने का प्रमाण है। डॉ आशुतोष ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बारे में बताते हुए कहा कि जून 1964 में शास्त्री ने जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के प्रधान मंत्री की भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल के दौरान 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ, जहां शास्त्री के शांत और दृढ़ नेतृत्व के कारण उन्हें ष्शांति पुरुषष् की उपाधि मिली। शास्त्री की स्थायी विरासतों में से एक 1965 के युद्ध के दौरान दिया गया नारा ष्जय जवान जय किसानष् (सैनिक की जय, किसान की जय) है।कार्यक्रम मे यशवन्त कुमार, सुशील कुमार, गुड्डू लाला,भास्कर, कोमल दत्त मिश्रा, प्रदीप कुमार शुक्ल मनीष कुमार आदि रहे।

# गाँधी और शास्त्री जी के आदर्शों को जीवन में उतारें - लव सिंह गहलौत



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सत्य अहिंसा के पुजारी महात्मा गाँधी और कर्मठता, ईमानदारी व त्याग के प्रतिमूर्ति भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री परम पूज्य लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्श जीवन के मूल्यों को हम सभी भारतीय लोग अपने जीवन में उतारें और समाज व देश के विकास की कड़ी बनें। उक्त बातें समाजसेवी व प्रबंधक लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने के पी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ चौवनगढ़ में महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर लोगों से कही।गहलौत ने आगे कहा कि जिस तरह से पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ईमानदार, कर्तव्य निष्ठ, त्यागी व देश के लिए समर्पित थे, उसी तरह से आज हम सभी लोगों को बनना होगा। तभी देश विरोधी ताकतों और देश के दुश्मनों से लड़ सकेंगे। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक आकाश श्रीवास्तव ने गाँधी जी और शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत गाँधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण करके व नारे के जयघोष से किया गया। गाँधी जी और शास्त्री जी पर विद्यालय के बच्चों में निबंध गीत प्रतियोगिता कराया गया। निबंध में शिवम सिंह प्रथम, आकाश सरोज द्वतीय, अर्जुन सिंह और अश्विनी पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गीत में खुशी सिंह प्रथम, इंदु सिंह द्वतीय और लकी सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किये। निबंध व गीत में सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रबंधक लव सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक, विधार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

## आरबीएस पब्लिक स्कूल को प्राइमरी व जूनियर की मिली मान्यता

**प्रतापगढ़।** आरबीएस पब्लिक स्कूल को कक्षा एक से लेकर आठ तक की मान्यता मिलने पर स्कूल प्रबंधन सहित क्षेत्रीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। बेलखरनाथ धाम ब्लाक अतंर्गत आरबीएस पब्लिक स्कूल सोनाही के प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि कि विद्यालय को कक्षा एक से लेकर आठ तक की मान्यता मिली है। मान्यता मिलने पर क्षेत्र के संजीव सिंह राजकुमार गुप्ता, वीरेंद्र प्रताप सिंह, शिव प्रताप सिंह, त्रिलोचन सिंह दीपक सिंह और मेजर सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। स्कूल के संस्थापक पूर्व अंग्रेजी प्रवक्ता कालूराम इंटर कॉलेज शीतलागंज राम बहादुर सिंह ने क्षेत्रीय लोगों के प्रति आभार प्रकट किया है।

# हंडौर प्रधान नितेश सिंह से सीखें विकसित गांव बनाने का तरीका- संजीव रंजन जिलाधिकारी

लोक मित्र ब्यूरो

**लीलापुर प्रतापगढ़।** हंडौर प्रधान नितेश सिंह ने बढ़ाया प्रतापगढ़ का मान । प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर हंडौर ग्राम पंचायत के विकास की मिसाल पहुंचाने वाले लक्ष्मणपुर विकासखंड के प्रधान नितेश सिंह को जिलाधिकारी प्रतापगढ़ में स्वच्छ भारत दिवस 2 अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा जिस तरह मुख्यमंत्री से पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायतो द्वारा निरोगी गांव अंतर्गत टीवी रोग मुक्त किया गया एवं सतत विकास लक्ष्य 2030 को हासिल करने के लिए अपनाई गई 9 थीम पर बेहतर कार्य कर गांव की जीवन शैली में सुधार किया वह अनुकरनीय है ।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि ÷दिव्या मिश्रा÷ मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ने कहा प्रतापगढ़ जनपद की



प्रदेश, देश में ख्याति प्राप्त की सभी ग्राम पंचायत को जरूरत है किगरीबी मुक्त और आजीविका में वृद्धि वाला गांव,स्वस्थ गांव,बाल हितैषी गांव,पर्याप्त जल युक्त गांव,स्वच्छ और हरा-भरा गांव,आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा,सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव,सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव को अपना कर गांव के विकास में नागरिकों की भागीदारी का वातावरण तैयार कर आत्मनिर्भर स्वस्थ गांव की ओर बढ़कर ही हम भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। ग्राम पंचायत की महती भूमिका के बगैर संभव नहीं है। गांधी जी का ग्राम विकास पर चिंतन भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था के विकास के लिए अत्यधिक प्रासंगिक उनका मानना था कि भारत की आत्मा गांव में बस्ती और यदि गांव आत्मनिर्भर बनते हैं पूरा देश विकास की ओर अग्रसर होगा। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत दबे जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया।

# स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने भाषण, वाद-विवाद एवं देश गीत के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मिश्र ने गांधी जी के सिद्धांतों एवं जीवन दर्शन को अपने जीवन में अपनाने और समाज सेवा एवं श्रम के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। डॉ सी एन पांडे ने कहा अनुशासित जीवन एवं संगठित प्रयास सफलता के मूल मंत्र हैं। इसलिए इन्हें जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेंद्र मिश्र ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रमाधिकारी डॉ रेखा मिश्रा ने गांधी जी के आत्मनिर्भरता के स्वप्न को साकार करने के लिए स्वदेशी रोजगार अपने पर बल दिया। एनएसएस के स्वयं -सेवकों शशांक सिंह, शिखर पाल, सक्षम, हर्षिता, श्रेया, प्रज्ञा, प्रिंसी, श्वेता आदि ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ परिसर में साफ सफाई की।अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में अमित वत्स,विजय पांडे, देवी प्रसाद, शिव शंकर आदि ने सहयोग किया।

# लूट के प्रयास में फायरिंग का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के पण्डित का पुरवा खैरा पूरे छेमी गांव में बीती अटठाईस सितंबर की रात लूट के प्रयास में फायरिंग के एक आरोपी को धर दबोचने में सफलता ली है। कोतवाली के अपराध निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी तथा दरोगा विवेक यादव फोर्स के साथ बुधवार की सुबह गश्त पर निकले थे। जगन्नाथपुर नहर पुलिया के समीप एक संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर संदिग्ध के पास से एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान वृन्दावन मिश्र पुत्र स्व0 सदानंद मिश्र खैरा पूरे छेमी गांव की हुई। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि घटना के दिन संग्रामगढ़ थाना के बबुराईपुर निवासी राजेश उर्फ राजकुमार तथा इसी गांव के अजय उर्फ अन्नू एवं रामपुर बावली के मुस्तफा खॉन तथा चिरौंजी का पुरवा बटौली निवासी कमलाकांत उर्फ भुइला गांव के एक घर में अपराध की नीयति से बैठे थे। इसी बीच ग्रामीणों ने घेराबंदी कर ली। आरोपी ने बताया कि तब फायरिंग करते हुए वह लोग गांव से भाग निकले। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये आरोपी वृन्दावन मिश्र के खिलाफ लालगंज कोतवाली में हत्या के प्रयास तथा चोरी और आर्म्स एक्ट के मुकदमें भी दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का भी मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रधान प्रतिनिधि के प्रयास से मोतियाबिंद के मरीजों को मिली नई रोशनी



**बिहार,प्रतापगढ़।** विकासखंड बिहार के तिवारी महमदपुर व धनवासा प्रधान प्रतिनिधि का गांव के विकास व ग्रामीणों की खुशी के लिए निरंतर किया जा रहा प्रयास अब रंग लाता दिख रहा है। बताते चलें कि ग्राम प्रधान तिवारी महमदपुर पूनम सिंह के छोटे पुत्र प्रधान प्रतिनिधि हर्षवर्धन सिंह जो कि धनवासा के प्रधान प्रतिनिधि हैं, जो ग्रामसभा स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति बेहद संजीदा रहते हैं।प्रधान प्रतिनिधि हर्ष वर्धन सिंह की संजीदगी ही है कि उनके द्वारा समय समय पर जन कल्याण कारी कार्यों का ग्रामसभा में क्रियान्वयन करवाया जाता रहता है।बताते चलें कि विगत कुछ माह पूर्व प्रधान प्रतिनिधि हर्ष वर्धन सिंह ने ग्रामसभा तिवारी महमदपुर व धनवासा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण का शिविर दोनो गांवों में लगवाया गया था, जिसमें दोनो गांवों से लगभग पांच सौ से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए थे। वहीं इस बार प्रधान प्रतिनिधि के प्रयास से दोनों गांवों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद मरीजों के लिए आपरेशन का शिविर लगवाया गया। जिसका दोनों गांवों से चिन्हित 22 मोतियाबिंद के मरीजों का सफलतापूर्वक आपरेशन सफल हुआ तो मंगलवार को सभी वापस लौट कर अपने घर आए। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ऑपरेशन लाभार्थियों को पोषाहार का वितरण भी किया गया।प्रधान प्रतिनिधि के प्रयास से ऑपरेशन लाभान्वित लोगों ने प्रधान प्रतिनिधि के प्रयास पर खुशी जाहिर करते हुए सराहना की।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/—प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

## कार्यालय जिलाधिकारी, कौशाम्बी

प्रारूप–18
नियम–20 का उपनियम (2)
समुचित सरकार/कलेक्टर द्वारा प्रारम्भिक अधिसूचना
[(अधिनियम की धारा–11 की उपधारा (1) के अन्तर्गत)]

उत्तर प्रदेश सरकार
लोक निर्माण विभाग

अधिसूचना संख्या– ......../आठ–वि0कु0–वि0भू0अ0अ0(सं0सं0)प्रयागराज दिनांक–..............

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–11 की उपधारा (1) के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार/कलेक्टर, कौशाम्बी (समुचित सरकार के उद्देश्य हेतु) की राय है, कि अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग द्वारा कौशाम्बी के माध्यम से स्थायी रूप से सार्वजनिक प्रयोजन हेतु देवीगंज बाईपास परियोजना के निर्माण हेतु जनपद–कौशाम्बी, तहसील सिराथू, परगना–कड़ा के ग्राम मर्दानपुर बर्जी में क्षेत्रफल 0.0526 हे0 व ग्राम गिरधरपुर गढ़ी में क्षेत्रफल 0.0696 हे0 व ग्राम बिहामिदपुर में क्षेत्रफल 0.9696 हे0 व कमालपुर में क्षेत्रफल 1.3271 हे0 व फराहिमपुर कलेसर मऊ में क्षेत्रफल 1.3665 हे0 कुल क्षेत्रफल 4.1899 हे0, अझुआ बाईपास के निर्माण हेतु तहसील–सिराथू, परगना–कड़ा, ग्राम अझुआ में 0.1900 हे0 तथा देवीगंज से कड़ा मार्ग के कि0मी0 2.00 से सी0एच0सी0 कड़ा मार्ग के चौड़ीकरण हेतु तहसील सिराथू, परगना–कड़ा, ग्राम बिहामिदपुर में क्षेत्रफल 0.2145 हे0, कुल क्षेत्रफल 4.1899 हे0 भूमि की आवश्यकता है।

2. राज्य सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी Agrima and Center for India bamboo, Resource and Technolgy, Add-D-152, Third Floor, Street No-15, Vinod Nagar, New Delhi के द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की कार्यवाही करायी जा रही है।

3. सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश का प्रकाशन कालान्तर में पृथक से किया जायेगा।

4. सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन रिपोर्ट प्राप्त होने पर यदि कोई परिवार विस्थापित होता है तो पृथक से प्रकाशन की कार्यवाही करायी जायेगी। प्रथम श्रेणी/डिप्टी कलेक्टर/उप जिलाधिकारी, सिराथू, कौशाम्बी को प्रशासक नियुक्त किया जाता है।

5. अतः राज्यपाल सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को सामान्य सूचना हेतु अधिसूचित करने के लिए सहर्ष सहमति देते हैं।

**अनुसूची**

भूमि का विवरण (अझुआ बाईपास हेतु)

| क0सं0 | जिला | परगना | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | अर्जित किए जाने वाला क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | अझुवा | 599 | 0.0616 |
| 2 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | अझुवा | 879 | 0.0340 |
| 3 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | अझुवा | 1043 | 0.0070 |
| 4 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | अझुवा | 1044 | 0.0140 |
| 5 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | अझुवा | 1088 | 0.0334 |
| 6 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | अझुवा | 1120 | 0.0400 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | 0.1900 |
| भूमि का विवरण (देवीगंज बाईपास हेतु) | | | | | | |
| 1 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | मर्दानपुर बर्जी | 524 | 0.0481 |
| 2 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | मर्दानपुर बर्जी | 525 | 0.0045 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | 0.0526 |
| 1 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | गिरधरपुर गढ़ी | 518 मि0 | 0.0675 |
| 2 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | गिरधरपुर गढ़ी | 466 मि0 | 0.0021 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | 0.0696 |
| 1 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 613 | 0.0296 |
| 2 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 614 | 0.0304 |
| 3 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 615 | 0.0328 |
| 4 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 542 | 0.0167 |
| 5 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 512 | 0.0390 |
| 6 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 513 | 0.0440 |
| 7 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 511 | 0.0112 |
| 8 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 510 | 0.0156 |
| 9 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 505 | 0.0030 |
| 10 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 509 | 0.0260 |
| 11 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 571 | 0.1316 |
| 12 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 573 | 0.1536 |
| 13 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 575 | 0.0115 |
| 14 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 546 | 0.0994 |
| 15 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 545 | 0.0295 |
| 16 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 538 | 0.1016 |
| 17 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 535 | 0.1539 |
| 18 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 477 | 0.0116 |
| 19 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 479 | 0.0630 |
| 20 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 480 | 0.0046 |
| 21 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 488 | 0.0952 |
| 22 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 487 | 0.0176 |
| 23 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 492 | 0.0300 |
| 24 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 493 | 0.0323 |
| 25 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 496 | 0.1170 |
| 26 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | कमालपुर | 498 | 0.0264 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | 1.3271 |
| 1 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 1/1मि0 | 0.1537 |
| 2 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 2 | 0.0061 |
| 3 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 4 | 0.0076 |
| 4 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 5 Mi | 0.0690 |
| 5 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 6 Mi | 0.0205 |
| 6 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 17 Mi | 0.0119 |
| 7 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 18 | 0.1547 |
| 8 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 19 Mi | 0.0101 |
| 9 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 21 Mi | 0.0968 |
| 10 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 48 Mi | 0.0350 |
| 11 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 49 Mi | 0.0768 |
| 12 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 52 | 0.1188 |
| 13 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 55 | 0.1071 |
| 14 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 57 Mi | 0.0123 |
| 15 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 61 Mi | 0.1075 |
| 16 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 62 Mi | 0.0720 |
| 17 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 63 Mi | 0.0165 |
| 18 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 66 | 0.0814 |
| 19 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 67 Mi | 0.0576 |
| 20 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 101 | 0.0040 |
| 21 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | फराहिमपुर कलेसर मऊ | 222/4 Mi | 0.1471 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | 1.3665 |
| 1 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 69 | 0.0680 |
| 2 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 70 | 0.0599 |
| 3 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 71 | 0.0638 |
| 4 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 72 | 0.0156 |
| 5 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 73 | 0.0312 |
| 6 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 74 | 0.0113 |
| 7 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 75 | 0.0230 |
| 8 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 92 | 0.0495 |
| 9 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 98 | 0.0018 |
| 10 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 100 | 0.0265 |
| 11 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 103 मि0 | 0.1908 |
| 12 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 115/2 | 0.0665 |
| 13 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 197 | 0.0812 |
| 14 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 200 | 0.0624 |
| 15 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 203 | 0.2181 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | 0.9696 |
| भूमि का विवरण (देवीगंज से कड़ा मार्ग के कि0मी0 2.00 से सी0एच0सी0 कड़ा मार्ग हेतु) | | | | | | |
| 1 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 116 | 0.0090 |
| 2 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 122 | 0.0665 |
| 3 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 125 | 0.0320 |
| 4 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 98 | 0.0260 |
| 5 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 96 | 0.0640 |
| 6 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 102 | 0.0100 |
| 7 | कौशाम्बी | कड़ा | सिराथू | बिहामिदपुर | 103 | 0.0070 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | 0.2145 |
| | | | | | कुल क्षेत्रफल का योग (हे0 में) | 4.1899 |

6. अधिनियम की धारा–12 के अन्तर्गत निर्दिष्ट एवं प्राविधानित भूमि अधिग्रहण के प्रयोजन हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने के लिए तथा भूमि का सर्वेक्षण, किसी भूमि के लिए समतलीकरण, खुदाई करने तथा कार्य के समुचित क्रियान्वयन हेतु सभी आवश्यक क्रियायें करने के लिए राज्यपाल कलेक्टर को प्राधिकृत करने हेतु निदेश देते हैं।

7. अधिनियम की धारा–15 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, जिसका हित भूमि में निहित हो, अधिसूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर अपने क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के विरूद्ध लिखित रूप से कलेक्टर, भूमि अध्याप्ति प्रयोजनार्थ, प्रयागराज/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) प्रयागराज अथवा उप जिलाधिकारी, सिराथू, कौशाम्बी के कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

8. अधिनियम की धारा–11(4) के अन्तर्गत कोई व्यक्ति अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण होने तक कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रारम्भिक अधिसूचना में निर्दिष्ट भूमि का सव्यवहार यथा विक्रय/क्रय या उस भूमि में कोई भार उत्पन्न नहीं कर सकता है।

टिप्पणी– उक्त भूमि का स्थल नक्शा कलेक्टर, कौशाम्बी/उप जिलाधिकारी, सिराथू/अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कौशाम्बी/कलेक्टर, भूमि अध्याप्ति प्रयोजनार्थ /विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0) प्रयागराज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

(रमेश मौर्य)
कलेक्टर (भूमि अध्याप्ति प्रयोजनार्थ)/
विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (सं0सं0)
प्रयागराज

(मधुसूदन हुल्गी)
राज्य सरकार/कलेक्टर
कौशाम्बी

www.upgov.nic,in
R.O.No.-220232 Date-01/10/2024

# भारत के स्वरूप में दोनों महानभुतियों का है महत्वपूर्ण योगदान - डीएम



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। उन्होंने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो भारत का स्वरूप है दोनों महानभुतियों कि महत्वपूर्ण योगदान था। कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुत बडा था। उन्होंने संघर्ष कर शोषितों, वंचितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जब महात्मा गांधी अफ्रीका से लौट के आए तो भारत के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद विश्व के कई देशों में आजादी मिली जो इनके प्रेरणा स्त्रोत रही। उन्होंने कहा कि यह भारत के राष्ट्रपिता नहीं बल्कि पूरे विश्व में उनके आदर्शों को मानते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग उनके विचारों पर चलते हैं कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी, कर्मचारी जब अपनी भूमिका में होते है तो जो गरीब से गरीब व असहाय होते हैं, उनकी सहायता करें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी पहले अपने जीवन में किसी कार्य को करने से पहले आत्मसात करते थे, उसके बाद ही किसी को उपदेश देते थे। इसी तरह जब तक हम अपनी आदत में सुधार नहीं कर सकते तब तक हम किसी का सुधार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत सरकार महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान भी चल रही है। हमें अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास भी साफ सफाई रखना होगा। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का भी बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को प्रगति की राह पर लाए। उन्होंने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों के कार्यों का अपने जीवन में चरितार्थ करना होगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि हम लोग हर वर्ष महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस मानते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता देश को स्वतंत्र कराए जाने के लिए थी, जिससे कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अपनी समस्या पर ध्यान केन्द्रित नहीं करना चाहिए हमें अपने लक्ष्य की तरफ देखना चाहिए। उन मूलभूत चीजों को अपने आचरण में उतार ले तो आगे बढ सकते हैं। कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। साथ ही उनका मानना था कि अगर स्वच्छ वातावरण हो तो समाज भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जय जवान जय किसान का नारा दिया। उन्होंने किसानों पर विशेष बल देकर देश में खाद्यान्न की कमी नहीं होने दिया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। जिसने इस देश की दशा और दिशा बदली। इतिहास में उनका योगदान सदियों तक चलता रहेगा। सत्य और अहिंसा के बल पर देश को आजाद कराया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि हम लोग हर साल महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं। महात्मा गांधी के मार्गो पर चलकर हम आगे बढ सकते हैं। उप जिला अधिकारी मोहम्मद जसीम ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का आज जन्म दिवस है इन दोनों महापुरुषों एवं उनके विचारधाराओं को याद किया जाता है गांधी जी का पश्चिमी अध्यात्म वाद दोनों को स्वीकार नहीं किया उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने दोनों के बीच को अपनाया जिसे आदर्शवाद कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व गांधीवादी की ओर बढता जा रहा है कहा कि सत्य अहिंसा पर विश्वास करते थे उन्होंने कहां की हमें वृक्षारोपण करना चाहिए नहीं तो आने वाली समय में इसका अच्छा परिणाम नहीं रहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की अंतर्गत जनपद में वर्ष 2023 में टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया, जिसमें कमला देवी, सुधा त्रिपाठी, शशि देवी, राम सिंह, निर्मला देवी, प्रतिभा पांडे आदि 16 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को गांधी जी की कांस्य रंग की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र एवं साल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, डब्ल्यू एचओ मंडली सलाहकार डॉ पवन पालीवाल, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ दयाशंकर, नाजिर सदर अरुण कुमार शुक्ला, अवध नारायण आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के अवसर हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

**चित्रकूट-** राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के तीसरे चक्र में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बेसिक शिक्षा के प्राइमरी और जूनियर संवर्गो के जनपद के 48 संकुलों और नगर क्षेत्र के बच्चों के लिए 262 परीक्षा केन्द्रों में रंगोली, भाषण, क्विज, नृत्य, गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में लगभग 14000 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। आज के प्रतियोगिताओं में बरगढ, मानिकपुर, रसिन, सुरसेन आदि इलाकों में परीक्षा केन्द्र बनाकर बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया। हमारे प्राइमरी और जूनियर के सरकारी स्कूलों के बच्चे बढ-चढ कर के इन प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं । कार्यक्रम संयोजक संतोष कुमार सिंह ने अपने संकुल प्रभारी साथियों परीक्षा केंद्र प्रभारी और अपने वरिष्ठ अध्यापक साथियों के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

## महात्मा गांधी के सच्चे अनुयाईयों को अपनाने होंगे उनके प्रत्येक विचार - नीलू मैनवाल

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** उच्च न्यायालय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय विश्व अंहिसा दिवस एवं गांधी जयन्ती के अवसर पर न्यायालय परिसर में वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी तथा लाल बहादूर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम गाया गया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादूर शास्त्री के विचारों पर प्रकाश डाला।

प्रभारी जनपद न्यायाधीश राममणि पाठक ने बताया कि अहिंसा का मतलब व्यक्ति को चोट पहुंचाने से नहीं बल्कि व्यक्ति के किसी भी आचरण में दूसरे व्यक्ति को आघात पहुंचता है तो यह अहिंसा की श्रेणी में आता है। लालबहादुर शास्त्री हमारे देश के एक कर्मठ, ईमानदार, शसक्त प्रधानमंत्री थे। जिला विधिक




सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने कहा कियदि हम महात्मा गांधी के सच्चे अनुयाई बनना चाहते हैं तो उनके विचारों को प्रत्येक व्यक्ति को मन, वचन एवं कर्म से अपनाना होगा। इसके अलावा लालबहादूर शास्त्री के जीवन से हमें कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता समाज में प्रचलित विभित्र प्रकार के विवादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से समाधान किया जा सकता है। इस मौके पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, सिविल जज (सीडि) सचिन कुमार दीक्षित, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय एस आनन्द आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में गांधी जयन्ती के अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादूर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये महात्मा गांधी के विचारों एवं शिक्षाओं के बारे में बाल अपचारियों की बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्शो पर चलकर एक अपराध मुक्त शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सकती है। इस मौके पर प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजलिका प्रियदर्शिनी, संस्था प्रभारी वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला अस्पताल में चलाया गया सफाई अभियान



**चित्रकूट-** सतगुरू माता सुदीक्षा महराज के मार्गदर्शन में बुधवार को संत निरंकारी चेरिटेबिल फाउण्डेशन के तत्वाधान में जिला अस्तपाल में सेवादल के संचालक लोटन प्रसाद के नेतृत्व में निरंकारी सेवादल सदस्यों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। वर्दी में सेवादल सदस्यों द्वारा सफाई के पहले सतगुरू से प्रार्थना की गयी। उसके बाद सफाई अभियान चित्रकूट के मुखी महात्मा शिवभवन निरंकारी की उपस्थित में प्रारम्भ हुआ। साथ में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वन्दना श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं। सफाई अभियान में जिला अस्पताल के अन्दर व बाहर झाडू लगाया गया व कूड़े का ढ़ेर साफ किया गया। साथ ही शौचालय, नालियां, कूड़ेदान की भी सफाई की गयी।

### कार्यालय अधिशासी अभियंता
### सिंचाई खंड कौशाम्बी

पत्रांकः–1180/सिं0ख0कौ0/ई–टेण्डर/दिनांक–25.09.2024
ई–निविदा सूचना संख्या–01/ई0ई0/2024–25

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से टेक्निकल/प्री–क्वालीफिकेशन बिड एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी मे पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों द्वारा दिनांक 03.10.2024 पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 08.10.2024 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। टेक्निकल/प्री–क्वालिफिकेशन बिड दिनांक 08.10.2024 को अपराह्न 01:00 बजे निविदा समिति द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता ,सिंचाई खंड कौशाम्बी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मो /ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जाएँगी ।टेक्निकल प्री–बिड मीटिंग दिनांक–04.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड कौशाम्बी के कक्ष में होगी ।निविदा अपलोड करने से पहले निविदादाता शर्तो को भली भाति अध्ययन कर ले । कार्यालय बंद होने या राजकीय अवकाश होने की दशा में बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जाएँगी ।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि @2% ( लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा मूल्य कर सहित (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी | सम्बंधित अधिशासी अभियंता ,जिनके नाम प्रतिभूति बंधक होनी है । |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पुनवार माइनर के किमी० 0.000 से 0.900 तक एवं किमी० 3.000 से 5.200 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 31.00 | 0.62 | 45 दिन | 2360.00 | बी या उच्च | सिंचाई खंड कौशाम्बी |
| 2 | सिंगरहा माइनर के किमी० 0.550 से 2.000 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 17.00 | 0.34 | 45 दिन | 2360.00 | सी० या उच्च | |
| 3 | अमीना रजवाहा के किमी० 12.400 से 13.351 तक एवं किमी० 15.217 से 15.500 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 14.00 | 0.28 | 45 दिन | 2360.00 | सी० या उच्च | |
| 4 | तिलगोड़ी माइनर के किमी० 0.000 से 2.100 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 25.00 | 0.50 | 45 दिन | 2360.00 | बी या उच्च | |
| 5 | अमराइन माइनर के किमी० 0.700 से 2.800 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 24.00 | 0.48 | 45 दिन | 2360.00 | बी या उच्च | |
| 6 | नूरपुर माइनर के किमी० 0.000 से 2.100 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 28.00 | 0.56 | 45 दिन | 2360.00 | बी या उच्च | |
| 7 | डलैया माइनर के किमी० 0.000 से 1.000 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 12.00 | 0.24 | 45 दिन | 2360.00 | सी० या उच्च | |
| 8 | कलानी माइनर के किमी० 0.000 से 1.620 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 20.00 | 0.40 | 45 दिन | 2360.00 | सी० या उच्च | |
| 9 | बारा माइनर के किमी० 0.000 से 2.000 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 21.00 | 0.42 | 45 दिन | 2360.00 | बी या उच्च | |
| 10 | सलेमपुर माइनर के किमी० 2.400 से 3.400 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 13.00 | 0.26 | 45 दिन | 2360.00 | सी० या उच्च | |
| 11 | म्योहर रजवाहा रजवाहा के किमी० 6.400 से 7.700 के मध्य की पेन्टेड सर्विस रोड के नवीनीकरण / पुनर्लेपन का कार्य । | 15.50 | 0.31 | 45 दिन | 2360.00 | सी० या उच्च | |

* Note : Rates shall be quoted without GST.GST shall be paid extra as per prevailing government Rules.

यह निविदा /बिड की सूचना उ० प्र० की वेबसाइट (http://information.up.nic.in) एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट (www.irrigation.up.nic.in) पर भी उपलब्ध है ।निविदा /बिड की विस्तृत आवश्यक शर्ते http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है ।

www.upgov.nic,in
R.O.No.-220164 Date-01/10/2024

अधिशासी अभियंता
सिंचाई खंड कौशाम्बी

## सेवा पखवाडा आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-**जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सेवा पखवाडा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण, संवाद प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को अष्टावक्र सभागार में आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सेवा पखवाडा के अंतर्गत आत्म निर्भर भारत वर्तमान में प्रधानमंत्री द्वारा किये जा रहें ऐतिहासिक निर्णय पर अडिग विचारों से प्रभावित है।

पहले की सरकारों ने भारत को विदेशी हाथों में सौंप दिया था। जब भारत सशस्त्र बलों के साथ आज रक्षा बलों के लिए सेना, पुलिस बल, हथियार के मामलों में हम खुद तैयार कर रहे हैं। चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण, सोलर पावर प्लांट से लैस हो रहा है। आत्म निर्भर भारत से ही उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद का कार्य भी चल रहा है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत में सेवा पखवाडा लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश व देशभर में शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम चल रहा है। साफ सफाई व्यवस्था चारों तरफ चल रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डां आनंद कुमार ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय नायक ने किया। इस मौके पर डीन डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ रजनीश सिंह, डॉ रवि प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रमा सोनी, जितेन्द्र सिंह, डॉ शांत चतुर्वेदी, एस पी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सीवर के पानी में कैद परिवार, रेलवे मना रहा स्वच्छता पखवाड़ा

● नई रेलवे कालोनी के ब्लाक नम्बर 66, 67, 68, 69 के क्वार्टरों में बह रहा नाले का पानी
● गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर रेल कर्मी और उनका परिवार






लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** रेलवे इन दिनों जोर शोर से स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। लाखों, करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नई रेलवे कालोनी के दर्जनों क्वार्टरों जलमग्न है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से इनमें लैट्रिन का पानी बह रहा है। जिसमें रहने वाले रेल कर्मी और उनका परिवार नारकीय जीवन बिताने को मजबूर हैं। यहां का रेल प्रशासन इस गंदगी को साफ करने और यहां के लोगों को नरक से निकालने में कोई रूचि नहीं ले रहा है। उनकी घोर उदासीनता स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में एक धब्बा साबित हो रही है। लेकिन इसका जरा भी अफसोस उन्हें नहीं है। पीड़ित कर्मचारियों की फरियाद यहां के एडीईएन, आईओडब्लू सीएचआई के नक्कारखाने की तूती साबित हो रही है। जो रेलवे की छवि की धूमिल कर रही है।

### सीवर की पाइप है टूटी

क्वार्टरों के पीछे सीवर पाइप काफ़ी समय से टूटी है। जिसको बनाया नहीं गया है। जल निकासी न होने से हल्की सी बारिश में सीवर का पूरा गंदा पानी क्वार्टरों में घुस जाता है। जो बिना निकाले नहीं निकलता है। ट्रेन मैनेजर संतोष तिवारी का कहना है कि वाशिंग लाइन का भी पानी कालोनी में भर जाता है। इसकी शिकायत कई बार की गई कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कर्मचारी को ड्यूटी करने में दिक्कत आ रही है।

### नहीं आता पानी, कैसे होगी सफाई

ट्रेन मैनेजर केके तिवारी का कहना है कि कई कई दिन बीत जाता है। पानी नहीं आता है।

ऐसे में नहाने और कपड़े आदि धोने में बहुत दिक्कत आती है। क्वार्टरों में गंदगी ऊपर से भरी है। कर्मचारी और उसका परिवार गंदगी और बदबू के बीच घुटने को मजबूर है। नौकरी कैसे हो।बच्चों को परेशानी हो रही है। एसएस,आईओडब्लू सभी को इसके बारे में कई बार बताया गया है। आज भी बताया है।

### नशेड़ी कर्मचारी करते हैं ड्यूटी

पानी खोलने वाले कर्मचारी जुआड़ी और नशेड़ी किस्म के हैं। जो अपना काम सही ढंग से नही कर रहे हैं। रेल कर्मचारियों का आरोप है कि नशेड़ी कर्मचारी पानी नहीं खोलते हैं। इसकी शिकायत कई बार आईओडब्लू से की गई है। कोई ध्यान नहीं दे रहा है। चार दिन से पानी नहीं आ रहा है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस बारे में कार्य निरीक्षक कालोनी का कहना है कि कालोनी नीचे है। चारों तरफ से बारिश का पानी भर जाता है। क्वार्टरों के दरवाजे पर बंधक बनाया गया।

खास बात यह है कि कार्य निरीक्षक इतना सब बता गए। लेकिन समस्या कैसा हल होगी। उससे पल्ला झाड़ लिए। एडीईएन का फोन नहीं उठा।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर साफ-सफाई व लेखन प्रतियोगिता आयोजित

## डीएम ने ग्राम प्रधान मुरस्सापुर को स्वच्छता के लिए सम्मानित करते हुए दिया प्रशस्ति पत्र



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शिक्षण संस्थानों व सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में समारोह पूर्वक मनाया गया। गांधी जी वी शास्त्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत साफ सफाई की गई। वाद-विवाद व लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। वैष्णो देवी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स गोंदाहीं में प्रबंधक छोटे लाल यादव ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए शपथ दिलाई।कॉलेज की छात्र-छात्राओं के बीच भाषण व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पटेल, रमेश यादव आशीष यादव संतोष यादव एसपी सिंह बृजेश यादव सुरेंद्र कुमार उमेश घर द्विवेदी रवि शंकर अनिल सिंह पुनीत दिलीप अंकित वी वेद समय बड़ी संख्या में विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।एसपी इंटरमीडिएट कॉलेज कुंडा में प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए विधि विधान से पूजन अर्चन किया तथा शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय परिसर में छात्रों ने साफ सफाई अभियान चला कर विद्यालय परिसर को साफ सुथरा कर दिया। इस मौके पर शशि प्रकाश मिश्रा, रविंद्र नाथ शुक्ला, त्रिलोक नाथ मिश्रा, शिवाकांत उपाध्याय, धर्मेंद्र सिंह, बालेंद्र नाथ मिश्रा, रामचरित पांडेय व अनुराग यादव समेत शिक्षक छात्र-छात्राएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण मौजूद रहे।विकासखंड कालाकांकर की ग्राम पंचायत मुरस्सा पुरमें स्वच्छता व साफ सफाई अच्छा पाए जाने पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ग्राम प्रधान संगीता देवी पत्नी सुरेश यादव को जिला मुख्यालय पर प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया।

# दिलीपपुर थाना में सीओ पट्टी व एसओ ने की पीस कमेटी की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**रहा प्रतापगढ़** -आगामी त्योहार नवरात्र दुर्गा पूजा दशहरा को लेकर दिलीपपुर थाना परिसर मे पीस कमेटी की बैठक हुई। सीओ पट्टी ने नवागत एसओ का सभी से परिचय कराते हुऐ उपस्थित लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए जाने की अपील की।बैठक में दर्जनों गांव के प्रधान, बीडीसी, व्यापारी के साथ साथ संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। सभी से शान्ति के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। निरीक्षक दिवाकर सिंह ने दिलीपपुर थाने का लिया चार्ज लिया है।

इसमें बाबा बेलखरनाथ धाम शिवसत, हुमायू पुर घाट, चौखड़ा पुल जामताली पुल पर विसर्जन को लेकर सफल आयोजन करना दिलीपपुर पुलिस के लिए बड़ी चुनौती होगी।

# जयकारे के साथ भवानी की प्रतिमा को लेकर हुए रवाना

**आसपुर देवसरा प्रतापगढ़-** गुरुवार से प्रारंभ होने वाले नवरात्र में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए भक्त बुधवार की शाम प्रतिमाओं को उठाकर घर ले जाते नजर आए। इस दौरान भक्त ट्रैक्टर डाला आदि पर मां भवानी की प्रतिमा को जयकारा लगाते हुए लेकर निकले। कई स्थानों पर तो मां भवानी के स्वागत में डीजे भी बजाए गए। आसपुर देवसरा इलाके की दयालगंज बाजार आमापुर, ढकवा, अमरगढ़ आदि बाजारों में कारीगर मां भवानी की प्रतिमा बनाने के लिए कई महीने से कार्य कर रहे थे और अपनी प्रतिमाओं को एक दिन पूर्व ही अंतिम रूप दे दिया। बुधवार को देर शाम तक यह प्रतिमाएं जयकारे के साथ भक्तजन स्थापना के लिए ले गए।

# गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती का उत्सव



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** वीएस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल चकवंतोड़ में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर हमारी निदेशिका श्रीमती अलका सिंह और प्रधानाचार्य श्रीमती जया रॉय ने झंडा फहराया और माल्यार्पण किया।कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा %रघुपति राघव राजा राम% के भजन से हुई। छात्रों ने गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए शौर्य दुबे और शुभम जायसवाल ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। छात्रों ने साबरमती आश्रम और चरखा बनाकर इस कला का प्रदर्शन किया। पार्थ शर्मा, वत्सल राई, आदर्श गुप्ता और आज़ाद सिंह राजपूत, रक्षिता ओझा,अविरल, एकता मिश्रा, तेजस ओझा, शुभम प्रजापति सभी विद्यार्थियों ने सफाई अभियान में भाग लेकर गांधी जी के नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।प्रधानाचार्य श्रीमती जया रॉय ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए महापुरुषों के योगदान और उनकी शिक्षाओं के महत्व पर चर्चा की। इस कार्यक्रम ने छात्रों में स्वच्छता और समाज सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया।

# धूमधाम संग मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**पट्टी प्रतापगढ़** -इलाके में धूमधाम से दो महापुरुषों की जयंती मनाई गई। सरकारी संस्थानों पर ध्वजारोहण कर शपथ भी दिलाई गई। 2 अक्टूबर को भारत देश में भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाती है। बुधवार को भी सुबह तहसील परिसर में एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद कोतवाली में कोतवाल आलोक सिंह के अलावा अन्य सरकारी संस्थानों में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पट्टी कोतवाली में कोतवाल आलोक सिंह ने शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार सभी पुलिसकर्मियों को स्वच्छता आदि के प्रति शपथ दिलाई। इसी तरह आसपुर देवसर थाने पर थाना अध्यक्ष संतोष सिंह ने ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी और पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई।

# सपाइयों ने जयंती पर गांधी एवं शास्त्री को दी श्रद्धांजलि



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भआज बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आजादी के महानायक %राष्ट्रपिता% महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री %भारत रत्न% लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात् गोष्ठी का आयोजन किया गया। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी गुलफाम खान व संचालन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ने कहा कि महात्मा गांधी का जन्म गुजरात के पोरबंदर में दो अक्टूबर 1869 को हुआ था। उनके जन्मदिन को गांधी जयंती के साथ ही अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने देश को अहिंसात्मक तरीके से आन्दोलन कर अंग्रेजों से आजादी दिलाई।लालबहादुर शास्त्री जी भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री रहे। इस प्रमुख पद पर उनका कार्यकाल अद्वितीय रहा। शास्त्री जी ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्री जी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मंत्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मंत्रालय सौंपा गया। परिवहन मंत्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला कण्डक्टर्स की नियुक्ति की थी। उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिये मरणोपरान्त %भारत रत्न% से सम्मानित किया गया। लाल बहादुर शास्त्री एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने जय-जवान जय-किसान का नारा भी दिया।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अश्वनी सोनी, अनिल यादव, राजकुमार यादव, महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती शांति सिंह, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष साजिद अली, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राम बहादुर पटेल, सफात अहमद, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, वकार अहमद, पिंटू प्रजापति, सुनील यादव, जगदीश यादव, राजू यादव, संतोष यादव, मानवेन्द्र पटेल, हरीश शुक्ला, डॉ.एजाज अहमद, सैफी सिद्दीकी, अनाम प्रतापगढ़ी, सैफुल्ला खान, चंद्रपाल यादव, राघवराम यादव, मुस्तफा जाफरी, धीरेन्द्र यादव, जयनारायण यादव, पं.करोड़ीमल शर्मा, विकास यादव, जीतेंद्र पटेल, राजेश यादव, चन्दन कुमार, विजय यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापक की बीएसए से शिकायत

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हड़पुरशौध प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ को दिए शिकायती पत्र में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर अनेक आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि वह देर से आने के बाद वह कुर्सी पर या चटाई पर ही सो जाते हैं। बच्चे जब उनसे कुछ पूछते हैं तो वे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें डाट देते हैं। इससे कक्षा में भय का माहौल बना रहता है। बच्चों का पठन पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रधानाध्यापक पर नशे में स्कूल आने का भी आरोप है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# यादव महासभा का एक दिवसीय बौद्धिक चिंतन सम्मेलन आयोजित

● स्वजातीय बुद्धिजीवियों ने अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष का लिया संकल्प



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेशीय यादव महासभा का एकदिवसीय चिंतन-मंथन सम्मेलन बिहार ब्लॉक के लोदीपुर देवर पट्टी में गांधी जयंती के अवसर पर लोकतंत्र सेनानी हरि राम सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य तथा ओम प्रकाश यादव के संयोजकत्व में आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव मुन्ना ने कहा कि आज का युग ज्ञान विज्ञान का है। भाग्य और भगवान के भरोसे कुछ भी हासिल नहीं होगा। शिक्षा और कर्म से ही संघर्ष के रास्ते पॉलीटिकल पावर हासिल करेंगे तभी आपका जीवन बेहतर तथा अंधविश्वास से दूर होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में फैली कुरीतियां तथा धर्म के ठेकेदारों द्वारा समाज में फैलाए गए अंधविश्वास के खिलाफ एकजुट होकर पूरे समाज को संघर्ष करने की जरूरत है। अंधविश्वास शिक्षा से ही भगाया जा सकता है। प्रांतीय संरक्षक राम मूर्ति यादव ने कहा कि ढहझूठ और पाखंड के खिलाफ शिक्षित युवाओं को आगे आना होगा तभी समाज में क्रांतिकारी बदलाव संभव है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामकृपाल यादव तथा संचालन राम लखन यादव एडवोकेट ने किया। सम्मेलन में आए हुए अतिथियों का संयोजक ओम प्रकाश यादव व ऋषभ यादव ने स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए विशिष्ट जनों का अंग वस्त्रम से सम्मानित किया। सम्मेलन में सेवा निवृत्त शिक्षक जगत बहादुर यादव, सत्यनारायण यादव, रामदत्त यादव, अवधेश प्रसाद यादव, सदाशिव यादव, धीरेंद्र प्रताप यादव, बीना यादव, रामखेलावन यादव, राजकुमार यादव, डॉ विजय यादव, शीतला प्रसाद यादव, रामचंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में स्वजातीय लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत की खुली बैठक में कार्य योजना को दिया अंतिम रूप



**कुंडा-प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबागंज की ग्राम पंचायत उतरार में आदर्श ग्राम निर्माण अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्रामीणों संग प्राथमिक विद्यालय उतरार में खुली बैठक कर कार्ययोजना के कार्यों का चयन किया गया। ग्राम प्रधान हंसराज देवी व ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार ने वार्ड सदस्यों से कार्यों के प्रस्ताव मांगे। ग्रामीणों के पेंशन, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि संबंधी समस्याओं का भी निस्तारण किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज व प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव, रोजगार सेवक रजनीश यादव, पंचायत सहायक आंचल शर्मा, वार्ड सदस्य बाबूलाल यादव, केश लाल मौर्य, नवनीत यादव, सुशीला देवी, सुमन मौर्या, गुड़िया पाल, अमित मौर्य, संदीप यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों ने गांधी एवं शास्त्री के वेश में किया मुग्ध



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवम भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को याद किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित राजाराम सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर नारायणपुर सुल्तानपुर में गांधी जी एवम शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई।

सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह तथा विद्यालय के व्यवस्थापक रबिंद्र सिंह अधिवक्ता ने समवेत राष्ट्र ध्वज फहराया। राष्ट्र गान के बाद सभी भैया बहिनों द्वारा भारत माता की जय महात्मा गांधी अमर रहे लालबहादुर शास्त्री अमर रहे का उदघोष होने के बाद प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने सभी अतिथियों का परिचय एवम सम्मान किया।कुछ भैया बहिन गांधी जी एवम शास्त्री जी के वेश में वास्तविक रूप में गांधी जी एवम शास्त्री जी ही लग रहे थे।परिचय के उपरांत बहिन उषा शुक्ला ने गांधी जी एवम सुधीर जी ने शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला।अपने अतिथि उद्बोधन में अतिथि कहा कि गांधी जी के मन में देश को स्वतंत्र कराने की संघर्ष गाथा उनके विचार को को आज दुनिया आत्मसात करती है और उनके अहिंसात्मक आंदोलन लोगों को एक साथ अंग्रेजो से संघर्ष के लिए आगे आने तैयार करने के विभिन्न प्रसंग भैया बहिनों को बताए तथा उन्हें आत्मसात करने का आग्रह किया। इसी प्रकार प्रबंधक ने शास्त्री जी के बाल्य काल गंगा नदी को तैर कर पार कर अध्ययन के लिए रामनगर से वाराणसी आना प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने बच्चो को पढ़ने के लिए रिक्शे से भेजने का प्रसंग सुनाकर भैया बहिनों को उनकी सादगी और सदा जीवन उच्च विचार जय जवान जय किसान के नारे को रेखांकित किया। अन्त में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अशोक सिंह जी ने सभी अतिथियों एवम अभिभावको के प्रति आभार ज्ञापन किया। भैया बहिन लड्डू पाकर चहक उठे।

# गाँधीजी व शास्त्रीजी की जयन्ती पर स्वच्छता का दिये संदेश



**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** कुंती देवी महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सराय सुल्तानी रानीगंज महाविद्यालय के तत्वाधान में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के उप्राचार्य डॉक्टर क्षमापति त्रिपाठी ने किया। जिन्होंने अपने प्रेरणादाई अभिभाषण के माध्यम से स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सौरभ त्रिपाठी एवं प्रोफेसर मयंक श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर हाजरा बेगम प्रोफेसर श्वेता तिवारी प्रोफेसर जगन्नाथ शर्मा प्रोफेसर अनुपम पांडे एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर हरीश मिश्रा आदि मौजूद रहे। तदोपरांत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवियों के द्वारा एक रैली निकाली गई। जिसके अंतर्गत चयनित ग्राम में जाकर मलिन बस्ती की साफ सफाई की

# राष्ट्र की एकता व अखंडता के नायक रहे राष्ट्रपिता-गायत्री मिश्रा

## स्वच्छता पखवारा के लिए जन भागीदारी पर जोर देते हुए दिलाई शपथ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** ब्लॉक मुख्यालय मेजा में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म जयंती पर प्रमुख गायत्री मिश्र ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ध्वजारोहण किया है।उन्होने राष्ट्र पिता को समर्पित स्वच्छता पखवारा के लिए शपथ दिलाते हुए ,वेहतर कार्य करने वाले तीन सफाई कर्मियों को सम्मानित किया है।

गांधी जयंती के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने स्वच्छता पखवारा की शुरुआत करते हुए जन भागीदारी के लिए अपील की है।मेजा ब्लॉक प्रमुख गायत्री गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि वगैर जन भागीदारी के यह अभियान सफल नही हो सकता है।



उन्होने पँचायत प्रधानों का आह्वाहन किया है कि इस मिशन की अगुआई करें और स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत अभियान को आगे बढ़ाएं। ब्लॉक मुख्यालय पर राष्ट्रपिता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाया है। उन्होने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए ,राष्ट्रपिता गांधी के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया हैं।

प्रमुख गायत्री गंगा प्रसाद मिश्र ने ब्लॉक के सफाई कार्य के लिए तीन सफाई कर्मियों का सम्मान किया है। उन्होने कहा कि इस सम्मान से सफाई कर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों के बीच एक संदेश जाएगा।श्रीमती मिश्र ने मेजा खास ग्राम पंचायत में सफाई कार्य कर रहे बब्बन सिंह, घोरहा गांव के सफाई कर्मी राकेश कुमार हेला तथा तहसील मुख्यालय पर सफाई कर्मी मुस्ताक अहमद को सम्मानित किया है।

ब्लॉक परिसर में प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, खंड विकास अधिकारी आनन्द देव पांडेय, अवर अभियंता ग्रामीण अनिल धुर्वे, सुशांतु पांडेय एडीओ एसके, राजेश तिवारी बीटी, अजय यादव आपरेटर, राजमणि, आशुतोष मिश्र, मयंक शुक्ल, राहुल मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

## घर के ऊपर लटकते तार से खतरा की आशंका



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** विद्युत उपकेंद्र होलागढ़ के अंतर्गत मनसा के पूरा निवासी अधिवक्ता एवं किसान पेट्रोल पंप के मालिक राजेश कुमार त्रिपाठी के घर के ऊपर और बगल से बिजली का पोल व तार ले जाया गया है।जो किसी बड़े हादसा को दावत दे रहा है। राजेश ने घर की छत पर विजली का तार कई बार टूट कर गिर भी चुका है। हालाकि अभी तक कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है।मामले की सूचना राजेश ने विद्युत अधिकारियों को दी है। मगर ऐसा लगता है विभाग किसी अनहोनी की राह देख रहा है।

# वैचारिक गोष्ठी व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** आर0 के0 ग्रुप ऑफ इन्स्टीयूशन्स नैनी, प्रयागराज के तत्वाधान में आर0 के0 कालेज ऑफ फार्मेसी की ओर से महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस पर वैचारिक गोष्ठी एवं स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का आरम्भ संस्था रजिस्ट्रार श्री अनुज शुक्ला जी ने महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद संस्था के सभागार में आयोजित गोष्ठी में अधिकारीगण, शिक्षकगण, एवं छात्र-छात्राओं नें अपने विचार प्रस्तुत किये। रजिस्ट्रार श्री अनुज शुक्ला जी ने बताया की महात्मा गांधी ने हमें ऊँच-नींच, जातिगत भेदभाव दूर करने का संदेश दिया तथा लाल बहादुर शास्त्री जी नें ''जय जवान जय किसान'' का नारा देकर देश की अखण्डता का संदेश दिया। इसके बाद फार्मेसी प्राचार्य डॉ0 सी0एस0 सिंह जी ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि हम जो बदलाव दूसरों में लाना चाहते हैं वही बदलाव स्वयं में लाना होगा तभी सही मायने में देश का विकास होगा। उन्होनें अध्यापकों को संदेश देते हुए कहा कि छात्रों का पाठ्यक्रम पूरा करा देना बड़ी बात नहीं है, सही शिक्षा वह है जो छात्रों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करनें के लिए तैयार करे।

उक्त कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के अतिरिक्त नर्सिंग प्राचार्या श्रीमती विक्टोरिया देवी, रजिस्टार अनुज शुक्ला उप प्राचार्य दिलीप कुमार, कार्तिकेय मिश्रा, सैन कुमार, उपेन्द्र, शुभम, सत्येन्द्र, विजय सोनी, नमन, सुभाष, आर0सी0 श्रीवास्तव, सहित समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# शिक्षा को लेकर सदा सहयोगी रहीं पूर्व विधायक-विनोद पांडेय

## प्रबुद्ध शिक्षक संघ ने शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** पूर्व विधायक नीलम करवरिया की असमय हुए निधन पर समर्थकों व उनके नजदीकी लोगों द्वारा श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है।प्रबुद्ध शिक्षक संघ द्वारा एक शोकसभा करके पूर्व विधायक के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन रहकर श्रद्धांजली दी गयी।

शोक सभा के दौरान प्रबुद्ध मंच के संस्थापक विनोद पांडे ने कहा कि करवरिया जी का व्यक्तित्व सरल था, वह हमेशा ही शिक्षा, शिक्षण व उससे जुड़ी समस्याओं को ध्यान से सुनती रहीं और हर सम्भव सहयोग करती रही। उन्होने सहयोगी स्वभाव से जनपद में अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। ऐसे जनप्रतिनिधि कम ही होते हैं। शोक सभा का आयोजन प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित संगीत सम्राट गार्डन में हुआ है।

मंच से मेजा शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि नीलम करवरिया की असामयिक मृत्यु पर अभी तक विश्वास नहीं हो रहा है। वह एक ऐसी जननेता रही, जिनसे अपनी बात कहने में कोई संकोच नहीं होता था। सबकी छोटी बड़ी समस्याओं को सुनती और उसका निदान करने का प्रयास करती रही। उनका राजनैतिक जीवन एक मिशाल है।शोक सभा में बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

शोक सभा का संचालन ब्रह्म प्रकाश द्विवेदी ने किया। श्रद्धांजलि देने वालो में भारतेंदु त्रिपाठी, प्रवीण शुक्ल, दिनेश मिश्र, सुनील तिवारी, अखिलेश मिश्र, छविनाथ तिवारी, जया शर्मा ,नीलम श्रीवास्तव, राजेंद्र अनुरागी, अनामिका पांडे, माया त्रिपाठी ,नेहा पांडे, मीनाक्षी मिश्र सहित कई दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# माटी की गिलेई पर चढ़ा आस्था का रंग

## मां के भक्त बाजे गाजे के साथ पूजा पंडाल ले गए दुर्गा मूर्ति



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** पश्चिम बंगाल के विश्व प्रसिद्ध दुर्गा पूजा का दायरा बढ़कर प्रदेश के गांव गांव तक पहुंच चुका है। शारदीय नवरात्र के लिए पूजा पंडालों की तैयारियाँ पूरी कर ली गयी हैं।बुधवार को माँ के भक्त पूरे दिन गाजे बाजे के साथ पंडाल में स्थापित करने के लिए माँ की मूर्ति जयकारे लगाते हुए ले गए हैं।

शारदीय नवरात्र का गुरुवार से आगाज हो रहा है।मेजारोड में पश्चिम बंगाल से आये मूर्तिकारों ने मिट्टी की गिलेई पर आस्था के रंग भरकर माँ दुर्गा का मनमोहक स्वरूप बनाया है।क्षेत्र के गांव गांव पूजा पंडालों में माँ को स्थापित करने के लिए माँ के भक्तों द्वारा मूर्ति को वाहनों पर रखकर झूमते नाचते और जयकारे लगाते हुए ले जाते देखे गए हैं।गुरुवार को शुभ मुहूर्त में माँ को स्थापित कर नौ दिवसीय पूजा आराधना का यह पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

शक्ति के भक्ति के इस महापर्व को लेकर भारी उत्साह है।पंडालों में माँ को स्थापित करने से पूर्व भक्त गंगा में स्नान कर पूरे विधि विधान से कलश स्थापना के साथ वैदिक मंत्रों के बीच माँ की स्थापना करेंगे।पूजा पंडालों को बन्दनवार और झालरों से भव्यता दी जा रही है।पंडालों में पूरे दिन माँ के गीत ब भजन गूंजेंगे।प्रतिदिन संध्या आरती के लिए भक्तों की भीड़ शक्ति की आशक्ति में सराबोर नजर आएगी।

# मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय द्वारा सत्यम कुमार केशरी को मिला प्रशस्ति-पत्र



**नैनी(प्रयागराज)।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय द्वारा सत्यम कुमार केशरी को रक्तदान शिविर आयोजन में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान हेतु प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया है। सत्यम केशरी, शुआट्स में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के उप समन्वयक है। उक्त कार्यक्रम में शुआट्स एनएसएस द्वारा वर्ष में कई बार रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने की सराहना की गई जिसमें छात्र-छात्राएं एवं फैकल्टी सदस्य स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं और मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय ब्लड बैंक को सेवा भाव से उपलब्ध कराते हैं। प्रभारी रक्त केंद्र नाहिदा खातून सिद्दीकी, चिकित्सालय प्रमुख अधीक्षक डॉ. माया देवी, सुशील तिवारी, कुलदीप सिंह आदि की उपस्थिति में उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान दिया गया।

# देवकुंड नाथ मंदिर में फिर हुई चोरी

## घटना से शिव भक्तों में दिखा आक्रोश




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं नही थम रही हैं।चोरों के निशाने पर अब देवालय आ गए हैं। मांडा थाना क्षेत्र के देवकुंड नाथ धाम में सोमवार की रात चोरों ने मंदिर परिसर में लगी सौर ऊर्जा लाइट को चोरी कर लिया, जिससे ग्रामीणों में गुस्सा है। इस मंदिर में यह पहली बार नहीं है जब चोरी हुई है। इससे पहले भी चोरों ने मंदिर से घंटा और अन्य सामान चोरी किया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने चोरी के विरोध में थाने का घेराव किया और हनुमान चालीसा का पाठ किया था।ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है, लगातार चोरी की घटना से उनकी की भावना आहत हो रही है। पौराणिक मंदिर में चोरी कर अपराधी पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं, और लोगों की भावना से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिवभक्तों ने इस घटना के खुलासे की मांग की है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वराज सपने को साकार करने की दिशा में भाजपा कर रही काम - राजमणि



**कोरांव(प्रयागराज)।** कोरांव की बसहरा और बहियारी ग्राम पंचायतें सरकार द्वारा चयनित व प्रोत्साहित विशेष ग्राम सभाएं हैं। पंचायती राज मंत्रालय के निर्देश पर 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभाओं में जन योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर द्वय महापुरुषों को याद कर नमन करते हुए सरकार की लाभकारी योजनाओं से रुबरु कराया गया। दोनों ग्राम सभाओं में कार्यक्रम का आयोजन बीडीओ कोरांव मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया जहां पर बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल ने उपस्थित होकर भारी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि जन योजना के इस पहल में समावेशी भागीदारी सबसे प्रमुख है। विशेष ग्राम सभाएं जन योजना अभियान का हिस्सा हैं जो बुजुर्गों के ज्ञान का सम्मान व युवाओं तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर लोकतंत्र और शासन कां जड़ां को मजबूत बनाएगां। भाजपा सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज सपने को साकार करने की दिशा में काम कर रही है। बीडीओ ने कहा जन योजना का उद्देश्य जीपीडीपी की तैयारी और कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना है। समग्र और समावेशी ग्रामीण विकास सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से स्वास्थ्य शिक्षा स्वच्छता और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इस दौरान मौजूद लोगों को स्वच्छ भारत , जन योजना व संविधान उद्देशिका की शपथ भी दिलाई गई। प्रमुख रूप से उक्त के अलावा एडीओपी विवेक कुमार मिश्र , एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह , ग्राम विकास अधिकारी आनंद मोहन सिंह बबुआन द्विवेदी रिन्कू द्विवेदी अवधेश मिश्रा समीर मिश्र प्रभाकर सिंह गणेश तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गांधी एवं शास्त्री जयंती पर फहराया झंडा, आयोजित हुई प्रतियोगिताएँ



**कौंधियारा (प्रयागराज )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस पूरे कौंधियारा क्षेत्र में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

विकास खंड कौंधियारा में ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा व प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष इंद्रनाथ मिश्र ने बापू जी व शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस दौरान बापू के प्रिय भजन %रघुपति राघव राजा राम% का गायन कर उन्हें याद किया गया। बापू एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया गया।

मौके पर बीडीओ कौंधियारा चंदन देव पाण्डेय, एडीओ पंचायत प्रेमचंद सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अमान उल्लाह सहित समस्त सचिव और ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहें।

इसी तरह क्षेत्र के श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज के प्रांगण में गांधी एवं शास्त्री जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय द्वारा झंडा फहराया गया व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि दी गयी।

इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के 45 छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पेंटिंग सामग्री और राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया।

इस मौके पर प्रवक्ता शुशील सिंह, वीना उपाध्याय,आरती मौर्य, रामसुंदर, गणेश शुक्ल ,धीरेंद्र सिंह, अमरेंद्र कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, अखिलेश कुमार, गेंदालाल, कृष्ण कुमार दुबे, राजकुमार कुशवाहा, आशुतोष कुशवाहा, प्रिया कुशवाहा, पूजा मिश्रा, प्राची केसरवानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष शुक्ल ने किया।

# भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे स्थानीय सांसद विधायक



**खीरी (प्रयागराज)।** विधानसभा कोराव के बड़ा गांव में चल रही सात दिवसीय संगीत मय भागवत के समापन के दिन भागवत कथा श्रवण करने प्रयागराज सांसद कु.उज्ज्वल रमण सिंह एवं पूर्व विधायक राजबली जैसल सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग पहुंचे बताते चलें कि व्यास पीठ पर आसीन भागवत प्रवक्ता राघव जी महाराज की कथा श्रवण करने प्रयागराज के सैकड़ो गांव के लोग एवं स्थानीय प्रतिनिधि पहुंच कर महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया कथा श्रवण कर पश्चात सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह द्वारा बतलाया गया कि भागवत कथा के श्रवण से मन को शांति एवं सुमार्ग पर चलने का अवसर प्राप्त होता है यमुनापार एवं यहां के लोगों से मिलने पर ऐसा लगता है कि मैं अपने परिवार और अपने परिवार के सदस्यों के बीच बैठा हूं दक्षिणांचल के पुरोधा कहे जाने वाले स्वर्गीय नेताजी से सदैव पारिवारिक स्नेह मिलता रहा आपके परिजनों द्वारा यह आयोजन आपके लिए एक सच्ची श्रद्धा और आपके प्रति लगाव को दर्शाता है राघव जी महाराज द्वारा आज कथा के दौरान सुदामा चरित्र, जरासंध वाद, व्यास पूजन के साथ कथा का समापन भागवत आरती के साथ किया गया उक्त मौके पर देशराज सिंह,जोगेंद्र सिंह,विनय कुशवाहा,पुष्पराज सिंह,राजबली जैसल,राजेश पटेल,प्रमोद पयासी,नित्यानंद उपाध्याय,सरदार सिंह,गिरिजेश शुक्ला,अशोक चौधरी,विजय केसरी,बंशराज यादव,लवकुश कुमार,भीम कुमार,शिव प्रसाद,इंद्रदमन,पप्पू,देवेंद्र मिश्र,अरुण कुमार,रत्नेश कुमार,चंद्रिका प्रसाद,कमलेश्वर तिवारी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे

## पंडालों में आज विराजेंगी मां दुर्गा

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** शारदीय नवरात्र का गुरुवार से शुभारंभ होगा । मां दुर्गा के नौ रूपों की नौ दिनों तक उपासना की जाएगी । जिन पंडालों में पहले दिन मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी । उसे दुल्हन जैसा भव्य रूप दिया गया है । नन्हे - मुन्ने बच्चों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए बकायदा व्यवस्थाएं भी की गई है ।लेडियारी बाजार समेत आसपास के दर्जनों गांवों में मां दुर्गा की स्तुति के लिए पूजा पंडाल बनाए गए हैं । कालीधाम मंदिर परिसर में मां दुर्गा पूजा कमेटी में पंडाल को खूबसूरत और सुंदर स्वरूप दिया है । बुधवार को पंडाल समेत मां दुर्गा के स्थान को सजाकर व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई । मुख्य बाजार स्थित लेड़ियारी मंडी तिराहा में नव युवक दुर्गा कमेटी ने भी पंडाल को भाव रूप से दिया है

# सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में गांधी जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न

**नैनी(प्रयागराज)।** नैनी स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में गाँधी जयंती का समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ के बी पांडेय पूर्व कुलपति तथा डॉ उषा मिश्रा (प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय), विद्यालय के निदेशक डॉक्टर पन्ना लाल (पूर्व आईपीएस),प्रबंधक डॉ अजय कुमार एवं विद्यालय के अपर निदेशक सुशील तिवारी,प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया तथा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों ने महात्मा गांधी की सत्य न्याय और अहिंसा के सिद्धांतों पर चर्चा की। कार्यक्रम में एक विशेष नाटक, भजन और नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्रों ने महात्मा गांधी के जीवन की महत्वपूर्ण



घटनाओं को जीवंत किया। कार्यक्रम का अन्त स्वच्छ भारत अभियान के विशेष आयोजन के साथ हुआ। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्रों ने प्रतिभाग किया।

प्रबंधक डॉ अजय कुमार ने बच्चों को बताया कि महात्मा गांधी के त्याग और देश की आजादी में अहम योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपिता का दर्जा दिया गया है इसलिए समस्त देशवासी आज भी उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी/बापू गांधी के नाम से जानते हैं। अपर निदेशक सुशील तिवारी ने उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने देश को गुलामी की जंजीरों से छुड़ाने के लिए कोई अस्त्र नहीं उठाया। उन्होंने अहिंसा को परम धर्म बताते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था। प्रबंधक ने बच्चों को उनके बताए गए सिद्धांत को हमेशा मानने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल ने गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा आए हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया।

अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।इस अवसर पर डॉ वीनू श्रीवास्तव प्राचार्य किशोरी लाल गर्ल्स पीजी कालेज,डॉ सतीश वर्मा प्राचार्य किशोरीलाल पीजी कालेज तथा विद्यालय के को ऑर्डिनेटर वरुण शुक्ल,अर्पित कुमार शुक्ल तथा प्रीति दुबे एवं शिक्षक आर्यन, मयंक, मनोज, स्नेहलता, रक्षा आदि उपस्थित रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**नैनी(प्रयागराज)।** आज बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती और शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल की तरफ से मवैया गांव में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में लगभग 250मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवा वितरण किया गया शिविर में मुख्य रूप सेअस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एके राय, जनरल फिजिशियन डॉक्टर सी बी उपाध्याय मुख्य फार्मासिस्ट अजय उपाध्याय सम्मिलित थे

# स्वच्छता हमारे जीवन का संस्कारः मनीष

**करछना(प्रयागराज)।** स्वच्छता बापू के सपनों वाले स्वतंत्र भारत का एक मुख्य अभियान और लक्ष्य था।यही स्वच्छता हमारे सुखद जीवन का संस्कार है।आज हम सबको मिलकर शपथ लेने की जरूरत है कि इस अभियान को उनकी स्मृतियों को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में अपना कर पूरे संकल्प के साथ आगे बढ़ें।यह बातें महात्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी की पावन जयन्ती के मौके पर रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण के उपरांत प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। उन्होंने शास्त्री जी के कृतित्व और व्यक्तित्व को नमन करते हुए उनकी सोच वाले सम्बृद्ध भारत के लिए एकजुटता और अखण्डता के प्रति सभी का आवाहन किया। शिक्षकों ने भी बापू और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वच्छता का संकल्प लिया। इस दौरान बापू जी के विचारों पर चर्चा भी की गई।लोकगायिका मोहिनी श्रीवास्तव ने बापू के मनभावन भजन प्रस्तुत कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस मौके पर मौजूद सभी शिक्षक,कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता,अखण्डता का संकल्प लिया।



# दंगल प्रतियोगिता में सर्व विजेता बने पहलवान साहब लाल

**कोरांव(प्रयागराज)।** तहसील क्षेत्र कोरांव के पचेड़ा गांव में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा नेता राजेश्वरी तिवारी के सौजन्य से विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों से आए हुए पहलवानों ने अपनी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजित दंगल समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कोरांव विधायक राजमणि कोल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में चेयरमैन ओम प्रकाश केशरी ने उपस्थित होकर पहलवानों का हौंसला अफजाई किया। दंगल प्रतियोगिता को देखने के लिए क्षेत्रीय सहित सुदूर के लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हुई। दंगल प्रतियोगिता के सर्व विजेता साहब लाल पहलवान घोषित हुए। इस दौरान भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ जुटी रही।



# नेपाल -बाढ़ और भूस्खलन के कारण देशभर में 13 राजमार्ग पूरी तरह से बंद



**काठमांडू, (हि.स.)।** लगातार बारिश तथा बाढ़ और भूस्खलन के कारण नेपाल में अवरुद्ध हुए 48 में से 13 राजमार्ग अभी पूर्ण रूप से अवरुद्ध हैं और निकट भविष्य में इन पर यातायात बहाल हो पाएगा, इसमें संशय है। इनमें अधिकांश राजमार्ग राजधानी काठमांडू को जोड़ने वाले हैं।नेपाल पुलिस के केंद्रीय प्रवक्ता की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह तक 13 राजमार्गों पर अब तक परिचालन बहाल नहीं होने के कारण वैकल्पिक रास्ता खोलने का प्रयास जारी है। आम लोगों को जानकारी दी गई है कि अवरुद्ध रहे राजमार्ग पर कोई भी यात्रा न करे। सार्वजनिक बसों को इन राजमार्गों पर चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।काठमांडू से तराई को जोड़ने वाले सबसे कम दूरी के दक्षिणकाली राजमार्ग 8 स्थानों पर भूस्खलन के कारण पूरी तरह से अवरुद्ध है। पिछले हफ्ते बाढ़ से पूरी तरह टूट चुकी सड़क चालू करने में काफी समय लगने वाला है। सड़क विभाग की तरफ से कहा गया है कि हेतौड़ा से लेकर सिसनेरी तक यह राजमार्ग आठ स्थानों पर नदी में आए बाढ़ में बह गया है। यहां दुबारा सड़क बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। इस राजमार्ग पर आए भूस्खलन के मलबे को हटाने का काम जारी है।

इसी तरह काठमांडू से बाहर निकलने वाले नवनिर्मित कांतिपथ राजमार्ग जो कि ललितपुर के गोदावरी से होकर गुजरती है, यह राजमार्ग 6 स्थानों पर पूरी तरह से टूट चुका है।

इस राजमार्ग का अब तक औपचारिक उद्घाटन भी नहीं हो पाया था। इस राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण करीब पांच किलोमीटर की सड़कें भी टूट चुकी हैं और राजमार्ग पर बने तीन नवनिर्मित पुल भी बाढ़ के पानी में बह गये हैं।पुलिस ने जानकारी दी है कि लेले-टीकाभैरव की ओर जाने वाली सड़क चालू नहीं है।

धनकुटा के चौबीसे में भूस्खलन से रांके भेड़ेटार मार्ग अवरुद्ध है, जिसके कारण विराटनगर से धारण होते हुए संखुवसभा को जोड़ने वाला यह राजमार्ग भी अवरुद्ध है। इस राजमार्ग के अवरुद्ध होने से संखुवासभा में निर्माणाधीन अरुण 3 हाइड्रो पावर प्रॉजेक्ट का निर्माण कार्य भी रुक गया है।काठमांडू से कलंकी होते हुए चितवन को जोड़ने वाले पृथ्वी राजमार्ग और काठमांडू से बलखू होते हुए मकवानपुर तक जाने वाले त्रिभुवन राजमार्ग भी अवरुद्ध है।इन दोनों ही राजमार्ग पर क्रमश- 5 और 3 स्थानों पर भूस्खलन से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इसी राजमार्ग को जोड़ने वाले नौबीसे नागढूंगा के पास जबरदस्त भूस्खलन की चपेट में दो यात्री बसों के फंसने से 40 यात्रियों की मौत हो गई थी। यहां भूस्खलन का मलबा हटाने का काम अंतिम चरण में है लेकिन टूटी सड़क को बनाने में काफी समय लगने वाला है।इसी तरह कुलेखानी मार्खू रोड, भीमफेदी कुलेखानी फाखल रोड और रामचंद्र भंजयांग पूरी तरह से अवरुद्ध है। भूस्खलन से काभ्रेपलानचोक और सिंधुली में 4 स्थानों पर बीपी राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। रोशी नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण बीपी राजमार्ग पर बने 8 पुल टूट चुके हैं।

## प्रधानमंत्री स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संस्कृति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्राप्त स्मृति चिह्नों की ई-नीलामी की अंतिम तारीख को 2 अक्टूबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया है। यह नीलामी भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत को दर्शाती है।बुधवार को मंत्रालय ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति आधिकारिक वेबसाइट- द्धह्लह्लश्चह्य-//श्चद्वद्वद्गद्वद्गठ्ठ-ह्लश्चह्य.द्दश1.द्बठ्ठ/ के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं और नीलामी में शामिल हो सकते हैं।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्राप्त हुए उपहारों की प्रदर्शनी और ई-नीलामी उनके जन्मदिन के अवसर पर 17 सिंतबर से 2 अक्टूबर तक के लिए लगाई गई थी, जिसकी अंतिम तारीख को अब बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दिया गया है।इस ई नीलामी में पारंपरिक कला का अनूठा कलेक्शन है, जिसमें पेंटिंग, उत्कृष्ट मूर्तियां, स्वदेशी हस्तशिल्प, मनोरम लोक और आदिवासी कलाकृतियां हैं। इनमें पारंपरिक अंगवस्त्र, शॉल, टोपी और औपचारिक तलवारें भी हैं।

# झारखंड के साहिबगंज में बम विस्फोट कर रेलवे ट्रैक उड़ाया

**▶▶ लोगों की सजगता से बड़ा हादसा टला**



**साहिबगंज, (हि.स.)।** झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहेट में अज्ञात अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। दरअसल, मंगलवार की आधी रात में पश्चिम बंगाल फरक्का एमजीआर ट्रैक पर बम विस्फोट हुआ है, जिससे पटरी क्षतिग्रस्त हो गयी है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व एनटीपीसी के अधिकारी छानबीन कर रहे हैं।
जानकारी के अनुसार साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगा घुट्ठ टोला से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एमजीआर रेल लाइन पोल संख्या 40/1 के समीप बुधवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने बम विस्फोट कर दिया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को बुधवार की अहले सुबह उस वक्त हुई जब वे वहां से गुजर रहे थे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना एनटीपीसी के कर्मियों व पुलिस अधिकारियों को दी।ग्रामीणों के अनुसार, उस ट्रैक से ललमटिया से फरक्का की ओर जाने वाली एक मालगाड़ी करीब सुबह छह बजे गुजरने वाली थी लेकिन उससे पहले ही ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक को देख लिया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गयी।

इसके बाद एनटीपीसी के कर्मियों ने उस मालगाड़ी को पोल संख्या 42/2 के पास रोक दिया। एनटीपीसी के नाइट गार्ड जितेंद्र साह ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 11.30 बजे में ड्यूटी के दौरान उसने विस्फोट की आवाज सुनी थी लेकिन टायर फटने की आशंका की वजह से वह उस वक्त ध्यान नहीं दिया। सुबह मुंशी द्वारा पटरी में बम ब्लास्ट की सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना से महज 10 फीट की दूरी पर एक तार भी बरामद किया गया है।इधर, घटना के बाद बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह, जामुदा राजमहल एसडीपीओ विमल त्रिपाठी, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार समेत अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रहे हैं। इस संबंध में साहिबगंज के एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले जांच कर रही है। एफएसएल की टीम भी आ रही है। हर बिंदु जांच की जाएगी। हालांकि, उन्होंने इसे नक्सली घटना मानने से इनकार किया है।

# महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन को साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिएः अमित शाह



**मुंबई, (हि. स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने का सुझाव दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अमित शाह को आश्वस्त किया है कि महाराष्ट्र में आगामी सरकार एनडीए गठबंधन की ही बनेगी।

मुख्यमंत्री शिंदे ने बुधवार को अमित शाह से राज्य में जल्द से जल्द एनडीए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा किए जाने की भी मांग की है।अमित शाह मंगलवार से दो दिनों के लिए महाराष्ट्र दौरे पर हैं। बुधवार को अमित शाह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मिले और राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अमित शाह को शिवसेना की ओर से संभावित सीटों की सूची पर कहा कि सीटों का बंटवारा जल्द किया जाना जरुरी है अन्यथा लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा में भी नुकसान हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे किसी भी कीमत पर राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार लेकर आएंगे। इसमें कोई शक नहीं है लेकिन सीटों के आवंटन का मामला जल्द निपटाया जाना चाहिए।इसी प्रकार अमित शाह ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी चर्चा की । इसके साथ ही राकांपा अजीत पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे भी अमित शाह से मिले और राकांपा को मिलने वाली सीटों का तत्काल निपटारा करने की भी मांग की।

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने आज सुबह सह्याद्रि अतिथिगृह में जाकर अमित शाह से मुलाकात की थी। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा नेताओं से चर्चा की और उनका विचार सुन लिया है। अमित शाह आज दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि दिल्ली में ही महाराष्ट्र में कौन सहयोगी दल कितनी सीटें लड़ेगा, इसका निर्णय होने वाला है।

# महाकालेश्वर मंदिर और मप्र के रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

**● जैश-ए-मोहम्मद के नाम से मिला पत्र, लिखा-जिहादियों की मौत का बदला लेंगे**

**उज्जैन/भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के कुछ रेलवे स्टेशनों और उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। उज्जैन के पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बुधवार को बताया कि मीडिया के जरिए सूचना मिली है। हम सतर्कता बरत रहे हैं। राजस्थान पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की जाएगी।

महाकाल मंदिर के आसपास पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ सर्चिंग शुरू कर दी है।गौरतलब है कि यह धमकी भरा पत्र राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को मिला था। स्टेशन अधीक्षक ने पत्र खोला तो गोल मुहर में पोस्ट ऑफिस कोड 14440 और पंजाबी में कुछ लिखा मिला। पत्र पर हनुमानगढ़ पोस्ट ऑफिस की 30 सितंबर की मुहर है। लिफाफे के अंदर पुराना लाइनदार कागज मिला है, जिसमें दो नवम्बर को महाकालेश्वर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। साथ ही जयपुर, उदयपुर, बूंदी, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, हनुमानगढ़ और गंगानगर रेलवे स्टेशनों को बम 30 अक्टूबर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पत्र में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा है। यह पत्र डाक के जरिए भेजा गया है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने स्टेशन पहुंचकर पत्र की जांच की और इसकी जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दी। पत्र मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई और सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है।पत्र में लिखा है, ÷ हे खुदा मुझे माफ कर, जम्मू-कश्मीर में मारे जा रहे हमारे जिहादियों की मौत का बदला जरूर लेंगे। हम ठीक 30 अक्टूबर को जयपुर, जोधपुर, अलवर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, बूंदी, उदयपुर, बीकानेर, जयपुर मंडल, मध्य प्रदेश के भी रेलवे स्टेशन, 2 नवम्बर को उज्जैन महाकाल मंदिर, जयपुर के कई धार्मिक स्थानों, रेलवे स्टेशन और सैन्य अड्डों को बम से उड़ा देंगे। राजस्थान और मध्य प्रदेश को खून से रंग देंगे। जैश-ए-मोहम्मद, खुदा हाफिज।धमकी भरा पत्र मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर है। महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया गया है। महाकाल मंदिर के आसपास पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ सर्चिंग शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि मीडिया के जरिए सूचना मिली है, लेकिन हम सतर्कता बरत रहे हैं। स्थानीय पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं और तलाशी लीं। धमकी वाला पत्र भेजे जाने के संबंध में रेलवे पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पत्र भेजने वाले का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।



# अक्षय शिंदे एनकाउंटर मामले की जांच के लिए समिति गठित



**मुंबई, (हि. स.)।** बदलापुर दुष्कर्म मामले के आरोपित अक्षय शिंदे की पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत की छानबीन के लिए महाराष्ट्र सरकार ने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज दिलीप भोसले की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच समिति गठित की है। इस जांच समिति को 3 महीने के अंदर जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपने का आदेश दिया गया है।जानकारी के अनुसार बदलापुर दुष्कर्म मामले की जांच ठाणे एसआईटी कर रही थी, लेकिन 23 सितंबर को ठाणे एसआईटी टीम आरोपित अक्षय शिंदे को तलोजा जेल से बदलापुर पुलिस वेन में ला रही थी। उसी दिन मुंब्रा में पुलिस एनकाउंटर में अक्षय शिंदे घायल हो गया था। पुलिस ने घायल अक्षय शिंदे को कलवा स्थित शिवाजी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने अक्षय शिंदे को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने एनकाउंटर मामले की छानबीन सीआईडी को सौंप दी थी, लेकिन इस मामले में आरोपित अक्षय शिंदे के पिता अन्ना शिंदे ने बाम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया है कि बदलापुर दुष्कर्म मामले के असली आरोपितों को बचाने के लिए उसके बेटे की पुलिस ने हत्या कर दी। बाम्बे हाई कोर्ट ने इस याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और पुलिस पर कठोर टिप्पणी की। इसके बाद बुधवार को राज्य सरकार ने इस मामले की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश दिलीप भोसले की अध्यक्षता में गठित एक सदस्यीय समिति से करवाने का निर्णय लिया है।

# महात्मा गांधी ने हमें आध्यात्मिकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया है- लोक सभा अध्यक्ष



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। बिरला ने संसद भवन परिसर में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया।गांधी जयंती के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। लोक सभा अध्यक्ष की प्रेरणा और नेतृत्व में लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर बिरला ने सभी से स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और अन्य लोगों को भी अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलिलोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा; राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे; राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्य, पूर्व सदस्य और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की।महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को संबोधित किया।संसद भवन में छात्रों का स्वागत करते हुए और केन्द्रीय कक्ष में उनके द्वारा दिए गए भाषणों की सराहना करते हुए बिरला ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हम सभी को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्य, अहिंसा और नैतिकता के सिद्धांतों के साथ स्वतंत्रता के लिए किए गए जन आंदोलन से न केवल भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई बल्कि इन्हीं सिद्धांतों से अन्य देशों को भी शांति और विकास की दिशा में मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती रही है। बिरला ने कहा कि आज दुनिया में गांधीवादी आदर्श और सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।गांधीवादी दर्शन को जीवन पद्धति के रूप में अपनाने पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया आध्यात्मिकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में हमारा मार्गदर्शन करेगा। भारत को स्वच्छ बनाने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का उल्लेख करते हुए बिरला ने छात्रों से स्वच्छता और सतत विकास को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों से निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने के लिए गांधीवादी शिक्षाओं और दर्शन को अपनाने और अपने जीवन में उनका पालन करने का आग्रह भी किया।इससे पहले, लोक सभा अध्यक्ष ने राजघाट और विजय घाट जाकर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वच्छ भारत अभियान में लिया हिस्सा

**ईटानगर/नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के आकांक्षी जिले नामसाई के जिला अस्पताल में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। दरअसल सीतारमण अरुणाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।वित्े त मंत्रालय ने एक्े स पोस्े ट पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि इससे पहले केंद्रीय वित्े त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गांधी जयंती के अवसर पर नामसाई में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। सीतारमण ने अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले में आयोजित सर्व धर्म प्रार्थना सभा में भी भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री चौना मीन और लोकसभा सांसद तापिर गाओ भी उपस्थित थे।उल्े लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल पूरे हो गए हैं।

# स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल पूरे, 5.54 लाख गांव हुए खुले में शौच मुक्त



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के आज 10 साल पूरे हो गए हैं।स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है, जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ-सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। यह अभियान 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया था।

इसके तहत अबतक 5.54 लाख गांव को खुले में शौच मुक्त का दर्जा मिल चुका है। इसके साथ 11.65 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया है।भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोशल मीडिया पर कहा कि देश में स्वच्छता को जनआंदोलन बना कर जन-जन के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने वाले स्वच्छ भारत अभियान ने 10 साल पूरे कर लिये हैं। इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने में जुटे रहे देशवासियों का अभिनंदन करते हुए जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान ने देश के कोटिश- लोगों का जीवन बदला है, वैश्विक सराहना प्राप्त की है। यह साक्ष्य है कि समस्त देशवासी जब एक उद्देश्य के लिए जुटते हैं तो संपूर्ण राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन आकार लेता है।इस अभियान से महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक स्वच्छ भारत मिशन के तहत उठाए गए कदमों के कारण 93 प्रतिशत महिलाओं को शौच के वक्त जानवरों या अन्य खतरे का कोई डर नहीं है। 93 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि अब उन्हें संक्रमण या बीमार होने का भी डर नहीं है। इसके साथ इन सालों में गंदगी से होने वाली बीमारियों से अनगिनत जिंदगी बचाई गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 2014-2019 के बीच 3 लाख डायरिया से होने वाली मौतें रोकी गई हैं। साफ सफाई से मातृ शिशु मृत्यु दर में भी काफी कमी देखी गई है।

# राहुल गांधी ने महात्मा गांधी,लालबहादुर शास्त्री और के. कामराज को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्टपित महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री और के. कामराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।बुधवार की सुबह राहुल गांधी ने राजघाट पर जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। राहुल ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की है। राहुल गांधी ने कहा, ''महात्मा गांधी एक विचारधारा हैं, जो हमें नफरत और हिंसा से लड़ने की शक्ति देते हैं। बापू के दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम समाज में न्याय की स्थापना कर सकते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को नमन।''राहुल गांधी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ''भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शास्त्री जी की सादगी, सरलता, और देश के प्रति उनका अटूट समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।%जय जवान, जय किसान% के नारे के साथ, देशवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।''राहुल गांधी ने तमिलनाडु के प्रतिष्ठित नेता के. कामराज को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा, ÷के. कामराज जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने लिखा चीन के राष्ट्रपति को पत्र

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को 'पीपल रिपब्लिक ऑफ चाइना' की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई संदेश भेजा है। 1 अक्टूबर 1949 को चीन में कम्युनिस्ट शासन की स्थापना हुई थी। पार्टी नेता माओत्से तुंग ने इस दिन 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी)' के निर्माण की घोषणा की थी।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 27 सितंबर को चीन के राष्ट्रपति को यह पत्र लिखा था।

# डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम रोहतक जेल से रिहा, यूपी के बरनावा में रहेगा बीस दिन

**▶▶ कांग्रेस ने पैरोल पर जताया था एतराज, देर रात सरकार ने जारी किये आदेश**



**रोहतक, (हि.स.)।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को बीस दिन की पैरोल मिलने पर बुधवार अल सुबह उन्हें रोहतक की सुनारियां जेल से रिहा कर दिया गया। पैरोल पर रिहाई के दौरान वह यूपी के बरनावा आश्रम में रहेंगे।राम रहीम की पैरोल को लेकर कांग्रेस ने एतराज जताया था और इस बारे में चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर कहा था कि राम रहीम को इस वक्त पैरोल देना ठीक नहीं है, इससे मतदान प्रभावित हो सकता है।सुरक्षा के बीच राम रहीम जेल से यूपी के लिए रवाना हुए है। बुधवार सुबह करीब पांच बजे सुनारियां जेल के बाहर हलचल शुरु हो गई थी और जेल परिसर की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई। करीब साढ़े छह बजे सुबह की हाजिरी के बाद राम रहीम को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच जेल से रिहा किया गया। अभी हाल में ही राम रहीम 4 सिंतबर को 21 दिन की फरलो काटकर जेल लौटे थे।राम रहीम की पैरोल पर निर्वाचन आयोग ने कुछ शर्ते भी लगाई हैं। वह पैरोल अवधि के दौरान हरियाणा में नहीं रहेंगे और न ही सोशल मीडिया पर एक्टिव होंगे और चुनावी गतिविधियों से दूर रहेंगे, अगर शर्तो का उल्लघंन हुआ तो उसी वक्त पैरोल को रद्द कर दिया जाएगा।राम रहीम की रिहाई को लेकर मंगलवार को कांग्रेस ने भी एतराज जताया था और चुनाव आयोग को शिकायत की थी, लेकिन देर रात सरकार ने राम रहीम की रिहाई के आदेश जारी किये और सुबह प्रशासन ने उन्हें रिहा कर दिया। प्रशासन ने तर्क दिया है कि जेल मैन्वअल के अनुसार राम रहीम की नियमों के तहत ही पैरोल दी गई है और इस वर्ष की 20 दिन की पैरोल राम रहीम की बाकि थी। एक कैदी की भांति अब उन्हें अगले साल में पैरोल मिलेगी।

## फसल कटाई के दौरान राजस्व कर्मियों की कहीं और नहीं लगाई जाएगी ड्यूटी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ ।** खरीफ फसलों की कटाई के समय को नजदीक देखते हुए योगी सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसमें विशेष तौर पर निर्देश दिया गया है कि फसल कटाई अवधि के दौरान राजस्व कर्मियों को अन्य ड्यूटी में न लगाया जाए। सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही ऐसा किया जा सकेगा, जिसका कारण बताना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को फसल कटाई प्रयोगों के संपादन की समीक्षा का भी निर्देश जारी किया गया है।

निर्देशों के क्रम में कहा गया कि सभी जनपदों में कृषि, राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारियों को 15 प्रतिशत अनिवार्य निरीक्षण के लिए नामित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत इंपैनल्ड बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी 30 प्रतिशत क्रॉप कटिंग प्रयोगों का अवलोकन कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, फसल कटाई के बाद पोर्टल पर कटाई प्रयोगों का परीक्षण कर ही उपज तौल अनुमोदित किया जाए। हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के समक्ष हुए प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि सीसीई एग्री एप के माध्यम से खरीफ 2022 से भारत सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक रूप से 100 प्रतिशत क्राप कटिंग लागू है। फसल बीमा में ली गयी फसलें खरीफ - धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, उर्द, मूँग, तिल, मूँगफली, सोयाबीन व अरहर (10 फसलें) और रबी- गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू (08 फसलें) सम्मिलित हैं। सीसीई एग्री ऐप से क्राप-कटिंग कराने हेतु राजस्व परिषद, उ0प्र0 से निर्देश जारी किए जा चुके हैं। रबी 2023-24 में 86.09त्न प्रयोग सीसीई एग्री ऐप से संपादित कराये गये। वहीं जीसीईएस ऐप पर रबी 2023-24 से लागू है। जीसीईएस में ली गयी फसलें - खरीफ धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, उर्द, मूँग, तिल, मूँगफली, सोयाबीन व अरहर (10 फसलें) और रबी-गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू (08 फसलें) शामिल हैं। रबी 2023-24 में 13,388 क्राप कटिंग प्रयोग नियोजित हुए।

### आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी से जुड़े बिंदुओं पर भी की गई चर्चा

# कर्मठता के साथ पीएम मोदी का हर काम देश के नाम

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत जीवन अनुशासन व सादगी से भरा है। सामान्य नागरिक, कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने शून्य से यात्रा प्रारंभ की। अपनी कर्मठता, विचार परिवार से मिले अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के जरिए हर काम देश के नाम के लक्ष्य के साथ उन्होंने जीवन को आगे बढ़ाया तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संवैधानिक प्रमुख (भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री) के रूप में हम सभी का नेतृत्व कर रहे हैं। आर. बाला सुब्रमण्यम की पुस्तक उनके विस्तृत स्वरूप का उल्लेख करती है। हर किसी को इस पुस्तक का हर किसी को अवलोकन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में आयोजित सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी को संबोधित किया। सीएम योगी ने आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। यह कार्यक्रम लखनऊ समेत प्रदेश के अनेक जनपदों में भी आयोजित किया गया। सीएम योगी ने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मदिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला।

**पीएम मोदी के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करती है पुस्तकः** सीएम योगी ने कहा कि आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी पीएम के संपूर्ण व्यक्तित्व को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करती है। यह केवल पुस्तक नहीं है, बल्कि शून्य से शिखर की यात्रा का नाम है, जिसे नया भारत न केवल देख रहा है, बल्कि उसके अनुसार जीवन भी जी रहा है। मोदी जी के सक्षम व विजनरी लीडरशिप में नए भारत का दर्शन हो रहा है। वे सेवा के संकल्प की जिस यात्रा को लेकर बढ़े हैं, उसे समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के प्रतिफल को इस पुस्तक के माध्यम से देश-दुनिया के सामने रखने का प्रयास किया गया है।

**गरीबों की मदद तो पाकिस्तान को धूल भी चटायाः** सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एक तरफ कोरोना में उन्होंने ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट, टीका फ्री में उपलब्ध कराया गया। जब रोजगार छीन गया तो गरीबों की हरसंभव मदद की। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने दुस्साहस किया तो सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट में एयर स्ट्राइक में भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण सिर्फ कर्तव्य नहीं, बल्कि दिव्य जिम्मेदारी भी है। सिखों की आस्था से जुड़े करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण हुआ।

#### समावेशी विकास व कल्याणकारी योजनाओं का किया अनुभव

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के समावेशी विकास व कल्याण योजनाओं का हर किसी ने अनुभव किया। सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे सन्तु निरामया भारत की ऋषि परंपरा की देन रही है तो वहीं 2014 में पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का मंत्र दिया। संकट आने पर नेतृत्वकर्ता का गुण होता है कि डटकर मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार करे और जनता के उद्धार का मार्ग प्रशस्त कर सके। कोरोना के समय पीएम मोदी ने देखा कि श्रमिक वर्ग, कारीगर, हस्तशिल्पी के रोजगार पर बुरा असर पड़ा तो उन्होंने 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दी। इसके साथ ही अनेक योजनाओं का लाभ दिया गया। इसमें चेहरा, जाति, भाषा, क्षेत्र देखे बिन सबका साथ, सबका विकास का समावेशी भाव था। इन योजनाओं ने भारत की छवि को ईज ऑफ लिविंग के बेहतरीन प्रयास करने वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया।

#### लक्ष्य के साथ विकसित भारत का रास्ता भी बताना पीएम मोदी के विजनरी नेतृत्व का गुण

सीएम योगी ने कहा कि कोई भी देश अचानक विकसित नहीं हुआ। उन सभी ने बड़े विजन व लक्ष्य के साथ काम किया। जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तो पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का रोडमैप दिया और इसके लिए पंच प्रण का रास्ता भी बताया। लक्ष्य देने के साथ ही रास्ता बताना विजनरी नेतृत्व का गुण होता है। दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने का कार्य भी दिया। भारत को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में समृद्ध किया। जहां कोई नहीं पहुंच पाया, वहां भारत का चंद्रयान पहुंचा है।

## आईआईटी धनबाद में एडमिशन पाने वाले दलित छात्र अतुल कुमार की मदद करेगी सरकार

- समाज कल्याण विभाग उठाएगा एडमिशन का प्रारंभिक खर्च
- उत्तर प्रदेश सरकार ने छात्र की पूरी फीस को स्कॉलरशिप के रूप में देने की घोषणा की

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले दलित छात्र अतुल कुमार को आईआईटी धनबाद में प्रवेश दिलाने के लिए अब योगी सरकार मदद के लिए आगे आई है। प्रदेश की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत, समाज कल्याण विभाग आईआईटी में लगने वाली पूरी फीस को स्कॉलरशिप के माध्यम से वहन करेगा, जिससे अतुल की शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।

मुजफ्फरनगर जिले के खतौली तहसील के टिटोडा गांव के निवासी राजेंद्र कुमार, जो एक दिहाड़ी मजदूर हैं, के बेटे अतुल कुमार का आईआईटी धनबाद में प्रवेश फीस जमा न हो पाने के कारण रुक गया था। अतुल ने आईआईटी जेईई परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखा में सीट पाई थी, लेकिन 24 जून तक फीस जमा न कर पाने के कारण उसका एडमिशन अटक गया। परिवार ने सभी प्रयास करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और मामले के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के बाद सरकार ने छात्र की पूरी मदद करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने तुरंत निर्देश देते हुए अतुल के लिए हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने को कहा।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने छात्र के परिजनों से फोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार छात्र की पूरी पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, योगी सरकार ने आईआईटी धनबाद से भी संपर्क कर एडमिशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल के अंतर्गत, न केवल छात्र अतुल की शुरुआती फीस जमा की जाएगी, बल्कि चार साल की पूरी पढ़ाई के दौरान लगने वाली फीस भी स्कॉलरशिप के माध्यम से दी जाएगी। इस फैसले से प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों के छात्रों को उनकी प्रतिभा के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई अड़चन नहीं आने दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री से मिले मुख्य सचिव



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने स्वयं इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर देते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उनके स्नेह व मार्गदर्शन से मैं प्रदेश के चतुर्दिक विकास के लिए अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाऊंगा।

## अपना दल एस की मासिक बैठक का आयोजन

- अनुप्रिया पटेल ने कहा, नीतियों और विचारधारा को बढ़ाया जाए

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ के चारबाग स्थित रविंद्रालय प्रेक्षागृह में अपना दल (एस) की मासिक बैठक हुई। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहना होगा। जनता से सीधे संपर्क बढ़ाना होगा, ताकि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सके। अनुप्रिया पटेल ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। कहा कि संगठन की मजबूती से ही पार्टी को आने वाले चुनावों में सफलता मिलेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। संदेश में संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त करने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और सामाजिक न्याय के मुद्दों को आगे बढ़ाने की बात भी प्रमुखता से शामिल थी। बैठक में पार्टी के सभी राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों के साथ-साथ जिलाध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व द्वारा संगठन को और मजबूत बनाने, आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा, और जनता से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। अनुप्रिया पटेल ने अपने संबोधन में पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और उन्हें जनता के बीच पार्टी की नीतियों को लेकर सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

## गांधीजी के विचारों में समाहित है रामराज्य की परिकल्पनाः दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर पार्टीजनों ने दोनो महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और गांधीजी के बताये गये सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश की सीमा पर तैनात जवानों और देश की सेवा में तत्पर किसानों के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि गांधी जी के विचारों में रामराज्य की परिकल्पना समाहित है जिसके अनुसरण से ही सुखद एवं समृद्ध भारत का निर्माण किया जा सकता है। भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, शुचिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जय जवान जय किसान का जो उदघोष देकर जिस नवचेतना का संचार किया था।

## अटल आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं पहुंचे इसरो

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** जो बच्चे कल तक अच्छी शिक्षा को तरस रहे थे, वही बच्चे आज भारत की अंतरिक्ष विज्ञान की सबसे बड़ी एजेंसी इसरो में अंतरिक्ष के रहस्य जान रहे हैं। इन बच्चों को ये बहूमूल्य अवसर दिलाया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। अटल आवासीय विद्यालय की परिकल्पना करते वक्त सीएम योगी ने जो सपना देखा था आज वो साकार होता दिख रहा है। अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्र एवं छात्राएं इन दिनों इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) का शैक्षिक भ्रमण करने के लिए अहमदाबाद गए हुए हैं। यहां इन छात्र-छात्राओं को इसरो के वैज्ञानिकों के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो से संबंधित ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं में सम्मिलित होने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अटल आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के तकनीकी, कौशल एवं सर्वांगीण विकास के लिए यह अवसर उपलब्ध कराया गया है।

उत्तर प्रदेश में संचालित 18 अटल आवासीय विद्यालयों में बीते दिनों उत्कृष्ट अटल प्रोग्राम के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान, मशीन क्रिएशन और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी एडवांस एक्टिविटीज का आयोजन किया गया था। 15 दिनों तक चले विशेष कार्यक्रम में छात्रों ने विषय विशेषज्ञों से अंतरिक्ष के रहस्यों के साथ ही भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के बारे में भी जाना, जबकि कई छात्र-छात्राओं द्वारा ऑटोमैटिक लाइट, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, स्मार्ट डस्टबिन और फुल रोवर ड्रोन के उत्कृष्ट मॉडल बनाकर अपनी रचनात्मकता भी प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम के तहत इन विद्यालयों में स्पेस आर्ट और बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कांप्टीशन में विजेता रहे प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र/छात्रा को ÷विज्ञान रत्न÷ की उपाधि दी गई तथा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को इसरो (एसएसी), अहमदाबाद का भ्रमण कराया गया। यहां इसरो के वैज्ञानिकों के माध्यम से उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो से संबंधित ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं में जाने का अवसर प्राप्त हुआ।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा तक प्रभात फेरी निकाली

- अजय राय बोले भाजपा को जनता जूता मारकर भगाएगी


लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** आज महात्मा गांधी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माला चढ़कर श्रद्धांजलि दिया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की नेतृत्व में अमीनाबाद से लेकर गांधी प्रतिमा तक प्रभात फेरी निकाली। अजय राय ने कहा कि आज के दिन सिर्फ लखनऊ या भारत में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में महात्मा गांधी को याद किया जा रहा है। देश-विदेश में उनकी अहिंसा वाली सोच की सराहना हो रही है। आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर जवाहरलाल नेहरू के साथ लंबे समय तक काम करने वाले मसूरिया दीन पासी की भी जयंती है । हमारा देश महान हस्तियों का देश है। महात्मा गांधी के दिखाए गए रास्ते पर कांग्रेस पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। हमारा प्रयास है कि पूरे देश को गांधी के मार्ग पर लेकर चलें।आज पूरा शिहंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में है भाई-भाई का नारा रहा है। बुलडोजर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का अजय राय ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गांधी के देश में बुलडोजर का कोई स्थान नहीं है। गांधी जयंती है सबको गले लगाना चाहिए भाईचारा का संदेश देना चाहिए। भाजपा के लोग बुलडोजर से दूसरा काम कर रहे हैं। यह पूरी तरीके से गलत है। हमारे देश और प्रदेश में बुलडोजर का कोई स्थान नहीं है। अयोध्या रेप मामले में सपा नेता मोईद को खान को लेकर अजय राय ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये सरकार अत्याचार और ना इंसाफी कर रही है। डीएनए रिपोर्ट आने से पहले ही उनके घर और बकरी को गिरा दिया गया ये गलत तरीका है। सरकार को उनसे माफी मांग कर इसका पुनःनिर्माण करवाना चाहिए। अजय राय ने कहा कि भाजपा के लोग अधिकारियों को जूता मारने वाला ही बयान देते हैं। भाजपा के यही संस्कार। इस प्रकार के बयान देखकर प्रदेश और देश को बर्बाद कर दिया है। यह लोग समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी को अब जनता जूता मारकर भागने वाली है। स्मृति ईरानी पर बयान देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी लोकसभा में लोगों से झूठ बोला। स्मृति ईरानी ने कहा था कि भाजपा को वोट दो और 13 रुपए किलो चीनी लो। अमेठी की जनता से पूछो क्या उन्हें 13 रुपए में चीनी मिली। स्मृति ईरानी झूठ बोलने की मशीन हैं।

## हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रणेता थे गांधी जी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** गांधी जयंती के अवसर पर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया में ''गांधीजी और धर्मनिरपेक्षता'' के विषय पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने की।

सम्मेलन को मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी, मौलाना मुहम्मद मुश्ताक, मौलाना मुहम्मद सुफियान निजामी और सऊद रईस एडवोकेट ने संबोधित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने देश की आजादी में गांधी जी की बहुमूल्य सेवाओं और देश में धर्मनिरपेक्षता की नींव को मजबूत करने में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि नई पीढ़ी को गांधी जी के विचारों से पूरी तरह अवगत कराया जाए ताकि वर्तमान पीढ़ी अपने देश की आजादी की रक्षा करने के साथ-साथ देश में धर्मनिरपेक्षता की रक्षक भी बन सके। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेजों को लगा कि भारत उनके हाथ से निकल रहा है तो उन्होंने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विभाजन पैदा करना शुरू कर दिया, उसी समय इस खतरे का मुकाबला करने के लिये उलमा-ए-फरंगी महल मैदान में आये और हिंदू-मुस्लिम एकता का नारा बुलंद किया, जिससे प्रभावित होकर गांधी जी स्वयं 1916 में लखनऊ के फिरंगी महल आए और यहां उन्होंने धर्मनिरपेक्षता को और मजबूत करने तथा हिंदू-मुस्लिम एकता और धर्मनिरपेक्षता के मिशन को पूरे देश में फैलाने के लिए उलमा से परामर्श किया। उसके बाद दोबारा इसी मिशन को बढ़ावा देने के लिए 5 अक्टूबर 1920 को फरंगी महल आये और इस अवसर पर रफाहे आम मैदान में एक भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। और इसका उल्लेख गांधीजी ने अपनी आप बीती में किया है। मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने कहा कि गांधी जी के धर्मनिरपेक्षता के मॉडल की आज सबसे ज्यादा जरूरत और उपयोगिता है और इस मॉडल को बढ़ावा देकर हम अपने देश में धर्मनिरपेक्षता की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। सऊद रईस एडवोकेट हाई कोर्ट ने देश के संविधान के आलोक में इस विषय पर बोलते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने देश के संविधान में गांधी जी के समता, समानता और राष्ट्रीय एकता के सिद्धांतों को आधार बनाकर संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता हमारे देश की प्रस्तावना में शामिल है।

## डीएम ने किया टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों का सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** गांधी जयंती के अवसर पर लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने टीबी मुक्त 12 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया। इन ग्राम पंचायतों ने प्रधानमंत्री के 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में अहम योगदान दिया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रधानों को कांस्य की महात्मा गांधी की प्रतिमा और प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस उपलब्धि में सर्वाधिक पांच ग्राम पंचायतें माल ब्लॉक की थीं। सम्मानित किए गए प्रधानों में से पांच महिलाएं थीं। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री ने 2025 तक देश से टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन 12 पंचायतों का टीबी मुक्त होना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की सभी 491 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करना हमारा अगला लक्ष्य है। जिलाधिकारी ने प्रधानों से गांव में टीबी के लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाने, टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग और इलाज में तेजी लाने की बात कही। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया था, जिन्हें विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन टीमों ने संबंधित ग्राम पंचायतों का सर्वेक्षण किया और विभिन्न सूचकांकों पर जांच की। सर्वे में टीबी मरीजों की संख्या, उनकी

## नगर विकास मंत्री ने लगाई झाड़ू

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** गांधी जयंती पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने शहर में झाड़ू लगाई। लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। सेवा पखवाड़े अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम ने सभी 110 वार्ड में अभियान चलाया। साफ सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

इस दौरान नेताओं से लेकर अधिकारियों ने श्रम दान किया। जोन एक स्थित मार्टिन पुरवा इलाके में चले अभियान में खुद नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को सबसे ज्यादा गांधी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर जो गांधी जी के विचार हैं, उनसे सबको सीखना चाहिए। मत्री ने सफाई कर्मचारियों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। इस दौरान नगर निगम की महिला कर्मचारियों ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया। महिला सफाई मित्रों को एंटी लार्वा फॉगिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान में अपनी अहम भूमिका निभा रही महिला सफाई कर्मियों सहित सभी महिला अधिकारियों एवं पदाधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। इसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश नगर निगम महिला अधिकारी एवं कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अम्बी बिष्ट ने किया। इस दौरान पब्लिक अवेयरनेस रैली निकाली गई। स्लोगन दिया गया कि लखनऊ को स्वच्छ बनाना है महिलाओं ने भी यह ठाना है। अंबी बिष्ट के अलावा उपाध्यक्ष कल्पना तिवारी, शिल्पा कुमारी, महा मंत्री अंदलीब जेहरा, कोषाध्यक्ष पल्लवी अस्थाना एवं अन्य पदाधिकारीयों ने हिस्सा लिया।

लोकमित्र
• लखनऊ, गुरूवार 3 अक्टूबर 2024



## संक्षिप्त खबरें

### लिंक भेज कर सहायक समीक्षा अधिकारी से 50 हजार ऐंठे

**लखनऊ।** साइबर ठगों ने सचिवालय में तैनात सहायक समीक्षा अधिकारी के खाते से करीब 50 हजार रुपये निकाल लिए। आरोपी ने आरबीएल बैंक कर्मी बन कर सहायक समीक्षा अधिकारी को फोन किया था। इसके बाद एक लिंक भेज कर क्रेडिट कार्ड अपडेट करने को कहा। कुछ देर बाद ही उसके खाते से रुपये निकल गए। महानगर सचिवालय कॉलोनी निवासी गौतम पाण्डेय के पास आरबीएल क्रेडिट कार्ड है। पीड़ित के मुताबिक वह घर पर थे। इस बीच अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने आरबीएल बैंक कर्मी होने का दावा किया। आरोपी ने गौतम को बताया कि उनके क्रेडिट कार्ड में गलत डिटेल अपलोड हुई है। जिसे सही करना होगा। झांसा देकर आरोपी ने गौतम के मोबाइल पर एक लिंक भेजा। जिसे खोल कर सहायक समीक्षा अधिकारी ने मांगी गई जानकारी भरी। इसके बाद गौतम के खाते से करीब 50 हजार रुपये कट गए। ट्रांजेक्शन मैसेज आने पर उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। जिसकी रिपोर्ट गौतमपल्ली कोतवाली में दर्ज कराई है।

### ऐप डाउनलोड करा जेल वार्डर से एक लाख हड़पे

**लखनऊ।** गोसाईंगंज आदर्श कारागार में तैनात जेल वार्डर से साइबर ठगों ने करीब एक लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने कॉल कर जेल वार्डर के मोबाइल पर रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड कराई थी। वार्डर अनिल कुमार सिंह के मुताबिक 26 सितंबर को वह ड्यूटी पर गए थे। मोबाइल घर पर ही था। दोपहर के वक्त अनजान नम्बर से एक कॉल आई। जिसे अनिल के बेटे ने उठाया। फोन करने वाले ने बातों में उलझा कर अनिल के बेटे से मोबाइल पर रेड डेस्क ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा। अनिल के मुताबिक ऐप डाउनलोड होने के बाद मोबाइल रिमोट एक्सेस पर चला गया। जिसके जरिए ठग ने खाते से करीब एक लाख रुपये निकाल लिए। बैंक में पासबुक अपडेट कराने के वक्त उन्हें खाते में हुए ट्रांजेक्शन का पता चला। घर पहुंच कर पूछताछ करने पर रेड डेस्क ऐप के बारे में पता चला। सोमवार को जेल वार्डर ने गोसाईंगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

### ट्रेन से यात्रियों का बैग चुराने वाले चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** ट्रेन में सो रहे यात्रियों का बैग चुराने वाला शातिर चोर को जीआरपी ने बुधवार को चारबाग से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सीतापुर निवासी शफीक ने बताया कि 16 मार्च 2024 को हावड़ा बीकानेर एक्सप्रेस में और 27 अप्रैल 2024 को कोलकाता एक्सप्रेस से बैग चोरी किया था, जिसमें मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल, पेन कार्ड, आधार, चाभियां और नगद 4000 रुपये थे। चारबाग जीआरपी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि शातिर चोर के कब्जे से एक मोबाइल व सोने-चांदी के जेवर व 45,000 रुपये बरामद हुआ है।

### घर में घुस कर बंगाली डॉक्टर ने किशोरी से की छेड़छाड़

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कस्बे में किशोरी के साथ घर में घुस कर बंगाली डॉक्टर ने छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर परिवार वालों की नींद खुल गई। परिजनों के विरोध करने पर आरोपी भाग निकला। बुधवार को पीड़िता के पिता ने मोहनलालगंज कोतवाली में बेटी से छेड़छाड़ किए जाने की तहरीर दी। जिसके आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। छत के रास्ते घर में घुसा 17 वर्षीय किशोरी के मुताबिक मंगलवार रात करीब 9.30 बजे वह घर में थी। मौका पाकर हुलासखेड़ा निवासी बंगाली डॉक्टर दिलीप बपारी छत के रास्ते घर में दाखिल हो गया। किशोरी भी छत पर थी, तभी आरोपी ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। मदद के लिए पीड़िता ने शोर मचाया। जिसकी आवाज सुन कर वह दौड़ पड़े और दिलीप को घेरने का प्रयास किया। पकड़े जाने के डर से आरोपी छत से कूद कर भाग निकला। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक बुधवार को किशोरी के पिता ने तहरीर दी है। जिसके आधार पर डॉ. दिलीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### निरालानगर में घायल मिले बावर्ची की मौत

**लखनऊ।** निरालानगर आठ नम्बर पुल के पास घायल मिले बावर्ची की बुधवार दोपहर केजीएमयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। बेटे ने पिता की हत्या किए जाने का शक जताते हुए जांच की मांग की है। उत्तराखंड बागेश्वर निवासी मोहन चंद्र (48) हजरतगंज अशोक मार्ग के पास पत्नी सोनू और तीन बच्चों के साथ रहता था। पत्नी के मुताबिक मोहन निरालानगर में एक घर में कुक था। बुधवार सुबह वह आठ नम्बर पुल के पास घायल मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे केजीएमयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराते हुए परिवार को सूचना दी थी। पत्नी सोनू और बेटा राहुल ट्रामा सेंटर पहुंचे थे। जहां उन्हें मोहन की मौत होने का पता चला। बेटे राहुल के मुताबिक पिता के चेहरे और पेट पर चोट के निशान थे। अंदेशा है कि मारपीट कर मोहन की हत्या की गई है। इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि शुरुआती जांच में मोहन को शराब पीने की लत का पता चला है। पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### लटका छज्जा छह घंटे की मशक्क्त के बाद उतारा गया

**लखनऊ।** मंदाकिनी एनक्लेव के बालकनी बीम को 14 वीं मंजिल से नीचे उतारने में आवास विकास परिषद तथा एनसीसी के इंजीनियरों को पसीने आ गए। बुधवार को करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इसे किसी तरह नीचे उतारा गया। हवा में लटके छज्जे को एक तरफ से रस्सी से बांधकर रोक गया था। बुधवार की सुबह से शुरू हुई कवायद करीब 2ः30 बजे कामयाब हुई। आवास विकास परिषद के इंजीनियरों ने पहले इसे उतारने के लिए जाल बंधवाने की बात कही। लेकिन यह इतना भारी था कि जाल से रोकना आसान नहीं था। अधिशासी अभियंता गौतम कुमार ने क्रेन मंगाने के बारे में बताया लेकिन क्रेन की पहुंच भी काफी दूर थी। इसके बाद एनसीसी के इंजीनियरों ने रस्सा आदि मंगाया। लेकिन इससे भी उतारना खतरनाक था। बाद में चेन, पुली, घिर्री मंगाई गई। इसके माध्यम से धीरे-धीरे करके इसको नीचे उतारा गया। इसे अभी परिसर में ही रखा गया है लेकिन जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। फिलहाल आवास विकास तथा एनसीसी के इंजीनियरों को इसे उतारने में ही 6 घंटे की कठिन मशक्कत करनी पड़ी।

### शारदीय नवरात्रि पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** शारदीय नवरात्रि की शुरुआत कल यानी गुरुवार से हो रही है। इससे पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता को मंगलमय शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने एक संदेश जारी कर कहा है कि मां दुर्गा जगत की आदि शक्ति हैं, इनके अनके रूप हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में मां दुर्गा की उपासना का बहुत ही बड़ा महत्व है। मां पूरे जगत पर अपनी करुणा और दया की वर्षा करती हैं। शारदीय नवरात्रि प्रदेशवासियों के लिए मंगलमय हो।

### प्रधान की दबंगों ने की पिटाई, एक आरोपी पुलिस हिरासत में

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मोहारी कला गांव में बुधवार सुबह गांव के प्रधान रामकुमार की दबंगों ने मामूली कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। प्रधान खेत की ओर टहलने गए थे, तभी अचानक कुछ लोग उन पर हमला कर दिए। पीड़ित ने बताया कि राधेश्याम उर्फबाबू, राम नरेश, विकास, सोनू और उनके दो अज्ञात साथियों ने गाली-गलौज करते हुए उनकी पिटाई की। जब मौके पर भीड़ इकट्ठी हुई, तो आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। प्रधान रामकुमार ने सीएचसी अस्पताल में इलाज करवाने के बाद गोसाईंगंज थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया और अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी हैं।

### फैजुल्लागंज और ग्वारी में कल बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** फैजुल्लागंज में गुरुवार सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। गोमतीनगर के ग्वारी क्लवर्ट उपकेंद्र से सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आंशिक रूप से सप्लाई बाधित रहेगी।

## शहीद पितृ श्रद्धा नमन के माध्यम से देश के ज्ञात-अज्ञात शहीद पितरों का तर्पण-श्रद्धार्पण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** स्वाधीनता संग्राम, विभाजन विभीषिका, एवं राष्ट्ररक्षा में शहीद हुए ज्ञात-अज्ञात असंख्य क्रान्तिवीरों को गोमती तट स्थित शहीद स्मारक पर सामूहिक तर्पण-श्रद्धार्पण कर ''शहीद पितृ श्रद्धा नमन-शहीद श्राद्ध' अनुष्ठान के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सुमंगलम सेवा साधना संस्थान के राष्ट्रभक्ति जागृति अभियान के तहत कर्तव्या फाउण्डेशन, विश्व पुरोहित परिषद्, लोक संस्कृति शोध संस्थान, अक्षय वट, हमराह एक्स एनसीसी कैडेट सेवा संस्थान, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जयति भारत परिवार एवं लक्ष्य भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चित्रकूट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर पांडेय ने कहा कि ''शहीद पितृ श्रद्धा नमन'' देश भक्ति जागृति का आधार है। निहित स्वार्थों और आपसी वैमनस्यता को भुलाकर देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। देश की युवा पीढ़ी को उन्हें अपना आदर्श मानकर उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए। तभी से भारत की संकल्पना साकार होगी। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश सिंह ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पूजनीय हैं। शहीद वे महान आत्माएं हैं जिन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन, परिवार और सुखों को छोड़कर राष्ट्र की रक्षा, स्वतंत्रता और गौरव के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे शहीदों का तर्पण करना, उनके प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। अध्यक्षता करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लखनऊ सहकारी बैंक के अध्यक्ष मान सिंह ने कहा कि जिन क्रांतिवीरों की बलिदान की वजह से राष्ट्र जीवन सतत् आलोकित है, उन वीर सपूतों के त्याग, बलिदान व सर्मपण को नमन करना हमारा पुनीत कर्तव्य है। आज हम जिन ज्ञात-अज्ञात शहीद पितरों का श्रर्द्धापण कर रहे हैं। उनका आशीष हमें देश भक्ति और सद्भावना के क्षेत्र में आगे बढ़ायेगा।अनुष्ठान कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुमंगलम परिवार के महासचिव राजकुमार ने सभी को राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलाया और कहा कि जिन क्रान्तिकारियों ने अपना प्राणोत्सर्ग करके हमें आजादी दिलायी उनके सपनों का भारत बनाने के लिए हमें देश के लिए जीना चाहिए। कार्यक्रम में कर्तव्या फाउंडेशन के महासचिव डॉ हरनाम सिंह राष्ट्रभक्ति जागृत अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि यह शहीद पितरों को तर्पण-वंदन एवम श्रद्धार्पण से ही राष्ट्र भक्ति का भाव जगाकर युवाओ को देश के लिए सर्वस्व समर्पण का भाव जगाया जा सकता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जयति भारत के अध्यक्ष रविदत्त मिश्रा ने कहा कि तर्पण से आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मिलता है। युवाओं के मन में शहीदों के प्रति आदर उत्पन्न कर यह एहसास दिलाता है कि बलिदानो के कारण ही हम स्वतंत्र और सुरक्षित है। विश्व पुरोहित परिषद् के अध्यक्ष डॉ विपिन पाण्डेय ने वैदिक विधि से तर्पण कराते हुए कहा कि तर्पण से प्रसन्न शहीद पितरों के आशीष से ही देश में सुख-शान्ति एवं समृद्धि आयेगी। आज हम जिन ज्ञात-अज्ञात शहीद पितरों का श्रर्द्धापण कर रहे हैं। अक्षय वट संस्था के अध्यक्ष डॉ चेत नारायण सिंह ने कहा कि शहीद तर्पण सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है।

## खादी ग्रामोद्योग भवन में कारीगर मेला, खरीददारों की उमड़ी भीड़

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के डालीबाग स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में आयोजित कारीगर मेला में प्रदेशभर के कारीगरों ने अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस मेले का आयोजन फिक्की फ्लो लखनऊ चौप्टर ने गांधी जयंती के अवसर पर किया गया, जिसका उद्देश्य प्रदेश के कारीगरों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मेले में प्रदेश के कारीगरों ने अपने हस्तशिल्प उत्पादों जैसे हथकरघा वस्त्र, मिट्टी के बर्तन, जूट उत्पाद, धातु कला, सिरेमिक कला, चिकनकारी और खादी वस्त्रों का बेचे के लिए बाजार में उतारा। मेले में कारीगरों को मुफ्त स्टॉल प्रदान किए गए। मंत्री राकेश सचान ने मेले में कहा कि योगी सरकार कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) योजना की सफलता को बताया कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश के कारीगरों को रोजगार और बाजार दोनों में प्रगति के अवसर मिल रहे हैं। सरकार ऐसे आयोजनों के जरिए स्थानीय कारीगरों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने का प्रयास कर रहा है। साथ ही खादी को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की।

फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयर पर्सन विभा अग्रवाल ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य लखनऊ के हस्तशिल्प और हथकरघा प्रेमियों को एक मंच पर लाना और कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। उन्होंने कहा हम कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाने में हर संभव मदद करेंगे। इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें खादी और एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव, एन.के. सिंह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के महानिरीक्षक, एस गणेश डीजीएम सिडबी, ए.जी.एम सनोज कुमार गुंजन और सिद्धार्थ यादव संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी शामिल थे।

### एयरपोर्ट टर्मिनल-3 के विस्तार में बाधा बन रहे अवैध कब्जे

**लखनऊ।** एयरपोर्ट की जमीन पर अवैध कब्जे नए टर्मिनल-3 के विस्तार में बाधा बन रहे हैं। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार हाईकोर्ट ने पिछले साल मई में विकास कार्य शुरू करने का आदेश दिया था। इसमें कहा गया था कि किसी पक्ष द्वारा किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। अब बाउंड्री निर्माण होने लगा तो विरोध शुरू हो गया। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार वर्ष 2022 में एयरपोर्ट की दक्षिणी दिशा की भूमि पर अवैध कब्जेदार किसानों ने हाईकोर्ट में रिट दायर की थी। इसमें याचिकाकार्ताओं ने स्वीकार किया कि भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। इसी क्रम में 28 सितम्बर को एयरपोर्ट प्रशासन ने विकास कार्य शुरू किया तो याचिकाकर्ता और अन्य अवैध कब्जेदारों ने बाधा उत्पन्न की। वर्तमान में टर्मिनल-3 के निर्माण के पश्चात एयरपोर्ट विकास व विस्तार की आवश्यकता है। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार वर्ष 1942-1951 के बीच सरकार ने वायुसेना के लिए रहीमाबाद, मोहम्मदपुर भक्तीखेड़ा, गड़ौरा व अन्य ग्रामों का अधिग्रहण किया था।

## गांधी जयंती पर पुलिस मुख्यालय में समारोह



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर, लखनऊ विस्तार में सादगी के साथ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक यूपी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी एवं बैंड द्वारा राम धुन बजाई गई तथा गांधी जी के लोकप्रिय भजन गाये गये।

उक्त समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी जी के आदर्शों, सिद्धांतों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यूपी द्वारा पुलिस मुख्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को उपहार भेंट किया गया। इसी प्रकार से लखनऊ कमिश्नरेट समेत जिलेभर में गांधी जयंती मनाई गई।

## अवैध आरा मशीन मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई



लोकमित्र ब्यूरो

**मलिहाबाद, लखनऊ।** उपजिलाधिकारी सौरभ सिंह व लखनऊ रेंजर सोनम दीक्षित क्षेत्र में लगी विभिन्न आरा मशीनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की खबर से क्षेत्र के आरा मशीन संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने मशीनों के संचालन से जुड़े कागजात की जांच की।

माल, मलिहाबाद व रहीमाबाद क्षेत्र फल पट्टी क्षेत्र है । वर्तमान समय में यहां आम के पेड़ों की कटान जोरो पर चल रही है । उपजिलाधिकारी सौरभ सिंह व रेंजर सोनम दीक्षित ने बुधवार को क्षेत्र के सदरपुर पहुँच आरा मशीनों का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान एसडीएम ने कागजात पूरे न होने पर मशीन मालिकों को फटकार लगाई । साथ ही कहा कि सभी मशीन मालिक आज गुरुवार को कार्यालय में तलब किया है । उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी मशीन मालिकों को आवश्यक कागजात दिखाने होंगे, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

> औचक निरीक्षण से आरा मशीन मालिकों में मचा हड़कंप

यह कार्रवाई सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के उद्देश्य से की गई है। अधिकारी ने कहा कि सभी मशीन मालिकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध है।

## पत्नी की हत्या कर सउदी भागा पति एयरपोर्ट से गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से बुधवार को दहेज हत्या में वांछित युवक को करीब एक साल बाद गिरफ्तार कर लिया। जिस पर दो तोले की चेन और अंगूठी की मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी की हत्या करने का आरोप है। मुकदमा दर्ज होने के बाद ही आरोपी देश छोड़ कर भाग गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी कराया था। मार कर फंदे से लटकाने का आरोप

एसीपी अलीगंज बृजनारायण सिंह ने बताया कि फैजुल्लागंज गौरभीठ निवासी आशीष कुमार यादव को एयरपोर्ट से पकड़ा गया। जो सउदी अरब में कारीगर है। 13 अप्रैल 2023 को आशीष की पत्नी प्रिया यादव का शव फंदे से लटकता मिला था। आशीष के खिलाफ बाराबंकी निवासी ससुर कमलेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आशीष के साथ उसकी मां और पिता भी आरोपी थे। पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर को गिरफ्तार किया था। मुकदमा दर्ज होते ही आशीष देश छोड़ कर सउदी भाग गया था। एसीपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लुकआउट नोटिस जारी हुआ था। बुधवार को आशीष एयरपोर्ट पर उतरा था। चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ ने आशीष को दबोच कर मड़ियांव पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## जेवरात समेत 80 हजार कैश भर ले गए चोर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला सोमवार का है, जब नया रामपुर गांव में दिनदहाड़े चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी को अंजाम दिया। घर के मालिक अमर सिंह अपने भाई के चौथा पाठ कार्यक्रम के लिए सीतापुर गए थे। इस दौरान चोरों ने उनके घर से करीब 80 हजार रुपये नकदी, सोने-चांदी के जेवर और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए। बुधवार को जब वापस लौटे तो पुलिस को सूचना दी है। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल तब खड़े होते हैं, जब इस इलाके में एक महीने के भीतर यह दूसरी बड़ी चोरी की घटना है। इससे पहले मौर्या नगर में लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी हुई थी, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। बख्शी का तालाब क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोग डरे हुए हैं। कुछ दिन पहले भी मौर्या नगर में एक परिवार जब अपने भाई के अंतिम संस्कार के लिए गांव गया था, तो उनके घर में लाखों की चोरी हो गई थी। उस मामले में भी पुलिस अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। बीकेटी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है। सोमवार को हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है, लेकिन पुलिस के इस वादे पर लोगों का भरोसा कमजोर होता जा रहा है। बख्शी का तालाब क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ऐसा लगता है कि चोरों का हौसला बुलंद है और पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, और पुलिस का अब तक की कार्यवाही सवालों के घेरे में है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर पुलिस इसी तरह से मामलों को नजरअंदाज करती रही, तो चोरों का आतंक और भी बढ़ सकता है। अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस इस बार चोरी की घटना का खुलासा कब करती है और क्या वह चोरों को पकड़ने में सफल होती है, या फिर यह मामला भी पिछले मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### परिषदीय विद्यालयों में मनाई गई गांधी जयंती

**लखनऊ** राजधानी लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्र बख्शी का तालाब में भी गांधी जयंती के अवसर पर परिषदीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री चित्रों पर टीका लगाकर पुष्प चढ़ाए गए। वहीं शिक्षकों द्वारा उनके बारे में बच्चों को जानकारी भी दी गई। शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। छात्रों द्वारा महात्मा गांधी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया साथ गांधी जी की जीवनी पर अपने विचार व्यक्त किया। नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने बताया की गांधी जी को हम लोग बापू के नाम से भी पुकारते हैं। उन्होंने ने देश को अहिंसा की राह पर चलते हुए आजादी दिलाई थी। जिसके चलते पूरे विश्व में 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## जरूरतमंदो के लिए लगा फ्री मेडिकल कैम्प

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** अमन शान्ति समिति के सभागार में नेचर होम्यो क्लीनिक व अमन शान्ति समिति द्वारा फ्री मेडिकल कैम्प का भव्य आयोजन किया गया।आज तुड़ियागंज चौराहे पर स्थित अमन शान्ति समिति के सभागार में देश के बापू महात्मा गांधी तथा देश के लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर अमन शान्ति समिति के अध्यक्ष इमरान कुरैशी व इनकी टीम द्वारा नेचर होम्योपैथि क्लीनिकष् के डॉक्टर सुबोध शुक्ला तथा होम्योपैथ की प्रोफेसर वरिष्ठ डॉक्टर रेणु महेन्द्र की टीम के सहयोग से एक भव्य मेडिकल कैम्प का अयोजन किया गया। जहां सैकड़ों लोगों ने इस मेडिकल कैम्प में खुद्द को और अपने परिजनों को दिखा कर फ्री दवाइयां हासिल करी,साथ ही जिनको खून की जांच की आवश्यकता थी उनकी 50 प्रतिशत से ज्यादा छूट पर जांच करवाई गई।जहां इस वक्त डेंगू ने फिर से पैर पसार लिए हैं,मोहल्ला क्लीनिकों में मरीजों की भीड़ और मंहगी दवाईयों की मारा मारी हो रही है,गरीब तबका मंहगी दवाईयां और जांच नहीं करा पाता है, तो वो सरकारी अस्पताल का रुख करता है। उन सरकारी अस्पतालों में भी मरीजों की लम्बी लम्बी कतारें लगी हैं और सही से इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में अमन शान्ति समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी इमरान कुरैशी,उपाध्यक्ष मुख्तार अहमद,उपाध्यक्ष फुरकान कुरैशी, व इनकी टीम तथा डॉक्टर सुबोध शुक्ला व डॉक्टर रेणु महेन्द्र का फ्री मेडिकल कैम्प लगाना बेहद सराहनीय कदम है।जहां इस फ्री मेडिकल कैम्प में सैकड़ों मरीज मौजूद रहे तो वहीं इस कैम्प में 'प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अजीज सिद्दीकी,उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसियेशन के महामंत्री अब्दुल वहीद,मान्यता प्राप्त पत्रकार मुश्ताक बेग,एसबी न्यूज के संपादक शबाब नूर, जे प्राइम भारत के संपादक एन.आलम, शादाब अहमद, जावेद बेग, सरफराज जाहिद,मान्यता प्राप्त पत्रकार परवेज अख्तर समेत दर्जन भर से ज्यादा पत्रकार गण मौजूद रहे। साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी इसराइल कुरैशी, फुरकान कुरैशी, मुख्तार अहमद, दिलशाद अहमद,रिजवान कुरैशी, नुरैन आलम, गुफरान कुरैशी, रेहान अहमद, समेत शहर की कई गणमान्य सम्मानित हस्तियां उपस्थित रहीं।

### लाटूश रोड पर जाम से व्यापारी परेशान

**लखनऊ।** राजधानी के लाटूश रोड पर जाम की समस्या से व्यापारी परेशान हैं। इसको लेकर साइकिल एसोसिएशन और लाटूश रोड व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक अमीनाबाद थानाध्यक्ष के साथ आयोजित की गई। बैठक में लाटूश रोड पर जाम की समस्या के समाधान के लिए चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने इस समस्या के प्रति गंभीरता दिखाई और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में साइकिल एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीत सिंह, संसदीय महामंत्री रोहित मक्कड़, महामंत्री मुस्तकीम, संयुक्त महामंत्री नौशाद अंसारी और शिवम अरोरा, लाटूश रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, महामंत्री नसीम अंसारी, उपाध्यक्ष अदनान अली और मंत्री सुहैल रजा सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जाम की समस्या केवल ट्रैफिक प्रबंधन से नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं के सुधार से भी जुड़ी है।

## आबकारी विभाग का छापा, तालाब के किनारे से कच्ची शराब भी हुई बरामद



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आबकारी विभाग ने अवैध रूप से शराब की तस्करी रोकने के लिए अभियान चलाया है। इस दौरान लखनऊ-कानपुर रोड पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबों पर अवैध शराब और बिक्री रोकने के लिए अचानक निरीक्षण हुआ। दुकानों पर पीओएस मशीन से बिक्री कराने का निर्देश दिया। आबकारी विभाग की तरफ से माल थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई। रामनगर और वीरपुर में संदिग्ध घर, खेत, बगीचा, तालाबों के किनारे दबिश दी गई।

इस दौरान दबिश मौके से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब और 150 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि विभाग की तरफ से लगातार कार्रवाई की जा रही।

## श्री अद्वैत परिवार फाउंडेशन द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** श्री अद्वैत परिवार फाउंडेशन द्वारा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई और सभी से स्वच्छता अभियान को सफल बनाकर महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत व स्वस्थ भारत के सपने को पूरा करने में योगदान देने की अपील की। संस्थान के अध्यक्ष महंत मुकेशानंद गिरि महाराज वैद्य ने कहा कि स्वच्छता में ही स्वस्थता का वास है। गंदगी से ही अधिकांश बीमारियों का जन्म होता है। अतः खुद भी स्वच्छ रहे, अपने घर व घर के आसपास के क्षेत्र को भी स्वस्थ रखें। संस्थान की डायरेक्टरमति निधि देवेश्वर ने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाना हम सभी का दायित्व है क्योंकि इससे हमारा घर, शहर व प्रदेश ही नहीं पूरा देश भी स्वच्छ व साफ-सुथरा बनेगा। सचिव सुशील शर्मा, मनी राम पाठक, सुनीता सिंह, आरती मिश्रा, उर्वी पंडित, प्राची नेगी, निखत सिद्दीकी व अद्वैत परिवार फाउंडेशन के समस्त स्टॉफ ने भी रैली में योगदान दिया।

## जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत शांति समिति की बैठक सम्पन्न

### सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर, माहौल खराब करने पर होगी कड़ी कार्यवाही

▸ परम्परागत तरीके से त्योहारों को मनाएं, कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रहनी चाहिए-जिला मजिस्ट्रेट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली सहित अन्य आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपदभर के संभ्रान्त नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि मा0 मुख्यमंत्री जी एवं शासन की मंशानुसार आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए, प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, विद्युत सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की जाए।एसडीएम, क्षेत्राधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से बड़े कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर कार्यक्रम आयोजकों के साथ वार्ता कर ली जाए तथा कार्यक्रमों आयोजकों को सुविधा हेतु वालिण्टियर, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु प्रेषित किया जाए। डीएम ने कहा कि शहरी क्षेत्र में नगर पालिका, ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतराज विभाग द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कार्यक्रमों स्थलों की साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर बेहतर पुलिस प्रबंध रहे, अधिक भीड़ वाले स्थानों पर वाचटॉवर की भी व्यवस्था की जाए। जल निगम, पीडब्लूडी, नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से सड़कों से गड्ढे भरवाते हुए जनसामान्य हेतु आवागमन को सुचारू किया जाए। डीएम ने कहा कि सड़क पर किसी भी कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति न दी जाए। त्योहारों के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति निर्वाधरूप से संचालित रहे, इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारी संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ले तथा सभी पंडाल या अन्य आयोजन स्थलों पर समुचित प्रकाश, शौचालय की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। परंपरागत रूप से जो भी कार्यक्रम होते रहे हैं वही आयोजित किए जाएं, कोई भी नहीं परंपरा नहीं जोड़ी जाए।सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट, टिप्पणी न करें, भड़काउ पोस्ट डालने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी राज कुमार सिंह आदि ने भी शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अपने विचार प्रकट किए। बैठक के दौरान जनपदभर से आए संभ्रान्त नागरिकों ने भी कार्यक्रमों के आयोजन संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एसडीएम जलेसर विपिन कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर सहित अन्य संबंधित अधिकारी, भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता, वीके शास्त्री सहित भारी संख्या में जनपदभर से आए संभ्रान्त नागरिक आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती

▸ उनके महान विचारों ने देश को स्वतंत्रता के साथ-साथ दी एक नई दिशा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर अलीगंज तहसील सभागार में दोनों महान विभूतियों के चित्रों का अनावरण करते हुए पुष्पांजलि भेंट की गई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए एक आदर्श हैं सत्य और अहिंसा के मार्ग को विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में भी आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों से हमको निरंतर स्तर पर उनके विचार आदर्शों से शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने जीवन में उतार कर अपने पथ पर आगे बढ़ना चाहिए, जिससे कि समाज एवं प्रदेश तथा देश का विकास तीव्र गति के साथ संभव हो सके। इसी क्रम में कोतवाली अलीगंज परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान झंडा फहराकर तिरंगे को सलामी दी। महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक शिव कुमार, एसआई मनीषा, एसआई अवधेश कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वहीं बीआरसी पर कायाकल्प प्रभारी सत्यप्रताप ने महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। प्राइमरी कंपोजिट विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। विद्यालय के छात्रों ने ÷रघुपति राघव राजा राम÷ गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य निशा यादव ने दोनों महापुरुषों के योगदान और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## बापू और शास्त्री को याद किया,स्कूलों में हुए कार्यक्रम

▸ एसडीएम ने तहसील,सीओ ने थाने पर फहराया ध्वज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**जलेसर/एटा।** गाँधी जयन्ती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर बुधवार को नगर व तहसील क्षेत्र में देश की इन दौनो महान विभूतियों को याद किया गया। इनके व्यक्तित्व एवं कृतत्वो को आत्मसात करने का आव्हान किया गया। शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। गाँधी जयंती के मौके पर सोमवार को नगर के नाला बाजार स्थित गांधी मूर्ति एवं मंडी जवाहरगंज स्थित शहीद स्थल पर क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर द्वारा ध्वजारोहण कर नमन किया गया। उपस्थित लोगों से गाँधी जी एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतत्व आत्मसात करने का आव्हान किया। तहसील कार्यालय पर एसडीएम विपिन कुमार मोरेल द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया गया। इस दौरान तहसीलदार राकेश कुमार तथा नायब तहसीलदार वंशिका सिंह, वाजिद हुसैन,स्टेनो रवेन्द्र सिंह,पेशकार जयवीर सिंह, शशिकांत, सपना कुमारी, मनोज कुमार, संजीव कुलश्रेष्ठ, उप निबन्धक,रजिस्ट्रार कानूगो सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा पुलिस कोतवाली पर सीओ कृषण मुरारी दोहरे व प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर राघव, पशु चिकित्सालय पर उप मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ नीरज शुक्ला, नगर पालिका में चेयरमैन गौरी वर्मा, सीएचसी पर डॉ पवन शर्मा सहित सभी शिक्षण संस्थाओं में भी गांधी जी एवं शास्त्री जी को नमन किया गया। कस्वा नूहखेड़ा में स्वाधीनता संग्राम सेनानी पण्डित कालीचरन शर्मा के तैलीयचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भाजपा मंडल कार्यालय पर अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह एवं क्षेत्र के सभी परिषदीय स्कूलों में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई।

## जलेसर विधायक और चेयरमैन ने किया गाँधी जी की प्रतिमा का लोकार्पण

**लोकमित्र ब्यूरो**



**जलेसर/एटा।** बुधवार को गाँधी जयन्ती के मौके पर नगर के नाला बाजार स्थित गाँधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नई प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर एवं चेयरमैन गौरी वर्मा द्वारा विधि विधान के साथ गाँधी जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि संजीव वर्मा ने बताया कि गाँधी चौक स्थित गाँधी जी की प्रतिमा खण्डित हो गयी थी। जिस पर पालिका द्वारा गाँधी जी की नई प्रतिमा बनबा कर लगायी है।साथ ही स्मारक का भी सौंदर्यीकरण कराया गया है।

**पुराना शिलालेख नही लगबाने पर हुआ विवादः** जलेसर नगर के नाला बाजार स्थित गांधी चौक पर गाँधीजी की नई प्रतिमा का लोकार्पण होने के बाद पुराना शिलालेख हटाये जाने पर भाजपा के बृज प्रान्त मंत्री बीएल कुशवाह और चेयरमैन प्रतिनिधि संजीव वर्मा के बीच विवाद हो गया। भाजपा नेता बीएल कुशवाह आरोप था कि नगर के नालाबाज़ार स्थित इस गांधी मूर्ति को वर्ष 1972 में उनके पिता एवं तत्कालीन चेयरमैन हरिप्रसाद कुशवाह द्वारा बनबाया गया था। जिसका शिलालेख वर्तमान चेयरमैन ने हटबा दिया गया है। जिसका विरोध उनके द्वारा किया गया है। यदि यदि पालिका चेयरमैन द्वारा तत्कालीन चेयरमैन की पट्टिका को नही लगबाया गया तो वह धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसके के लिए पालिका प्रशासन जिम्मेदार होगा। वही पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव वर्मा ने बताया कि बातचीत कर विवाद को सुलझा दिया गया है। सर्वसम्मति से नये नामों के शिलालेख के साथ साथ पुराने शिलालेख पत्थर को भी लगा दिए जाने का निर्णय लिया गया है। शीघ्र ही नये शिलालेख के बराबर में पुराने शिलालेख को भी लगबा दिया जायेगा।

## श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा ने रामलीला की आयोजन को लेकर की प्रेस वार्ता

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा सेक्टर 46 के आयोजन समिति एवं सदस्यों ने रामलीला ग्राउंड सेक्टर 46 में 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर के बीच होने जा रहे हैं रामलीला महोत्सव को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

श्रीराम लखन धार्मिक लीला कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि, रामलीला का मंचन ÷श्री परिवार रघुवंशी संस्कृति मंच÷ मुरादाबाद के द्वारा संचालित पंडित कृष्ण स्वामी और उनके सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। रामलीला का स्टेज दो भागों में होगा पहला भाग आया105 फीट लंबा 8 फुट चौड़ा और 18 फीट ऊंचा होगा। जबकि दूसरा स्टेज 140 फीट लंबा 40 फुट चौड़ा और 6 फीट ऊंचा होगा।राम बारात 7 अक्टूबर सोमवार को शाम 4÷00 बजे से रामलीला ग्राउंड सेक्टर 46 से प्रारंभ होकर सेक्टर 46 सेक्टरों के अंदर घूमते हुए शाम 7÷00 बजे तक रामलीला ग्राउंड पर पहुंचेगी। शाम 8÷00 बजे से डांडिया नाइट का आयोजन रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सुरक्षा के लिए लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे ग्राउंड के चारों तरफ लगाए जाएंगे। उसके अलावा 40 गार्ड वह 10 गनर, वह आयोजन समिति के सदस्य चप्पे चप्पे पर निगरानी करने का काम करेंगे। आज के प्रेस वार्ता में मौजूद मुख्य लोगों में आलोक गुप्ता एसपी जैन ,नरेश कुच्चल, राजेंद्र जैन ,पूनम सिंह सुमित अग्रवाल , महेश चंद अग्रवाल,पवन अग्रवाल ,विकास बंसल ,गौरव कुमार यादव मनीष अग्रवाल ,विमल गुप्ता ,सुशील कुमार सिंघल , सुभाष शर्मा मनोज शर्मा श्रीधर गोयनका

गिर्राज अग्रवाल ,पुनीत गर्ग, मनोज गोयल ,मनोज अग्रवाल ,आलोकअग्रवाल ,ललित सिंगल ,पवन शर्मा ,यतेंद्र शर्मा, अमीश राजवंशी,मुकेश गुप्ता,

प्रदीप अग्रवाल ,विमल अग्रवाल , पवन शर्मा ,सत्येंद्र शर्मा, जिग्नेश भारद्वाज ,गर्व भारद्वाज ,रामवीर यादव मनोज गुप्ता मनीष अग्रवाल , राकेश सिंगला, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एचआरआईटी विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग ने मनाया विश्व पर्यटन दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** एच आर आई टी विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग ने विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का दौरा किया। इस दौरे में सभी छात्रों के साथ उनके शिक्षक भी शामिल हुए। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों की ज्ञान वृद्धि और उद्योग की नवीनतम प्रथाओं से अवगत कराना था। इस अवसर पर एच आर आई टी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने इस पहल का जोरदार समर्थन किया। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ. डी.के. शर्मा, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एन.के. शर्मा, और होटल प्रबंधन एवं पर्यटन संकाय के डीन डॉ. सी एन सिन्हा, डॉ शबनम जैदी ने इस यात्रा को विश्वविद्यालय से रवाना किया। अतुल भूषण, सीईओ, और रंजना शर्मा, गतिविधियों की प्रमुख, ने छात्रों के उत्साह को प्रोत्साहित किया और इस तरह के औद्योगिक दौरों की महत्ता पर जोर दिया। इस शैक्षिक दौरे से छात्रों को उद्योग से जुड़े नवीनतम रुझानों और कौशल के बारे में गहन




जानकारी प्राप्त हुई, जिससे उनके पेशेवर विकास को मजबूती मिलेगी। एच आर आई टी विश्वविद्यालय ने हमेशा से अपने छात्रों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया है, और इस तरह की गतिविधियों से उनके वास्तविक दुनिया के अनुभवों में वृद्धि होती है, जो उनकी शैक्षणिक यात्रा में सहायक सिद्ध होती है।

## कांग्रेस कार्यालय पर कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**लोकमित्र ब्यूरो**




**एटा।** राष्ट्रपिता पूज्य महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री, स्वंतत्रता संग्राम सेनानी स्व मसूरियादीन पासी जी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी एटा धान मील वाली गली एटा कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कृतज्ञ श्रद्धांजलि अर्पित की गई । जिला कांग्रेस कमेटी एटा के नेतृत्व में प्रातः 07÷00 बजे से प्रभात फेरी कांग्रेस कार्यालय से ठंडी सड़क,मेहता पार्क मोतीलाल नेहरू जी,महावीर सिंह राठौर जी की प्रतिमा पर ,महात्मा गांधी जी की प्रतिमा घंटा घर,नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा हाथी गेट,होती लाल दास जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की प्रतिमा शिकोहाबाद रोड तिराहा,जवाहर चोक गांधी मार्केट ,जाटव पुरा, कचहरी रोड बाबा सहाब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बाद में कांग्रेस कार्यालय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। और जाटव पुरा में सहभोज किया। ठाकुर अनिल सोलंकी जिला अध्यक्ष ने कहा की इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मेरा प्रेम भरा नमस्कार, जैसा कि सभी जानते हैं कि हम यहां एक ऐसे महापुरुषों जयंती के उपलक्ष्य में एकत्रित हुए हैं जिन्होंने हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने के साथ ही देश की आजादी में अपने प्राणों की चिंता न करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे महापुरुष को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की गांधी जी एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। वे उस समय भी ग्राम स्वराज, पंचायती-राज, ग्रामोद्योग, महिलाओं की शिक्षा, गांवों में स्वच्छता और विकास के पक्षधर थे। अरुणेश गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेसी सेवा दल ने कहा की लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा की %श्वेत क्रांति% के विचार को आगे बढ़ाया। यह दूध का उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रीय अभियान था। इसके लिए उन्होंने गुजरात के आणंद की अमूल दूध सहकारी समिति का समर्थन किया और 1965 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड का गठन किया। इंजीनियर सुरेंद्र कश्यप पूर्व प्रदेश महासचिव ने कहा की मसूरिया दीन पासी का जन्म प्रयागराज के जोंधवल में 2 अक्टूबर, 1911 को हुआ था। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे और कांग्रेस के सदस्य भी। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए वह साल 1932 से 1944 के बीच कई बार जेल गए। मूसरिया दीन अनंतिम संसद और शुरुआती चार लोकसभाओं में सदस्य रहे। उनका निर्वाचन क्षेत्र इलाहाबाद पश्चिम सह जौनपुर पूर्व था। वह विधानसभा सदस्य भी रहे। इस अवसर पर ठाकुर अनिल सोलंकी जिला अध्यक्ष,अरुणेश गुप्ता सेवा दल,इंजीनियर सुरेंद्र कश्यप पूर्व प्रदेश महासचिव,प्रवेश राजपूत ,नंदलाल यादव,एकेस लोधी,सोहन लाल वर्मा, डाक्टर सुरेंद्र स्वेरी सविता,सुभाष सागर एडवोकेट पूर्व सभासद,सुनील गौतम एडवोकेट ,संजीव गुप्ता,जितेंद्र राजपूत, नौशाद अली, उमेश राजपूत,मुनेंद्र प्रजापति,रवीश गोला,मुकेश बघेल एडवोकेट, खुशीराम फोजी,आनंद पाल बघेल फोजी,राजबहादुर शाक्य,कुलदीप पाण्डे टिंकू पंडित,मोहम्मद रियाज,लल्ला भाई,अकिंत राठौर,अभिषेक मिश्रा,सुनीता दिवाकर,रुकसाना , सोनबीर दिवाकर,ओमप्रकाश सिंह तोमर,मुशीर अहमद,अजीत शाक्य, ऋषभ शाक्य, महेंद्र कुमार प्रजापति, जितेंद्र राणा, दिलीप यादव, रानी यादव, ओमवीर राजपूत, धर्मेंद्र कुमार, मुशीर अहमद, अजीत शाक्य, पंकज गौतम शैलेंद्र सिंह पुंडीर, नौशाद अली रामदास लोधी ,प्रिंस कुमार , हबीब खान,आदि उपस्थित रहे।

## वीएमएलजी में नशामुक्त भारत विषय पर हुई गोष्ठी में ममता गुप्ता ने छात्राओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया



**गाजियाबाद।** विद्यावती मुकंद लाल गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद में नशा मुक्त भारतवर्ष विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में छात्राओं ने नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। माया ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को नशे की बुराइयों की जानकारी दी। अतुल आनंद गुप्ता रूपमती शर्मा व राकेश गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। 20 छात्राओं ने भी नशे सम्बंधी बुराइयों के बारे में बताया। ममता गुप्ता ने छात्राओं को सदैव नशे से दूर रहने और दूसरों को भी नशे से दूर रखने का संकल्प दिलाया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ रचना प्रसाद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आज श्रीरामलीला महोत्सव का होगा श्रीगणेश

**लोकमित्र ब्यूरो**




**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया,जिसे समिति के प्रमुख पदाधिकारियों ने संबोधित किया।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली श्रीरामलीला का शुभारंभ कल स्थानीय सांसद डॉ.महेश शर्मा एवं स्थानीय विधायक पंकज सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ ही किया जायेगा।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि कल से सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में प्रतिदिन लीला मंचन सायं 7 बजे से शुरू होगी।7 अक्टूबर को दोपहर 01 बजे सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर से श्रीराम बारात शोभायात्रा निकलेगी,जो डीएम चौराहा,सेक्टर-4,हरोला,सेक्टर-9,10,11,12,22,56 तिराहा,55,खोरा लेबर चौक होते हुए रामलीला मैदान पहुंचेगी,जहां राजा जनक राम बारात का स्वागत करेंगे।रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले श्री रामलीला महोत्सव के दौरान 12 अक्टूबर को श्रीराम द्वारा रावण का वध होगा और उसके उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव मनायी जायेगी।इस अवसर पर रावण,कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा एवं इन तीन पुतलों के अलावा महँगाई,भ्रष्टाचार और आतंकवाद के पुतलों का भी दहन किया जाएगा।13 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही श्रीरामलीला का समापन होगा।लीला मंचन मुरादाबाद की मंडली श्री जानकी कला मंच के पचपन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।इस बार पुतले बहुत ही आकर्षक बनाये जा रहे हैं और उसकी लंबाई भी बढ़ायी जा रही है। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि इस बार मंच बड़ा बनाया जा रहा है और दर्शकों के बैठने के लिए ज्यादा सुविधाजनक बनाया जा रहा हैं।तीन मंच को जोड़कर एक बड़ा मंच बनाया जा रहा है।लोगों के बैठने की क्षमता भी बढ़ायी गई है।इस बार 5 हज़ार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।एक हज़ार सोफा और चार हज़ार कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है।इस बार लंका दहन और हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने के प्रसंग क्रेन के माध्यम से आकाश में दिखाया जाएगा।समिति के चेयरमैन उमशंकर गर्ग ने बताया कि मंचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी।नोएडा पुलिस,निजी सुरक्षा गार्ड के अतिरिक्त समिति के दो दर्जन स्वयंसेवक सुरक्षा कार्य में सहयोग करेंगे।सीसीटीवी कैमरे,अग्निशमन और ड्रोन की भी व्यवस्था रहेगी।इस बार शोभा यात्रा का स्वागत जगह-जगह होगा।स्थानीय नागरिक भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।शोभा यात्रा में 60-70 बैंड पार्टी के सदस्य होंगे,जो दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

प्रेसवार्ता में राजकुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,सह कोषाध्यक्ष अनिल गोयल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनरायण गोयल,पवन गोयल,बजरंगलाल गुप्ता, तरुण राज,अनंतप्रकाश वर्मा, मुकेश अग्रवाल,मुकेश गोयल, मनोज शर्मा,मुकेश गुप्ता,राजेश माथुर, चक्रपाणि गोयल,एस एमगुप्ता, शान्तनु मित्तल,सुधिर पोरवाल, आत्माराम अग्रवाल, आरसीगुप्ता, ललित सिंहल, गिरिराज, अजय चौधरी,सहित रामलीला समिति के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## छेड़छाड़ के मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने के आरोप में चौकी इंचार्ज को पुलिस अधीक्षक ने किया निलंबित

**सफीपुर,उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत छेड़छाड़ के मुकदमे में सुलह समझौता कराने के लिए दबाव बनाने वाले आरोपितो पर समय पर कार्यवाही न करने के आरोप में आसीवन थाना में तैनात एक दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ की रिपोर्ट पर की गई है।जानकारी के अनुसार मामला तब और गंभीर हो गया जब एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में जेल से बाहर आए एक व्यक्ति आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर किशोरी के पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बाद किशोरी के पिता को गंभीर चोटे आयी है।और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि बीते शनिवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए गांव में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया।

## टीबी मक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2023 में जनपद में 17 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** गांधी जयन्ती के अवसर पर टी0बी0 मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने प्रशस्त्री पत्र वितरित किए। डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 18 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में वर्ल्ड टी0बी0 सबमिट की अध्यक्षता करते हुये भारत को टी0बी0 मुक्त करने के लिये वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया। तभी से सम्पूर्ण भारत में टी0बी0 मुक्त करने के लिये विभिन्न स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। जिसमें प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान की शुरूआत महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा दिनांक 09 सितम्बर, 2022 को की गयी।

डीएम ने कहा कि उक्त अभियान के अन्तर्गत नियमित सक्रिय मामलें खोजने के प्रयास, अति संवेदनशील आबादी में टी0बी0 की जाँच बढ़ाने, टी0बी0 रोगियों के उपचार पर ध्यान देने के लिये आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2023 को वाराणसी में टी0बी0 मुक्त पंचायत पहल को लागू किया गया। उक्त टी0बी0 मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2023 में जनपद एटा में 17 ग्राम पंचायत टी0बी0 मुक्त हुई हैं, इन सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को आज गाँधी जी की मूर्ति एवं प्रशस्त्रि देकर सम्मानित किया जा रहा है।जनपद में 17 ग्राम पंचायत टी0बी0 मुक्त हुई है, जिसमें ब्लॉक अलीगंज दादूपुर, ब्लॉक अवागढ़ में रेजुआ, नरहुली, ब्लॉक जैथरा में दौलतपुर, ब्लॉक जलेसर में पवरा, नगला मीरा, मुहब्बतपुर, ब्लॉक निधौली कलों में भूपालपुर, पचपेड़ा, ब्लॉक सकीट में मन्सुखपुर, फतेहपुरा, सलेमपुर सानी, उम्मेदपुर रिजोर, मुबारिकपुर छछैना, नगला हमीर, भरतौली एवं शीतलपुर ब्लॉक में ग्राम पंचायत पहरा शामिल है। उक्त सभी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। उक्त के अतिरिक्त स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद में टी0बी0 रोगियों को गोद पोषण पोटली प्रदान करने के लिये निःक्षय मित्रों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें अनुज चैहान, लॉयन्स क्लब, डा0 विजय कुमार गौतम, रूप किशोर गौतम मानव सेवा संस्थान, जलेसर, अरविन्द सिंह, अध्यक्ष कैमिस्ट एसोसिएशन एटा, श्री मनोज जैन, त्रिमूर्ति मानव सेवा संस्थान, एटा एवं मानवेन्द्र सिंह चैहान, समाजसेवी शामिल रहे।

इस अवसर पर सी एम ओ डा0 यूके त्रिपाठी, एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, वरिष्ठ कोषाधिकारी सरोज कुमार प्रजापति, एसीएमओ डा0 राम मोहन तिवारी, डिप्टी डीटीओ गौरव यादव, आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकप टकराई ट्रक से, चालक की मौत

**सुबेहा ।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे तेज रफ्तार पिकअप सामने से जा रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। जिससे पिकअप चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बुधवार रात 46 कि मी पर अमरवल गांव के पास आबिद पुत्र मुर्तजा निवासी वाजिदपुर थाना सरसंवा जनपद सहारनपुर से गाजीपुर पिकअप पर सेब लादकर जा रहें थें। अचानक उसे नींद आ गई। जिससे सामने से जा रहे ट्रक में पीछे से पिकअप जा घुसीं। जिससे चालक की मौके पर मौत हो गई है। चालक अकेले ही सेब लादकर गाजीपुर मंडी जा रहा था। सुबेहा थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक के परिवारीजन को सूचित कर दिया गया है।

### तहसील टीम ने बुलडोजर चला हटवाया तालाब से अवैध कब्ज़ा

**निन्दूरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आईजी आरएस शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन पर तत्काल निस्तारण के लिए आदेश दिए गए हैं जिसे लेकर अवैध कब्जाधारी में मचा हड़कंप तहसील प्रशासन टीम मौके पर पहुंच कर बुलडोजर चलवा कर तालाब की सुरक्षित जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया  घुघटेर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिण्डसावा गांव निवासी विनीता देवी ने मुख्यमंत्री आईजी आरएस पर की गई शिकायत का शासन ने लिया संज्ञान तहसील प्रशासन ने तालाब की जमीन बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जे से मुक्त कराई पिण्डसावा गांव निवासी कमरुद्दीन व लुकमान द्वारा गाटा संख्या 866 तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए थे जिसको लेकर गांव निवासी विनीता देवी ने मुख्यमंत्री आईजी आरएस शिकायत की थी जिसे शासन ने संज्ञान लिया बुधवार को उप जिला अधिकारी फतेहपुर द्वारा टीम गठित कर मौके पर पुलिस फोर्स पहुंच कर बुलडोजर चला कर तालाब की सुरक्षित जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई। एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया  कि विनीता देवी द्वारा मुख्यमंत्री आईजी आरएस पर की गई शिकायत का शासन ने संज्ञान लिया शासन के निर्देश पर बुधवार को तालाब की सुरक्षित जमीन घाटा संख्या 866 जिसकी कीमत करीब एक करोड रूपये की जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई अगर दोबारा कब्जा किया गया तो कार्रवाई की जाएंगी इस मौके पर राजस्व निरीक्षक कैलाश बहादुर लेखपाल भूपेंद्र द्विवेदी के साथ स्थानीय पुलिस फोर्स मौजूद रहीं।

### अनियंत्रित ई रिक्शा गिरा शारदा नहर में, चालक ने बचाई जान

**दरियाबाद।** ई रिक्शा अनियंत्रित होकर शारदा नहर में गिर गया। चालक ने किसी तरह से नहर से निकल कर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से रिक्शा को नहर से बाहर निकलवाया। दरियाबाद टिकैतनगर मार्ग पर मीन नगर गाव के पास शारदा नहर में एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर गिर गया। रिक्शा चालक ने रिक्शे पर गैस सिलेंडर रखा हुआ था जिस वजह से रिक्शा अनियंत्रित हो गया रिक्शा चालक ने किसी तरह से नहर से निकल कर अपनी जान बचाई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से रिक्शा को नहर से बाहर निकलवाया। रिक्शा चालक की पहचान राम निवास पुत्र झगरू निवासी खैरन तकिया हुई।

### घाघरा नदी में मिला अज्ञात महिला का शव

**दरियाबाद।** घाघरा नदी में महिला का शव बरामद हुआ। सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुनौली मांझा में बुधवार की दोपहर को 2 बजे के करीब नदी के किनारे एक महिला का शव दिखलाई पड़ा। महिला की उम्र 32 साल के करीब है। ग्रामीणों ने शव दिखलाई पड़ने की सूचना दरियाबाद पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन महिला की पहचान नही हो सकी। महिला के पहनावे से शव मुस्लिम महिला का प्रतीत हो रहा है। शव 1 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### गांधी जी व लाल बहादुर की नगर में धूमधाम से मनाई गई जयंती

**शुक्लागंज, उन्नाव।** बुधवार को नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगरवासियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण से हुई, जिसमें पालिका के कर्मचारियों ने भाग लिया। गंगाघाट थाने में इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने झंडा रोहण किया, जबकि पीएचसी में डॉक्टरों ने भी झंडा रोहण किया। मिश्रा कॉलोनी चौराहा स्थित गांधी चौक पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरजा शंकर पांडे सुमन ने की। विधायक पंकज गुप्ता, चेयरमैन कौमुदी पांडे और संदीप पांडे ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर गांधी जी का प्रिय भजन ष्रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम गाया गया। ग्राम शंकरपुर सरॉय, उन्नाव में गांधी जयंती के अवसर पर हजारों किसानों और महिलाओं ने बापू को श्रद्धांजलि दी। किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने कहा कि समृद्ध किसान के बिना समृद्ध भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि ट्रांस गंगा सिटी में उनके निरूशुल्क प्लॉट शीघ्र दिए जाएंगे। यदि अधिकारी जानबूझकर देरी करते हैं, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। समारोह में पत्रकारों और किसानों को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मशहूर जादूगर शंकर गोगा ने अपने करतबों से किसानों का मन मोह लिया। समारोह में सैकड़ों सक्रिय पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने आयोजन की व्यवस्था संभाली। सभी ने बापू को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर लक्ष्मी शंकर अवस्थी, सुशील त्रिवेदी, अश्वनी त्रिवेदी, करन, त्रिवेदी, जय प्रकाश राजपूत, रिंकू बाजपेयी, प्रमोद त्रिवेदी, राम बालक यादव, कमलेश निषाद, अखिलेश राजपूत, कल्याण सिंह, राजपूत, लल्लन शर्मा, कालिका प्रसाद, सुभाष राजपूत, सागर यादव, जय चन्द्र, रामशंकर, दीप चन्द मुन्नी लाल राजपूत, सुरेन्द्र कुशवाहा, छेदी लाल, राम शंकर पिंकू मौजूद रहे।

### राम जन्म के साथ आनंद घाट पर रामलीला का शुभारंभ

**शुक्लागंज, उन्नाव।** बुधवार को गोपीनाथपुरम में भव्य रामलीला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन मुकुट पूजन और गणेश वंदना का आयोजन किया गया। शाम सात बजे दीप जलाकर रामलीला की शुरुआत की गई, जिसमें भगवान श्री राम का जन्म होते ही लोगों ने जय श्री राम का जयघोष किया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की बाल लीलाएं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं। महल में भगवान राम को घुटनों के बल चलते देखने के लिए स्वर्ग से देवी-देवता और ऋषि-मुनि अयोध्या पहुंचे और उनकी पूजा अर्चना की। राम जन्म की खबर सुनते ही अयोध्या में खुशी का माहौल छा गया, लोग उल्लास से झूम उठे। कार्यक्रम में वीरेन्द्र शुक्ला, कमल वर्मा, प्रदीप शुक्ला, नीलकमल और अंजनी अग्निहोत्री जैसे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस पावन अवसर पर रामलीला के आयोजन ने सभी को एक नई ऊर्जा और धार्मिक भावना से भर दिया।

### रिस्तेदारी में जा रहे युवक को चोर समझ कर ग्रामीणों पीटा

**बीघापुर, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के अकबरपुर में रिश्तेदारी में जा रहे युवक को मंगलवार 9:00 बजे चोर समझकर ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी युवक के सर व हाथों में गंभीर चोटे आई हैं ।गंभीर युवक का परिजन जिला चिकित्सालय में इलाज करा रहे है। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के मानपुर ककरारी गांव के रहने वाले राम चंद्र कुरील पुत्र बिंदा प्रसाद अपने बहनोई बारा सगवर थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी रामहेत के यहां जा रहा था। लगभग 9¬30 बजे रामचंद्र अकबरपुर गांव के अंदर जैसे ही पहुंचे तो ग्रामीणों ने लोगों ने चोर चोर की आवाज लगा दी सैकड़ो की इकट्ठा भीड़ ने रामचंद्र को चारों ओर से घेरकर पिटाई चालू कर दी।घायल रामचंद्र जब तक अपनी रिश्तेदारी को बताता तब तक लोगो ने पीट पीट कर  लहुलुहान कर दिया।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता अभियान का आयोजन

लोकमित्र संवाद

**सफीपुर,उन्नाव।** नगर पंचायत सफीपुर कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत की अध्यक्षा गरिमा बाजपेई और अधिशासी अधिकारी (ईओ) विनीत श्रीवास्तव ने गांधी जी और शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी के स्वच्छता अभियान को प्रोत्साहित करते हुए बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में सफाई अभियान भी चलाया गया।ईओ विनीत श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के आदर्शों को जीवंत करते हुए बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में सफाई कर्मचारियों के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों और नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। ईओ ने अपने संबोधन में कहा, ÷महात्मा गांधी का सपना था कि हर नागरिक अपने आस-पास की सफाई के प्रति जिम्मेदार हो और उसी आदर्श को आगे बढ़ाते हुए हम आज यह अभियान चला रहे हैं।

सफाई केवल बाहरी नहीं होती, बल्कि हमें अपने आचरण और सोच में भी स्वच्छता अपनानी चाहिए।÷ उन्होंने यह भी कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना सभी नागरिकों का कर्तव्य है।स्वच्छता अभियान के दौरान विशेष योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। नगर पंचायत की ओर से बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनकी सराहना की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्षा गीमा बाजपेई ने कहा, स्वच्छता अभियान में हमारे सफाई कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है। वे नगर को साफ-सुथरा रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं और उनके समर्पण को मान्यता देना हमारा कर्तव्य है।नगर अध्यक्षा गरिमा बाजपेई ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, ÷महात्मा गांधी का जीवन सादगी और अहिंसा का प्रतीक है। उन्होंने न केवल भारत को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी समाज को जागरूक किया। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेते हुए कहा, शास्त्री जी का जय जवान, जय किसान का नारा आज भी हमारे समाज के लिए प्रासंगिक है। उनके नेतृत्व और सेवा भाव ने देश को एक नई दिशा दी। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए देश की सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी हुए सम्मानित



लोकमित्र संवाद

**बाराबंकी।** स्वच्छता का सन्देश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के 155 वें जन्म दिवस पर नगर पंचायत बंकी में गाँधी एंव लाल बहादुर शास्त्री के चित्र व प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर

विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी, अध्यक्ष प्रतिनिधि

इमरान खान, सभासद गण श्रीमती शन्नो, आयशा हनीफ, अनुभव सैनी, उपेन्द्र कुमार मौर्या एंव सभासद प्रतिनिधि अवधेश, मनीष गौतम, मनीष गुप्ता, राहुल तथा शाइस्ता अख्तर (ब्राण्ड अम्बेस्डर स्वच्छ भारत मिशन), विद्याभवन स्कूल के प्रबन्धक अशोक कुमार व कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। माल्यार्पण के पश्चात् विधायक द्वारा सामुदायिक केन्द्र पानी टंकी प्रागण में पौध रोपण किया गया। अधिशासी अधिकारी मोहनी केसरवानी एंव अध्यक्ष प्रतिनिधि इमरान खान द्वारा विधायक सुरेश यादव को गमले में लगा हुआ पौध भेंट करते हुए स्वागत किया गया। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अर्न्तगत श्रमदान एंव उक्त अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र - कर्मचारी एंव कार्यक्रम में सहयोग करने वाले तथा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया, तत्पश्चात समरसता - तहरी भोज का आयोजन किया गया। नगर क्षेत्र बंकी में गाँधी जयन्ती बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी तथा लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।

### जहरीला कीड़ा काटने से बालिका की मौत

**पाटन उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम पनई बुजुर्ग मे 6 वर्षीय लड़की को जहरीले कीड़े ने काट लिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम पनई बुजुर्ग निवासी स्वर्गीय कल्लू सिंह की 6 वर्षी पुत्री श्रद्धा सिंह अपने घर में कमरे के अंदर बेड पर सो रही थी । बीती रात तड़के 4 बजे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया ।परिजन उसे कराने ले गये । झाड़ फूंक व उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि श्रद्धा दो भाइयों के बीच में अकेली बहन थी 1 वर्ष पूर्व मृतक पुत्री के पिता की तालाब में डूब कर मृत्यु हो गई थी। पुत्री की असामयिक मृत्यु पर परिवारी जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## गांधी जयंती पर लोक निर्माण विभाग साहित अन्य कार्यालयों में फहराया गया तिरंगा



लोकमित्र संवाद

**रामनगर।** दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सरकारी दफ्तरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर महात्मा गांधी के साथ साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया गया। उनके देश हित योगदान की चर्चा हुई व स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोक निर्माण विभाग सी डी थ्री के दफ्तर में अधिशाषी अभियंता राजीव राय ने ध्वज फहराया तथा महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा त्याग को बताकर उनके कई संस्मरण सुनाए।इसी के साथ जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री के बारे में भी जानकारी दी। सी डी वन में भी अधिशाषी अधिकारी दीपक चौधरी ने ध्वजरोहन किया।इसी तरह ब्लॉक रामनगर में बीडीओ जितेन्द्र कुमार ,जॉइंट बीडीओ नंद कुमार पांडेय व अन्य स्टॉफ ने जयंती मनाकर साफ सफाई अभियान चलाया।बीडीओ सूरतगंज देवेंद्र सिंह व उनके सहयोगी ए डी ओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद आदि ने जयंती मनाई व सफाई अभियान चलाया।रामनगर पी जी कालेज में भी दो अक्टूबर भव्यता से मनाया गया।तहसील में एस डी एम पवन कुमार ने गांधी व शास्त्री के योगदान पर चर्चा की।इसके अलावा प्राथमिक विद्यालयों में भी दो अक्टूबर हर्षोल्लास से मनाया गया।

## अनुकरणीय है बापू एवं शास्त्री जी का चरित्रः डॉ. विकास यादव

लोकमित्र संवाद

**बाराबंकी।** राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज में 'गाँधी व शास्त्री जयन्ती' के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।



इस अवसर पर डॉ0 विकास यादव ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। समस्त विद्यालय परिवार ने भी गाँधी एवं शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विद्यालय प्रबंधक डॉ0 विकास यादव ने उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूज्य बापू का सत्य अहिंसा और त्याग का सिद्धान्त सम्पूर्ण मानव जाति के लिए अनुकरणीय हैं। वर्तमान समय में व्याप्त अनैतिकता, भ्रष्टाचार, कटुता, हिंसा, व सामाजिक विद्वेष आदि दूषित मनोवृत्तियों पर गाँधी और शास्त्री के सिद्धान्तो का अनुकरण करके ही विजय पायी जा सकती हैं। समाज के सभी वर्गों का सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक उत्थान गाँधी जी और शास्त्री जी के चरित्र और आदर्शों के आधार पर किया जा सकता है।

इस अवसर पर गाँधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन चरित्र और योगदान पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों के मध्य किया गया। कक्षा 1 और 2 के बच्चों के मध्य 'ग्रेट इण्डियन लीडर' पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमे विजयी प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राओं में वैष्णवी, तनुष, आदर्श, प्रियंका, आदित्य, अनन्या, कृति, शान्वी, श्रद्धा, वर्तिका, यशी, लक्षी, आदित्य, श्रुति, आदि थे।

इस अवसर पर डा0 जगन्नाथ वर्मा, के0 बी0 सिंह, शोभित यादव, प्रकाश चन्द्र त्रिवेदी, विनोद विश्वकर्मा, अशोक कुमार वर्मा, पवन वर्मा, राजू गुप्ता, धर्मेन्द्र वर्मा, अंकित तिवारी, राकेश यादव, कृष्ण कुमार यादव आशुतोष श्रीवास्तव, राधेश्याम यादव, शिवपाल सिंह सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक परिवार उपस्थित था।

## शारदीय नवरात्रि से पूर्व पीस कमेटी की बैठक संपन्न

लोकमित्र संवाद

**मसौली बाराबंकी।** थाना परिसर में बुधवार को शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर शन्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने कहा कि मां दुर्गा पांडालों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पानी,बालू की व्यवस्था के साथ काटें हुए बिजली के तार का उपयोग न करें। इसके अलावा सुरक्षा के मुद्देनजर सीसीटीवी के कैमरे लगाए। जिससे किसी प्रकार की अनहोनी पर अंकुश लगाया जा सके। श्री सिंह ने नवरात्रि पर्व की कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठकर करते हुए कहा कि किसी प्रकार की असुविधा एवं परेशानी पर आप लोग तत्काल पुलिस को सूचना दे। थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने जनप्रतिनिधि से साफ-सफाई करने में सहयोग करने के लिए अपील भी किया।श्री सिंह ने कमेंटी के पदाधिकारियों से आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत करायें। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक



शमशाद अली, मसौली चौकी इंचार्ज राज करन सिंह, उप निरीक्षक अभय गुप्ता ,प्रेम नन्द वर्मा,अरुण प्रताप सिंह यादव ,अखिलेश यादव,बिजय बहादुर वर्मा, शिवम वर्मा, नफीस अंसारी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## आर एस पब्लिक स्कूल में गाँधी जयन्ती बापू और शास्त्री को किया गया याद

लोकमित्र संवाद

**बांगरमऊ,उन्नाव।** नगर के संडीला रोड स्थित आर एस पब्लिक स्कूल में गाँधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा गांधी और शास्त्री जी को याद कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी एस पी अरविंद चौरसिया एवं नायब तहसीलदार दीपक गौतम सम्मिलित हुए । मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रबंधक रिज़वान अहमद द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत शाल पहना कर एवं मोमेंटो भेंट कर किया गया। डिप्टी एस पी एवं नायब तहसीलदार ने बापू एवं शास्त्री के पदचिन्हों पर चलने अपील की । अधिकारी द्वय ने बच्चों




को संदेश दिया गया कि हम सबको इन दोनों महापुरुषों के जीवन से न सिर्फ सीख लेना चाहिए बल्कि इनके संदेशों को दूसरों तक भी पहुँचाना चाहिए । प्रबंधक रिज़वान अहमद द्वारा इस अवसर पर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । उन्होंने बच्चों से अपील की देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि देश को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने में अपना योगदान दे। जिससे देश विश्व के स्वच्छतम देशों की श्रेणी में सम्मिलित हो सके। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गईं एवं स्वच्छता की शपथ भी ली गई । कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय कैंपस में वृक्षारोपण किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## किसान की जेब से निकाले गए 50000 हजार रुपए

**सफीपुर,उन्नाव।** सफीपुर कस्बे में साप्ताहिक पशु बाजार में भैंस बेचकर लौट रहे किसान की जेब कट गई, जिससे उसके पच्चास हजार रूपए गायब हो गए।ये घटना उस समय हुई जब पुत्तन ई रिक्शा में सवार था। उमर गांव निवासी पुत्तन उन्नाव में मजदूरी करता है।उन्होंने पैसों की जरूरत के चलते अपनी भैंस पच्चास हजार रूपए में बेच दी। ई रिक्शा में यात्रा करते समय एक युवक ने पहले से बैठकर उसकी जेब काटने की कोशिश की। जब पुत्तन ने युवक की हरकत पर ध्यान दिया, तब युवक अचानक करौदी गांव के पास भागने लगा।पुत्तन ने जब अपनी जेब चेक की,तो पाया कि रूपिए गायब है।उसने अन्य सवारियों से सहायता मांगी लेकिन युवक भागने में सफल रहा।घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और सीसी टीवी फुटेज की जांच शुरू की इंस्पेक्टर श्याम नारायण सिंह ने कहा है कि आरोपित को पकड़ने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है और जांच जारी है।

# कच्ची कोठरी गिरी,वृद्ध महिला की जान बची मामले में राजस्व टीम ने की जांच

लोक मित्र संवाद

**खबर का असर**

**बीघापुर, उन्नाव।** बीघापुर थाना क्षेत्र के काल्हेपुर गांव में चार दिन पूर्व अतिवृष्टि से वृद्ध महिला की कच्ची कोठरी गिरने से जान जाने से बची मामले में तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व टीम ने गांव जाकर जांच कर अहेतुक सहायता दिए जाने की आख्या भेजी है। बीघापुर ब्लाक की ग्राम पंचायत घाटमपुर खुर्द के काल्हेपुर गांव की 80 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय रामकुमार कुम्हार की कच्ची कोठरी बीते चार दिन पूर्व हो रही भीषण बरसात से गिर गई थी। जिससे ब्रद्धा की जान जाने से बच गई थी। इस खबर को दैनिक ÷लोक मित्र÷ समाचार पत्र ने मय फोटो सहित प्रकाशित किया था। जिसे संज्ञान लेकर तहसीलदार अरशला नाज़ ने क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक व लेखपाल अशोक कुमार यादव को घटना स्थल पर जाकर जांच कर तुरंत आख्या देने का निर्देश दिया था। बीते दिवस राजस्व विभाग की टीम ने जांच कर तहसीलदार को आख्या भेजी है। इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार यादव से जानकारी किया तो उन्होंने बताया घटना सत्य है। वृद्ध महिला को घर गिरी हेतु अहेतुक सहायता दिलाए जाने हेतु आख्या तहसीलदार महोदया को भेज दी गई है।

आपको बता दें कि 80 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी स्व. राम कुमार कुम्हार अपनी एक मात्र कच्ची कोठरी में कई वर्षों से रह रही थीं। उनके कोई पुत्र नहीं था। चार पुत्रियां थी, जिनकी शादी होने के बाद वह अपने ससुराल में रहती थीं। किंतु पुत्री शिव कली ही अपनी मां के पास रह कर जादातर सेवा व देखभाल करती आ रही थी। विगत 28 सितंबर 2024 को प्रातः लगभग 10¬00 बजे मुन्नी देवी के पड़ोसी दयाराम को एकाएक कोठरी गिरने की आवाज सुनाई दी। दौड़ कर देखा तो कोठरी की थोड़ी छत गिरी हुई थी। और छत सहित दीवारें में दर्रा है, बस गिरने ही वाली हैं। वृद्ध महिला अपनी कोठरी के सामने रखे छप्पर के नीचे बड़े आराम से कुछ बर्तन मांज रही हैं। उन्होंने तुरंत ब्रद्ध मुन्नी देवी को जबरन उठाकर जैसे ही सुरक्षित स्थान पर ले कर गए। तभी कोठरी की छत सहित दीवाल भरभरा कर गिर गई। जिससे मुन्नी देवी की जान जाने से बच गई थी। गांव के ब्रजेश बघेल, कंचन सिंह, गीतेश सिंह चौहान मोनू, सोनू सिंह चौहान, संदीप सिंह भानू सिंह, रानू सिंह, मोहित सिंह, सत्यभान सिंह, सत्यम सिंह, राकेश रावत ने ग्राम प्रधान सुरेंद्र व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिता/सेवानिवृत्त शिक्षक भगवान दीन से ब्रद्ध महिला को आवास दिलाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आवास हीनों को आवास देने की संचालित योजना में महिला सहित अन्य पात्रों के नामों का चयन करने के लिए गांव सभा की खुली बैठक बुलाने की पुरजोर मांग की है।

### क्षेत्रीय विधायक ने लोगों की सुनी समस्याएं

**बीघापुर, उन्नाव।** ब्लॉक सभागार में बुधवार को जनसुनवाई कर रहे क्षेत्रीय विधायक से कोतवाली क्षेत्र की ठगपुरवा से आई आधा दर्जन से ज्यादा महिलाओं ने थाने में एसओ द्वारा बेरहमी से पिटाई किए जाने का आरोप लगाया। विधायक ने कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। सोमवार के दिन में कोतवाली क्षेत्र के भोगैता गांव में गैर जनपद की महिला को बकरी चोर बता कर गांव की महिलाओं ने पिटाई कर दी थी। मामले में पहुंची पुलिस ने बकरी चोर महिला को भीख मांगने वाली महिला बता कर उसके साथ ही गांव की 11 महिलाएं व पड़ोस के गांव मानपुर के तीन युवकों का शांति भंग में चालान कर दिया। शांतिभंग में शामिल 19 वर्षीय मनीषा पुत्र दिनेश तथा लक्ष्मी ने विधायक को बताया कि गांव की एक दर्जन महिलाएं एसओ राजपाल से निर्दोष युवकों की बात कहने आई थी। तभी मनीषा और लक्ष्मी को एसओ ने अपने केबिन में बुलाया और उन दोनों को नेतागिरी किए जाने की बात पिटाई की। विधायक ने भाजपा नेता विनोद लोधी व पूर्व प्रधान बंसीलाल कहा कि गुरुवार को कप्तान से मिलकर पूरे प्रकरण से अवगत करावे।

## कटका नाला के पुल की है बड़ी जरूरत मगर पैरवी हो रही कमजोर

लोक मित्र संवाद

**रामनगर।** मरकामऊ चौकाघाट रोड पर कटका नाला पर पुल बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने दो माह पहले प्रस्ताव भेजा था मगर उचित पैरवी न होने से अभी प्रस्ताव मंजूर नही हुआ है ।जन हित के लिए उक्त पुल के शीघ्र निर्माण की जरूरत है मगर उच्च अधिकारी ध्यान नही दे रहे है। बीते छः-सात माह पहले उक्त पुल की दीवार क्रेक हो गई थी जिससे यंहा से छोटे वाहन ही निकाले जाते है।बड़े वाहन,डम्फर रामनगर कस्बा अंदर बाजार होकर निकलते है जो कई दुर्घटना कर चुके हैं।इन बड़े वाहनों को बहराइच गोंडा की ओर जाने के लिए फ़ैजाबाद से आते समय सफदर गंज से बाराबंकी होकर गोंडा बहराइच निकाला जाए तो कस्बा के लोगो को राहत मिल सकती है व दुर्घटनाओ पर लगाम भी लगे मगर ऐसा नही किया जा रहा। बड़े व भारी वाहन कस्बा में भीड़ भाड़ से निकल रहे है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती



है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कटका पुल की उपयोगिता व जरूरी मानकर पैरवी नही की गई वरना यह अब तक मंजूर हो गया होता।अभी भी कस्बे से भारी वाहन धडल्ले से निकल रहे हैं। सहायक अभियंता अजीत पटेल ने बताया कि प्रयास हो रहा है। उम्मीद है कि मंजूरी मिलेगी।

संक्षिप्त खबरें

## मृतक किसानो की याद में बरसी मनाई



**तिकुनियां-खीरी।** वर्ष 2021में 3 अक्टूबर को तिकुनियां में किसान आंदोलन के दौरान चार किसानो की मृत्यु हो गई थी। जिसकी याद में कौडियाला गुरुद्वारे में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर पुष्पांजलि अर्पित की है। यह कार्यक्रम बरसी के तौर पर मनाया गया है ।इस दौरान किसानों ने कहा कि मृतकों की शहादत को याद रखा जाएगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह,विधान सभा अध्यक्ष जयमल सिंह,करमजीत सिंह, कुलविंदर सिंह,राम सिंह ढिल्हो, साहब सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## 2 अक्टूबर गाँधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर किया गया माल्यार्पण



**मोहम्मदी-खीरी।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में नगर की बापू वाटिका में समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया व उनके विचारों को एक दूसरे के सम्मुख रखा एवं उनके बताए रास्तों पर चलने की अपील की।इसके साथ ही, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती भी मनाई गई। सभी ने उनके जीवन और कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।यह आयोजन न केवल गांधी जी और शास्त्री जी की शिक्षाओं को स्मरण करने का अवसर था, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास था।जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष इकरार अहमद खान, उपाध्यक्ष एड.राजन कुमार वाल्मीकि, आफताब अली, अलाउद्दीन, डा.शमसुद्दीन मंसूरी, नायाब सफक व कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष बलराम वरुण, जिला महामंत्री डा.महेंद्र कुमार, अनिल गुप्ता, एड. प्रघुमन मिश्रा, अवनीश निश्रा, शिवली सिद्दीकी, मास्टर आरिफ सिद्दीकी , डा. इकवाल आदि बड़ी संख्या में समाजवादी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पितरों को तर्पण व पिंडदान के साथ पितृपक्ष समाप्त



**शुक्लागंज, उन्नाव।** पितृपक्ष के अंतिम दिन बुधवार को तमाम लोगों ने पितरों को गंगातट पहुंच कर तर्पण किया। इसके लिये नगर के सभी घाटों पर भारी भीड़ रही। जहां भोर पहर से दोपहर तक पिंडदान किया गया। जिसके बाद श्राद्ध कराया गया। वहीं माहपात्रों ने विधि विधान से पिंडा दान कराये। पितृपक्ष के अंतिम दिन सुबह से ही गंगातट पर लोगों की भीड़ रही इस दौरान पितरों को तर्पण करने के बाद उन्हें श्रद्धा भाव से तट पर बैठे पंडों ने विधि विधान से पूजा करवाई और पिंडदान भी कराया। जहां बालू घाट, पक्के घाट, चन्दन घाट, आनंद घाट, शिव पंडा घाट, गंगा विशुन घाट आदि गंगातटों पर पितंरो कों तर्पण करने वालो का तातां लगा रहा पन्डों ने विधि-विधान से पितरों का तर्पण कराने के साथ उन्हें गंगाजल से अर्पण किया। पितृपक्ष में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध करने की विधि में अंतर होता है। इसलिए इसे एक नहीं समझें। पितृपक्ष में मृतक परिजनों को श्रद्धापूर्वक याद करने को श्राद्ध कहते हैं। पिंडदान का अर्थ, भोजन दान करने से है। इसका अर्थ है कि,हम पितरों को पितृपक्ष में भोजन दान दे रहे हैं। वहीं तर्पण का अर्थ जल दान से है। हाथ में जल, कुशा, अक्षत, तिल आदि लेकर पितरों का तर्पण किया जाता है।

## डेढ माह बाद भी लूट का माल बरामद नही कर सकी पुलिस

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचू पुरवा में एक ट्रांसपोर्टर के घर पड़ी डकैती में शामिल चार अन्य साथियों के नाम ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए दो बदमाशों ने उजागर कर दिए थे। करीब एक पखवारा पूर्व दो बदमाशों ने उन्नाव की अदालत में समर्पण कर दिया था। आज़ पुलिस जेल से दोनों बदमाशों को यहां रिमांड पर लाई। किंतु बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस लूटा गया माल बरामद नहीं कर सकी। घटनाक्रम के अनुसार ग्राम मदार नगर के मजरा पंचू पुरवा में बीते 13 अगस्त को देर शाम छह नकाबपोश असलहा बंद बदमाशों ने सूरज और गृहस्वामिनी पूनम गुप्ता और पड़ोसी सूरज को गन प्वाइंट परव लेकर घर में रखा करीब दो लाख रुपए नगदी तथा करीब 20 लाख रुपए कीमत का सोने-चांदी का जेवर समेट लिया था और भाग निकले थे। बदमाशों ने पीड़िता पूनम गुप्ता के पुत्र का अपहरण करने का भी प्रयास किया था। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने पीछा कर दो बदमाशों को पकड़ लिया था और उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। जबकि बाकी बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से गृहस्वामिनी का मोबाइल और मात्र 15 हजार रुपए बरामद कर लिया था। पुलिस की गिरफ्त में आए नगर के मोहल्ला कटरा निवासी अंशू पाल और मोहल्ला पन्नी टोला के अभिषेक पाल दोनों बदमाशों ने जुर्म कबूल कर डकैती में शामिल अपने अन्य साथियों कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरन पुरवा निवासी संजीत, राम रहीस व धीरेन्द्र बाबा तथा ग्राम रबड़ी निवासी अनुज के नामों का खुलासा किया था। इनमें फरार संजीत यादव और धीरेन्द्र बाबा ने उन्नाव की अदालत में समर्पण कर दिया गया था। आज़ पुलिस अदालत के आदेशानुसार मात्र सात घंटे के लिए न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके दोनों बदमाश संजीत यादव और धीरेन्द्र बाबा को रिमांड पर यहां लाई। बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस उन्हें लेकर कई स्थानों को खंगाला। किंतु लूट का कोई माल बरामद नहीं हो सका। अंततः पुलिस ने दोनों बदमाशों को बैरंग वापस जेल रवाना कर दिया। खास बात तो यह है कि अभी दो बदमाश राम रहीस और अनुज फरार चल रहे हैं। जिन्हें लाख कोशिशों के बाद भी पुलिस अपनी गिरफ्त में नहीं ले सकी है।

## गाँधी जयन्ती पर न सफाई करायी गयी और न ही पेयजल की आपूर्ति

**बाँगरमऊ उन्नाव ।** देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को ठेंगा दिखाकर नगर पालिका परिषद द्वारा गाँधी जयन्ती पर न तो नगर की सफाई ही कराई गयी और न ही पेयजल की आपूर्ति।पालिका प्रशासन की कार्यशैली को लेकर नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। गाँधी जयन्ती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया गया।प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक खुद झाडू लगाते नजर आये किन्तु नगर पालिका प्रशासन की अकर्मण्यता के चलते आज नगर के कई मोहल्लों मे सफाई तक नही कराई गई।

# डीएम ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 02 से 16 अक्टूबर के मध्य सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा। इसी कड़ी में बुधवार को पखवाड़े के प्रथम दिवस महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 11 सड़क जागरूकता रथ (प्रचार वाहनों) को हरी झण्डी दिखाकर किया।

डीएम ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करने तथा छोटी-मोटी सावधानियां बरतने से हम स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। वाहनों का संचालन करते

[जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी]



समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें।

तेज गति से वाहन न चलाएं, किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। उक्त शुभारम्भ समारोह में एडीएम संजय कुमार सिंह एवं एसडीएम सदर अश्वनी कुमार एवं एसडीएम रेनू मिश्रा, रत्नाकर मिश्रा एवं एआरटीओ(प्रशासन/प्रवर्तन)अखिलेश कुमार द्विवेदी, पीटीओ कौशलेन्द्र प्रताप यादव, सीएमओ डा संतोष गुप्ता, एबीएसए, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी एवं डीएसओ अंजनी कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा समारोह में मौजूद आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी तथा मौजूद जन-मानस को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गयी। उक्त के अतिरिक्त परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों द्वारा ÷सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, जिम्मेदार बने, सुरक्षित रहें÷ के दृष्टिगत लगभग 300 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया कि सड़क पर पैदल एवं वाहन से चलते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए ? की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनमानस में पेम्फलेट्स व स्टीकर्स वितरित किए।

# जयंती पर कानपुर में याद किए गए गांधी और शास्त्री

गांधी और शास्त्री जयंती पर आयोजित हुए कार्यक्रम

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आज यहां जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया। इसके लिए शहर भर में आयोजित कार्यक्रमों में गांधीजी के आदर्शों पर चलने की भी बात कही गई। वहीं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और आजाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री तथा जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री को पुलिस कमिश्नरेट के सीपी अखिल कुमार ने भी कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके आदर्शों पर कर्तव्यनिष्ठा से चलने के लिए शपथ भी दिलाई। शास्त्री जयंती की यह कार्यक्रम प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा भी आयोजित किए गए। इसी तरह से कानपुर देहात में भी डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों के चित्र का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी जयंती पर आयोजित हर कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी के प्रसिद्ध भजन ÷रघुपति राघव राजा राम से हुई, जो समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्री जी के विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ÷जो बदलाव आप दूसरे में देखना चाहते हैं, वह पहले खुद में लाएं।÷ डीएम ने स्वच्छता, सत्य और अहिंसा जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता सहित कई अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

## शिक्षण संस्थानो मे मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती

**पाटन ,उन्नाव ।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सरकारी एव गैर सरकारी व शिक्षण संस्थानो मे झण्डारोहण एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । इस अवसर पर विद्यालयों मे वाद विवाद प्रतियोगिता एवं स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए । राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर तहसील मुख्यालय पाटन में उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने झण्डारोहण कर महात्मा गाँधी एव लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । आर आर बी एन इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह एवं समस्त शिक्षक व कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प भेंट कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया । यू एस इण्टर नेशनल स्कूल में प्रबंधक डा राघवेंद्र बाजपेई एव प्रधानाचार्य नेगी सिंह ने व निराला इण्टर कालेज पतारी विद्यालय के अध्यक्ष सुन्दर लाल बाजपेई ने झण्डा फहराया व उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश रावत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

## ग्राम सभा जन योजना अभियान के तहत खुली ग्राम सभा का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**तिकुनियां-खीरी।** ग्राम सभा जन योजना अभियान के अंतर्गत निघासन ब्लॉक की दो पंचायतों, बरसोला कला और खमरिया कोईलार में आज खुली ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीपीआरओ विशाल सिंह ने ग्राम सभा की महत्तव और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में डीपीआरओ ने कहा कि खुली ग्राम सभाएं ग्रामीण विकास और योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण मंच हैं।सभा में ग्रामवासियों को जन योजनाओं, पंचायत की विकास योजनाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने पंचायत की सभी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। धरोहर संस्कृति दल ने नुक्कड़ नाटक कर जनता को स्वच्छता, बीमारियों से बचाव और योजनाओं की जानकारी दी। सभा के अंत में मां के नाम पर कई पेड़ लगाए गए,इसके साथ ही 75 वर्ष से ऊपर के वृद्ध वरिष्ठ नागरिकों को शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान स्वच्छता अभियान के डीसी नंदकिशोर दीक्षित, बिष्णु देव,आलोक वर्मा,प्रधानपति मो मिया,सचिव आशिफ खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कई वर्षो से फरार चल रहे शातिर अपराधी को जीआरपी मैलानी पुलिस ने किया गिरफ्तार

अपराध नियंत्रण और रोकथाम के क्रम में जीआरपी मैलानी का सराहनीय कदम

लोकमित्र संवाददाता

**मैलानी-खीरी।** मैलानी जीआरपी पुलिस ने शातिर उदघोषित अपराधी,जो कई वर्षो से फरार चल रहा था। उसे मैलानी जीआरपी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी पुलिस ने उसे उस समय अरेस्ट किया, जब वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के कुशल नेतृत्व तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय लखनऊ के कुशल निर्देशन में मैलानी जीआरपी चौकी प्रभारी सुधेश कुमार पुलिस बल के साथ मुखबिर की



सूचना दबिश देकर करीब 20 वर्षो से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदनगर सिमरिया क़स्बा निवासी इक़बाल पुत्र नवी बक्श जो लगभग 20 वर्षो से फरार चल रहा था। जिसे जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुदेश कुमार,हेड कांस्टेबल दिनेश यादव, हेड कांस्टेबल मोहित कुमार, हेड कांस्टेबल भगवानदास, कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे। वही अपराध नियंत्रण और रोकथाम के क्रम में जीआरपी मैलानी का यह एक अहम कदम है। जीआरपी पुलिस का यह कार्य पुलिस विभाग में उत्साहवर्धन हेतु प्रशंसनीय है।

## अधिकारी पार्टी कार्यकर्ताओं तथा गरीबों की समस्या का तुरंत करें निदानः अजय मिश्रा टेनी

लोकमित्र ब्यूरो

**तिकुनिया-खीरी।** कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करना शुरू कर दें, जिले के अधिकारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को तथा गरीब लोगों की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने में आगे आए जिससे उन्हें तत्काल न्याय मिल सके। कार्य में हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को पैतृक गांव बनवीरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन अम्बिका राइस मिल पर संपन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड हैं, ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के तहत जोड़े जाएं। सभी कार्यकर्ता इस काम में बढ चढ़कर भाग ले। कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने ना पाए। जिले के अधिकारी उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें गरीबों की बात को तत्काल सुने और निराकरण करें। उन्होंने कहा अगले वर्ष अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभा को जीएस सिंह, डॉक्टर अभिमन्यू मिश्रा,




सदर विधायक योगेश वर्मा, विनीत मनार, दयाशंकर मौर्य ने भी संबोधित किया। संचालन संगम लाल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान 138 विधानसभा क्षेत्र निघासन पुस्तक का विमोचन किया गया। दंगल में 11 कुश्ती बच्चो की कराई गई और उन्हें पुरुस्कार दिया गया।

## धानीखेड़ा में चोरों ने दस लाख से ऊपर किया माल पार का मामला

चोरी में घर की ही बहू के शामिल होने के साक्ष्य, देवर की शादी में न देना पड़े जेवर

लोक मित्र संवाद

**बीघापुर, उन्नाव ।** बिहार थाना के धानीखेड़ा चौराहे पर नीलम गुप्ता के मकान में अज्ञात चोरों ने जेवरात नगदी सहित 10 लाख से ऊपर का माल बड़े रहस्यमय ढंग से पार कर दिया के मामले में बहू का ही हांथ होने के साक्ष्य मिले है। किंतु थाना पुलिस द्वारा खुलासा करने में औचित्यहीन देरी से चर्चाओं का बाजार गर्म है।

30 सितंबर / 01अक्टूबर 2024 की बीती रात लालकुआं से ऊंचगांव मार्ग पर स्थित धानीखेड़ा बड़े चौराहे पर श्रीमती नीलम गुप्ता पत्नी स्व. बिंदा प्रसाद उर्फ पांडे हलवाई के यहां चोरों ने लगभग 10 लाख से ऊपर नगदी व जेवर सहित माल पार कर दिया था। घर की मुखिया नीलम गुप्ता ने बताया कि परिवार के सभी लोग भोजन करने के बाद रात को लगभग 10ः00 बजे प्रतिदिन की भांति अपने अपने कमरे में सोने चले गए। जिसमें छत के ऊपर एक कमरे में मैं सोने चली गई।

छत के ही दूसरे कमरे में बहू नेहा अपनी सात माह की पुत्री लाडो व नेहा की बड़ी बहन की लाबालिग पुत्री तान्या जो दो साल से यहीं रह कर पढ़ाई कर रही है के साथ सोने चली गई। तथा बड़ा पुत्र लालू जो कम बुद्धि का है वह नीचे कमरे में सोने चला गया था। जबकि एक बेटा धानीखेड़ा में चाऊमीन की दुकान लगाकर अलग एकाकी रहता है। गौरव कानपुर में नौकरी करता है। सुबह 6:30 बजे जब तान्या उठी तो देखा कि उसकी मौसी बैड के नीचे बेहोश पड़ी है। मौसी तथा नीलम गुप्ता के कमरे का सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जब लोक मित्र संवाददाता सहित उसकी स्थानीय टीम के साथ चोरी स्थल घर गए तो नीलम गुप्ता ने बताया कि आलमारी सहित सभी ताले घर की ही चाबियां से खोल कर चोरी की गई है। चोरों के घर में घुसने के विषय में जब जानकारी की गई तो बताया कि यह पता नहीं कैसे घर के अंदर आए। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक घटना की सूचना पर जिले से फिंगरप्रिंट व डाग स्वाट टीम आ कर सघन निरीक्षण किया। डाग लगातार घर में ही नीचे से ऊपर नेहा के कमरे में जा रहा था। डाग एक बार भी घर के बाहर नहीं गया। जिस पर जिला की दोनों टीम थाना अध्यक्ष के कान में कुछ कानाफूसी करके वापस जिले चली गई। श्रीमती नीलम गुप्ता ने बताया कि थानाध्यक्ष बारा सगवर ने बहू से चोरी की तहरीर बोल बोल कर लिखवा कर लेकर गए है।

और जांच करने की बात कही है। घर स्वामिनी की हालात चोरी की घटना से दयनीय है। रो रो कर उसका बुरा हाल है। वहीं भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार बहू नेहा द्वारा चोरी घटना कारित करने के पूर्व परिवारीजनों को बेहोश होने की दवा देकर की गई है। नाम न छापने की शर्त पर एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि थाना अध्यक्ष ने बहू नेहा के मोबाइल को चेक किया तो उसमें उनके मोबाइल से किसी अज्ञात शर्मा से रात को 11:00 के बाद 24 मिनट तक गुफ्तगू की गई है। तथा मोबाइल में नशीली गोलियो को सर्च भी किया जाना पाया गया है। इस तरह नेहा बहू ही इस चोरी में शामिल है। जिससे देवर को शादी में अपने व सास नीलम गुप्ता के जेवरात व रुपए न देना पड़े।

किंतु थाना अध्यक्ष द्वारा सब कुछ जानते हुए भी खुलासा न करने से लोगों का कहना है कि नेहा बहू को धमका कर पुलिस लेनदेन करके मामले को रखा दफा करने की फिराक में है। जबकि चोरी जैसी घटना का खुलासा हो शीघ्र हो जाने से लोगों में चोरी के विषय में औचित्यहीन रूप से फैल रहे भय और दहाशत कम होगा। थाना अध्यक्ष के मन में क्या है, इसका तो घटना के खुलासा के बाद ही रहस्य का पता चलेगा।

## ज़ुआरी इंडस्ट्रीज़ (एसपीईं डिविज़न) ने उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों पर दिया ज़ोर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** ज़ुआरी इंडस्ट्रीज़ (एसपीई-डिविज़न) ने गन्ने की भावी सुरक्षा उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु के अनुकूल स्मार्ट कृषि की रणनीतियों' पर पहले गोलमेज सम्मेलन का सफल समापन किया। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन उत्तर प्रदेश के ऐरा स्थित गोबिंद शुगर मिल में 30 सितम्बर-1 अक्टूबर को किया गया। सम्मेलन में अग्रणी किसानों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं नीति निर्माताओं ने हिस्सा लिया तथा गन्ने की खेती में आने वाली मुख्य चुनौतियों तथा भावी विकास के लिए स्थायी रणनीतियों पर चर्चा की। खासतौर पर शुगर मिल एवं क्रॉस पॉलिनेशन वाले क्षेत्रों में फसल की उत्पादकता, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाना और पर्यावरण संरक्षण को



सुनिश्चित करते हुए गन्ना किसानों की चुनौतियों को हल करना इस गोलमेज सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था।

सम्मेलन के पहले दिन वीके शुक्ला, एडिशनल कैन कमिशनर एवं डायरेक्टर, यूपीसीएसआर, शहाजहांपुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा सम्मेलन का उद्घाटन लखीमपुर के डीसीओ वेद प्रकाश सिंह की मौजूदगी में किया गया। सम्मेलन में तकरीबन 150 किसानों और प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे यूपीसीएसआर, आईसीएआर, सिंचाई विभाग, नेटाफिम, बलरामपुर चीनी, आईसीआरआईएसएटी आदि से 40 विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के दौरान हमारे मुख्य अतिथि, वी.के. शुक्ला, एडिशनल कैन कमिश्नर, लखनऊ एवं डायरेक्टर, यूपीसीएसआर ने कहा, ज़ुआरी के एसपीई डिविज़न ने गन्ने की भावी सुरक्षा पर इस सम्मेलन का आयोजन कर सराहनीय कदम बढ़ाया है। इस मंच पर किसान, कृषि विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक एकजुट हुए, जिन्होंने यूपी में गन्ना किसानों की चुनौतियों पर चर्चा की। अपने प्रयासों के माध्यम से ज़ुआरी एसपीई डिविज़न गन्ने की खेती की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा देता है, साथ ही किसानों, उद्योग जगत, टेक्नोलॉजी आपूर्तिकर्ताओं एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच अच्छे कनेक्शन बनाने के लिए भी प्रयासरत है। मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन से मिली सीख अन्य उद्योगों को भी इस तरह के सत्र आयोजित करने, सभी हितधारकों में जानकारी के प्रसार एवं चर्चा के लिए प्रोत्साहित करेगी सम्मेलन के दौरान आलोक सक्सेना, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर एवं युनिट हैड, एसपीई डिविज़न ने कहा, गोलमेज सम्मेलन के पहले संस्करण को आयोजन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो किसानों, वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और नीतिनिर्माताओं को एक मंच पर लाया। इन सभी उपस्थितगणां ने गन्ने को मजबूत और हर मौसम की फसल में बदलने के लिए विचार रखे।

## शिक्षा संघर्ष मोर्चा द्वारा किया गया शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** खमरिया मे शिक्षा संघर्ष मोर्चा/फाउंडेशन महिला मोर्चा के द्वारा शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर महात्मा गाँधी,लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती के अवसर पर शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन (महिला मोर्चा )के द्वारा कस्बा खमरिया मे कौशल विकाश मिशन प्रांगण मे शिल्प प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि लेखिका दिव्या मीरा अर्क ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिल्प प्रतियोगिता मे छात्राओं ने



सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनमोहक रंगोली, पेंटिग, मेहंदी मे प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड घड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम व्यवस्थापक शुभी मिश्रा, शिक्षा संघर्ष मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर,कौशल विकाश मिशन संचालक विजय दूबे, फाउंडेशन पदाधिकारी जितेन्द्र दीक्षित, विवेक सिंह,राजहंस मिश्रा,संजय दीक्षित,सहित पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

लोकमित्र
प्रतापगढ़, गुरूवार, 03 अक्टूबर 2024



## संक्षिप्त खबरें

### महात्मा गांधी जयंती पर विधायक द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का किया शुभारंभ



**अयोध्या।** आरटीओ कार्यालय में महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने बताया कि यह सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 02 अक्टूबर से 16 फरवरी 2024 तक चलेगा।विधायक ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि गांधी जी ने स्वच्छता अभियान से स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत की। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान में सभी हितधारक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।आरटीओ प्रशासन ने बताया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े चार मुख्य आयामों–शिक्षा, प्रवर्तन, आपातकालीन सेवाएँ, और इंजीनियरिंग–पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न वाहन एसोसिएशनों, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में एआरटीओ प्रशासन, आरआई, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर स्वच्छता का संकल्प लिया।

### विद्या मंदिर में सांस्कृतिक ढंग से मनाया गया लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी का जन्म दिवस

**अयोध्या** नगर के रामनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उश्‍ माश्‍ विद्यालय में देश के दूसरे प्रधानमंत्री, लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस सांस्कृतिक ढंग से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर वरिष्ठ अतिथि, भारतीय मजदूर संघ के विधिक सलाहकार और आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास्तव ने तिरंगा फहराकर, लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, जैसे कि भैया अजय सिंह, अमित पाण्डेय, रामशंकर आचार्या, बहन श्रद्धा, सरिता, रूबी, शालिनी, सोनी आदि और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आचार्य जोश द्वारा शांति मंत्र के साथ किया गया।

### नगर पंचायत में 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हुआ स्वच्छता अभियान

**गोसाईगंज, अयोध्या।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता सन्देश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत ने 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ की देखरेख में प्रारंभ हुआ और इसमें सभी सफाई कर्मियों ने एकजुटता के साथ भाग लिया।अधिशासी अधिकारी इंद्रभान ने बताया कि यह अभियान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में ÷155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान÷ के तहत आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे नगर की सफाई के लिए पॉलिथीन के खिलाफ शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा विजयलक्ष्मी जायसवाल, जलकल प्रभारी शिव शंकर वर्मा, सफाई नायक अब्दुल्ला, जैसराज और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इंद्रभान जी ने कहा, ÷बीमारी को दूर भगाना है, सफाई को लाना है।

### बघेडी गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आज से

**मवई, अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र के बघेडी गांव में श्री दुर्गा मंदिर पर दुर्गा पूजा समिति नौरोजपुर बघेडी के तत्वावधान में गुरुवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं सत्संग समागम का आयोजन होगा। कथा का शुभारंभ सुबह 9 बजे बैंडबाजों के साथ मंगल कलश यात्रा निकाले जाने से होगा। इस कथा का वाचन विदुषी सरिता यादव द्वारा किया जाएगा। श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्ण मगन यादव ने बताया कि कथा का आयोजन दोपहर 2 से 5 बजे और रात 8 से 12 बजे तक होगा। 3 अक्टूबर को कथा के शुभारंभ पर विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 9 अक्टूबर को हवन यज्ञ के साथ कथा का समापन और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में कई स्थानीय नेता और समिति के सदस्य शामिल रहेंगे, जिनमें लोको पायलट भानु प्रताप यादव, संरक्षक रामकिशोर यादव और अन्य सदस्य शामिल हैं।

### नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ने मंदिर परिसर व विसजर्न स्थल का किया निरीक्षण



**अयोध्या ।** शारदीय नवरात्र को लेकर आदर्श नगर पंचायत माँ कामाख्या में सोलर लाइट लगने का शुरू हुआ कार्य।आदर्श नगर पंचायत होने के बाद लगातार विकास की गति तेजी पकड़ती जा रही।नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला के प्रयास से नगर पंचायत को मिली 41 स्ट्रीट सोलर लाइट।माँ कामाख्या धाम प्रांगण से लेकर मेला परिसर व विसर्जन स्थल तक लगाई जा रही सोलर लाइट।शारदीय नवरात्र में माँ कामाख्या धाम पर लाखों श्रद्धालुओं की होती है भीड़।विजली कटने पर अंधेरे से मिलेगी निजात।क्योकि यह सोलर लाइट ऑटोमेटिक है शाम होते ही उजाला देने का कार्य करेगी।नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला व ईओ निखिलेश मिश्रा मंदिर से लेकर विसर्जन स्थल तक व आसपास जगह का लगातार निरीक्षण कर रहे है।मंदिर आने वालों श्रद्धालुओं को या परिक्रमार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका भी खास ध्यान रखा जा रहा है ।नगर पंचायत अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा की जल्द ही सोलर लाइट की इससे बड़ी खेप और आने वाली है।जिसके बाद नगर पंचायत के सभी वार्डो में सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट लगेगी।जिससे लोगों की रात अब अंधेरे की बजाए उजाले में गुजरेगी।सभी गली व मोहल्ले में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। रात में बिजली कटने से लोगों को अंधेरे का सामना करना पड़ता था ऐसे में स्ट्रीट लाइट लगने के बाद से गांव के लोगों को काफी फायदा होगा और हर गली हर चौराहा लाइटों से जगमग होंगा।इस मौके पर ईओ निखलेश मिश्रा, पंकज यादव,सहित नगर पंचायत के सभी वार्डो के सभासद मौजूद रहे।

## डीएम ने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 120वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के माध्यम से देश को आजादी दिलाई, जबकि शास्त्री जी ने ÷जय जवान- जय किसान÷ का नारा देकर किसानों और जवानों के महत्व को उजागर किया।





इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर जिलाधिकारी ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें गांधी जी की अहिंसात्मक नेतृत्व शैली, सत्यनिष्ठा और शास्त्री जी के साहस पर प्रकाश डाला गया।डीएम ने कहा कि आज ÷स्वच्छता ही सेवा÷ का अभियान गांधी जी की स्वच्छता के प्रति सोच का परिणाम है। उन्होंने सभी से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और इसे अपने जीवन में अपनाने की अपील की।अपर जिलाधिकारी गणों ने भी इस अवसर पर उपस्थित सभी को शुभकामनाएं देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गांधी जी और शास्त्री जी के सिद्धांतों को आज के संदर्भ में लागू करने पर जोर दिया।इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों, सिद्धांतों और सरल जीवन शैली पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा हुई।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती पर मंडलायुक्त ने किया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल ने महात्मा गांधी जी की 155वीं जयंती के अवसर पर आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया और आयुक्त सभागार में विचार गोष्ठी की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी जी के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

मंडल आयुक्त ने अपने कैंप कार्यालय पर भी ध्वजारोहण किया। आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में उपस्थिति लोगों ने गांधी जी के प्रिय भजनों - ''वैष्णव जन तो तेने कहिये'' और ''रघुपति राघव राजा राम'' का गायन किया। मंडलायुक्त ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि दोनों महापुरुषों का जन्म दिवस 2 अक्टूबर को पड़ता है। उन्होंने महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन पर चर्चा करते हुए बताया कि गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में भेदभाव का सामना किया और भारत लौटकर देश को आजाद कराने का संकल्प लिया।उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी की भूमिका स्वतंत्रता संग्राम में अनूठी थी, जिसमें उन्होंने आम जन को अपने आंदोलनों से जोड़ा। उन्होंने खादी और सत्य-हिंसा के महत्व पर भी जोर दिया। लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के बारे में बोलते हुए मंडलायुक्त ने उनके साधारण परिवार से उठकर प्रधानमंत्री बनने की कहानी को भी साझा किया और उनके छोटे कार्यकाल में किए गए योगदान की सराहना की।अंत में, उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे इन दोनों महापुरुषों के जीवन और सिद्धांतों को अपनाएं।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई - सरोज यादव





**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय गुलाबबाड़ी लोहिया भवन पर महानायक महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि हमें इन महान व्यक्तित्वों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने देश की वर्तमान समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई और असुरक्षा का उल्लेख करते हुए जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।सरोज यादव ने कहा कि केवल जागरूकता से ही हम दूसरों को भी प्रेरित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में जिला महासचिव बख्तियार खान, उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, महिला सभा महासचिव डॉक्टर निषाद अख्तर और अन्य कई नेता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुटता के साथ चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि की। इस तरह समाजवादी पार्टी ने महानगर कार्यालय गुलाबबाड़ी पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन और महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गांधी जयंती एवं व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अयोध्या।** ग्रामर इंटर कॉलेज, लालबाग, अयोध्या के प्रांगण में 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राज कुमार यादव ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित किए और दीप प्रज्वलित कर उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए सभी को प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य बी.पी. श्रीवास्तव और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने इस अवसर पर महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## एनसीसी कैडेट्स ने गांधी पार्क की सफाई की





**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या और झुनझुनवाला महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने गांधी पार्क सिविल लाइंस में सफाई अभियान चलाया। इस स्वच्छता अभियान का नेतृत्व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की एएनओ आभा मिश्रा और झुनझुनवाला महाविद्यालय की एएनओ तंजीम फातिमा ने किया।एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और गांधी पार्क की सफाई की। इस अवसर पर वन यूपी गर्ल्स इंडिपेंडेंट कंपनी एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर, लेफ्टिनेंट कर्नल एम एस जावेद ने कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का महत्व बताते हुए कहा, ÷गांधी जी कल भी प्रासंगिक थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। वे वास्तव में विश्व के पथ प्रदर्शक हैं।÷ उन्होंने कैडेट्स को गांधी जी के बताए रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता और गांधी जी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।विद्यालय प्रांगण में 2 अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़े का समापन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती कुसुम लता पांडेय के नेतृत्व में किया गया इस मौके पर नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी रहे।

## नितेश कुमार मौर्य के आईईएस बनने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर, अयोध्या।** लक्ष्य के प्रति आत्मविश्वास, लगन और जज़्बे के साथ कार्य करने से सफलता अवश्य मिलती है। बीकापुर विकासखंड के तोरों माफी निवासी नितेश कुमार मौर्य ने इसे साबित करके दिखाया है। किसान विश्वनाथ मौर्य के पुत्र नितेश ने 2023 में भारतीय इंजीनियरिंग परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद अब भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, दिल्ली में सहायक निदेशक के पद पर नियुक्ति पाई है।उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में हुई, और हाई स्कूल तथा इंटर की परीक्षा उन्होंने भारती इंटर कॉलेज, बीकापुर से उत्तीर्ण की। इसके बाद नितेश ने मोतीलाल नेहरू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। बीटेक करने के बाद, उन्होंने यूपीएससी की आईईएस परीक्षा को पहले प्रयास में पास किया, जिसमें उन्हें इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड में ऑल इंडिया में 46वीं रैंक प्राप्त हुई।नितेश के पिता विश्वनाथ मौर्य सब्जी की खेती करते हैं, जबकि उनकी मां इंदिरा देवी गृहिणी हैं। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के बावजूद नितेश ने कोचिंग के बिना मेहनत और गुरुजनों के मार्गदर्शन से सफलता हासिल की।उनकी सफलता पर शुभचिंतकों ने घर पहुंचकर बधाई दी। नितेश ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, बाबा और बड़े भाई के साथ-साथ अपने गुरुजनों को दिया है।

ग्राम प्रधान अहमद रजा, डॉ. हरिशंकर उपाध्याय, प्रदीप शुक्ला सहित गांव के लोगों ने नितेश की मेहनत और सफलता पर खुशी जताई है, जिससे गांव का मान बढ़ा है।

## गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या –** शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर बुधवार को शक्तिवाहिनी के तत्वाधान में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा 24 वर्षो से अनवरत हर वर्ष निकाली जा रही है। सरयू तट से वरुण आह्वान के साथ शुरू हुई यह यात्रा, मां के जयकारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुंची।यात्रा का संयोजन केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति और शक्ति वाहिनी ने मिलकर किया। यात्रा नयाघाट, बाबू बाजार, श्रृंगारहाट, हनुमानगढ़ी, हरिद्वारी बाजार होते हुए आगे बढ़ी। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी और उनकी धर्मपत्नी ने तिवारी मंदिर के सामने माता जी की आरती की और बताया कि माता का अनुष्ठान प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में करना चाहिए। यात्रा के दौरान दर्जनों स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। केंद्रीय समिति के संयोजक महंत धनुषधारी शुक्ला ने बताया कि कलश यात्रा सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है, जिसमें नवरात्रि के प्रारंभ से पहले मां सरयू के जल का पूजन करके कलश में भरकर घरों में स्थापित किया जाता है। शक्ति वाहिनी की प्रमुख बिंदु सिंह ने बताया कि माताएं-बहनें उत्साह से इस कलश यात्रा में भाग लेती हैं और 9 दिन तक पूजा करती हैं। दुर्गापूजा समिति के प्रवक्ता भानुप्रताप सिंह ने जानकारी दी कि अयोध्या धाम में 57 स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और 19 अस्थाई पूजा स्थलों पर नवरात्रि की प्रतिपदा से पूजन प्रारंभ होगा। यात्रा का समापन देवकाली पर प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर सुरक्षा प्रभारी और कई प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

## महिलाओं की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता, अयोध्या के अस्पतालों में शुरू हुए इंतजाम

### महिला अस्पताल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बना कंट्रोल रूम

**›› वाकी-टॉकी से लैस हुए गार्ड, चप्पे-चप्पे पर रख रहे निगाह**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने रामनगरी अयोध्या के अस्पतालों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर काम शुरू कर दिया है। सीएम योगी की मंशा अनुसार, इस कड़ी में सबसे पहले महिला अस्पताल में पहल हुई है। अस्पताल में महिला चिकित्सक व मरीजों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है तथा 24 घंटे सीसी कैमरों की मदद से परिसर के चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई हैवानियत के बाद देश भर के चिकित्सकों में उबाल आ गया था। महिला और महिला चिकित्सक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सबसे पहले प्रदेश की योगी सरकार ने अस्पतालों की सुरक्षा को मजबूत करने का निर्देश दिया था। अयोध्या में महिला अस्पताल की सीएमएस ने महिलाओं के दर्द को समझते हुए अस्पताल में कंट्रोल रूम की स्थापना की है।

#### भूतल पर हुई कंट्रोल रूम की स्थापना

परियोजना के अनुसार, अस्पताल की नई बिल्डिंग में भूतल आयुष्मान कॉर्नर के निकट ही कंट्रोल रूम स्थापित कराया गया है। इस कंट्रोल रूम में तीन शिफ्ट में गार्डों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, सीसीटीवी सर्विलांस के माध्यम से 24 घंटे अस्पताल के समूचे परिसर की निगरानी की जा रही है।

#### 150 से भी अधिक सीसी कैमरे लगे हैं अस्पताल में

महिला अस्पताल का कैम्पस काफी बड़ा है। नया भवन एमसीएच भी पांच मंजिला है। उसमें गर्भवती महिलाओं के भर्ती होने से लेकर ऑपरेशन, दवाओं और भोजन तक की व्यवस्था की गई है। कैम्पस बड़ा होने के कारण 150 से भी अधिक सीसी कैमरे लगाए गए हैं तथा कंट्रोल रूम में मॉनिटरिंग के जरिए सर्विलांस प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है।

#### 30 से अधिक गार्ड संभाल कर रहे सुरक्षा

महिला अस्पताल में 30 से भी अधिक गार्डों की तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम में बैठे गार्ड सभी को बराबर निर्देश दे सकें इसके लिए सभी को वाकी टॉकी दिया गया है। अब सभी गार्ड एक दूसरे से संपर्क में रहते हैं। कोई घटना दुर्घटना पर एकत्र होकर मामले को संभाल लेते हैं।

> महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा बहुत जरूरी है। इसी के साथ कभी-कभी यह भी देखा जाता है कि लोग लड़ाई - झगड़ा करने लग जाते हैं। इसके अलावा चोरी और आग लगने जैसी घटनाओं के लिए भी यह कंट्रोल रूम बेहतर साबित होगा।

## बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने पोषण माह में गांधी जयंती पर लगाया स्टाल प्रदर्शनी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने पोषण माह के अंतर्गत गांधी जयंती पर गांधी पार्क में स्टाल प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यकत्रियों ने विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों और मोटे अनाज के व्यंजनों का प्रदर्शन किया, जिससे महिलाओं और पुरुषों को जागरूक किया गया। रूपा सोनकर ने बताया कि प्रदर्शनी में विभाग द्वारा प्रदत्त राशन जैसे दलिया, चना दाल, चावल, रिफाइंड तेल, हरी सब्जियां, और अन्य खाद्य पदार्थों के व्यंजन प्रदर्शित किए गए। इसमें सोयाबीन, चना, गुण, राजमा और मसूर जैसे सस्ती खाद्य सामग्री के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन देने की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में महिलाओं को बच्चों को छह महीने के बाद ऊपरी आहार देने की शुरुआत करने के बारे में भी बताया गया। उदाहरण के तौर पर, केला, उबले आलू, पतली खिचड़ी, चावल और सूजी की खीर जैसी खाद्य सामग्री की जानकारी दी गई। उर्मिला, सरोज भारती उपस्थित रहीं।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती

**मया-बाजार, अयोध्या।** बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य एम. ए. इदरीशी ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और त्याग के सिद्धांतों तथा शास्त्री जी की सच्चाई और सादगी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को महापुरुषों के आदर्शों का अनुसरण करने, सर्वधर्म सद्भाव, राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा, एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प दिलाया।इस मौके पर स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सफाई अभियान भी चलाया गया। विद्यालय परिवार के अनुशासित शिक्षक, चंद्रशेखर इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक राम तिलक शर्मा और अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम में सक्रिय भाग लिया।इस आयोजन में सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कार्यों को ईमानदारी से करने का संकल्प लिया।

# भाषा कौशल विकास के लिए साहित्यशाला जरूरी-मृदुला



**बलरामपुर।** बुधवार को साहित्यिक गतिविधियों को नया आयाम देने व परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चो में कविता, कहानी, गीत, लघु कथा संबंधी लेखन को बढ़ावा देने के उद्देश्य साहित्य शाला का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग के रिसोर्स सभागार में आयोजित किया गया।परिषदीय विद्यालयों के साहित्य में रुचि रखने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित साहित्य शाला मंच द्वारा ÷गुलदस्ता÷ पुस्तक के द्वितीय संस्करण का विमोचन सेमिनार हाल डायट में किया गया। इस पुस्तक में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत ऐसे शिक्षक शिक्षिकाओं की रचनाओं का संकलन है जो साहित्य के क्षेत्र में रुचि रखते हैं तथा विद्यालय में बच्चों के साथ कविता, कहानी, गीत के माध्यम से शिक्षण कार्य करते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रभारी प्राचार्या डायट मृदुला आनंद, विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर अशोक पाठक, डायट प्रवक्ता पवन वर्मा, अब्दुल वदूद ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन ज़िला स्काउट मास्टर व एस आर जी सदस्य महमूद उल हक अज़्म बलरामपुर ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्या मृदुला आनंद ने कहा कि मिशन प्रेरणा के अंतर्गत भाषा कौशल विकास के लिए विद्यालय स्तर पर बच्चों में विभिन्न प्रकार की विधाओं एवं गतिविधियों के माध्यम से भाषा दक्षता की बात कही जा रही है यह बड़ा ही पुनीत अवसर है जिसके माध्यम से हम शिक्षकों के साथ साथ बच्चों में भी ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा भाषा के प्रति लगाव बढ़ेगा। ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने कहा कि भाषा वह माध्यम है जिसके जरिए हम अपनी भावनाओं को प्रकट कर सकते हैं और दूसरों के लिए मार्ग भी प्रशस्त कर सकते हैं, ऐसे में जब काव्य का सहारा मिल जाता है तो रोचकता और बढ़ जाती है। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक ने कहा कि भाषा अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यमों से हम अपनी अभिव्यक्ति हिंदी भाषा का उपयोग करते हुए कविता के साथ साथ कहानी व्यंग्य आदि के माध्यम से भी कर सकते हैं बच्चों के लिए यह विधा अत्यंत सरल और रोचक भी होती है। इस अवसर पर साहित्य शाला मंच के रचनाकारों ने पुस्तक में प्रकाशित अपनी रचनाएं भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में साहित्यशाला की ओर से सभी रचनाकारों को पुस्तक की प्रतियां, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में सलमा खान, दिलीप कुमार, निलय मिश्र, जय शेखर, अनुराधा मिश्रा, रेशू पांडे, कुसुम कुमारी, देव सागर, अखिलेश कुमार सहित अन्य रचनाकार शिक्षक उपस्थित रहे।

# कारागार परिसर में वृक्षारोपण किया गया

**जौनपुर-** महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयन्ती के अवसर पर जिला कारागार जौनपुर के मुख्य द्वार पर जेल अधीक्षक डा0 विनय कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया।तत्पश्चात् मुख्य द्वार पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया गया। गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम% का गायन किया गया। इसके बाद 14 नं0 प्रांगण में अधीक्षक चिकित्साधिकारी, प्र0 कारापाल व कारागार के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों एवं बन्दियों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर बन्दियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं जेल अधीक्षक द्वारा मद्य निषेध पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बन्दियों के मध्य खेलकूल प्रतियोगिता करायी गयी।कार्यक्रम के समापन भाषण में जेल अधीक्षक द्वारा बन्दियो को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शो पर चलने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में बन्दियों को फल वितरित किया गया।

# बापू एवं शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि- सुयश आनंद

## सेंट जेवियर्स में धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती



**बलरामपुर।** बुधवार सेंट जेवियर्स परिसर में धूमधाम के साथ गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया । इस जयंती कार्यक्रम पर डिजनी वर्ल्ड की स्टाफ ने भी शिरकत की।

इस जयंती कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य आसिम रूमी एवं समस्त समन्वयक राजेश जायसवाल आफाक हुसैन रेखा ठाकुर संगीता सरकार एवं सीमा बांकाआदि के द्वारा महात्मा गांधी एवं शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रजनन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका निभाते हुए अध्यापक संजय तोमर के द्वारा भूमिका स्वरूप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया गया। तदुपरांत विद्यालय के वरिष्ठ समन्वयक श्री राजेश जायसवाल जी के द्वारा अपनी विराट संकल्प शक्ति द्वारा स्वदेशी एवं स्वराज जैसी सुंदर संकल्पनाओ को साकार करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मां भारती के लाडले पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए अपने अभिभाषण में महान विभूतियों के विचारों को प्रकट किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री आसिम रूमी जी के द्वारा एक कविता के माध्यम से महात्मा गांधी के विचारों को प्रस्तुत करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम के अंत में सेंट जेवियर्स एवं डिज्नी वर्ल्ड के सभी शिक्षकों ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर जयंती दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय द्वारा मिष्ठान वितरण भी किया गया।

# गांधी व शास्त्री राष्ट्र के महान योद्धा



**बलरामपुर।** सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल में गांधी जयंती एवम लाल बहादुर शास्त्री जयंती का उत्सव धूम धाम से मनाया गया जिसमे विद्यालय के बच्चों में सुमित , संदीप,मनदीप , ने इस अवसर पर गांधी जी एवम लाल बहादुर शास्त्री के बारे में भाषण दिया और कविता पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जी. डी. पाण्डेय ने गांधी जी के बारे में यह बताया की इनका जन्म 2अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। इन्होंने देश की आज़ादी में अहम भूमिका निभाई और इनको बच्चे प्यार से बापू जी कहते है और इनको राष्ट्रपिता के रूप में भी जाना जाता हैं। और लाल बहादुर शास्त्री के बारे में बताया की ये स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। शास्त्री जी को इनकी सादगी और ऊंचे विचारो के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी कसेरा, उपप्रधानाचार्य शकीना खान ने बच्चो को संबोधित किया। शिक्षकों में अखिल आर्य, एम. बी. पाण्डेय, शिवम तिवारी शिक्षिकाओं में आराधना, संगीता, मुस्कान एवम शालिनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


# अंकुरण फाउंडेशन ने बढ़ाया सुलतानपुर जिले का मान



**सुलतानपुर।** कल स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर अंकुरण फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ आशुतोष श्रीवास्तव को सर्वाधिक 77 बार रक्तदान हेतु कल लखनऊ राज्य रक्त संचरण परिषद द्वारा संमानित किया गया। पूरे सुल्तानपुर के लिए गर्व का बात है। डा आशुतोष ने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में अंकुरण ने इतिहास रचा है और सभी रक्तदानियो को प्रणाम करता है और यह सम्मान आप सबका है।

# दे दी मुझे आजादी बिना खडक बिना ढाल,,,,

## बापू व शास्त्री जयंती पर वात्सल्य स्कूल में कार्यक्रम संपन्न



**बलरामपुर।** बुधवार को वात्सल्य पब्लिक स्कूल एवम वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल में गांधी जयंती के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र प्रसाद शुक्ल ने महात्मा गांधी एवम लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की इस उपलक्ष्य में विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके सिद्धांतों को याद किया। छात्र- छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित नाटक, कविताएं व भाषण प्रस्तुत किए।

विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र प्रसाद शुक्ल ने बच्चों को गांधी जी के जीवन चरित्र को बताते हुए उन्हें गांधी जी के आदर्शों पर चलने के बारे में बताया । कई शिक्षकों में भी गांधी जी का प्रिय गीत रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीता राम गाकर बच्चों का उत्साह और वर्धन किया । बच्चों ने भी गांधी के आदर्शों पर चलने का प्रण लिया। आज के ही दिन एक महान हस्ती पूर्व प्रधानमंत्री माननीय लाल बहादुर शास्त्री जी का भी जन्म हुआ ।

भारत के लिए उनका योगदान, खासकर 1965 के भारत-पाक युद्ध जैसे महत्वपूर्ण समय के दौरान, और उनका प्रसिद्ध नारा ÷जय जवान, जय किसान÷ आज भी लाखों लोगों के दिलों में गूंजता है। इस उपलक्ष में विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया बच्चों के गांधी के जीवन चरित्र से निर्धारित चित्रों को बनाकर सबका मन मोह लिया , जिसमे कक्षा पांच से आठ के बच्चे शामिल हुए जिसमे , आर्य, निधि, अभिजीत, अखिल, आदर्श, जय, रीत, रिया, माही, अरिहंत, मृत्युंजय आदि बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया विद्यालय के कक्षा सात के छात्र कमलेश्वर ने %दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल ,साबरमती के संत तूने कर दिया काम गीत गाकर सबका मन मोह लिया । कार्यक्रम के अंत में विजई रहे छात्र कमलेश्वर मिश्र गायन प्रतियोगिता , कला प्रतियोगिता में विजई हुए छात्र आर्य कुमार एवम छात्रा रिया गुप्ता को पुरुष्कार वितरित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा सिंह,वात्सल्य पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह समन्वयक शिवम सिंह, अनुष्का पांडे तथा सभी शिक्षिकाएं मानसी गुप्ता, अनीता शर्मा, प्रिया शुक्ला, प्रीति शुक्ला, नफीसा बनो, प्रज्ञा शर्मा , पूजा शर्मा, आराधना दुबे, नेहा वर्मा, अमिता पांडे, प्रीती शुक्ला, प्रिया शुक्ला , प्रीति उपाध्याय अर्पिता सिंह , बुशरा , सुप्रिया , अनुकृति , मुस्कान आदि मौजूद थे।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आशुतोष प्रसाद शुक्ला जी ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुष्कार वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया।

# गांधी जयंती पर प्रगतिशील किसान सम्मानित




**सुल्तानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर बल्दीराय ब्लॉक सभागार में नंदौली गांव निवासी प्रगतिशील किसान जमील अहमद को कृषि क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य, यूनीक बागवानी, मोटे अनाजों के फुड प्रोसिंग के लिए बीडीओ वैशाली (आईएएस) ने शाल भेंट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जो क्षेत्र के किसानों के लिए गर्व की बात है। बीडीओ द्वारा ब्लॉक परिसर में पीपल का पौध रोपण कर स्वच्छता अभियान में सफाई करके सभी क्षेत्रवासियों और कर्मचारियों को प्रेरित किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, एडीओ आईएसबी शिवकुमार, एडीओ समाज कल्याण/सचिव रवि कुमार राणा,घनश्याम यादव,अरविंद सिंह, रोहित चंद्रा,नीतू तिवारी, प्रिंस सिंह,लवकुश, दीप्ति यादव, प्रियंका साहू आदि मौजूद रहे।

# अवसाद ग्रस्त सीआरपीएफ सिपाही ने खुद को मारी गोली, मौत



**रामगंज/सुलतानपुर।** त्रिशुंडी में स्थित एक सीआरपीएफ कैंप में 36 वर्षीय जवान ने अपनी राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान ने गोली को गले के नीचे से चलाई जो उसके सिर में घुस गई और ऊपर से निकली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसिक तनाव से परेशान सीआरपीएफ जवान ने अपने रूम के अंदर आत्महत्या कर ली। दरअसल जवान ने अपनी ही राइफल से खुद को गोली मारकर अपनी जिंदगी को समाप्त कर दिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है। मगर उससे पहले मृतक के साथियों ने अस्पताल में हंगामा किया। अमेठी के त्रिशुंडी में स्थित सीआरपीएफ कैंप में सुशील कुमाल शील नाम का एक जवान तैनात था। जवान ने अचानक मंगलवार यानी 1 अक्टूबर 2024 की शाम को अपनी राइफल से खुद को गोली मार ली जिस कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ने अपनी राइफल को अपने गले के नीचे वाले हिस्से पर लगाया और इसके बाद उसने गोली चला दी। गोली उसके गले से होते हुए ऊपर की तरफ जाकर उसके सिर के ऊपर से निकल गई। गोली की आवाज को सुनने के तुरंत बाद उसके साथी मौके पर पहुंचे और जवान को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे मगर वहां तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी की मौत की खबर सुनने के बाद सीआरपीएफ के अन्य जवान बौखला गए और उन्होंने अस्पताल में हंगामा करते हुए वहां मौजूद मरीजों के तीमारदारों और मीडिया कर्मियों से अभद्रता करना शुरु कर दिया। इसके बाद अस्पताल ने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने शव को अपनी कस्टडी में लेने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है वो असम प्रांत का रहने वाला था और उसका नाम सुशील कुमार शील था जो काफी समय से मानसिक तनाव से ग्रस्त था।

# फॉर्मेसी संकाय में मनाया गया गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती



**सुलतानपुर।** जनपद के कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के फार्मेसी संकाय में हर साल की तरह इस साल भी महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर को मनाया गया, जो कि दो महान महापुरुष के जन्मदिन पर मनाया जाने वाला एक राष्ट्रीय त्योहार है। इस कार्यक्रम के शुरुआत फार्मेसी संकाय के निदेशक प्रो. (डॉ) महेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर के दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित किया साथ में उन्होंने इस मौके पर विश्व अहिंसा दिवस एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के बारे में सभी छात्र/छात्रों को विस्तार रूप से बताया । उन्होंने बताया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के योगदान और संघर्ष को याद करना है, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।

इस मौके पर संस्थान में दोनों महात्माओं को सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न कार्यक्रम जैसे निबंध लेखन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, स्लोगन लेखन तथा संस्थान स्तर पर परिसर की साफ सफाई कर संस्थान में वृक्षारोपण भी किया गया जिसमें छात्र छात्रों के साथ संस्थान के सभी शिक्षक आदि लोगों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया ।

कार्यक्रम के अंत में विजेता रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया ।

# अमर्यादित टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी न होना दुखद-सर्वेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** सनातन पर टिप्पणी करने वालों का हिंदुस्तान में अंबर सा लग गया है अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी अभी तक गिरफ्तारी न होना हिंदुओं व राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी की कार्यकर्ताओं में आक्रोश होना लाजमी प्रतीत होता है थानाध्यक्ष की लापरवाही सामने नजर आती दिखाई दे रही है हिंदू धर्म के प्रिय प्रभु श्री राम व भगवती मां सीता पर टिप्पणी करने के बाद भी अभी तक नदीम पुलिस के गिरफ्त से बाहर है जो पुलिस प्रशासन की कमजोरी को दिखाता है। समाज में प्रशासन की किरकिरी हो रही है । बताते चलें कि बीते 23 सितंबर को कुड़वार थाना क्षेत्र के धारावा गांव के रहने वाले युवक मोहम्मद नदीम अपने सोशल मीडिया पेज पर आस्था के प्रतीक प्रभु श्री राम व मां सीता पर अमर्यादित टिप्पणी करके एक विशेष बड़े समुदाय की आत्मा को ठेस पहुंचाया है, हिंदू समुदाय के विभिन्न संगठन आपसी सामूहिक मीटिंग करके प्रशासन के विरुद्ध एक बड़ा विरोध जाहिर करने के लिए रोड पर उतरने को मजबूर है । घटना के दिन से ही राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के कार्यकर्ताओं में बहुत भारी रोष व्याप्त है राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह से वार्ता की गई तो उनके द्वारा कहा गया कि यदि संसार में जीवित रहने वाला प्राणी अपने धर्म के भगवान की रक्षा नहीं कर पाएगा, तो वह अपने स्वयं के मर्यादा की सुरक्षा नहीं कर सकता है । ऐसी स्थिति में मानव जीवन व्यर्थ है यदि अभियुक्त नदीम की गिरफ्तारी 24 घंटे के अंदर नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में शासन और प्रशासन के विरुद्ध रोड़ों पर उतरने के लिए राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी मजबूर होंगे इसी के सापेक्ष राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के महामंत्री जयशंकर दुबे ने कहा कि यदि इसी तरीके से हिंदुओं की आस्था के प्रतीक प्रभु श्री राम व भगवती मां सीता पर अमर्यादित टिप्पणी की जाती रही तो हिंदुओं में बड़ा आक्रोश होगा वह दिन दूर नहीं की हिंदुस्तान में गंगा जमुनी तहजीब समाप्त करने में नदीम जैसे व्यक्तियों का सफल होना आसान होगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षक कर्मचारियों ने निकाला कैंडल मार्च




**बलरामपुर।** बुधवार को देर शाम संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली अभियान के तहत शिक्षकों कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए कैंडल मार्च निकली गई। शिक्षक कर्मचारियों ने कैंडल मार्च निकालकर 14 सूत्रीय मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है। समस्याओं के तत्काल निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

कैंडल मार्च समिति संयोजक नवीन कुमार सिंह एवं सहसंयोजक मोहनलाल शुक्ला पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ मंडलीय महामंत्री अरुण मिश्रा एवं जिला मंत्री उमेश कुमार की अगुवाई में निकल गई यह मार्च तुलसी पार्क से पंजाब नेशनल बैंक होते हुए वीर विनय चौराहे पर पहुंचकर अमर शहीद कैप्टन वीर विनय के प्रतिमा पर कैंडल जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुरानी पेंशन बहाली के साथ शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान की मांग की गई है। समिति के मांग में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन के साथ समाप्त किए गए सभी भक्तों की बहाली की जय प्रदेश में वर्षों से संविदा मानदेय पर कार्यरत अनुदेशक शिक्षामित्र एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग में मुख्य सेविकाओं एवं परिवहन विभाग के चालकों का तत्काल नियमितीकरण किया जाए नियमित न होने तक न्यूनतम वेतन 18 000 दिया जाए शिक्षामित्र एवं अनुदेशक को 12 महीने के लिए समान कार्य का समान वेतन दिया जाए कर्मचारी शिक्षकों के वेतनमान तथा एसीपी की वेतन भी संगतियों का निराकरण तत्काल किया जाए पदोन्नति पर केंद्र सरकार के कार्यालय से जारी शासनादेश की भांति शिक्षकों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन मां 17140 एवं 18 150 के समान वेतन देकर विसंगति दूर की जाए शिक्षक अनुदेशक शिक्षा मित्र आदि से शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य कोई कार्य न लिया जाए इन सभी को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश प्रतिकर अवकाश अर्ध अवकाश द्वितीय शनिवार अवकाश वाले देखभाल अवकाश प्रदान किया जाए कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ सभी शिक्षक कर्मचारी निर्देशक शिक्षामित्र को दिया जाए माध्यमिक शिक्षकों की भांति बेसिक अध्यापकों को भी सत्य प्रतिशत प्रोन्नति का लाभ प्रदान किया जाए राज्य कर विभाग के कार्यको का वर्ष से लंबित कैडेर रिव्यू अभिलंब पूर्ण किया जाए परिषदीय स्कूलों समीप निजी स्कूलों की मान्यता को बंद किया जाए परिषदीय शिक्षकों को भी अन्य की भांति 10,16,26 वर्षों की सेवा पर तीन एसीपी की सुविधा दीजाए कोविद कल में सरकार द्वारा 1 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक रोके गए महंगाई भत्ते को भुगतान किया जाए आदि मांग शामिल है कैंडल मार्च में पंचायती राज के सफाई कर्मी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां होमगार्ड पीआरडी स्वयंसेवक ग्राम रोजगार सेवक सोशल ऑडिट कमी आशा बहू रसोईया आदि कर्मियों की मांग को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का मामला ज्ञापन में शामिल है इस अवसर पर मंगल देव मिश्रा अजय सिंह तुलाराम गिरी अखिलेश चौरसिया धर्मेंद्र शुक्ला दिलीप चौहान,बैजनाथ तिवारी, विकासकांत पांडे मनमोहन सिंह देव कुमार मिश्रा विनोद तिवारी अंकुर सिंह फैजान अंसारी अशोक सिंह बलबीर सिंह संजय तिवारी अनुराग रस्तोगी इकबाल खान उमेश तिवारी विजय मिश्रा आदि विभिन्न संगठन पदाधिकारी एवं शिक्षक कर्मचारी कैंडल मार्च में शामिल रहे हैं।

# कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने रक्तदान कर किया बापू को याद



**सुलतानपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस ने जहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया वहीं जिला उपाध्यक्ष तेज बहादुर ने मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में रक्तदान कर गांधी जी को याद किया। श्री पाठक ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने खून का एक एक कतरा देश को कुर्बान किया था और आज अगर देश की एकता और अखंडता को देखनी तो ब्लड बैंक में आइए यहां पर जाति बिरादरी और धर्म भूलकर आदमी एक दूसरे के खून को अपने शरीर की अंदर चड़वाता है आज के इस दूषित समाज मे ब्लड बैंक ही एक ऐसी जगह है जहां पर जातिवाद धर्मवाद और क्षेत्रवाद नहीं चलता है।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह पीसीसी सदस्य विजयपाल वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलाउद्दीन हाशमी धर्मराज मिश्रा पीसीसी योगेश पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधूरे कार्यों और मानक के अनुरूप न होने पर भड़के कमिश्नर

## मंडलायुक्त ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जल निगम नगरीय द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से 5 कार्यों का निरीक्षण आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उन्होंने सर्वप्रथम मुंडेरा, विष्णुपुरी, ट्रांसपोर्ट नगर आदि क्षेत्रों में जल निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाने के कार्य के अंतर्गत चौफटका एवं मुण्डेरा चुंगी के पास कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौफटका पुल के पास हो रहे कार्यों की गुणवत्ता में कमी पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाइप लाइन के नीचे बिछाए जाने वाली बेड कॉन्क्रीट एवं बैकफिलिंग का कार्य अधोमानक पाया गया।



बिछाई गई सीवर लाइन के आस-पास खुदाई करवाने पर पानी निकल आया जो पाइपलाइन जोड़ने के कार्यों में की गयी शिथिलता को परिलक्षित कर रहा था।

कार्यो सम्बंधित सवाल पूछे जाने पर उपस्थित जेई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके एवं स्थानीय कार्य के डॉक्यूमेन्टेशन भी तैयार नहीं थे। मण्डलायुक्त ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित असिस्टेंट इंजीनियर को अधोमानक कार्यों में शीघ्र सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित अभियंतागण की जिम्मेदारी तय करने एवं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

इसी कार्य के अंतर्गत मुण्डेरा चुंगी के पास बिछाई गई सीवर लाइन के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साइट पर जीएसबी कॉम्पैक्शन का कार्य अधूरा पाया गया तथा पर्याप्त संख्या में लेबर भी मौजूद नहीं थे। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित जेई को पर्याप्त संख्या में लेवरों की अतिशीघ्र व्यवस्था करते हुए गुणवत्ता के साथ शेष काम पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त ने मौजूदा 16 एमएलडी झूंसी एसटीपी परिसर में 50 केएलडी फीकल स्लज सह-उपचार संयंत्र की कमीशनिंग के कार्यों को भी देखा। परन्तु परिसर में सिविल वर्क की प्रगति अपेक्षा से अधिक धीमी पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुपरिण्टेंडेंट इंजीनियर को सभी कार्यों को मैन पॉवर बढ़ाते हुए अपने डेली सुपरविजन में अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## नगर दक्षिण विद्यालयीय एथलेटिक्स कल से

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नगर दक्षिण विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता चार एवं पांच अक्टूबर को मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर होगी।इस संबंध में एक बैठक एमआईसी मैदान पर हुई जिसमें नगर दक्षिण के सभी कॉलेजों के शारीरिक शिक्षको ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ख्वाजा तारिक अहमद ने सभी का स्वागत, उप प्रधानाचार्य अब्दुल रहमान ने धन्यवाद ज्ञापित और शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अकील अब्बास रिज़्वी ने कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक में अंकित जायसवाल, एकता सिंह, अमरीन रिज़्वी, सतरूपा विश्वकर्मा, अलका अरोरा, डॉ. जय प्रकाश शर्मा, अमित सिंह, पवन कुमार, दीक्षा श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार साहू, हर्षित शुक्ला, राहुल यादव, मैलविन लार्टियस आदि उपस्थित रहे।

## शशांक पाठक बने भारतीय किसान यूनियन के महानगर अध्यक्ष



**प्रयागराज।** प्रयागराज के प्रधान तीर्थ पुरोहित शशांक पाठक जो प्रयागराज अन्न क्षेत्र के माध्यम से प्रत्येक वर्ष मेले मे श्रद्धालुओ के लिए अपने समाज के साथ अन्नसेवा करते हैं, को मंडल अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बबलू दुबे ने महानगर अध्यक्ष प्रयागराज मनोनीत किया है।

नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष शशांक पाठक ने बताया की आगामी किसान पंचायतो मे अन्न सेवा चलाएंगे और आगामी महाकुम्भ मेला प्रयागराज नगर को साफ सुथरा करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर मे रहने वाले वंचितो, शोषितो की आवाज़ को उठाने का कार्य करेंगे। महानगर अध्यक्ष शशांक पाठक ने कहा कि हम सहयोग और सेवा करने के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक राष्टीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान परिवार से जुड़े है और वायदा करते है कि निष्काम सेवा करेगे। सभा की अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष कमलेश राव ने की और सभा का संचालन जिलाध्यक्ष प्रयागराज शनि शुक्ला ने किया।

इस दौरान पंचायत मे प्रदेश प्रवक्ता विजय नारायण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे, जिला अध्यक्ष शनि शुक्ला, प्रदेश विधिक सलाहकार राहुल ज़मींदार, प्रदेश सचिव महताब ख़ान, वरिष्ठ किसान नेता पप्पू महराज, वरिष्ठ किसान नेता हरिहर सिंह यादव, मंडल संगठन मंत्री द्वारिका दास, मंडल महिला प्रभारी पूनम दुबे, महिला जिला अध्यक्ष रमा देवी, युवा जिला उपाध्यक्ष शिव मिलन गौतम, मीडिया प्रभारी विशाल द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री राजू शुक्ला, जिला सयोजक दयाराम यादव, गंगापार अध्यक्ष भरत लाल पटेल, यमुनापार अध्यक्ष विजय पांडे, तहसील अध्यक्ष करछना अजय कुमार मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष करछ्ना छोटू जमींदार, यमुनापार प्रभारी बजरंगी मिश्रा सहित अन्य साथी थे।

# गांधी जी ने हमें बिना किसी हिंसा के बहादुरी से लड़ना सिखाया

## बापू और लाल बहादुर शास्त्री को किया याद चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि





**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का आसपास क्षेत्र में जन्म दिवस मनाया गया । देश के दोनों महापुरुषों की जयंती पर शिक्षण संस्थानों में जहां ध्वजारोहण किया गया । वहीं अंग्रेजों ने लोहा लेने वाले दोनों हस्तियों की फोटो पर स्कूल ,कॉलेज , सरकारी व गैर सरकारी में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की कई। इस दौरान बताया गया कि गांधी जी ने हमें बिना किसी हिंसा से के लड़ना सिखाया है । कैथवल स्थित एस , एम पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर उनके संपूर्ण जीवन पर आधारित जी के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़कर के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रबंधन राकेश कुमार कुशवाहा व प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा ने गांधी जी के बारे में प्रकाश डालते हुए बच्चों को जानकारी दी। इस मौके पर राजेश्वरी प्रसाद, शिव सूरति सिंह, सोनू कुमार, राहुल प्रसाद, प्रीती , पूनम, विभा कुमारी, मधू आदि लोग मौजूद रहे।

महर्षि एकेडमी जूनियर हाईस्कूल लेड़ियारी विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार विश्वकर्मा , सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल खीरी प्रधानाचार्य मिथलेश त्रिपाठी ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान देवी प्रसाद तिवारी, दिलीप शुक्ल , सर्वेश त्रिपाठी , आशा त्रिपाठी, कशिश केशरवानी , कोमल केशरवानी, अंगुरा देवी, आदि लोग रहे। साधन सहकारी समिति लेड़ियारी में अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, पंचायत भवन बहरैचा में शंकर दयाल तिवारी, लेड़ियारी पंचायत भवन में ग्राम प्रधान रवि सिंह, पार्वती देवी पब्लिक स्कूल में संतोष कुमार कुशवाहा ने राष्टपति महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया ।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल लेड़ियारी में स्वच्छता अभियान चलाया गया । वही विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश राय ने बच्चों को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में जानकारी दी।

# यूपी में कानून व्यवस्था के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता- केशव प्रसाद मौर्य

## अखिलेश यादव का दावा फिर होगा फेल, उप चुनाव और 2027 के चुनाव में होगी भाजपा की विजय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। प्रदेश की कानून व्यवस्था दुरुस्त है। लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी ने समीक्षा की है। उप चुनाव में जीत हासिल कैसे किया जाए इस पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दावा फिर फेल होगा। भाजपा यूपी में होने वाले उप चुनाव के साथ ही 2027 में विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक सीट जीतने जा रही है। अखिलेश ने 2014, 2017, 2022 और 2024 में जीत का दावा कर चुके हैं लेकिन हर बार उनका दावा गलत साबित हुआ है। पीएम मोदी को रोकने के लिए उन्होंने 2024 में कांग्रेस से हाथ मिला, लिया, फिर भी मोदी को प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक सके। डिप्टी सीएम बुधवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। प्रदेश की कानून व्यवस्था दुरुस्त है। लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी ने समीक्षा की है। उप चुनाव में जीत हासिल कैसे किया जाए इस पर मंथन चल रहा है। उप चुनाव में अधिकांश सीटें भाजपा जीतने जा रही है। पार्टी हर चुनाव को गंभीरता से लेती है और पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ती है। चुनाव में किसको टिकट मिलेगा यह पार्टी हाईकमान तय करेगा।

अयोध्या में सपा नेता का डीएनए मैच न होने के प्रश्न पर कहा कि डीएनए मैच न होने पर सपाइयों को खुश होने की जरूरत नही है, जिसका डीएनए मैच हुआ है वह भी उन्हीं की पार्टी का कार्यकर्ता या ड्राइवर है। अबोध बालिका के साथ इस तरह कि घिनौना कृत्य करने वालों को शर्मिंदा होना चाहिए न कि खुश होना चाहिए। अदालत ऐसे लोगों को सजा जरूर देगी।

नवरात्र में मांस मदिरा की दुकानों पर बैन लगाने के सवाल पर कहा कि साधु-सतों का जो भी निर्देश होगा सरकार उस पर अमल करेगी। शाही और पेशवाई शब्द हटाने के शब्द पर कहा कि संतों का मेले को लेकर माघ मेले और महाकुंभ को लेकर जो आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा। आने वाला महाकुंभ भव्य, दिव्य और स्वच्छ होगा।

2019 में 24 करोड़ लोग आए थे, इस बार उम्मीद है इस बार संख्या दो गुनी भी हो सकती है। महाकुंभ को लेकर पूरे देश में काफी उत्साह है। बरसात और बाढ़ खत्म है। अब कार्यों में तेजी आएगी। शाही और पेशवाई शब्दों पर संतों की आपत्ति पर कहा कि यह संतों के द्वारा ही बनाया गया शब्द है। कुंभ मेला, माघ मेला और अन्य मेलों को लेकर संतों के जो निर्देश और सुझाव होगा सरकार उस पर विचार करेगी।

## डिप्टी सीएम केशव ने गांधी जयन्ती पर संगम क्षेत्र और हनुमान मंदिर में की सफाई




**प्रयागराज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती जनपद में धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न राजनैतिक, व्यापारिक और गैर सरकारी संस्थाओं की ओर से महात्मा गांधी को नमन किया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संगम क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इसके बाद सिविल लाइंस हनुमान मंदिर में साफ सफाई की। इस दौरान महापौर गणेश केसरवानी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र समेत पार्टी के बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। केशव ने संगम तट पर सफाई करने वाले सफाईकर्मियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। साथ ही संगम में आने वाले तीर्थ यात्रियों से कूड़ा-करकट, पॉलिथीन इत्यादि का प्रयोग न करने का अनुरोध भी किया। साथ ही उन्होंने बालसन चौराहा पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही मेडिकल कॉलेज चौराहे पर लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। केशव ने सिविल लाइंस हनुमान मंदिर परिसर में महात्मा गांधी जी की जयंती पर आयोजित सेवा पखवाड़ा% के अंतर्गत %स्वच्छता अभियान% में सम्मिलित होकर साफ-सफाई की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपने आस-पास स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा पखवाड़ा में भाग लेने की लोगों से अपील की। स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संकल्प को सफल बनाने का भी आह्वान किया।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने दी नीलम करवरिया को श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया के निधन के उपरांत उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं राज्य मंत्री अनिल राजभर उनके आवास कल्याणी देवी अतरसुइया पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। उन्होंने पूर्व विधायक उदयभान करवरिया एवं परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त किया।

इसके अलावा भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश गौतम, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, राम जी केसरवानी, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, गिरि बाबा, पदुम जायसवाल, रामजी मालवीय, सुबोध सिंह, पार्षद मनोज कुशवाहा, आनंद जायसवाल, मनोज कुमार कुशवाहा, प्रमोद मोदी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रोटरी प्लैटिनम ने गांधी जयंती पर आयोजित किया दूसरा रक्तदान शिविर

**प्रयागराज।** गांधी जयंती के अवसर पर रोटरी प्लैटिनम द्वारा सिविल लाइंस स्थित आन्हा ब्लड बैंक में दूसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्ष रोटेरियन शशांक जैन ने बताया कि यह शिविर समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लगाया गया था।



प्रोग्राम चेयरमैन, रोटेरियन डॉक्टर इमरान अहमद ने कहा कि उन्होंने सभी सदस्यों, उनके परिवारों और स्टाफ से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर रक्तदान में हिस्सा लेने का आग्रह किया। संयुक्त सचिव, रोटेरियन प्रमय मित्तल ने बताया कि आज भी समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता और इच्छाशक्ति की कमी है, जिस पर हमें काम करने की आवश्यकता है।

एग्जीक्यूटिव सचिव, रोटेरियन संजय सिंह ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया और शिविर के दौरान पंजीकरण में सहयोग किया। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि इस दूसरे रक्तदान शिविर में रोटेरियन उपहार जैसवाल, प्रमय मित्तल, दीपक गुप्ता, मनीष गर्ग, शुभम अग्रवाल, डॉक्टर इमरान अहमद, प्रवीन विश्वकर्मा, श्रेयांश राय, शिवांश यादव, सौरभ आनंद, अलीशा कायनात, अनुराग शंकर सहित कई अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

रोटेरियन अपूर्व ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर के अंत में, सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

## गांधी शास्त्री की पहचान सादा जीवन उच्च विचार- चौधरी जितेंद्र नाथ

### स्व. राम नरेश यादव स्मारक सेवा संस्थान ने मनाई गांधी शास्त्री जयंती



**प्रयागराज।** सादा जीवन उच्च विचार ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की यही पहचान है। मौजूदा राजनैतिक परिवेश ये पहचान शायद ही कोई राजनेता बना सकेगा। इनके जीवन चरित्र को समाज में कायम रखना है तो नई पीढ़ी को इनकी गाथाओं से रूबरू कराना होगा।

यह बाते पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने स्व. राम नरेश यादव स्मारक सेवा संस्थान की ओर से झूसी के आवास विकास कालोनी योजना दो में आयोजित गांधी शास्त्री जयंती के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब राजनेता आम जनता के भूख के बारे में सोचते थे, आज नेता आम जनता के कर के पैसे से सुख सुविधा का उपभोग कर रहे है। यह चिंता का विषय है।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष गया प्रसाद केसरवानी ने की। कार्यक्रम का संचालन मंत्री हीरालाल यादव एडवोकेट ने किया। अतिथियों का आभार संयोजक डीपी श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।इस अवसर पर कृष्ण कुमार यादव, राकेश कुमार सिंह, सुनील यादव, घनश्याम मिश्रा, श्रीनाथ मिश्रा, आरपी श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश ओझा, केसी त्रिपाठी, दीपू यादव, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अशोक कुमार मिश्रा, कमलेश रतन यादव, धर्मेंद्र सिंह, रमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति ने मनाई गांधी शास्त्री जयंती

**प्रयागराज।** आज संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के तत्वाधान में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे। इसके अतिरिक्त संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के 17 घटक दल के पदाधिकारियो ने भी अपंनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया।



संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के मंडल संयोजक पीके मिश्रा सहित मुख्य अतिथि व अन्य ने एक-एक वृक्ष लगाया। उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज ने कहा हमें महात्मा गांधी ने जहां स्वच्छता का संदेश दिया वहीं स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री ने जय जवान जय किसान का नारा लगाया। उनकी सोच बहुत बड़ी थी उनका कहना था कि हमारे देश का किसान अगर मजबूत होगा तो हमारे जवान भी मजबूत रहेंगे और जवान मजबूत रहेंगे तो सीमा पर देश की रक्षा करेंगे। पीके मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम स्वच्छ रहेंगे तो बीमारियां हमसे दूर रहेंगे।

उन्होंने संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यह संगठन बहुत अच्छी तरह कार्य कर रहा है और पेंशनर्स हित में अच्छे-अच्छे निर्णय सरकार द्वारा कराए जाने के लिए सतत प्रयत्नशील है।

## भाजपाइयों ने स्वच्छता पखवारा के साथ मनाई गांधी जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज)।** देवापुर में भाजपाइयों ने स्वच्छता पखवारा के साथ गांधी जयंती मनाई।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी एवं मंडल अध्यक्ष टी एन सिंह सहित कई लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया और सफाई का कार्य किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार दिवेदी, ग्राम प्रधान मंडल अध्यक्ष होलागढ़ त्रिभुवन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रम्ह प्रकाश तिवारी, मंडल मंत्री गुरूओम मिश्र, अजय कुमार मौर्या, विक्रमा जीत सिंह, डॉ बृजेश कुमार सिंह,बूथ अध्यक्ष घनश्याम पांडेय,अतुल कुमार पांडेय, इंद्रमणि शुक्ला, राम गणेश मौर्य सूरज तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।



## कार्यवाही नहीं होने पर एसीपी कार्यालय का किया गया घेराव



**जारी(प्रयागराज)।** कौंधियारा थानाक्षेत्र के बड़हा ग्राम प्रधान तथा उनके पुत्र पर कार्यवाही नहीं करने पर जारी स्थित एसीपी कार्यालय का मंगलवार देर शाम घेराव किया गया । पीड़ित संगम लाल यादव पुत्र राम सजीवन यादव के प्रार्थना पत्र के अनुसार वह सोमवार को शाम 6 बजे जारी बाजार से अपने घर जा रहे थे कि, रास्ते में अकेला आते देख गाँव के एक बाइक सवार उन्हें अपने बाइक पर बैठा कर बोला कि मैं आप को घर छोड़ देता हूँ। संगम लाल उसके बाइक पर बैठ कर जा रहे थे । पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि बाइक से जाते समय पीछे से एक बोलेरो गाड़ी पर सवार बड़हा ग्राम प्रधान और उनका पुत्र बाइक रुकवा कर मुझसे अभद्रता करने लगे और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और मुझे नाली में गिरा दिया। वहीं ग्राम प्रधान ने बताया कि मेरे और मेरे लड़के के ऊपर झूठा आरोप लगाया जा रहा है जो निराधार है। पीड़ित व्यक्ति द्वारा घटना की लिखित तहरीर कौधियारा थाने पर दी गई। तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया। जिससे गुस्साए परिजनों ने मंगलवार देर शाम को जारी स्थित एसीपी कार्यालय का घेराव करते हुये कार्यवाही करने की मांग की। एसीपी कौंधियारा द्वारा बताया गया कि मामला संज्ञान में आया है। जिसकी गहनता से जाँच कर दोषियों के ऊपर कार्यवाही की जायेगी।

## गांधी और शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसजनों का नमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी क्रमशः 155 वीं और 120 वीं जयंती पर भावपूर्ण नमन किया। अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में प्रातः बालसन चौराहा स्थित बापू की प्रतिमा और मेडिकल चौराहा पर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश निर्माण के लिए योगदान को याद किया।इस मौके पर आयोजित बिना खड्ग बिना ढाल को गाया। पार्टीजनों ने पूर्व सांसद और संविधान सभा के सदस्य मसुरियादीन को याद किया।कांग्रेस के पूर्व महासचिव मुकुंद तिवारी, फुज़ैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, संजय तिवारी, लाल सिंह पटेल, शाहनवाज असलम, सुनील यादव, अरशद अली, सी एल पटेल, शीश अहमद , प्रेम चंद्र यादव, मुलायम विद्रोही, कुनैन अहमद, विक्रम सिंह राहुल आदि थे।



## सपा कार्यालय में गाँधी एवं शास्त्री की जयंती मनाई गई



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।सपा की गंगापार, यमुनापार एवं महानगर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में पार्टी कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन किया। सपा नेताओं ने गाँधी एवं शास्त्री जी के विचारों, सिद्धांतो की चर्चा करते हुए आत्मसात करने का संकल्प दुहराया। इस मौके पर सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद, प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह, जगदीश यादव, रविन्द्र यादव एडवोकेट, महबूब उस्मानी, नाटे चौधरी, मो हसीब आदि मौजूद रहे।

# जमीनी रंजिश को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर हुआ था जान लेवा हमला, एक महिला समेत

## 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव।** प्रयागराज जिले के उतरांव थाना क्षेत्र के दुघरा गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख राधेश्याम पटेल पुत्र स्व0 सोहन लाल पटेल को उस समय हमलावरो ने गोली मारकर घायल कर दिया था जब वह अपने ड्राइवर अनिल पटेल पुत्र जगन्नाथ पटेल निवासी कनेहटी के साथ 29 सितम्बर को करीब 01 बजे फूलपुर से घर जा रहे थे । जैसे वह बलीपुर नेशनल हाइवे सर्विस रोड पर पहुचे थे कि दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने बाइक को ओवरटेक कर गोली मार दी थी। जिससे वह घायल हो गए थे। जिनका एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

घटना को तत्काल से संज्ञान में लेते हुए एसीपी हंडिया के निर्देशन में कई टीमें गठित की गई थी । जिसमे



उतरांव थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी द्वारा सीसीटीवी फुटेज और अन्य जांच पड़ताल में पता चला कि अभियुक्ता सुनीता देवी पत्नी सत्यनारायण और राधेश्याम पटेल में जमीन को लेकर पुरानी रंजिश और पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद था। जिसमे सचिन भारतीय पुत्र सत्यनारायण भारतीय और एक अन्य के द्वारा जानलेवा हमला किया गया था।

जिसका पुलिस द्वारा खुलासा करते हुए करन कुमार पुत्र सूरज भारतीय निवासी सुदीपुर थाना फूलपुर, हिन्देश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम सराय आलम थाना उतरांव, करन भारतीय पुत्र विजय प्रकाश भारतीय निवासी डीहवा थाना उतरांव, सत्रजीत भारतीय व सुनीता देवी पत्नी सत्यनारायण निवासिनी ग्राम महरुपुर थाना उतरांव प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 12 बोर, 01 खोखा कारतूस 12 बोर 04 मोबाइल 03 मोटरसाइकिल बरामद कर जेल भेज गया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, व.उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह,उप निरीक्षक सूरज प्रकाश सिंह,राम सुधार सिंह यादव, रितेश चंद उपाध्याय,कांस्टेबल सत्यजीत सिंह,अखिलेश यादव, प्रकाश सिंह,शमशेर सिंह,महिला कांस्टेबल प्रियंका राजभर रही।

## रोजगार मेले में 113 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा आशीर्वाद पैलेस, अंदावां, प्रयागराज परिसर में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 219 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल राजभर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री एवं प्रवीण पटेल सांसद फूलपुर, राजीव कुमार यादव, सहायक निदेशक सेवायोजन, प्रशांत रोजगार मेला अधिकारी, मानवेन्द्र सिंह एवं प्रवीण कुमार, स0जि0रो0सहा0अधि0 तथा मेला प्रभारी श्री मारूफ अहमद व सेवायोजन कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्री प्लेसमेंट कैरियर काउंसिलिंग का कार्य विश्वमोहन द्विवेदी, अनु0 एवं के0के0 कुशवाहा, अनु0 द्वारा किया गया।

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र कानेमई में गांधी जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान, दिलाई गई शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा के स्वास्थ्य उपकेन्द्र कानेमई में एलएचवी बेबी रानी तिवारी व ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता मोहन दास करमचंद गांधी जी व भारत के उत्कृष्ट राजनेता के रूप में याद किए जाने वाले नेता लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इन महान विभूतियों के जीवन के संघर्ष की कहानी से मिलने वाली सीख की आज के आधुनिक समाज को सख्त जरूरत है। इस विचार के क्रम में एलएचवी बेबी रानी तिवारी व ग्राम प्रधान ने गांधी जी एवम शास्त्री जी को सम्मान अर्पित करते हुए कहा कि मोहनदास करमचंद गांधी सिर्फ एक नाम नहीं, अपने आप में एक पूरी विचारधारा है। ऐसी विचारधारा जो पूरी दुनिया में शांति स्थापित करने की ताकत रखती है। लाल बहादुर शास्त्री जिनके प्रमुख नारा जय जवान जय किसान इसका सही अर्थ और उद्देश्य की जानकारी सभी को प्रदान की गई इसी के साथ सभी को गांधी जी के जीवन का उद्देश्य स्मरण कराया एवम वहा मौजूद बच्चो को अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गांधी जी के विचारों को जोड़ते हुए अत्यंत ही सरल भाव से बच्चो के उमड़ रहे प्रश्नों के फौहरे को बड़े ही सहजता के साथ सही दिशा प्रदान किया। कार्यक्रम के उपरांत स्वच्छता अभियान चलाकर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एएनएम कंचन, प्रेमा देवी, शैल कुमारी सिंह आशा बहु, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

## वीर एकलव्य समाज सेवा ट्रस्ट की मीटिंग संपन्न, कार्यकारिणी भंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ।** वीर एकलव्य समाज सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में ट्रस्ट के कार्यालय अंजनी टेंट हाउस में ट्रस्ट पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों की एक बैठक सम्पन्न हुई ।

बैठक की अध्यक्षता वीर एकलव्य समाज सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार गौड़ ने किया तथा संचालन ट्रस्ट के सचिव संजय कुमार निषाद ने किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए ट्रस्ट के सचिव संजय कुमार निषाद ने प्रस्ताव रखा की ट्रस्ट की कमेटी भंग कर नया चुनाव कराया जाना चाहिए तथा अध्यक्ष से मांग किया कि शीघ्र ट्रस्ट की कार्यकारिणी को भंग कर चुनाव नया चुनाव करायें। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से ट्रस्ट की कार्यकारिणी भंग करने तथा नया चुनाव कराने पर अपनी अपनी सहमति व्यक्त किया । कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप कुमार गौड़ ने कार्यकारिणी को भंग कर दिया तथा नए चुनाव का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इस मौके पर उपस्थित अन्य प्रमुख वक्ताओं में एडवोकेट बड़े लाल बिंद ,एड0 बंसीलाल निषाद , सत्येंद्र कुमार वर्मा , विजय निषाद , बीएल साहनी, पूरणमल निषाद , धर्मवीर निषाद , मुन्ना निषाद , राम मूरत बिन्द उर्फ रामेश्वर आनंद महाराज इत्यादि लोग प्रमुख रहे।

## सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की मनाई गई जन्म जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ।** झूंसी स्थित सरोज विद्या शंकर इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री तथा जय जवान जय किसान के प्रणेता लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती राष्ट्रीय गौरव के रूप में मनाई गई । कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी, उपप्रधानाचार्य राम सिंह यादव, कमलेश प्रसाद यादव ने भगवान गणेश, मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। रिमझिम मिश्रा, नैंसी सिंह, वैष्णवी शुक्ला , काव्या मिश्रा, प्रियांशु सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किया। कक्षा 4 के छात्र दिव्यांशु ने लाल बहादुर शास्त्री तथा पार्थ ने महात्मा गांधी जी की भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने कहा कि गांधी जी का त्याग और अहिंसा की भावना ही हम भारतीय नोटों में देखते हैं। लाल बहादुर शास्त्री जी का कृतित्व और व्यक्तित्व राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों की जन्म जयंती राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का योगदान अतुलनीय है।

## प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ0 के के सिंह को बधाईयों का लगा तांता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने डॉक्टर केके सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष (चिकित्सा मंच) बनाया है। इस उपलब्धि पर उन्हें कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता के द्वारा बधाईयों का ताता लगा है। आपको बता दे की हंडिया क्षेत्र के रहने वाले डॉक्टर के के सिंह बहुत ही सरल और मिलनसार स्वभाव से जाने जाते हैं। हंडिया के अलावा प्रतापपुर विधानसभा के लोग उनके व्यवहार पर बहुत ही खुश रहते हैं। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने पार्टी के प्रति उनकी मेहनत, लगन और ईमानदारी को देखते हुए उन्हें पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष (चिकित्सा मंच) पद



से नामित किया है। वही इस खबर की जानकारी होने पर उनके चहेतों और प्रसंशको ने बंधाई का ताता लगा दिया। वही पार्टी के विधानसभा प्रतापपुर के अध्यक्ष धर्मराज पटेल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का जल्द ही स्वागत किया जाएगा।

## मां का सज गया दरबार,जय कारे से गूंजा इलाका



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** बुधवार को मां दुर्गा की जयकारे के साथ पंडाल सज गया। मां पंडाल में विराजमान भी हो गई। 3 अक्टूबर को मां की पूजा शुरू की जाएगी। आपको बता दे कि कई महीनो से जगह जगह कमरा किराए पर लेकर कलाकारों द्वारा मां की मूर्ति बनाई जा रही थी। आज मूर्ति पूरी तरह से बनकर तैयार होने के साथ रंगाई पुताई से माँ सजधज कर पूरी तरह से तैयार हो गई। ऑर्डर देने वाले मां भक्त वाहनों से आकर मां की मूर्ति को ले जाकर पंडाल में सजा दिया है। इस दौरान मां की भक्तों की दीवानगी देखी गई। मां के जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान हो गया। 3 अक्टूबर को विधि विधान से माँ की पूजा शुरू की जाएगी। महुआ कोठी पेट्रोल पंप के पास एक कलाकार की दुकान पर मूर्ति लेने वालों का ताता लगा रहा।

## कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर निकाली प्रभात फेरी



क्नगर पंचायत चरवा के इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम बहादुर त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रभात फेरी निकाली गई, साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी एवं मसुरियादीन पासी जी के जयंती के अवसर पर महापुरुषों को याद किया गया।प्रभात फेरी इंटर कॉलेज से दलित बस्ती होते हुए चरवा चौराहा होते हुए पुनरू उसी मार्ग से इंटर कॉलेज में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि राम बहादुर त्रिपाठी जी ने कहा कि हमारे राष्ट्रपिता द्वारा बिना अस्त्र शास्त्र के अहिंसा से अंग्रेजो का पसीना छुड़ाने वाले ऐसे महापुरुष के दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर आज पूरा विश्व उन्हे नमन करता हैद्य इस मौके पर यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अल्कमा उस्मानी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए प्रमुख आंदोलनों में से, 1917 चंपारण सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन 1942 प्रमुख आंदोलन पर सभा में प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में दीपक पांडे (बाबू जी),सुरेंद्र शुक्ला जी, हेमंत रावत जी, महेंद्र कुमार मिश्रा, कौशल केसरवानी,अमित सरोज, राकेश पाल,अजय कुमार पांडेय, संजीत कुशवाहा, सचिन पाण्डेय, नुरूत जमा, श्याम सिंह भदौरिया, समर कोइलहा, राम प्रकाश पंडा, राकेश पासी ,गुड्डू रैदास ,आलोक त्रिपाठी, उज्वल उपाध्याय, किशन त्रिपाठी, धीरज शुक्ला आदि समेत सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहें।

## धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**थरवई।** थरवई क्षेत्र के सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में गांधी जयंती बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई । स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल थरवई परिसर मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिनेश पांडेय ने इन महान विभूतियां के जीवन पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ईमानदार और सादगी से रहने की शिक्षा देते हैं अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के कुशल नेतृत्व में भारत ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दीं थी, पंडित लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री पद पर सेवारत होते हुए जय जवान जय किसान का नारा देकर दुश्मन देश के दांत खट्टे कर दिए थे और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखा महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता अपना करके देश को सुंदर बनाने पर बल दिया । इस अवसर पर आशुतोष पांडेय रामसूरत, बाल जी मिश्रा, तुंगनाथ तिवारी, सोमनाथ शुक्ला, यादवेंद्र पांडेय आदि लोग मौजूद रहे । इसी क्रम में महेशा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज हरीरामपुर मे महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । विद्यालय के प्रबंधक एम डी यादव ने कहा कि हम लोगों को गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलना चाहिए जिससे देश का संपूर्ण विकास हो सके । इस दौरान विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया ।

## गांधी जयंती पर कवि सम्मेलन में गरजे कवि गण

### दिलों को जोड़ने वाला अनोखा तार बनो- कमल पांडेय कमल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** गांधी जयंती के अवसर पर कल्याणपुर तिराहा पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिसमे वरिष्ठ कवि कमल पांडेय कमल ने पढ़ा कि दिलों को जोड़ने वाला अनोखा तार बनो, अदावट के शहर में इश्क का बाजार बानो। उसके महफिल से चले जाओ फिर भी हों चर्चे,कयामत तक भी याद तेरा नाम रहे।कवि अनीश देहाती ने कहा कि गुरु को गुरुता की श्रेणी नहीं चाहिए, दासता वाली वेणी नही चाहिए।सम्मेलन की अध्यक्षता अनीश देहाती एवं संचालन वरिष्ठ कवि डाक्टर अशोक अग्रहरी ने किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने सभी कवियों को धन्यवाद देते हुए आजादी के बीर सपूतो विशेष कर महात्मा गांधी को नमन किया। कार्यक्रम संयोजक/पत्रकार दयनाथ पांडेय ने मुख्य सहयोगी करण साहू और शिव मूरत सहित पत्रकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अन्य प्रमुख कवियों में राज कुमार अनजाना,चांदनी दुबे,सायरा गुलशन, हास्य कवि चेतराम, बृज किशोर, मन श्याम मनमौजी, डाक्टर राम अवध उमराव, अमित कुमार, सुधीर रंजन सहित शीतला प्रसाद त्रिपाठी, व्यंक्तेश बिहारी मिश्र, बिपुल शर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, लवकुश मिश्र आदि प्रमुख रहे।

## आजादी के 75 वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है मझिगवां गांव का पाल बस्ती



**लोकमित्र व्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** जनपद के दक्षिणांचल में स्थित विकास खंड कोरांव का ग्राम पंचायत मझिगवां का मजरा पाल बस्ती स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से आजादी के 75 साल बाद भी वंचित है।

ग्राम पंचायत मझिगवां का मजरा पाल बस्ती में कुल 25 घरों में महिला , पुरुष, बच्चे निवास करते हैं। लेकिन उनके छोटे -छोटे बच्चे प्राथमिक विद्यालय न होने से 4 किमी दूर जगदेव प्रसाद इंटर कालेज टीकर जाना पड़ता है।

इसी तरह रास्ता नहीं होने के कारण उक्त बस्ती के लोगों तथा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव जो कि 15 किमी दूर है। वहां जाना पड़ता है। इतना ही नहीं पक्की सड़क से शिवशंकर तथा विहारी के घर होते हुए मेवालाल के घर तक बनी सड़क पर कीचड़ और बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। उक्त पाल बस्ती के मेवालाल पाल, शिवशंकर पाल, अमरनाथ पाल, दिनेश कुमार पाल, रमाशंकर पाल, जयशंकर, गुरु दयाल, छोटे चौहान,विजय चौहान,मनोज कुमार पाण्डेय, फूल चंद्र,लालजी, मौनी लाल कोल, फुलवारी लाल, गिरजा प्रसाद आदि ने बताया कि पाल बस्ती में बुनियादी सुविधाओं सड़क, स्वास्थ्य, प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था न होने यहां निवास करने वाले लोग काफी परेशान हैं।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**लोकमित्र व्यूरो**

**बहरिया।** बहरिया मंडल शक्ति केंद्र कटनई के पूरे दुर्गी बूथ संख्या 359 पर स्वच्छता अभियान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर शहीद स्मारक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय भगवती प्रसाद तिवारी को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान भाजपा मंडलाध्यक्ष बसंत लाल पटेल, पूर्व मंडलाध्यक्ष बहरिया राकेश शुक्ला, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, विक्रम प्रजापति, अजय श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मंडल अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष राजा राम प्रजापति राम शंकर मिश्रा अजय श्रीवास्तव, सूबेदार सिंह राहुल सोनी रामचंद्र पटेल ओम प्रकाश पासी शिवकुमार तिवारी सुरेंद्र कुमार बिंद आदि उपस्थित रहे ।

## दुष्कर्म के आरोपी को थरवई पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**थरवई ।** थरवई पुलिस ने बुधवार को जरियें मुखबिर मिली सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम के नेतृत्व में दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के नयापुरा शीतलपुर टिकरी गांव निवासी मुकेश कुमार 27 वर्ष पुत्र राम केवल भारतीय गांव के एक नाबालिक किशोरी को 2 वर्ष पहले बहला फुसलाकर भगा ले गया था, पीड़िता के पिता ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । कुछ दिनों पहले किशोरी को पुलिस ने बरामद कर पीड़िता का बयान दर्ज किया था । थरवई पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए तलाश कर रही थी कि बुधवार दोपहर गांव के समीप भिदिऊरा से उप निरीक्षक रावेन्द्र श्रीवास्तव ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

## नवरात्र आज से, कलश स्थापना के साथ शुरू होगा अनुष्ठान

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** आदि शक्ति की आराधना का पर्व सर्दी नवरात्रि का शुभ आरंभ गुरुवार तीन अक्टूबर से हो रहा है। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों दोनों व्रत शुरू हो जाएगा । देवी मंदिर और सार्वजनिक पूजा पंडाल सज गए हैं । बुधवार को श्रद्धालुओं ने दिन भर पूजा सामग्री और फल फूल की खरीदारी उत्साह से की । चारों तरफ भक्ति भावना का बयान बहती दिखी । नवरात्र में रंगों का विशेष महत्व।शारदीय नवरात्र की शुरुआत इस बार गुरुवार से हो रही है । क्षेत्र में भक्त मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए विधि विधान के साथ पूजा - अर्चना करेंगे । शास्त्रों के अनुसार नवरात्र में रंगों का भी खास महत्व है मानता है कि इन नौ दिनों में नौ रंग मां को समर्पित होते हैं । प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए उनका प्रिय रंग नारंगी माना गया है । यह रंग स्फूर्ति और उल्लास का प्रतीक है होता है।दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का होता है । इस दिन सफेद रंग के कपड़े पहनकर पूजा करने से मां ब्रह्मचारिणी के साथ-साथ भगवान भोलेनाथ का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है । तीसरे दिन मां चंद्रघन घंटा का होता है । चौथे दिन मां कुष्मांडा का होता है । इस दिन नीला रंग पहनना शुभ माना जाता है । पांचवा दिन मां स्कंदमाता का माना जाता है । पीला रंग पहनकर मां की पूजा करना बेहद शुभ होता है । सातवां दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है । मां की पूजा के लिए स्टली रंग व ग्रे वस्त्र का इस्तेमाल शुभ माना जाता है । आठवां दिन मां महागौरी की पूजा होती है ।इस दिन बैगनी रंग के वस्त्र पहनकर मां की पूजा करना शुभ माना जाता है । नवमी तिथि को सिद्धिदात्री देवी की पूजा होती है। मां की पूजा के लिए मयूर हरा रंग इस्तेमाल करना शुभ माना जाता

## पुलिस कमिश्नर और डीसीपी ने अर्पित की गांधी व शास्त्री को श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने पुलिस लाइन्स में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर तरुण गाबा ने दोनों ही महापुरूषो के देश के प्रति उनके योगदानों को याद किया और उनके मार्ग पर चल कर मानव सेवा करने की पुलिस कर्मियों से अपील की।

इसी कड़ी में डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने कोतवाली परिसर में दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी और पुलिस कर्मियों को देश के दोनों महापुरुषो के आदर्शों पर चल कर समाज मे मानव हित मे कार्य करने का संकल्प लिया और पुलिस कर्मियों को भी शपथ दिलाई।

# अव्यावसायिक वरिष्ठ नागरिकों की संगीतमय प्रस्तुति से मनाई गई जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** डॉ0 पी.के. सिन्हा, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी, अध्यक्ष संस्थापक, बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति, प्रयागराज के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जन्मदिवस एक अनूठे अनोखे रूप में उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में अव्यावसायिक वरिष्ठ नागरिकों की संगीतमय प्रस्तुति से मनाया गया। जिसमें नगर के कई प्रतिष्ठित चिकित्सक, व्यवसायी, गृहणी एवं अन्य द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति सुधीर नारायण, न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा, न्यायमूर्ति विजय लक्ष्मी, पूर्व आयुक्त आर.एस. वर्मा, महापौर गणेश केसरवानी, डा. के.पी. श्रीवास्तव सदस्य विधान परिषद, सादिक हुसैन, विभा मिश्रा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इसके पश्चात संस्था के अध्यक्ष डॉ. पी.के. सिन्हा द्वारा संस्था के कार्यकलापों के संबंध में अवगत कराया गया। तत्पश्चात संगीतकार



शंकर जय किशन की धुनों पर आधारित पुराने गीतों की प्रस्तुति सभी गायको ने एक अनूठे प्रकार से दी उसके पश्चात 83 वर्षीय प्रेमा राय द्वारा श्चली जा रही है

उमर धीरे धीरे लता महेश्वरी द्वारा श्हमने देखी है इन आंखों कीष् 81 वर्षीय डा. जी.के. शांगलू द्वारा ष्दिल जलता है तो जलने देष् की प्रस्तुति ने दर्शको से खचाखच भरे हाल ने मन मोह लिया। दर्शकों की बेहद मांग पर डॉ. सिन्हा ने मुगल आजम फिल्म का अकबर और सलीम डायलॉग पृथ्वीराज कपूर और दिलीप कुमार की आवाज में प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया, उसके तुरंत बाद रमा मन्ट्रोज द्वारा ष्प्यार किया तो डरना क्या गाकर सबका मन मोह लिया फिर एक के बाद एक अशोक महेश्वरी ष्लिखे जो खत तुझे खत तुझेष् राजलक्ष्मी द्वारा लोकगीत, अनिल अग्रवाल द्वारा ष्पूछो न कैसे रैन बिताई, गीता जयसवाल द्वारा प्रात का समांष, डॉ. सिन्हा द्वारा जब ष्मधुबन में राधिका नाचे रे, एवं उसके साथ वरिष्ठ नागरिक किरण गुप्ता द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया तो तालियों की गड़गड़ाहट से हाल गूंज उठा, इसके पश्चात अल्का दास ष्जाने क्या तूने कहीष, निशीथ चतुर्वेदी ष्तुम्हारा चाहने वालाष, एस.पी. मिश्रा ष्चाहे कोई मुझे जंगली कहेष, प्रभा दास ष्आओगे जब तुम साजनाष, नरेश नरूला ष्जिन्दगी एक सुहाना, सुनील कत्याल ष्भवरे की गुंजनष् सुनकर सब दर्शक कुर्सियों से चिपके रहे। गीतो से सुसज्जित नृत्य नाटिका, ष्एक दूसरे से करते हैं प्यार हमष् ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया एवं सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसके माध्यम से एक स्पष्ट संदेश दिया गया कि वृद्धावस्था को एक उत्सव की भांति मनाना चाहिए। एक के बाद एक लता महेश्वरी एवं निशीथ ,आधा है चन्द्रमाष, हर्ष टण्डन ष्रूप तेरा मस्तानाष, अल्का एवं गीता ष्तुमको पिया दिल दिया, रमा मन्ट्रोज एवं डॉ. सिन्हा ष्तुम तो प्यार होष, अनिल कुमार टण्डन ष्चांद सी महबूबा हो एवं देवाशीष द्वारा ष्दो दिल मिल रहे हैंष् तथा कार्यक्रम की समाप्ति से पहले सभी गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए जिसमें बुढ़ापे की लकड़ी के सदस्य एवं कुछ दर्शक भी अपने आपको नाचने से नही रोक पाये। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सर्वश्री निशीथ वर्मा, पप्पू भइया, अशोक महेश्वरी, भवन डेकोर, प्रमोद बंसल, सादिक हुसैन, अनिल कुमार गुप्ता एवं बुढ़ापे की लकड़ी के सदस्यगण विनीत राय, महेन्द्र कुमार, मीनू सिंह, क्याम उद्दीन, कोमल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुमित साहू आदि ने विशेष योगदान एवं सहयोग किया।कार्यक्रम का संचालन किरण चावला एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सिन्हा द्वारा किया गया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल गश्त कर हटवाई गई गाड़ियों से काली फिल्म



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार रघुवंशी द्वारा थाना प्रभारी संदीपनघाट, चौकी प्रभारी मूरतगंज, चौकी प्रभारी हर्रायपुर व थाना पुलिस बल के साथ कस्बा मूरतगंज में मुख्य मार्गो एवं अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त की गई। इस दौरान लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों को चेक किया गया एवं लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया। चेकिंग के दौरान 01 वाहन से हूटर सायरन व 08 गाड़ियों से काली फिल्म उतरायी गयी साथ ही 03 सफारी, 05 फार्च्युनर, व 06 स्कार्पियो गाड़ियों का ई-चालान किया गया तथा 23500 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया। अपराध नियंत्रणध्शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा थाना कड़ाधाम पुलिस बल के साथ कस्बा देवीगंज में मुख्य मार्गो एवं अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त की गई। इस दौरान लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। साथ ही लेहदरी पुल व कस्बा देवीगंज में संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों को चेक किया गया एवं लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया। क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा उपजिलाधिकारी चायल के साथ दुर्गा प्रतिमा स्थापना स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा सम्भ्रांत व्यक्तियों से वार्ता की गयी एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा निकाला गया पैदल मार्च

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर व महिला थाना पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में मुख्य मार्गो एवं अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त की गई। इस दौरान लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों को चेक किया गया तथा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया।

# जिसका बाप पिएगा दारू,उसके बच्चे लगाएंगे झाड़ू- लखन लाल आर्य

## पर्वत सेन अध्यक्ष, प्रवेंद्र सेन महामंत्री एवं सोनू सविता कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**ललितपुर।** सेन समाज का प्रबुद्ध सम्मेलन ग्राम बानपुर स्थित श्री बजरंग गढ़ मंदिर में आर्य रत्न शिक्षक लखन लाल आर्य के मुख्य आतिथ्य एवम रमेश कुमार नापित टीकमगढ़ के विशिष्ट आतिथ्य तथा रघुनंदन सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें बानपुर क्षेत्र की सेन समाज समिति का गठन सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर पर्वत सेन अजनौरा,महामंत्री प्रवेंद्र सेनकोषाध्यक्ष सोनू सविता, उपाध्यक्ष जितेंद्र सेन ऊमरी,संगठन सचिव कमलापत, सचिव प्रशांत,सचिव महेश सेन ऊमरी, सचिव संतोष सेन,ऑडिटर बारेलाल सेन तथा संरक्षक रघुनंदन सेन और दिनेश सविता को मनोनीत किया गया।मुख्य अतिथि शिक्षक लखन लाल आर्य ने कहा कि अति पिछड़ी जातियों का विकास तभी संभव है जब कर्पूरी ठाकुर फार्मूले के आधार पर रोहिणी आयोग एवं सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को सरकार लागू करके आरक्षण व्यवस्था लागू करेगी।श्री आर्य ने कहा कि हम सभी को परमात्मा की वाणी वेद के अनुसार जीवन जीना होगा तभी धर्म,अर्थ काम मोक्ष के अधिकारी बन सकते हैं।

संतोष सेन मड़ावरा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशा से बचाते हुए सुशिक्षित एवम सुसंस्कारित करते हुए अंधविश्वास, आडंबर, पाखंड, अशिक्षा, मृत्यूभोज जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर बल देने की महती आवश्यकता हैं।

बानपुर की नव नियुक्त कार्यकारणी अध्यक्ष पर्वत सेन अजनौरा, महामंत्री प्रवेंद्र सेन, कोषाध्यक्ष सोनू सेन ने संयुक्त रूप से कहा कि अंधविश्वास, पाखंड, अशिक्षा मृतक श्राद्ध, मृत्यभोज, खर्चीली शादी जैसी सामजिक कुरीति समाज के लिए अभिशाप हैं। उपाध्यक्ष जितेंद्र सेन ऊमरी, प्रशांत सेन सचिव ने कहा कि मानव समाज को शिक्षित,संगठित होकर संघर्ष करने की अवश्यकता हैं। संरक्षक दिनेश सविता,रघुनंदन सेन ने कहा कि बिना राजनैतिक इच्छा शक्ति के समाज की आर्थिक, राजनैतिक,सामाजिक उन्नति संभव नहीं हैं। बैठक में सीताराम सेन ऊमरी, संतोष कुमार सेन, बारेलाल सेन, डॉ रोहित सेन मड़ावरा, फेरन बानपुर,संतोष कुंआगांव, कमलापत उदया,प्रशांत सेन,सहित सैकड़ों स्वजातीय बंधु उपस्थित रहें। संचालन नव नियुक्त अध्यक्ष पर्वत सेन अजनौरा एवम महेश सेन ऊमरी ने जताया।

# गांधी जी ने दिलाई थी देश को आजादी- मनोज सोनी

## सत्य अहिंसा और मानवता के पुजारी थे गांधी जी- सुरजीत वर्मा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिले के कई स्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोनी की अगुवाई में मनौरी बाजार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया। साथ ही महत्मा गांधी अमर रहें अमर रहे के मारे लगाए गए। इस अवसर पर मनोज सोनी ने कहा कि महत्मा गांधी ने अग्रेंजी शासन से देश को आजादी दिलाई। उन्होंने ग्राम स्वराज का सपना देखा था। पूरा देश चिरकाल तक उनका ऋृणी रहेगा। इस अवसर पर मुकेश पटेल, आकाश कुमार, जीतेंद्र आर्या, सत्यम प्रजापति, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर सिराथू ब्लॉक के ग्राम देवखरपुर में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरजीत वर्मा की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने महत्मा गांधी जी की जयंती मनाई। सबसे पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण कर लड्डू का भोग लगाया गया। फिर उनके कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महत्मा गांधी जी के जीवन और देश की आजादी के लिए उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरजीत वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और मानवता के पुजारी थे। उन्होंने विश्व को अहिंसा का मार्ग दिखाया। आज भी उनके बताए मार्ग पर चलकर विश्व में शांति और सद्भाव आ सकता है। इसके बाद सभी को लड्डू बांटा गया। इस अवसर पर रामबली सरोज, रामपाल चौधरी, मंगल अग्रहरी, गुड्डू निर्मल, गुलाम अली आदि मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय रक्सवारा में गांधी व शास्त्री जयंती पर हुआ ध्वजारोहण




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय रक्सवारा कंपोजिट विकासखंड कौशांबी जनपद कौशांबी में महातमा गांधी जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा ने झंडा रोहण किया । राष्ट्रगान के उपरांत सभी शिक्षकों छात्र छात्राओ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर मालार्पण एवं पुष्प अर्पित किया । छात्र छात्राओ ने देशभक्ति गीत सुनाया । सभी शिक्षकों ग्रामीणों ने गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बताए हुए मार्ग पर चलने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया । मिष्ठान वितरण के उपरांत समारोह का समापन किया गया।

# मनाई गई गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी एवं मोहनदास करमचंद गांधी जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुष थे दोनों ने देश के लिए अपने आप को न्योछावर कर दिया गांधी जी ने आजादी की लड़ाई बिना गोली बंदूक के लड़कर जीती वहीं स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री बनकर शास्त्री जी ने कई ऐसे निर्णय लिए जो देश हित में थे साथ ही शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा लगाकर कहा था खेत में किसान और बॉर्डर पर जवान दोनों महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अधिवक्ता दीपक सिंह अधिवक्ता, प्रियांशु केसकर अधिवक्ता, अजय कुमार पाल अधिवक्ता मयंक सिंह, दीपांशु सिंह, सुधांशु सिंह, प्रदीप कुमार चौरसिया, सागर पूर्व प्रताप सागर नंदू कुमार दीपेन्द्र सिंह मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी ने समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान

## उपजिलाधिकारी-सिराथू एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को स्थलीय सत्यापन के दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सुनीता देवी पत्नी सुरेश चन्द्र, निवासी-गौरा रोड, नगर पालिका परिषद-भरवारी, जनपद-कौशाम्बी के पुत्र अनिल कुमार ने अपने दिव्यांग माता-पिता को घर पर रखने से यह कहते हुए मना कर दिया कि मुझे एक वर्ष में रू0-200000 एवं 35 किग्रा0 राशन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाय, जिस पर दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित मामले को जिलाधिकारी महोदय द्वारा संज्ञान में लेते हुये उपजिलाधिकारी-सिराथू एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी को संयुक्त रूप से सत्यापन कर जॉच आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी-सिराथू एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा दिनांक 02.10.2024 को स्थलीय सत्यापन किया,

जिसमें सुनीता देवी पत्नी सुरेश चन्द्र के पुत्र अनिल कुमार व बहू के बीच में समझौता करा दिया गया। सुरेश चन्द्र को दिव्यांग पेंशन दिलाने की कार्यवाही की जा रही है एवं सुनीता देवी को पहले से दिव्यांग पेंशन का लाभ प्राप्त हो रहा है।

यह जानकारी जिला समाज अधिकारी दिलीप कुमार ने दी है।

# विकसित भारत की परिकल्पना को सिद्ध करने के साथ ही स्वावलंबन एवम ग्राम स्वराज का आधार बनेगा- जिलाध्यक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया गया। आज महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर जनपद के सभी मंडलों के देवालयों में तथा महापुरषों के स्थान पर स्वच्छता किया गया व सिराथू मण्डल में जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने स्वच्छता कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के स्मृति चिन्ह पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की। तदोपरान्त बैठक संबोधित किया की सबसे पहले समस्त सफाई कर्मियों को स्वच्छता जैसे पवित्र कार्य के लिए आभार व्यक्त करता हू तथा सभी जनपदवासियों से निवेदन और अपील की की सभी लोग स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें एवम राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर जिलाध्यक्ष जी ने खादी ग्रामोद्योग से वस्त्रों की खरीददारी की इस मौके पर जिला महामंत्री संजय जायसवाल जी जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल दिवाकर, सुनील मिश्रा, धर्मराज पाल, ज्योति केसरवानी, ओम नारायण शुक्ला व तमाम कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# गांधी जयन्ती पर बालक बालिका वर्ग की वाक रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला खेल कार्यालय कौशाम्बी के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशांबी में महात्मा गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर बालक बालिका वर्ग की वाक रेस प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार मंझनपुर मोबीन अहमद द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सुखेंद्र सिंह प्रथम स्थान सचिन द्वतीय स्थान अरविंद तृतीय स्थान रविंद्र चौथा स्थान रियांस पांचवा स्थान आर्यन छठे स्थान पर रहे बालिका वर्ग में कोमल मौर्य प्रथम स्थान आरती देवी द्वतीय स्थान अनुष्का तृतीय स्थान माया देवी चौथा स्थान संजना देवी पांचवा स्थान खुशबू छठे स्थान पर रही विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस अवसर पर हाकी प्रशिक्षक हिमांशु पाल खेलो इंडिया प्रशिक्षक संदीप कुमार कैलाश प्रधान शिखा यादव व खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# गांधी जयंती पर वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को वितरित किया गया फल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर तहसीलदार अनंत राम अग्रवाल एवं नायब तहसीलदार मधु जैन के द्वारा फल वितरण किया गया। बुजर्गो से वृद्धाश्रम में मिलने वाली सुबिधाओ के बारे में भी जानकारी लिया बुजुर्गो ने बताया कि हमलोगो को अब घर से यहा अच्छा लगता है। यहा पर किसी भी तरह का कोई परेशानी नहीं हैस इस मौके पर वृद्धाश्रम प्रबन्धक आलोक राय एव तमाम लोग मौजूद रहें।



## भवंस मेहता महाविद्यालय में मनाई गई गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

भरवारी, कौशाम्बी। भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम चलाया गया था। पखवाड़े के अंतिम दिन आज गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली और स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय परिसर स्थित जलाशय की सफाई की।आज एन.सी.सी. के छात्र-छात्राओं ने भी महाविद्यालय के एन. सी. सी. आधिकारी डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर के सफाई की। इन स्वच्छता अभियान के समापन के बाद महाविद्यालय के कक्ष संख्या 2 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने माला पहनाया एवं पुष्पांजलि अर्पित की उसके बाद शिक्षको, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने इन महापुरुषों के चित्रों पुष्पांजलि अर्पित किया गांधी और शास्त्री जी पर अयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रपिता गांधी पर अपने विचार को व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के इतिहास के प्रोफेसर मोहम्मद आदिल ने ऐतिहासिक तथ्यों का उल्लेख करते हुए गांधी के जीवन और दर्शन पर प्रकाश डाला और आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। उसके बाद महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि हमें इन महापुरुषों से सीख लेनी चाहिए और अपने जीवन में इनके आदर्शों को अपनाना चाहिए । इसके बाद महाविद्यालय के हिंदी के प्राध्यापक डॉ .सी.पी. श्रीवास्तव ने गांधी जी एवं स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी एक ऐसे नेता थे जिनके कथनी और करनी में साम्य था। वह पूरी मानवता के लिए जीते रहे और उन्होंने उस ब्रिटिश सत्ता से भारत को मुक्ति दिलाई जिसके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता था। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन को एक अनुकरणीय जीवन माना और उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम की चर्चा की, जो आज के समय में अत्यंत दुर्लभ होती जा रही है।इसके बाद महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ.राहुल कुमार राय ने गांधी जी पर अपने विचार को रखते हुए कहा की गांधी जी साध्य और साधन दोनों की पवित्रता को महत्वपूर्ण मानते थे। महाविद्यालय के बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के छात्र कृष्णमूर्ति सिंह ने भी गांधी को याद करते हुए उन्हें महान चिंतक विचारक, समाजसेवी और स्वतंत्रता सेनानी कहा। महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनुज कुमार तिवारी ने कहा कि केवल समारोह की आयोजन से गांधी को हम नहीं समझ सकते ,नहीं जान सकते,उन्हें अगर सही में जानना है तो हमें उन्हें उनके आदर्शों को जीवन में उतरना होगा।अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा की हमें गांधी के आदर्शों को अपनाना चाहिए और इसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए । यह जरूरी नहीं कि यह प्रयास बहुत बड़ा हो। हम छोटा प्रयास करके भी धीरे-धीरे गांधी को जान समझ जान सकते हैं समझ सकते हैं और अपने जीवन को उज्ज्वल बना सकते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समक्ष समस्त शिक्षक गण शिक्षक शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# केशव देवी शिवनंदन सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज में मनाई गई गांधी जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विकासखंड कौशाम्बी के म्योहर स्थित केशव देवी शिवनंदन सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज में गांधी जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया गांधी जयंती का पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया बच्चों द्वारा विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम भी किया गया विद्यालय के प्रबंधक शिवसागर सिंह ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया बच्चों ने भी करने की एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार जैन, कुलदीप सिंघानिया, विघ्नेश्वर सिंघानिया, पूनम कुशवाहा, सरिता कुशवाहा आदि आदि समस्त स्टाफ मौजूद है।

# घर से निकला युवक संदिग्ध दशा में लापता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल।** चरवा थानाक्षेत्र के चौराड़ीह गांव निवासी राहुल कुमार पुत्र ज्ञानचंद ने बताया कि उसका 23 वर्षीय छोटा भाई मोहित कुमार रविवार को घर से बाजार जाने के लिए कहकर निकला था।
इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया।देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा।

बुधवार को राहुल ने चरवा थाने जाकर भाई के गुमशुदगी की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस युवक के सुराग में जुट गई है।

# पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक ने गांधी व शास्त्री के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर ली गार्द की सलामी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** गांधी जयंती व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती÷ के अवसर पर पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीरोंपर माल्यार्पण किया गया तथा गार्द द्वारा सलामी दी गयी। परेड द्वारा राष्ट्रीयगान गाया गया। समारोह में पुलिस लाइन कौशाम्बी में नियुक्त सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा समारोह में शामिल अधिकारी कर्मचारीगणों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने एवं सत्य अहिंसा का व्रत लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने तथा वर्ग, भाषा, प्रान्त व आर्थिक विवादों को शान्तिपूर्ण व संवैधानिक उपायों द्वारा हल करने की शपथ दिलाया गयी। द्वारा सम्बोधन करते हुये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय के संबंध में बताते हुए निर्बल वर्ग के उत्थान एवं भावनात्मक एकता पर बल देते हुए राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला गया।

## पुलिस कार्यालय में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**कौशाम्बी।** ÷गांधी जयंती÷ व ÷पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती÷ के अवसर पर पुलिस कार्यालय जनपद कौशाम्बी में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीरों पर माल्यार्पण किया गया तथा गार्द द्वारा सलामी दी गयी। परेड द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। समारोह में पुलिस कार्यालय कौशाम्बी, एलआईयू, अभियोजन कार्यालय व लॉकप सदर मंझनपुर में नियुक्त सभी अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा समारोह में शामिल अधिकारी कर्मचारीगणों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने एवं सत्य अहिंसा का व्रत लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने एवं निर्बल वर्ग के उत्थान हेतु कार्य करने का शपथ दिलाया गया तथा सम्बोधन किया गया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय के संबंध में बताते हुए निर्बल वर्ग के उत्थान एवं भावनात्मक एकता पर बल देते हुए राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डाला गया। जाति, रंग आदि समस्त भेदभाव को मिटाकर एकता स्थापित करने का प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। जनपद के समस्त सर्किल कार्यालय, थानों, पुलिस चौकियों व फायर स्टेशनों पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी,फायर स्टेशन प्रभारी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर का अनावरण कर नियुक्त अधिकारीध्कर्मचारीगणों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने एवं सत्य अहिंसा का व्रत लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने तथा वर्ग, भाषा, प्रान्त व आर्थिक विवादों को शान्तिपूर्ण व संवैधानिक उपायों द्वारा हल करने की शपथ दिलाया गयी तथा संबोधित करते हुए महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन परिचय के बारे में बताया गया व महात्मा गांधी के उपरोक्त विचारों को बताया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया।

महिलाओं की उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्गों का अनुसरण करने, दहेज प्रथा को समाप्त करने तथा अश्लील साहित्य प्रकाशन बंद करने के लिए अभियान चलाए जाने के संबंध में भी बताया गया। जाति, रंग आदि समस्त भेदभाव को मिटाकर एकता स्थापित करने का प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। सम्बोधन के उपरांत समारोह में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को वस्त्र(शॉल) पहनाकर सम्मानित किया गया।

# आज से शुरू होगी शहजादपुर की श्रीराम लीला

### श्रीरामचरित मानस की चौपाइयों पर आधारित होती है 12 दिवसीय लीलाएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के शहजादपुर गांव में गुरुवार से 12 दिवसीय प्राचीन श्रीराम लीला की शुरुआत होगी। प्राचीन श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष रवि तिवारी ने बताया कि 03 अक्टूबर को मुकुट पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

इसी प्रकार 04 अक्टूबर को श्रीराम जन्म, 05 अक्टूबर को मारीच सभा, 06 अक्टूबर को फुलवारी लीला, 07 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, 08 अक्टूबर को श्रीराम विवाह,09 अक्टूबर को सीता हरण व हनुमान मिलाप,10 अक्टूबर को बाली सुग्रीव युद्ध,11 अक्टूबर को लंका दहन व अंगद रावण संवाद,12 अक्टूबर को श्रीराम-रावण युद्ध व दशहरा,13 अक्टूबर को भरत मिलाप व 14 अक्टूबर को राज तिलक का कार्यक्रम होगा। बताया कि परंपरा के अनुसार 12 दिवसीय लीला में मुकुट पूजन श्रीराम लीला भवन में आयोजित होगा। उसके बाद बाली सुग्रीव युद्ध तक की लीला हनुमान घाट स्थित मैदान में किया जाएगा। लंका दहन व दशहरा का आयोजन रावण मैदान में होगा। शेष कार्यक्रम पुनः श्रीराम लीला भवन में आयोजन होने के साथ श्रीराम लीला का समापन होगा। कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि 250 वर्षों से अधिक समय से लोग श्रीरामचरित मानस की चौपाइयों पर आधारित शहजादपुर में श्रीरामलीला का मंचन करते आ रहे हैं। गांव के उत्तरी छोर पर गंगा के किनारे कुटिया बनाकर रहने वाले कालीचरण रामलीला मंचन में हनुमान का किरदार निभाते थे। इसीलिए उस जगह का नाम हनुमान घाट पड़ गया।

### प्रसिद्ध है शहजादपुर का लंका दहन व दशहरा

सिराथू, कौशाम्बी। विजया दशमी के दिन रावण मैदान में लगने वाला विशाल दशहरा मेला क्षेत्र में प्रसिद्ध है। जिसमे क्षेत्र के हजारों लोग एकत्रित होते हैं। मेला क्षेत्र में आई हुई दूकानों से घरेलू सामान से लेकर खाने-पीने की वस्तुएं खरीदते है। वही मेले में आए हुए बच्चे झूले आदि का लुत्फ उठाते है। मेले में विभिन्न प्रकार की आकर्षक चौकियां भी निकाली जाती है। क्षेत्र से आए हुए लोग अन्य त्योहारों में उपयोग होने वाली सामग्री की खरीदारी करते हैं। लंका मैदान पर स्थापित अदभुत है रावण की प्रतिमा, लंका मैदान पर रावण दरबार मे लगाई गई विशालकाय रावण की प्रतिमा अपने आप मे अदभुत दिखती है। दशहरे के दिन यही पर श्रीराम व रावण की सेना के बीच युद्ध होता है। ठीक इसी के एक दिन पूर्व इसी रावण मैदान में आयोजित होने वाला सजीव लंका दहन आकर्षण का केन्द्र है।

# रोड किनारे लगी नाई की दुकान पर अनियंत्रित डीसीएम घुसी, एक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चंदवारी गांव के सामने जीटी रोड किनारे अस्थाई रूप से लगी नई की दुकान पर अनियंत्रित डीसीएम ने नई सहित चार लोगों को रौंदा एक अधेड़ की मौके पर हुई मौत जबकि तीन अन्य घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती वही उग्र भीड़ ने जीटी रोड पर जाम लगाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम खोला।



संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चंदवारी गांव निवासी राजेश कुमार उर्फ पुर्रा 55 वर्ष अपने दो साथी सगे भाई नोखेलाल 55 वर्ष और भारत लाल 60 वर्ष के साथ आज पितृपक्ष होने की वजह से चंदवारी चौराहे पर जीटी रोड किनारे फुटपाथ पर अस्थाई रूप से मुजाहिद पुर निवासी नाई गुरु प्रसाद की दुकान पर सेविंग कराने और बाल मुड़वाने गए थे। तभी करीब सुबह प्रयागराज से ट्रांसपोर्ट की एक डीसीएम आ रही थी। चंदवारी चौराहे पर एक बाइक अचानक रोड क्रॉस करने लगा जिसको बचाने के चक्कर में डीसीएम नई की दुकान में घुस गया। जिसमें नई गुरु प्रसाद सहित दोनो सगे भाई नोखे लाल और भारत लाल और उनके साथ गए राजेश कुमार उर्फ पुर्रा चपेट में आ गए जिसमें राजेश कुमार डीसीएम के पहिए के नीचे आकर रोड किनारे बनी नाली में पहिए के नीचे दब गया। जिसको करीब 1 घंटे बाद जेसीबी की मदद से निकल गया। जिसमें उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि घायल नोखे लाल और भारत लाल को जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर किया गया। जबकि नाई का मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही प्राथमिक उपचार हुआ।

# पंडालों में पहुंचने लगीं माता की प्रतिमाएं, ढोल, नगाड़ों के साथ दरबार तक ले जा रहे भक्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** नवरात्रि का त्योहार गुरुवार से शुरू हो रहा है। मूर्तिकारों के यहां से देवी मां की प्रतिमा को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर उनके दरबार तक ले जाया जा रहा है। सिराथू तहसील क्षेत्र में माता की प्रतिमाएं 95 फीसदी पहुंच चुकी हैं। शेष मूर्तियां देर रात तक पंडालों में पहुंच जाएंगी।

गुरुवार से नवरात्रि का पर्व शुरू होने के चलते क्षेत्र में दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सुबह से गांव गांव पंडाल लगाए जा रहे है साथ ही भक्त ट्रैक्टर , मैजिक आदि में मां के जयकारों से साथ प्रतिमाओं को पंडाल में ले जा रहे है।

# प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में जनपद स्तरीय शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का हुआ आयोजन

### टीएलएम मेला और संकुल भवन उद्धाटन समारोह सम्पन्न, कौशाम्बी और नेवादा के द्वारा लगाया टीएलएम मेला छः ब्लाक रहे गायब

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में जनपद स्तरीय शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं टी एल एम मेला और संकुल भवन उद्धाटन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अनिल भूषण चतुर्वेदी निदेशक राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश एवं सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ.प्र.प्रयागराज रहे। विशिष्ट अतिथि तनुजा त्रिपाठी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ( बेसिक)प्रयागराज रही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के स्वागत के सरस्वती शिक्षण संस्थान विजिया चौराहा के एन सी सी ड्रेस के साथ बैंड बाजा के धुन में आए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने माता सरस्वती के चित्र में दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण और दो महापुरुषों के जन्म दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,और भारत के दूसरे पूर्व प्रधानमंत्री पं.लाल बहादुर शास्त्री,माल्यार्पण किया कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक रमेश सिंह ने जनपद निपुण बनाएंगे गीत से मुख्य अतिथियों मन मोहा इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा ने मुख्य अतिथियों



को बताया शिक्षा विभाग में इस समय बहुत सुधार आया दिन प्रतिदिन शिक्षकों की लगन और मेहनत से जनपद को प्रदेश में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर प्रथम स्थान मिला तो राष्ट्रीय आय छात्रवृति योजना में जनपद दूसरा स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में आगे उन्हें 19 पैरामीटर पर बात करते हुए कहा कि हमारे शिक्षकों के मेहनत रंग लाती दिख रही जिसमें आगामी कुछ दिनों में जनपद में 1091 विद्यालयों के प्रथमिक और उच्च प्राथमिक सभी बच्चों को बैठने के बेंच और मेज व्यवस्था किया जा रहा है

विभाग द्वारा उन सभी शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा जो पर्दे के पीछे रहकर भी तन और मन से राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते है वहीं विशिष्ट अतिथि तनुजा त्रिपाठी ने शिक्षकों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता है इनका सम्मान करना चाहिए । इस दौरान मुख्य अतिथि अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और संघर्षो पर प्रकाश डाला साथ ही अपने संबोधन में कहा शिक्षक राष्ट्र का निर्माता और भाग्य विधाता है हम लोग ऐसे विभाग से जुड़े है जो राष्ट्र के निर्माण में रीढ़ की हड्डी है जो विकसित भारत बनाने शिक्षकों का महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन शिक्षकों को विद्यार्थी को सरल भाषा के साथ साथ शैक्षिक , व्यवहारिक जीवन,मौलिक क्षमता के अनुसार उन्हें शिक्षित कर आगे बढ़ाए और शिक्षकों के साथ साथ अभिभावक को भी चाहिए कि जब बच्चा माध्यमिक में पहुंचे तो जिस क्षेत्र में रुचि हो उसे उस क्षेत्र में पढ़ने के लिए अग्रसित करें ,शिक्षकों का दायित्व साक्षर बनाना नहीं बल्कि उत्तम समाज की संरचना करना है आज के युवा को चाहिए सोशल मीडिया से दूर रह कर अपने जीवन को संवारने में लगाएं और बेसिक के बच्चों को टी एल एम के माध्यम सिर्फ टी एल एम बनना नहीं बल्कि उसे दिखा कर उसके बारे में बता कर चित्र समझा कर उनके दैनिक जीवन से जोड़ कर उसके महत्व को समझना है और उनके याददाश्त को बढ़ाना है आज का जो विद्यार्थी जीवन कल का भारत का भविष्य है इस प्रकार शिक्षा और शिक्षक के महत्व प्रकाश डाला। मंच में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी अरुण कुमार ने निपुण जनपद समय पर बनाने का विचार प्रस्तुत किया तो नेवादा खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने शिक्षकों का उत्साह वर्धन कर उन्हें शिक्षा विभाग द्वारा सरकार विभिन्न योजनाओं बारे में विस्तार से बताया। मुस्तफाबाद ग्राम प्रधान द्वारा संकुल भवन बनाने पर दिया बधाई। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियो ने मुस्तफाबाद ग्राम प्रधान बिरेंद्र कुमार सरोज के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा किया और भवन का उद्धाटन भी किया और अन्य शिक्षकों ने ग्राम प्रधान को इस कार्य पर बधाई दिया।

### टीएल एम मेला शोभा बढ़ाने वाले और शिक्षक

**कौशाम्बी।** प्रथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद में जनपद स्तरीय शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं टी एल एम मेला में विकास खंड कौशाम्बी के कंपोजिट विद्यालय जाठी के सहायक अध्यापिका नीलम , प्रथमिक विद्यालय छोटका गढ़वा ,मुस्तफाबाद , और नेवादा से प्र.वि. तिलगोड़ी सहायक अध्यापिका सुनीता ,उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर ब्यूर से सहायक अध्यापक विवेक सिंह,उस्मानपुर विगहरा सहायक अध्यापिका नम्रता सिंह ,कंपोजिट विद्यालय बैर से विभा सिंह और कोटिया से साधना सिंह मेले में प्रतिभाग किया उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर ब्यूर से सहायक अध्यापक विवेक सिंह ने भारत के राज्यों के राजधानी देखते ही बन रही थी ।इसके बाद मूरतगंज,कड़ा, सरसवां,मंझनपुर सिराथू के शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी शिक्षक नदारद रहे। इस कार्यक्रम दौरान मंडल स्तरीय एम डी एम प्रभारी,खंड शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी अरुण कुमार सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी नेवादा बृजेश सिंह,प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश,ग्राम प्रधान मुस्तफाबाद बिरेंद्र कुमार सरोज, बाकरगंज प्रबन्धक,सरस्वती शिक्षण संस्थान के प्रबंधक राजेश कुमार,भान सिंह, रमेश सिंह कौशाम्बी और नेवादा के संकुल प्रभारी,शिक्षक अभिभावक के साथ साथ छात्र छात्राओं मौजूद रहे।

# सिराथू व कड़ा ब्लाक में आयोजित हुआ राष्ट्रीय पोषण माह का समापन कार्यक्रम

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को सीडीपीओ ने नियमित केंद्र संचालन के दिए निर्देश





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** आंगनवाड़ी केन्द्रों का नियमित संचालन करते हुए राशन वितरण का वितरण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पंजीकृत बच्चों का नियमित वजन और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर पोषण संबंधी जानकारी उपलब्ध करायें।

उक्त बातें सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा ने सिराथू ब्लाक परिसर में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के समापन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ से कहीं। सिराथू ब्लाक सभागार में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चल रहे राष्ट्रीय पोषण अभियान की समाप्ति पर आयोजित कार्यक्रम में सिराथू ब्लाक के बाद विकास परियोजना अधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित केंद्र के संचालन करने के साथ समय समय पर पंजीकृत बच्चों का वजन करने और नियमित क्षेत्र का गृह भ्रमण कर गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए पोषण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा । कार्यक्रम में नगर पंचायत सिराथू के सभासद रत्नेश सोनकर व ज्ञान सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में ब्लाक के चिन्हित सैम बच्चे चाहत,अमन, शशी, प्रिशं, गौरवी, पल्लवी और कार्तिक को पोषण टोकरी दी गई। और स्वास्थ्य हो रहे बच्चे दिपाली, रुद्र प्रताप, मोहम्मद फजल, नैतिक और इशिका को खिलौनों की किट दिया। इस मौके पर सुपरवाइजर छेद्दी देवी, गैस रानी , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधारानी पाण्डेय सहित सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इसी प्रकार कड़ा ब्लाक के आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र म्योहरा में भी समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम की चेयरमैन रागिनी केसरवानी ने सैम बच्चे साल्वी, अनन्या, शुभम, विष्णु और सौम्या को पोषण टोकरी और स्वास्थ्य हो रहे बच्चे हर्ष, आदित्य नमो, पियूष और मोहम्मद अकरम को खिलौनों की किट दिया। इस मौके पर मुख्य सेविका ज्ञानमती पटेल, सरस्वती देवी, अरुण केसरवानी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## विवेकानंद विद्या मंदिर टेवां में मनाई गई गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**टेवां, कौशाम्बी।** विवेकानंद विद्या मंदिर टेवां में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी एवं मोहनदास करमचंद गांधी जी की जयंती मनाई गई इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार जी ने कहा कि दोनों महापुरुष थे दोनों ने देश के लिए अपने आप को न्योछावर कर दिया गांधी जी ने आजादी की लड़ाई बिना गोली बंदूक के लड़कर जीती वहीं स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री बनकर शास्त्री जी ने कई ऐसे निर्णय लिए जो देश हित में थे साथ ही शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा लगाकर कहा था

खेत में किसान और बॉर्डर पर जवान दोनों महत्वपूर्ण है इन्हीं पर देश टिका हुआ है इस अवसर पर मनोज कुमार, रिंकी देवी, सुधा मिश्रा, ज्योति देवी, रुखसार बानो, आर्यन आदि ने अध्यापक अध्यापिकाएं ने गांधी एवं शास्त्री जी के की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित किए।

# सीआरपीएफके मेजर सूबेदार की बीमारी से मौत

### कैंसर से पीड़ित थे मेजर सूबेदार , 15 दिन से प्रयागराज में थे भर्ती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के थाबा अलावलपुर गांव के रहने वाले सीआरपीएफ के मेजर सूबेदार की मंगलवार की रार बीमारी से मौत हो गई। कैंसर से पीड़ित जवान का इलाज 15 दिनों से प्रयागराज के कमला नेहरू अस्पताल में चल रहा था। सूचना के बाद विभाग के जवानों ने गांव पहुंचकर सैनिक सम्मान के साथ सलामी दी गई।थांबा अलावलपुर गांव के कल्याण सिंह( 57) पुत्र स्व. राम सरन सिंह सीआरपीएफ में सूबेदार मेजर के पद पर रांची में तैनात थे। वह करीब चार साल से लीवर कैंसर से काफी परेशान थे। 15 दिनों से उनका इलाज प्रयागराज के कमला नेहरू अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कल्याण सिंह की मौत की सूचना विभाग को दी गई। सीआरपीएफ के जवान कल्याण सिंह का पार्थिव शरीर लेकर बुधवार को गांव पहुंचे। कल्याण सिंह की मौत की सूचना पर काफी लोग पहुंच गए। सूचना पर स्थानीय थाना की पुलिस भी गांव पहुंच गई। करीब तीन बजे सैनिक तिरंगा में लिपटे कल्याण सिंह को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान कल्याण सिंह अमर रहे के गगनभेदी नारे लग रहे थे। कल्याण सिंह की मौत पर हर आंखे गमगीन दिखाई दी। प्रधान मान सिंह यादव ने बताया कि कल्याण सिंह काफी मिलनसार थे। छुट्टी पर आने के बाद सबसे बड़े प्रेम से मिलते थे।

### कल्याण सिंह के चार बेटी व तीन बेटे थे

**करारी, कौशाम्बी।** बीमारी से जूझने के बाद जान गंवाने वाले मेजर सूबेदार कल्याण सिंह मां-बाप के इकलौते बेटे थे। उनके मां बाप की बहुत पहले मौत हो चुकी है। परिवार में चार बेटियां व तीन बेटे राज नारायण, राजकरन व सचिन हैं। सभी बेटियों की उन्होंने शादी कर दी थी। पत्नी सुशीला का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सातवे राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बाल विकास परियोजना शहर स्लम के अंतर्गत सातवे राष्ट्रीय पोषण माह के समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमे बतौर मुख्य अथिति ब्लॉक प्रमुख मंझनपुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी की उपस्थिति में स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा के अंतर्गत बच्चों को उपहार देकर उनके अभिभावक को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य सेविका बालमती सिंह कनिष्ठ सहायक, विनय द्विवेदी चतुर्थ श्रेणी , वीरेन्द्र कुमार मौर्य उपस्थित रहे।



## अजुहा में चेयरमैन ने ध्वजारोहण कर सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के अवसर पर चेयरमैन शांति कुशवाहा ने नगर पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया । तत्पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा ने कार्यालय प्रांगड़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गांधी जी के जीवन चरित्र पर चलने का आह्वान किया ।तत्पश्चात सम्मान समारोह कार्यशाला का आयोजन हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर के चयनित किए गए 3 स्वच्छ घरों के स्वामी प्रशांत केसरवानी, फूलचंद्र केसरवानी को माल्यार्पण कर प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया । वहीं नगर पंचायत के सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार व संगीता देवी को उनके उत्कृष्ट सफाई कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । तत्पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा ने संकरा बाबा धार्मिक स्थान पर पहुंचकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलने और राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की तथा नगर पंचायत अजुहा को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया । इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा, लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सभासद रामबाबू मोदनवाल , फूलचंद केसरवानी , शत्रुघन कुमार गुप्ता सहित तमाम सभासद मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर नारा के युवक की मध्यप्रदेश में मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव के एक युवक की मध्यप्रदेश में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई , युवक की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया , युवक के शव के लिए परिजन मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो चुके है। बताया जाता है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव का रहने वाला रोहित पुत्र बड़का 22 वर्ष गुजरात के सूरत शहर में रहकर साड़ी की छपाई करता था , रोहित अपने भाई प्रमोद कुमार के साथ ट्रेन से घर लौट रहा था ट्रेन मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के सुजालपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक युवक का पैर फिसलने के कारण ट्रेन से गिर गया और इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत की खबर पर घर में कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । मृतक के परिजन शव लेने के लिए मध्यप्रदेश रवाना हो चुके है ।

# सीएचसी व सीडीपीओ कार्यालय कड़ा से निकली संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जनजागरूकता रैली





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सामुायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा में अधीक्षक डॉ0 मो0 सऊद व बाल विकास परियोजना कार्यालय कड़ा प्रभारी सीडीपीओ ज्ञानमति ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली क्षेत्र का भ्रमण करते हुए परिसर में समाप्त हुई। रैली में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।
सामुायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा में अधीक्षक डॉ0 मो0 सऊद ने बताया कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2024 तक संचालित किया जायेंगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा। ÷स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है÷'। प्रभारी सीडीपीओ ज्ञानमति ने बताया कि मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें। यूनिसेफ बीएमसी साधना कुशवाहा ने बताया कि पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जल जमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे-छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। रैली में स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी प्रभाकर सिंह चंदेल, एआरओ धीरेन्द्र कुमार सिंह, बीपीएम प्रदीप सिंह, बीसीपीएम रोहिणी कुमार त्रिपाठी, डाटा आपरेटर रवि पाण्डेय, डॉ0 आसिफ सिद्दीकी, संतोष श्रीवास्तव, गौरव, सीमा आदि स्वास्थ्य कमी मौजूद रहें।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर निकली जागरूकता रैली



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कृषक इंटर कॉलेज हिनौता में पूज्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सादगी तथा संयम के प्रतीक पूज्य लाल बहादुर शास्त्री जी की 155 वीं जयंती 2 अक्टूबर 2024 के पुण्य अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा, संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 2024 के तत्वाधान में जागरूकता रैली निकाली गयी तथा दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन एवं चरित्र को असली जीवन में उतरने की प्रतिबद्धता दोहराई गयी इस अवसर पर हिनौता प्राथमिक विद्यालय में जाकर झाड़ू लगाया गया एवं हिनौता चौकी में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा प्रधानाचार्य उमाशंकर शास्त्री द्वारा विद्यालय के वयोवृद्ध सफाई कर्मी दंपति को अंगवस्त्रम भेंट करके सम्मानित किया गया।

## बाल विकास परियोजना मूरतगंज में सातवां राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सातवां राष्ट्रीय पोषण मांह का समापन बाल विकास परियोजना मूरतगंज के अंतर्गत ब्लॉक सभागार में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय नगर की सभासद ज्योति गुप्ता द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को पूरे पोषण माह के दौरान की गई आयोजित गतिविधियों का अनुपालन करने मोटे अनाज की गुणवत्ता हरी साग सब्जी के बारे में बताया गया ।
मुख्य सेविका केसरी यादव द्वारा ऊपरी आहार से होने वाले फायदे एवं एनीमिया से बचाव एवं उपचार के विषय पर चर्चा किया गया मुख्य सेविका गीता देवी द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी सैम बच्चों की देखभाल एवं प्रबंधन पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में सुपोषित बच्चों के अभिभावक को प्रशस्ति पत्र के रूप में उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली प्रदान करते हुए अपने बच्चों का उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर, केसरी यादव गीता देवी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा लाभाथी गण व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही।

## पोषण माह के समापन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम सभासद ने गर्भवती महिलाओ को बांटी पोषण किट

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर क्षेत्र के वॉर्ड पच्चीस के मूरतगंज में बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक सभागार में पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण माह का समापन किया गया ।समापन का शुभारंभ वॉर्ड पच्चीस की सभासद ज्योति गुप्ता द्वारा किया गया । जिसमें माह सितंबर में 0 से 5 वर्ष के बच्चों का वजन गर्भवती महिलाओं का वजन एवं पोषण परामर्श के अंतर्गत आंगनबाड़ी केदो पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पांच सुपोषित बच्चों को खिलौने व पांच कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली सभासद ज्योति गुप्ता के द्वारा प्रदान की गई । कार्यक्रम में सुपरवाइजर केसरी यादव, गीता देवी तथा बड़ी संख्या में कार्यकत्रिया उपस्थित रही।

## महामाया राजकीय महाविद्यालय में जयंती पर याद किए गए गांधी व शास्त्री



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में आज गांधी जयंती समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र तिवारी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात गांधी की प्रिय रामधुन ÷रघुपति राघव राजाराम÷ और भजन वैष्णव जन पीर पराई जाने रे÷ का सामूहिक गायन किया गया। इसी क्रम में सर्व धर्म सभा के अंतर्गत गीता, कुरान और बाइबिल का पाठ किया गया। इस अवसर पर डॉ0 पवन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल ने कहा कि-÷ गांधी जी का जीवन संघर्ष हमे नित्य प्रति दिन प्रेरणा प्रदान देता है। गांधी जी ने अपने सत्य के प्रयोग में बड़ी बेबाकी अपने जीवन को उल्लेखित किया। इसी क्रम में डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर-गणित ने कहा- कि आज का पावन दिन गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करने का दिन है। हम उनके सिद्धान्तों का अवलोकन करें तो पाएंगे कि उनके जीवन में और कार्य सिद्धान्तों में एक समन्वय है। वे जो बोलते थे और अपने जीवन मे उतारते भी थे÷ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र तिवारी ने कहा कि-÷ आज गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर भारत की स्वाधीनता और और भारत की राष्ट्रीयता को जेहन में रखने की जरूरत है। हम याद करे असहयोग आंदोलन को वह आंदोलन जन मानस में अहिंसा और सत्याग्रह का विचार पैदा करता है। गांधी जी आजादी सत्य और अहिंसा के विचार पर लड़ी और सफलता पाई।÷ इसके पूर्व महाविद्यालय परिसर पर झंडा फहराया गया तथा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा श्रम दान किया गया। ÷ कार्यक्रम का संयोजन और कुशल संचालन डॉ0 अजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी द्वारा किया गया।
इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 आनंद कुमार डॉ0 तारित अग्रवाल, डॉ0 रमेश चंद्र, डॉ0 संतोष कुमार एवं डॉ0 शैलेश मालवीय तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर चलना ही प्रथम कर्तव्य- चंद्रिका प्रसाद साहू



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** गांधी जयंती के अवसर पर मंझनपुर में साहू समाज की बैठक संपन्न हुई जिसमे मुख्यातिथि के रूप में चायल ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू एकता मंच चंद्रिका प्रसाद साहू व विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष व साहू एकता मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डाक्टर नरेंद्र साहू जी रहे। बैठक का संचालन सुरेश साहू ने किया। मुख्य अतिथि बैठक के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 27 नवंबर 2024 को साहू एकता मंच द्वारा आयोजित सर्वसमाज का चौदहवा निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह आयोजित है जिसमे 51 जोड़ो का हिदू रीति रिवाज से शादी होनी है।
तथा विशिष्ट अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बैठक का उद्देश्य जनपद में साहू समाज को एकत्रित करना ही लक्ष्य है। जिसमे अब जनपद में समाज का जिलाध्यक्ष जिलाउपाध्क्ष और युवा मोर्चा की टीम को गठित कर के समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे साथ ही एक और नारा है समाज को नाश मुक्त बनाने का इस मौके पर रामप्रकाश साहू, प्रभात नारायण साहू, ज्ञानेन्द्र साहू, देवेंद्र कुमार साहू अमृत लाल साहू, शिवाकांत साहू, ईश्वर दीन साहू जय प्रकाश साहू , कनैहा साहू, व तामा साहू समाज के लोग उपस्तिथ रहे।

## दीवार फांदकर आंगन में खड़ी बाइक समेत हजारों की हुई चोरी, सोते रहे पीड़ित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया में बुधवार की बीतीरात चोरों ने एक घर की दीवार फांदकर आंगन में खड़ी बाइक, सोने के जेवर समेत लगभग 40 हजार रुपए पार कर दिया। परिजनों को सुबह जानकारी हुई तो उन्होंने चोरी की जानकारी सिंघिया चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर, चोरों को पकड़ने में जुट गई। वॉर्ड पंद्रह देहदानी रमाशंकर नगर के सिंघिया के सुरेश चंद्र अपने घर के लोगो के साथ मंगलवार की रात भोजन करने के बाद छत, बरामदे में सो रहे थे।
आधी रात को चोर दीवार फांदकर आंगन में कूद गए। इसके बाद चोर कमरे में पहुंच गए। कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़कर चोर 40 हजार नकद, एक सोने की जंजीर एवं एक सोने की अंगूठी उठा ले गए। इतना ही नहीं चोर आंगन में खड़ी बाइक न्च् 73 ट 4803 मुख्य दरवाजे से उठा ले गए। रात तकरीबन 3 बजे सुरेश की पत्नी की लघुशंका के लिए उठी तो मुख्य दरवाजा खुला था। उन्होंने बड़े बेटे की नींद से जगाया, तो बेटे ने दरवाजा की कुंडी लगा लिया और सभी लोग सो गए। तब तक उन्हें चोरी की जानकारी नहीं। सुबह जब परिवार के सभी सदस्य जगे तो तब घर का नजारा देख दंग रह गए। आंगन में खड़ी बाइक गायब थी। कमरे के अंदर रखी आलमारी का ताला टूटा था। उसमे रखा 40 हजार रुपया, सोने की एक चौन एवं अंगूठी गायब थी। इतना ही नहीं चोर सुरेश के बेटे प्रमोद की चप्पल उठा ले गए और अपनी चप्पल छोड़ गए। सुरेश के बड़े बेटे मनोज कुमार ने सिंघिया पुलिस चौकी में पहुंच कर चोरी की तहरीर दी। चौकी प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने हमराहियों के साथ घर पहुंच कर घटना स्थल की जांच कर, परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ किया।

## महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बरों की दी जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना थाना चरवा, थाना मोहब्बतपुर पइंसा, थाना पश्चिम शरीरा, थाना पपरी, महिला थाना व सैनी थाना की मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई
तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## मोहम्मदपुर ग्राम प्रधान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए गए सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को मंझनपुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। चायल विकास खंड के मोहम्मदपुर ग्राम प्रधान को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
मोहम्मदपुर ग्राम प्रधान मोहम्मद आकिब को सम्मानित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रोगों से लड़ने के लिए स्वच्छता पहला कार्य है। इसलिए आज गांधी जयंती के अवसर पर उनके स्वच्छता अभियान को दोहराना होगा। तभी हम बीमारियों से बच सकेंगे और यह महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। उन्होंने कहा कि गंदगी से हम जितना दूर रहेंगे, बीमारियां हमसे उतना दूर रहेंगी। कहा कि जिस कार्य के लिए आज ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जा रहा है, ऐसे कार्य सभी गांवों में कराये जाएं। इससे आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता आएगी। ग्रामीण भी प्रयास करें कि गंदगी न फैलाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, रेसलर चौम्पियंस गेम कांस्य पदक विजेता राम कृष्ण तिवारी आदि मौजूद रहे। सम्मानित होने की खबर मोहम्मदपुर गांव पहुंची तो समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## किसान जूनियर हाईस्कूल खेजवापुर में जयंती पर याद किए गए गांधी व शास्त्री



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** किसान जूनियर हाईस्कूल खेजवापुर में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता मोहन दास करमचंद गांधी जी व भारत के उत्कृष्ट राजनेता के रूप में याद किए जाने वाले नेता लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इन महान विभूतियों के जीवन के संघर्ष की कहानी से मिलने वाली सीख की आज के आधुनिक समाज को सख्त जरूरत है। इस विचार के क्रम में प्रधानाध्यापक ने गांधी जी एवम शास्त्री जी को सम्मान अर्पित करते हुए कहा कि मोहनदास करमचंद गांधी सिर्फ एक नाम नहीं, अपने आप में एक पूरी विचारधारा है। ऐसी विचारधारा जो पूरी दुनिया में शांति स्थापित करने की ताकत रखती है। लाल बहादुर शास्त्री जिनके प्रमुख नारा जय जवान जय किसान इसका सही अर्थ और उद्देश्य की जानकारी सभी विद्यार्थियों को प्रदान की गई इसी के साथ सभी विद्यार्थियों को गांधी जी के जीवन का उद्देश्य स्मरण कराया एवम वहा मौजूद बच्चो को अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गांधी जी के विचारों को जोड़ते हुए अत्यंत ही सरल भाव से बच्चो के उमड़ रहे प्रश्नों के फौहरे को बड़े ही सहजता के साथ सही दिशा प्रदान किया जिसके परिणाम स्वरूप वहा उपस्थित समस्त विद्यार्थी जनों ने गांधी जी की हस्त निर्मित तस्वीर बनाकर तथा उनके लिए संगीत और नृत्य के द्वारा अपना प्रेम प्रकट किया। और उनके विचारों का अनुसरण करने का संकल्प सुनिश्चित किया।

## नवरात्रि व दशहरा को लेकर सैनी में सीओ ने की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** नवरात्र, और दशहरा को लेकर सैनी कोतवाली परिसर में बुधवार को क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों से क्षेत्राधिकारी सिराथू ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाने की अपील की। तथा उन्होंने कहा कि हर त्यौहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारा की सीख देते हैं, इसीलिए त्यौहार मिल जुलकर मनाएं। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित करने के लिए लगाए गए टेंट को हाईटेंशन तार से दूर , साउंड सिस्टम तेज न होने एवं पुलिस मित्र बनकर सहयोग करने के निर्देश दिए । इस दौरान थाना प्रभारी जयचंद्र शर्मा ने कहा की किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल डायल 112 व स्थानीय पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों के सीयूजी नंबर पर संपर्क करें ताकि समय रहते ही मामले से निपटा जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी शरारती तत्वो अगर त्यौहारो पर व्यवधान उत्पन्न करेगा तो उसके साथ कडाई से निपटा जायेगा। शान्ति व्यवस्था के सम्बंध मे किसी भी व्यक्ति की कोई सिफारिश मान्य नही होगी। इस मौके पर उपनिरीक्षक मनोज तोमर , आलोक राज , जितेंद्र प्रताप सिंह , रघुराज , अंजनी सिंह , शौकत अली खान सहित गणमान्य व पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे।

## दो वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी घनश्याम निवासी ग्राम जगन्नाथपुर थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 महेंद्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी नसीम निवासी हजरतगंज कस्बा व थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 15 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 02, थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना पिपरी से 04, थाना चरवा से 02, थाना कड़ाधाम से 01, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 05 ) कुल 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 83 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## हटवा अब्बासपुर में महात्मा गांधी एवं शास्त्री की मनाई गई जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के हटवा अब्बासपुर ग्राम पंचायत में 2 अक्टूबर के उपलक्ष में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार द्विवेदी ने किया इस दौरान मौके में मौजूद लोगों ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के छाया फोटो में माल्यार्पण कर उनके जीवन के बारे में प्रकाश डाला श्री द्विवेदी जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी का देश को आजाद करने में अहम योगदान रहा है वही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का देश के प्रति किया गया योगदान कभी नहीं बुलाया जा सकता है उनके कार्यकाल को आज भी लोग याद कर रहे हैं इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र कुमार त्रिपाठी राजा भैया द्विवेदी गोपाल द्विवेदी राम अभिलाष तिवारी छोटे लाल तिवारी मनीष द्विवेदी रमेश सिंह शुभम द्विवेदी राहुल यादव एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव आशीष द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## जिला समाज कल्याण अधिकारी ने शिकायत का किया स्थलीय सत्यापन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि सुनीता देवी पत्नी सुरेश चन्द्र, निवासी-गौरा रोड, नगर पालिका परिषद-भरवारी, जनपद-कौशाम्बी के पुत्र अनिल कुमार ने अपने दिव्यांग माता-पिता को घर पर रखने से यह मना करते हुये कहा कि मुझे एक वर्ष में रू0-200000 एवं 35 किग्रा0 राशन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाय,
जिस पर दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित मामले को जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान में लेते हुये उपजिलाधिकारी-सिराथू एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कौशाम्बी को संयुक्त रूप से सत्यापन कर जाँच आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी-सिराथू एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, द्वारा को 02.10.2024 को स्थलीय सत्यापन किया जिसमें सुनीता देवी पत्नी सुरेश चन्द्र के पुत्र अनिल कुमार व बहू के बीच में समझौता करा दिया गया।
सुरेश चन्द्र को दिव्यांग पेंशन दिलाने की कार्यवाही की जा रही है एवं सुनीता देवी को पहले से दिव्यांग पेंशन का लाभ प्राप्त हो रहा है।

# रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ स्कूल्स,भरवारी, में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी संस्थान कौशाम्बी प्रेसिडेंसी स्कूल कॉलेज भरवारी एवं भीटी, एन .डी.कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी, रिद्धि सिद्धि कॉलेज,रिद्धि सिद्धि अकादमी में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विशेष स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर स्कूल परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई की।कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। इसके बाद छात्रों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली निकाली।संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और गांधी जी के ÷स्वच्छ भारत÷ के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल स्कूलों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे हम सभी को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।इस अभियान के तहत सभी छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर न केवल स्कूल परिसर की सफाई की, बल्कि आसपास के इलाकों में भी स्वच्छता का संदेश फैलाया। बच्चों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने घरों में भी स्वच्छता का पालन करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने पोस्टर और निबंध लेखन के माध्यम से स्वच्छता का महत्व उजागर किया।रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ स्कूल्स का यह सफाई अभियान, छात्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और गांधी जी के स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।इस अवसर पर संस्थान की डॉयरेक्टर श्रीमती सीमा पवार, डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा,प्राचार्य डॉ एस पी सिंह,कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार,विजय कुमार,शशांक श्रीवास्तव,सौरभ सिंह, कुसुद्वज,रिंकी त्रिपाठी,दीपम शुक्ला,अमित मौर्य,नेहा यादव ,अनंत कुमार, आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने धूमधाम से मनाई गांधी शास्त्री की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के निर्देश पर 2 अक्टूबर को कशिया स्थित गेस्ट हाउस में गांधी और शास्त्री की जयंती पर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर जयंती धूमधाम से मनाई गयी वक्ताओं ने कहा कि राष्ट पिता महात्मा गांधी को बापू की उपाधि दी गई और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम गांधी ग्राम स्वराज चौपाल मे जिला किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत कुशवाहा की अध्यक्षता कार्यक्रम में रखा गया आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम आलम मुख्य अतिथि डॉ आर सी पांडेय राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर व प्रभारी ने राष्ट पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विस्तार से चर्चा की

उन्होंने कहा कि देश के किसानों के प्रति पूर्व प्रधानमंत्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकाल के समय देश ने काफी विकास व तरक्की की थी उन्होंने उस वक्त किसानों पर सबसे अधिक बजट बनाया था व दूसरा बजट जवानों का था इसलिए उन्होंने नारा भी जय जवान जय किसान का दिया था राष्ट पिता महात्मा गॉधी ने भी समय समय पर अपने को समय के अनुसार परिवर्तन किया उस वक्त गुजरात काफी धनाड्य था वहाँ का परिधान काफी ट्रेडिशनल था गांधीजी भी काफी शौकीन थे बचपन में उन्होंने लंदन से पढाई कर बैरिस्टर की डिग्री हासिल की लेकिन समय के दक्षिण अफ्रीका के एक व्यापारी के ट्रेन में चढते वक्त घटित अग्रेजो द्वारा गांधीजी को धक्का देकर उतार देने से उनको काफी दुख्ख पहुँचा जिस घटना ने बड़ा परिवर्तन हुआ उस समय अग्रेज टाई कोट पहनते थे अग्रेजी का काफी चलन था अंग्रेज देशी परिधान से काफी चिढ़ते थे गांधीजी ने देशी परिधान पहन कर अंग्रेजों को जवाब दिया इस मौके पर जिला अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ विष्णु ,शिव कुमार उर्फ बुदूल पूर्व जिलाध्यक्ष ,सोनी,अनिल सरोज,एकरार, दिनेश कुमार गौतम, पुरुषोत्तम जायसवाल, महेन्द्र कुमार, अमित कुशवाहा, राकेश जायसवाल, प्रमोद कुमार पाल, अरविंद सिंह, शैलेन्द्र कुमार, राकेश पटेल, मुजफ्फर ,एकरार अहमद, सूरज पाल, विजय कुमार, विनय सरोज, रंजीत कुमार, नकुल यादव, अंगनु सरोज, लवलेश कुमार, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक - डॉ. बीना तिवारी




**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर बीना तिवारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा का नारा दिया था और हमेशा सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान किया था।

हमें गांधी के बताए हुए रास्तों पर चलना है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी आज के समय में काफी प्रासंगिक है। महात्मा गांधी ने अपनी इच्छा शक्ति से अंग्रेजों को इस देश से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि जय जवान और जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश को समृद्धशाली बनाने में योगदान दिया।शास्त्रीजी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिये आज भी पूरा भारत श्रद्धापूर्वक याद करता है। शिक्षक बीएस तिवारी,सुनील श्रीवास्तव व शिक्षिका पमा मालिक, और जिया सिद्दीकी ने भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

इसके बाद कक्षा 10 के छात्र शिवांश द्विवेदी ने गांधी जयंती पर भाषण दिया जबकि शिक्षिका पमा मालिक ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री पर अपने विचार रखे।उक्त जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने दी।

## बापू और शास्त्री की मनाई गई जयंती

### ध्वजा रोहण कर नगर अध्यक्ष ने किया श्रमदान,सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती मनाया गया ध्वजारोहण किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया इस बीच बड़ी संख्या में सभासद और नगर पंचायत कार्यालय कर्मी,सफाई कर्मी मौजूद रहे कार्यालय प्रांगड़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां लोगों द्वारा तैल चित्रों पर पुष्पार्चन किया गया।गांधी जी के जीवन चरित्र पर चलने का आह्वान किया गया ।तत्पश्चात सम्मान समारोह कार्यशाला का आयोजन हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर के चयनित किए गए 3 स्वच्छ घरों के स्वामी प्रशांत केसरवानी,फूलचंद्र केसरवानी को माल्यार्पण कर प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।स्वच्छ घरों के चयन में अनिल( बाबा )केसरवानी का भी नाम था लेकिन कार्यक्रम के मौके पर अनिल केसरवानी नहीं पहुंच सके हैं ।वहीं नगर पंचायत के सफाई कर्मियों में 2 सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार वार्ड नंबर 11 में कार्यरत और सफाई कर्मी संगीता देवी वार्ड नंबर 10 में कार्यरत को उनके उत्कृष्ट सफाई कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा ने संकरा बाबा धार्मिक स्थान पर पहुंचकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलने और राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की तथा नगर पंचायत अझुवा को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया है इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी ओमप्रकाश कुशवाहा,लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सभासद रामबाबू मोदनवाल सभासद फूलचंद केसरवानी सभासद शत्रुघन कुमार गुप्ता सहित तमाम सभासद मौजूद रहे।

## न्यायाधीश का चौधरी रेस्टोरेंट में हुआ स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सम्मानित न्यायधीश डॉ .गौतम चौधरी का चौधरी रेस्टोरेंट में स्वागत किया गया आयोजक विमलेश चौधरी और दीपक माले ने बताया न्यायधीश किसी कार्य से फतेहपुर गए थे वापस लौटते समय कनवार बॉर्डर पर स्थित चौधरी रेस्टोरेंट में नगर पंचायत के सम्मानित लोगों ने स्वागत सत्कार किया है ,न्यायधीश द्वारा हिंदी में 21 हजार निर्णय देने का कीर्तिमान स्थापित है।स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह, पूर्व चेयर मैन राजाराम वैश्य ,उदय अग्रहरी,फैसल हसन, प्रदीप साहू,प्रधान प्रतिनिधि कनवार मेवालाल चौधरी, हेमंत टुन्नु प्रेम निर्मल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे हैं।

## सीडीओ ने अफजलपुर सातों में आरआरसी सेंटर संचालन का किया उद्घाटन





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के अफजलपुर सातों में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने पंचायत भवन , आर आर सी संचालन का उद्घाटन किया । इस दौरान सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों का निरीक्षण भी किया । साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने गांव की समूह की महिलाओं को एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्लास्टिक का प्रयोग न करने एवं प्लास्टिक के प्रयोग करने से होने वाली अनेकों प्रकार की बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया गया । इस दौरान जिला विकास अधिकारी सुखराज बंधु , जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह ,खंड विकास अधिकारी कड़ा संजय गुप्ता , एडीओ पंचायत अवधेश तिवारी , सचिव ताज मोहम्मद , ग्राम प्रधान फातमा बीबी, प्रतिनिधि गुलाम मुस्तफा , कंसलटिंग इंजिनियर आलोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे। विकास खंड सिराथू के गोविंदपुर गोरियों में डीएफओ रामसिंह यादव ने आर आर सी सेंटर का उद्घाटन किया जहां सचिव पुरनचंद्र , ग्राम प्रधान सुरेश लहरी सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## वाईएमसीए की प्रधानाचार्या को किया सम्मानित



**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने अंपायर एवं स्कोरर कार्यशाला में सहयोग देने के लिए वाईएमसीए स्कूल एवं कॉलेज की प्रधानाचार्या रीमा मसीह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।
मंगलवार को एसोसिएशन की निदेशक एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता डॉ. जूली ओझा ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक (अंपायर/स्कोरर) शिशिर मेहरोत्रा, सहायक संयोजक (मीडिया) खुर्शीद अहमद, वाईएमसीए के क्रीड़ाध्यक्ष अनुज त्यागी मौजूद रहे।

## सूचना कार्यालय में मनाई गई गांधी व शास्त्री जी की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** सूचना कार्यालय रायबरेली में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प चढ़कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को इन महापुरुषों के आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिनमें गांधी जी के जीवन और कार्यों पर चर्चा, उनके विचारों को साझा करना, और सामाजिक सेवा कार्यक्रम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई में इन महापुरुषों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हम सभी को इनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अवसर पर प्रचार सहायक बड़े लाल यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर राशिद, रंजीत और राजकुमार उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**प्रयागराज।** प्रयागराज आगमन पर मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बंधवा के लेटे हुए बड़े हनुमान जी का दर्शन पूजन किया तदोपरांत उन्होंने श्रीमठ बाघंबरी गद्दी एवं हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर बलवीर गिरी जी महाराज से भेंट किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर बलवीर गिरी जी महाराज ने उन्हें हनुमान जी महाराज का स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया और 2025 में लगने वाले महाकुंभ मेंले आने के लिए आमंत्रित किया। तत्पश्चात वे मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए।प्रयागराज पधारने पर उपमुख्यमंत्री मध्य प्रदेश राजेंद्र शुक्ला का राजेश केसरवानी सुशील जैन, शत्रुघ्न जायसवाल अजय अग्रहरि, नीरज केसरवानी, कमलेश केशरवानी, पद्माकर श्रीवास्तव, राजेश शर्मा आदि ने स्वागत किया।

## मंडलायुक्त ने किया थार्नहिल रोड का निरीक्षण



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत स्मार्ट सिटी से बनाई जा रही थॉर्नहिल रोड पर कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान थॉर्निल रोड के विभिन्न स्थानों पर किए गए एनक्रोचमेंट को देख उन्होंने खासी नाराजगी व्यक्त की एवं उस एरिया के चौकी इंचार्ज एवं उस जोन के जोनल इंचार्ज को फटकार लगाते हुए सभी एन्कोचमेंट को अतिशीघ्र हटाने के निर्देश दिए। कई स्थानों पर लगी अवैध दुकानों को भी शीघ्र हटाने के निर्देश दिए हैं। सर्विस लेन में जहां-जहां इंटरलॉकिंग का काम कराया गया है वहां पर फुटपाथ से स्लोव देते हुए पार्किंग का विस्तार करने के भी निर्देश दिए जिससे कि फुटपाथ एवं सड़क के किनारे खड़े किए जा रहे वाहनों को पार्किंग स्थल मिल सके एवं सड़क पर वाहन खड़े करने से रोके जा सकें। मण्डलायुक्त के दिए गए निर्देशों के क्रम में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों ने अतिशीघ्र कार्रवाई करते हुए कई स्थानों से एन्कॉचमेंट हटा दिया।

## कृषि विविधीकरण से किसानों को होते हैं कई तरह के फायदे- डॉ0 मनोज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ0 मनोज कुमार सिंह आज डी.डी.किसान चैनल, नई दिल्ली से हैलो किसान, लाइव फोन इन कार्यक्रम मे डॉ0 मानचन्द्र सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, आई.ए.आर.आई,नई दिल्ली के साथ दिल्ली स्थित स्टूडियो से देश भर के कृषको से जुड़े। उक्त अवसर पर डॉ0 मनोज ने कृषि विविधीकरण से किसानो को लाभ विषय पर जानकारी देते हुए कहा,कि कृषि विविधीकरण से किसानों को कई तरह के फायदे होते हैं।

कृषि विविधीकरण से किसानों की आय बढ़ती है,खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है, कृषि विविधीकरण से एक ही फसल पर निर्भरता कम होती है और जोखिम कम होता है,मिट्टी की उर्वरता में सुधार होता है, जैव विविधता में वृद्धि,टिकाऊ जल उपयोग होता है।एवंरोजगार के अवसर पैदा होते हैं। कृषि विविधीकरण से जुड़ी कुछ चुनौतिया,संसाधनों की कमी, सीमित बाजार पहुंच, तकनीकी जानकारी की कमी, जलवायु परिवर्तन के प्रति भी जागरूक किया। डॉ0 सिंह ने विविधीकरण से न्यूट्रियन्शल लाभ,मृदा उर्वरता,कृषि आय मे वृद्धि के विषय मे जानकारी देते हुए कहा,कि विविध कृषि...सम्पन्न किसान का नारा भी दिया।उक्त अवसर डा.मानचन्द्र सिंह प्रधान वैज्ञानिक ने संरक्षित खेती के अंतर्गत पाली हाउस, ग्रीन हाउस के फायदे के बारे मे बताया।

उक्त कार्यक्रम डी.डी.किसान कार्यक्रम के प्रोड्यूसर शिवराज नायक के कुशल मार्गदर्शन मे एनाउंसर पुलकित ने संचालित किया।

## चकबंदी के नाम पर हुई गांवो में लूट, खसोट

**कोरांव(प्रयागराज)।** सरकार ने चकबंदी प्रक्रिया को किसानों के चकबंदी प्रविधानों के हितार्थ ग्राम सभाओं में जनहित में चकबंदी कराती है किंतु कुछ अधिकारी चकबंदी कर्ता किसानों का माला माल होने के चक्कर में किसी का चक ताश की पत्तों की तरह इधर उधर फेंट कर विवाद को नया जन्म देकर कंगाली और बर्बादी तथा फौजदारी विवादों की वृद्धि करते देखे जा रहे हैं।तहसील कोराव क्षेत्र के जिन जिन गांवों में चकबंदियां हुई हैं वहां पर किसान आज भी उनकी मनमानी का आलम झेल रहे हैं। पैसे ले कर किसी का रकबा खतौनी में कुछ तो नक्शे में कुछ बढ़ा दिया गया है तो कहीं खतौनी में सरकारी ग्राम समाज की जमीनें तो खतौनी में हैं किंतु मौके पर उक्त भू खंड लापता है। किसी गरीब का चक पैसे वालों से रिश्वत ले कर दूर या अच्छे जगह बैठा दिए हैं तो किसी को कंगाल कर दिए हैं या फिर किसी को बराबर के काश्तकार हिस्सेदारों को अनदेखी कर किसी को ज्यादा भूमि का चक बना दिए हैं जिससे कृषक अपने ही खेत और हिस्से को पाने के लिए चकबंदी अधिकारियों के चक्कर लगा कर त्रस्त हैं। ऐसा तो उक्त तहसील के अल्हवा,खजुरी,देवघाट गांवों में देखा गया किंतु अब धारा ,52 के प्रकाशन के पहले महुली ग्राम सभा में चक बंदी वालों ने विवाद का गढ़ बना दिया है और विधिवत सार्वजनिक स्थलों की स्थापना में भी रुचि उक्त विभाग ने नहीं दिखाई और भू माफियाओं के इशारे पर कार्य करते आ रहे।आम नागरिकों ने चकबंदी संपन्न गांवों में अनंतिम समय में किए गए रिश्वत के आधारों पर चकों का निस्तारण तथा नए अमल दरमादों और उत्पन्न विवादों नक्शे बड़े किए जाने आदि विवादों शिकायतों की जांच टीमें गठित कर दोषी और कंगाल करने वाले चकबंदी अधिकारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही और उनकी अकूत संपत्तियों की जांच मुख्य मंत्री एवं चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ से मांग की है।

## इविवि में सछास ने छात्रों की मदद के लिए शुरू किया हेल्प डेस्क



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संगठन कॉलेज ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में समाजवादी छात्रसभा हेल्प डेस्क लगा के समाजवादी छात्रसभा की सदस्यता दिलाया गया और सभी नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को बधाई गई। उनकी हर समस्या के समाधान के लिए समाजवादी छात्रसभा की कार्यकारिणी समर्पित रहेगी यह छात्रों को भरोसा दिलाया गया।

इस मौके पर समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष ईष्ट देव, इकाई महासचिव विपिन निषाद, इकाई अध्यक्ष इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय गौरव गोड, प्रियांशु विद्रोही, सतेंद्र गंगवार, विकास कोरी, विकास यादव, सुमन रावत आदि समाजवादी छात्र मौजूद रहे।